RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 11 अंक 132
लखनऊ, बुधवार, 3 मार्च, 2021
पृष्ठ 20 मूल्य ₹ 3
लखनऊ

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर



ऋषिकेश में भूमि को आई अपनी पहली फिल्म की याद
विविध-12

www.dailypioneer.com

# भाजपा करेगी ताबड़तोड़ रैलियां

**पश्चिम बंगाल चुनाव**

## ● अकेले मोदी 20 जनसभाएं करेंगे, इसके अलावा शाह और नड्डा 120 रैलियों में लेंगे भाग

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**चुनावी** राज्य पश्चिम बंगाल में भाजपा ताबड़तोड़ रैलियां करने की तैयारी में हैं। चुनाव आयोग द्वारा चुनाव की तारीखों का ऐलान करने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सात मार्च को राज्य का दौरा करेंगे और अपनी पहली जनसभा को संबोधित करेंगे। सूत्रों के मुताबिक मोदी के अलावा गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा बंगाल में होने वाली 120 रैलियों में शिरकत करेंगे। इसके अलावा 800 रैलियों को भाजपा के राष्ट्रीय नेता संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री खुद 20 रैलियों को संबोधित करेंगे। सूत्रों ने बताया कि पीएम की ब्रिगेड रैली में उत्तराखंड समेत पूरे देश से लोग लेंगे भाग। गृह मंत्री और भाजपा अध्यक्ष राज्य में 50 रैलियों को संबोधित करेंगे जहां की 294 सीटों पर आठ चरणों में चुनाव होने हैं। बंगाल में पार्टी के अभियान को मजबूती देने के लिए भाजपा शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्री, सभी महत्वपूर्ण केंद्रीय मंत्री तथा बड़ी संख्या में भाजपा सांसद मैदान में उतरेंगे। टीएमसी के ग्लैमरस, रंगबिरंगे और आकर्षित करने वाले चुनाव प्रचार का मुकाबला करने के लिए पार्टी कुछ बॉलीवुड अभिनेताओं को भी लाने की कोशिश में जुटी है। सात मार्च से शुरू हो अभियान के साथ प्रधानमंत्री बंगाल में करीब 20 रैलियों में भाग लेंगे वही वे असम में भी छह जनसभाओं को संबोधित करेंगे जहां पर भाजपा को दूसरी बार सत्ता में वापसी का भरोसा है। मोदी उत्तर और मध्य बंगाल पर ध्यान केंद्रित करेंगे जहां पर पार्टी ने अच्छा किया है, साथ ही दक्षिणी हिस्से में जाएंगे जहां पर टीएमसी मजबूत स्थिति में है। सूत्रों ने कहा कि 'हालात को देखते हुए' यदि जरूरी हुआ तो प्रधानमत्री और रैलियां कर सकते हैं। हालांकि अन्य राज्यों में भी उनकी मांग है। विभिन्न थीमों पर काम कर ही भाजपा योजना बना रही है कि कोलकाता में ब्रिगेड परेड ग्राउंड में प्रधानमंत्री की रैली में रिकॉर्ड तोड़ भीड़ उमड़े। लेफ्ट–कांग्रेस–इंडियन सेक्युलर फ्रंट 28 फरवरी को पहले ही अपनी ताकत का प्रदर्शन कर चुका है। रविवार की रैली को लेकर पार्टी कार्यकर्ता लोगों को बुलाने के लिए नुक्कड़ बैठकें कर रहे हैं। भाजपा शासित राज्यों से भाजपा कार्यकर्ता भी मदद कर रहे हैं जिससे कि रविवार को परेड ग्राउंड शो भव्य बनाया जा सके। पश्चिम बंगाल में 294 सीटों के लिए 27 मार्च से आठ चरणों में चुनाव शुरू होंगे। असम में तीन चरणों में चुनाव 27 मार्च से शुरू होगा और अंतिम चरण का मतदान 6 अप्रैल को होगा।



पश्चिम बंगाल के मालदा में भाजपा की चुनावी रैली को संबोधित करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

### तृणमूल की तुष्टीकरण की राजनीति ने राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरे में डालाः योगी


**मालदा (भाषा)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल की अपनी समकक्ष ममता बनर्जी को आड़े हाथों लेते हुए उन पर तुष्टिकरण की राजनीति करने और वोट बैंक की राजनीति के लिए अवैध प्रवासियों को राज्य में आने की अनुमति देकर राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरे में डालने का आरोप लगाया। आदित्यनाथ ने वादा किया कि अगर राज्य में भाजपा की सरकार बनती है तो गो तस्करी को एक दिन के भीतर रोक दिया जाएगा। मालदा जिले के गज़ोले में एक रैली को संबोधित करते हुए भाजपा नेता ने दावा किया कि कभी देश की अगुवाई करने वाला पश्चिम बंगाल अराजक स्थिति का सामना कर रहा है। आदित्यनाथ ने आरोप लगाया कि राज्य में लव जिहाद की घटनाएं हो रही हैं लेकिन तृणमूल कांग्रेस सरकार उन्हें रोकने में नाकाम रही है। आदित्यनाथ ने कहा, वोट बैंक की खातिर तुष्टीकरण की राजनीति ने न केवल पश्चिम बंगाल, बल्कि देश की सुरक्षा को भी खतरे में डाल दिया है। टीएमसी सरकार को शरणार्थियों को नागरिकता मिलने से समस्या है, लेकिन राज्य में अवैध प्रवासियों के आने से कोई दिक्कत नहीं है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने दावा किया कि पश्चिम बंगाल में जय श्रीराम का नारे लगाने की अनुमित नहीं है। (शेष पेज 9)

# दो दिग्गजों में जुबानी जंग

# कांग्रेस में गहराए मतभेद

## ● बंगाल में आईएसएफ से गठजोड़ पर मचा घमासान अधीर रंजन ने आनंद शर्मा पर बोला सीधा हमला

## ● सोनिया ने गठित की स्क्रीनिंग कमेटी, जेपी अग्रवाल होंगे अध्यक्ष



आनंद शर्मा



अधीर रंजन

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**वरिष्ठ नेता** आनंद शर्मा द्वारा पश्चिम बंगाल में आईएसएफ के साथ चुनावी गठजोड़ की आलोचना किए जाने के एक दिन बाद कांग्रेस में आंतरिक घमासान और तेज हो गया है। पश्चिम बंगाल कांग्रेस अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी ने मंगलवार को पार्टी में संभावित टूट की ओर इशारा करते हुए कहा कि उनके सहयोगी अपने भविष्य के बॉस को खुश करने के लिए बयानबाजी कर रहे हैं। रंजन के इस बयान से अटकलें लगने लगी हैं कि आनंद शर्मा भाजपा में शामिल हो सकते हैं। चौधरी ने कहा कि यदि आनंद शर्मा ईमानदारी से उनके गलत फैसले पर बात करना चाह रहे थे तो वह उन्हें फोन कर सकते थे। वह शर्मा को गठजोड़ के फैसले के बारे में विस्तार से बता देता, लेकिन वह सोचते हैं कि कांग्रेस की छवि खराब करना अधिक उचित होगा, ताकि किसी को खुश किया जा सके, जो भविश्य में उनका राजनीतिक बॉस हो सकता है। शर्मा राज्यसभा में विपक्ष के उप नेता हैं, जबकि अधीर रंजन चौधरी लोकसभा में कांग्रेस के नेता हैं। पश्चिम बंगाल कांग्रेस प्रमुख ने आनंद शर्मा पर बिना किसी कारण कांग्रेस की आलोचना करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि शर्मा बिना किसी कारण कांग्रेस के खिलाफ अधिक मुखर हैं। वह बेवजह मुद्दे को तूल दे रहे हैं। फुरफुरा शरीफ के मौलवी अब्बास सिद्दीकी के आईएसएफ के साथ गठबंधन पर आलोचनाओं के जवाब में चौधरी ने शर्मा को जवाब देने के लिए ट्विटर का ही सहारा लिया। अपने ट्वीट में चौधरी ने कहा कि आनंद शर्मा जी अपनी बातों पर गौर करिए। वह प्रतिष्ठित कांग्रेसियों के चुनिंदा समूह से आग्रह करेंगे कि वे निजी सुख–सुविधाओं से ऊपर उठें और पीएम मोदी की प्रशंसा करने में अपना समय बर्बाद न करें। पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनावों के लिए गठबंधन को लेकर पार्टी के दो दिग्गज नेताओं के बीच जारी वाक्युद्ध के बीच कांग्रेस प्रमुख सोनिया गांधी ने मंगलवार को दिल्ली कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जेपी अग्रवाल की अध्यक्षता में एक स्क्रीनिंग कमेटी का गठन किया है। आठों चरण के चुनाव के लिए गठित इस समिति में महेश जोशी और नसीम खान सदस्य के रूप में शामिल हैं। यह समिति (शेष पेज 9)

# दो दिन में को-विन पोर्टल पर 50 लाख ने पंजीकरण कराया

**भाषा।** नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने मंगलवार को बताया कि कोविड–19 टीकाकरण के तीसरे चरण के लिए को–विन पोर्टल पर सोमवार सुबह से अबतक 50 लाख लोगों ने बिना किसी परेशानी के पंजीकरण कराया है। बुजुर्गों (60 साल से अधिक उम्र) और 45 से 60 साल उम्र गंभीर बीमारियों से ग्रस्त करीब 2.08 लाख से अधिक लोगों को टीके की पहली खुराक दी गई है। देश में 60 साल से अधिक उम्र के लोगों और 45 से 60 साल उम्र के उन लोगों का टीकाकरण एक मार्च से शुरू हुआ, जो गंभीर बीमारियों से ग्रस्त हैं। इसके लिए को–विन पोर्टल पर सोमवार सुबह नौ बजे पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू हुई। सरकारी अधिकारी ने संवाददाता सम्मेलन में बताया कि पहले दो चरण में मंगलवार एक बजे तक टीके की 1,48,55,073 खुराक दी जा चुकी थी जिनमें से 67,04,856 स्वास्थ्य कर्मियों को पहली खुराक दी गई है जबकि 25,98,192 स्वास्थ्य कर्मियों को दूसरी खुराक दी गई है।

उन्होंने बताया कि इनके अलावा अबतक 53,43,219 अग्रिम मोर्चा पर तैनात कर्मियों को भी टीके की पहली खुराक दी जा चुकी है। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने साप्ताहिक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि 60 साल से अधिक उम्र के और गंभीर बीमारियों से ग्रस्त 45 से 60 साल उम्र के 2,08,791 लोगों को टीके की पहली खुराक दी गई है। कोविड–19 टीकाकरण के लिए गठित अधिकार प्राप्त समूह के अध्यक्ष आरएस शर्मा ने बताया कि पंजीकरण प्रणाली में कोई समस्या नहीं आई है। उन्होंने बताया कि लोग कहीं से को–विन 2.0 या आरोग्य सेतु ऐप का इस्तेमाल कर टीकाकरण के पंजीकरण करा सकते हैं और समय ले सकते हैं। शर्मा ने कहा, सोमवार सुबह करीब नौ बजे पंजीकरण शुरू हुआ और अबतक करीब 50 लोगों ने हमारी वेबसाइट पर पंजीकरण कराया है। को–विन के पहले संस्करण में कुछ समस्या थी जिसे 16 जनवरी को लांच किया गया था लेकिन नए संस्करण में कोई समस्या नहीं आई।

# कोयला चोरी मामले में सीबीआई ने उप्र, मप्र में कई स्थानों पर मारे छापे

**कोलकाता (भाषा)।** सीबीआई ने पश्चिम बंगाल के आसनसोल–रानीगंज क्षेत्र में कथित अवैध कोयला खनन और ढुलाई के सिलसिले में मंगलवार को उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में कई स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया। सूत्रों ने यह जानकारी दी। जांच एजेंसी के सूत्रों ने बताया कि सीबीआई की भ्रष्टाचार निरोधक शाखा ने दो राज्यों में उन लोगों के ठिकानों पर छापा मारा, जिनके बारे में उसे संदेह है कि इस मामले के मुख्य आरोपी अनूप मांझी उर्फ लाला के साथ उनका संबंध है। सूखे ईंधन की खरीद और बिक्री में लगी एक कंपनी के निदेशक मांझी गिरफ्तारी से बच रहे हैं। सीबीआई ने उनके खिलाफ लुक आउट नोटिस भी जारी किया है। सीबीआई सूत्रों ने कहा कि एजेंसी उन कारोबारियों पर कड़ी नजर रख रही है, जिनका मांझी से करीबी संबंध है। जांच एजेंसी ने मांझी के खिलाफ मामला दर्ज करने के बाद पिछले साल 28 नवंबर को चार राज्यों पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड और उत्तर प्रदेश में कई स्थानों पर बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान चलाया था।

# चुनावी राज्यों में भाजपा को वोट न देने की करेंगे अपील

**संयुक्त किसान मोर्चा का ऐलान**

## ● छह मार्च को वेस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस वे पर चक्का जाम और आठ मार्च को महिलाएं विभिन्न जगहों पर प्रदर्शन करेंगी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



सीकर में मंगलवार को कृषि कानूनों को विरोध करने को ट्रैक्टर चलाकर जाते भारतीय किसान यूनियन के प्रवक्ता राकेश टिकैत

**कृषि कानून** के विरोध में पिछले तीन माह से आंदोलनरत किसान नेता अब सरकार के खिलाफ मुखर रूप से लड़ाई का ऐलान करते नजर आ रहे हैं। संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) विभिन्न प्रदेशों में होने आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा को हराने की अपील के लिए अपने नेताओं को भेजेगी। संयुक्त किसान मोर्चा ने यह घोषणा मंगलवार को एक प्रेसवार्ता में की। इसके साथ ही छह मार्च को वेस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे पर चक्का जाम और आठ मार्च को महिलाओं के प्रदर्शन का भी निर्णय लिया गया। सिंघू बार्डर पर आयोजित संयुक्त किसान मोर्चा की प्रेसवार्ता में भाजपा नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के खिलाफ किसान नेताओं ने आगे के आंदोलन की रणनीति का खुलासा मंगलवार को किया। प्रेसवार्ता में बलबीर सिंह राजेवाल ने कहा कि संयुक्त किसान मोर्चा की टीमें भाजपा को हराने की अपील करने के लिए पश्चिम बंगाल और केरल समेत उन राज्यों में जाएंगी जहां विधानसभा चुनाव होने वाले हैं।

राजेवाल ने कहा कि 'हम किसी पार्टी के लिए वोट नहीं मांगेंगे। हम उन उम्मीदवारों को वोट देने की अपील करेंगे, जो भाजपा को हरा सकते हैं। भाजपा किसानों के मुद्दों को सुलझाने में नाकाम रही है।' प्रेसवार्ता में कहा गया कि छह मार्च को आंदोलन के 100 दिन पूरे होने पर आंदोलनरत किसान वेस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस वे (केएमपी)को भी अवरुद्ध करेंगे। संयुक्त किसान मोंचा के नेता योगेंद्र यादव ने कहा कि छह मार्च को पूर्वाह्न 11 बजे से पांच घंटे के लिए एक्सप्रेसवे पर विभिन्न जगहों को चक्का जाम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि संयुक्त किसान मोर्चा के नेता कोलकाता में 12 मार्च को एक जनसभा करेंगे जिसमें भाजपा को हराने की अपील की जाएगी। यादव ने कहा कि मोर्चा (शेष पेज 9)

# दिल्ली–अमृतसर–कटरा एक्सप्रेसवे का काम रुका

**किसान आंदोलन का असर**

## ● प्रभावित गांवों में नहीं हो पाई जनसुनवाई, ईएसी ने 35000 करोड़ की प्रस्तावित परियोजना का काम टाला

**अर्चना ज्योति। नई दिल्ली**

**पहले** कोविड–19 महामारी और अब किसान आंदोलन का सीधा असर दिल्ली, अमृतसर और कटरा को जोड़ने वाले प्रस्तावित एक्सप्रेसवे कॉरिडोर पर पड़ा है। इसमें पंजाब में ग्रीनफील्ड परियोजना के तौर पर विकसित होने वाला वह हिस्सा भी शामिल है, जो नकोदर से निकलकर सुल्तानपुर लोधी, गोइंदवाल साहिब, खडेर साहिब और तरनतारन जैसे पांच ऐतिहासिक शहरों को जोड़ते हुए अमृतसर जाता है। हालांकि, किसान आंदोलन के कारण प्रभावित ग्रामीणों की अनिवार्य जन सुनवाई के अभाव में केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय की विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति (ईएसी) ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा प्रस्तावित 35,000 करोड़ रुपये की इस परियोजना को रद्द कर दिया है। प्रस्तावित परियोजना की कुल लंबाई 361.656 किलोमीटर है। इसमें 262.656 किलोमीटर पंजाब से दिल्ली–कटरा एक्सप्रेसवे है और 99 किलोमीटर ग्रीनफील्ड परियोजना के (शेष पेज 9)

## बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 50,297 | ↑ | 447 | |
| निफ्टी | 14,919 | ↑ | 158 | |
| सोना | 44,760 | ↓ | 679 | /10g |
| चांदी | 67,073 | ↑ | 1847 | /kg |

## क्विक न्यूज

### यूएई में पहली बार एक्सरसाइज डेजर्ट फ्लैग-6 युद्धाभ्यास में भाग लेगी भारतीय वायु सेना

**नई दिल्ली।** भारतीय वायु सेना, यूएई, अमेरिका, फ्रांस, सऊदी अरब, दक्षिण कोरिया और बहरीन की वायु सेनाओं के साथ पहली बार एक्सरसाइज डेजर्ट फ्लैग- 6 युद्धाभ्यास में भाग लेगी। भारतीय वायु सेना की ओर से मंगलवार को यह जानकारी दी गई। यह युद्धाभ्यास संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के अल-धफ्रा एयरबेस पर तीन मार्च से 21 मार्च के बीच होगा। एक्सरसाइज डेजर्ट फ्लैग, वार्षिक बहुराष्ट्रीय युद्धाभ्यास है जिसकी मेजबानी यूएई वायुसेना द्वारा की जाती है। भारतीय वायु सेना, यूएई, अमेरिका, फ्रांस, सऊदी अरब, दक्षिण कोरिया और बहरीन की वायु सेनाओं के साथ पहली बार एक्सरसाइज डेजर्ट फ्लैग- 6 युद्धाभ्यास मे भाग लेगी।

# गुजरात निकाय चुनाव में भी लहराया भाजपा का परचम

## ● 2085 सीट झोली में, कांग्रेस पिछड़ी, 16 सीटों के साथ आप ने भी खोला खाता

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



गुजरात निकाय चुनाव में भारी जीत के बाद सूरत में जश्न मनाते भाजपा कार्यकर्ता

**गुजरात** स्थानीय निकाय चुनाव में सत्ताधारी पार्टी भाजपा ने सभी 31 जिलों की पंचायत में रिकॉर्ड जीत दर्ज की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गृह राज्य समेत विभिन्न नगरपालिकाओं की कुल 8,474 सीटों में 2,085 पर भाजपा ने जीत के साथ प्रतिद्वंदी कांग्रेस से निर्णायक बढ़त बना ली है। गुजरात में पार्टी की इस शानदार जीत पर प्रधानमंत्री और गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि प्रदेश की जनता ने भाजपा के विकास के एजेंडे को स्वीकार फिर से विश्वास जताया है। उन्होंने इस जीत के लिए पार्टी के नेताओं व कार्यकर्ताओं को बधाई दी है। वहीं पहली बार चुनाव लड़ रही आम आदमी पार्टी (आप) ने 16 सीटों के साथ अपना खाता खोला है। गुजरात के विभिन्न जिलों, तालुका, पंचायत व निकायों में भाजपा 2,085 सीटों पर वहीं कांग्रेस 602 सीटों विजयी हुई है। अबतक 8,474 सीटों में से 2,771 के परिणाम मंगलवार को घोषित किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात में नगर पालिका, तालुका पंचायत और जिला स्तरीय पंचायत चुनाव में भाजपा की जीत पर अपने ट्वीट में कहा, 'गुजरात की जनता ने इस जीत के साथ साफ संदेश दे दिया है कि वह विकास और गुड गवर्नेंस के एजेंडे के साथ है। मैं गुजरात की जनता के प्रेम और समर्पण को नमन करता हूं।' केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने गुजरात के स्थानीय निकाय चुनाव में जीत पर कहा, 'भाजपा ने 85 फीसदी सीटों जीत के साथ यह साफ कर दिया है कि वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकास यात्रा को जारी रखेंगे।' केंद्रीय गृहमंत्री ने मुख्यमंत्री विजय रुपाणी और उपमुख्यमंत्री (शेष पेज 9)

### प्रदेश कांग्रेस प्रमुख व विपक्ष के नेता ने इस्तीफा दिया

**अहमदाबाद।** गुजरात में स्थानीय निकाय चुनाव में कांग्रेस की हार के मद्देनजर पार्टी की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष अमित चावड़ा और विपक्ष के नेता परेश धानाणी ने मंगलवार को पार्टी की हार की जिम्मेदारी लेते हुए अपने पदों से इस्तीफा दे दिया। चावड़ा ने कहा कि मैंने अपना इस्तीफा पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी को सौंप दिया है।

# ऐमेजॉन प्राइम वीडियो ने तांडव सीरीज को लेकर बिना शर्त माफी मांगी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**ऐमेजॉन** प्राइम वीडियो ने अपने शो तांडव के लिए मंगलवार को बिना शर्त माफी मांग ली और कहा कि दर्शकों द्वारा आपत्तिजनक पाए गए दृश्यों को उसने पहले ही हटा दिया है। सैफ अली खान और मोहम्मद जीशान अय्यूब अभिनीत इस सीरीज के विभिन्न दृश्यों को लेकर खासा विवाद पैदा हो गया था और यह आरोप लगा कि इस शो से धार्मिक भावनाएं आहत हुईं। इस संबंध में कई प्राथमिकी भी दर्ज कराई गई हैं।

ऐमेजॉन प्राइम वीडियो ने एक बयान में कहा, ऐमेजॉन प्राइम वीडियो को अत्यंत खेद है कि हाल ही में शुरू की गई काल्पनिक सीरीज तांडव के कुछ दृश्य दर्शकों को आपत्तिजनक लगे। किसी की भावनाओं को ठेस पहुँचाना हमारा ध्येय नहीं था, और इस बात से अवगत कराए जाने पर, उन आपत्तिजनक दृश्यों को या तो हटा दिया गया या फिर संपादित किया गया।

हम अपने दर्शकों की विविध आस्थाओं का सम्मान करते हैं और उन दर्शकों से बिना शर्त क्षमा याचना करते हैं, जिन्हें ठेस पहुंची है। कंपनी ने कहा, हमारी टीमें कंपनी की विषय मूल्यांकन विधियों का अनुकरण करती हैं, और हम मानते हैं कि दर्शकों की बेहतर सेवा के लिए, समय–समय पर इन विधियों का आधुनिकीकरण आवश्यक है। हम भारतीय कानूनों का अनुपालन करते हुए, और हमारे दर्शकों की संस्कृति और आस्थाओं का सम्मान करते हए, अपने सहयोगियों के साथ आगे भी मनोरंजक विषय विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

पायनियर
लखनऊ, बुधवार, 3 मार्च, 2021



# राजनीतिक मुकदमे वापसी को लेकर तीखी नोक-झोंक

## ● विधानसभा में सपा ने वेल में आकर किया हंगामा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**विधान** सभा में मंगलवार को राजनीतिक मुकदमों को वापस लिए जाने के मसले पर सत्ता पक्ष और विपक्ष में जमकर नोक-झोंक हुई और सपा ने वेल में आकर हंगामा किया। जहां सत्ता पक्ष का आरोप था कि पिछली सरकार में आतंकवादियों के मुकदमें वापस लिए गए तो विपक्ष ने भी सरकार पर आरोप लगाए कि इस सरकार में भी दंगा कराने वालों के ऊपर से मुकदमें वापस लिए गए हैं। इस हंगामें के कारण सदन की कार्यवाही करीब 20 मिनट के लिए बाधित रही।

मंगलवार को विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान बसपा के सदस्य श्याम सुंदर शर्मा ने सवाल किया कि प्रदेश में भाजपा की सरकार आने के बाद से जुलाई 2020 तक राज्य सरकार द्वारा किन-किन व्यक्तियों के मुकदमें वापस लिए गए। इनमें से कितने मुकदमें राजनैतिक श्रेणी के हैं? इस पर सरकार की तरफसे जवाब देते हुए न्याय मंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा 1 अप्रैल 2017 से 20 जुलाई 2020 तक 670 मुकदमें वापस लिये जाने की संस्तुति जनहित में की गयी है। यह मुकदमें सामान्यत: राजनेताओं एवं राजनीतिक कार्यकर्ताओं से संबंधित है। भारतीय दण्ड संहिता एवं दण्ड प्रक्रिया संहिता के अन्तर्गत राजनीतिक श्रेणी के मुकदमों को परिभाषित नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि इस सरकार और पिछली सपा की सरकार में काफी अंतर है। यह सरकार दलगत भावना के आधार पर काम नहीं करती है। हमारी सरकार ने केवल राजनीतिक मुकदमों को वापस लेने का काम किया है जबकि पिछली सरकार में आतंकवादियों पर दर्ज मुकदमों को वापस लिया गया। विधि एवं न्याय मंत्री के इतना कहते ही सपा सदस्यों ने अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए हंगामा शुरू कर दिया। इसके चलते सदन की कार्यवाही पूरी तरह से अव्यवस्थित हो गयी। विधानसभा अध्यक्ष हृदयनारायण दीक्षित ने सपा सदस्यों से अपने स्थान पर जाने के लिए कहा लेकिन सपा के सदस्य कुछ भी सुनने को तैयार नहीं थे। शोर शराबे और हंगामे के बीच नेता प्रतिपक्ष रामगोविन्द चैधरी ने कहा कि बसपा सदस्य श्याम सुंदर शर्मा ने जो सवाल किया उसका उत्तर न देकर सदन को गुमराह किया जा रहा है। बसपा विधानमंडल दल के नेता लालजी वर्मा ने रामगोबिन्द चौधरी की बात से सहमति जताते हुए कहा कि यहां इस सरकार के कामकाज की बात हो रही है पिछली सरकार की नहीं। इसलिए सदन में जो सवाल पूछा गया है उसका ही उत्तर दिया जाना चाहिए।

बृजेश पाठक ने कहा कि इस सरकार में एक प्रक्रिया के तहत ही मुकदमों की वापसी हुई है जबकि पिछली सरकार में वाराणसी, बिजनौर, गोरखपुर और लखनऊ में आतंकवाद से जुड़े अपराधियों के मुकदमें वापस लेने काम किया गया। इस पर सदन मे शोरशराबा एक बार फिर बढ़ गया और दोनों तरफ से एक दूसरे के खिलाफ जमकर आरोप लगाए गए। इस हंगामें के बीच प्रश्नकाल का समय समाप्त हो गया और नियम 300 के तहत सूचनाएं ली गई।



## महंगाई पर कार्य स्थगन के प्रस्ताव पर सपा ने किया वाकआउट

**लखनऊ।** विधान सभा में कार्य स्थगन के प्रस्ताव पर मंहगाई पर चर्चा करते हुए विपक्ष ने सरकार पर आरोप लगाया कि सरकार जनविरोधी, बेरोजगार विरोधी है और इस सरकार ने जनता पर टैक्स के रूप में करों का बोझ लादकर कारपोरेट घराने की जेब भरने का काम किया है। मंहगाई के मुद्दे पर सदन से समाजवादी पार्टी के सदस्यों ने वाकआउट किया। सरकार ने इस पर अपना पक्ष रखते हुए कहा कि अंतराष्ट्रीय बाजार के अनुसार ही पेट्रोल-डीजल के दाम तय होते हैं इसमें राज्य सरकार की भूमिका नहीं होती है। नेता प्रतिपक्ष राम गोविंद चौधरी ने कहा कि प्रदेश की जनता दिन-प्रतिदिन की बढ़ती मंहगाई से त्रस्त है और उसके सामने भुखमरी की स्थिति उत्पन्न होने संकट खड़ा हो रहा है। रसोई गैस, पेट्रोल, डीजल, दवाईयों के दाम विगत चार वर्षो में कई-कई गुना बढ़ गए है। मैन्यूफैक्चरिंग प्रोडक्ट के दाम सबसे अधिक बढ़ाए गए है। लखनऊ में मई 2020 में रसोई गैस का मूल्य 589 रूपए था जो फरवरी, 2021 में 807 रुपए हो गया है। 1 मार्च को पुन: 25 रूपये बढ़ाने से यह 832 रूपये का हो गया है। अब सब्सिडी भी लोगों के खाते में बहुत कम आ रही है जिनके खाते में आती है तो 38-40 रूपये आती है। रसोई गैस के दाम अलग-अलग शहरों में अलग-अलग हैं। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि बलिया में तो 900 रूपए का सिलेण्डर हो गया है। विगत 10 माह में रसोई गैस के दाम 243 रूपए बढ़ गए है। उन्होंने कहा कि इसी तरह पेट्रोल और डीजल के रेट प्रतिदिन बढ़ रहे हैं। डीजल पेट्रोल की मंहगाई का प्रभाव किसानों की सिंचाई, जोताई, परिवहन पर पड़ रहा है। परिवहन भाड़ा बढ़ने से वस्तुएं मंहगी हो रही है यात्रा किराया मंहगा हो रहा है। जनता में त्राहि-त्राहि मची है परन्तु सरकार जनता को राहत देने के लिए अपना टैक्स कम नहीं कर रही है। प्रदेश सरकार पेट्रोल पर 18 रूपये 74 पैसे अर्थात् 19 रूपये और डीजल पर 10 रूपये 41 पैसे कर वसूली है केन्द्र सरकार 32.98 रूपये टैक्स ले रही है। केन्द्र, राज्य का टैक्स और डीलर कमीशन मिलाकर डीजल पर 46 रूपये और पेट्रोल पर 56 रूपये जनता से वसूले जाते है। दवाईयों के मूल्य लगभग तीन गुणा बढ़ गये है। साधारण व्यक्ति अपना ईलाज भी ठीक से नहीं करा पा रहा है। बढ़ती मंहगाई से जनता आक्रोशित है जो कभी भी विस्फोटक रूप ले सकती है। उन्होंने कहा कि जनता कंगाल होती जा रही है और पूंजीपति मालामाल होते जा रहे हैं। यह सरकार इसी नीति पर काम कर रही है। नेता प्रतिपक्ष ने रोटी कपड़ा और मकान फिल्म के एक गीत की लाईनें सुनाकर सरकार पर कटाक्ष किया। नेता प्रतिपक्ष के आरोप के बाद संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने सरकार का पक्ष रखते हुए कहा कि इस सरकार का हमेशा यही प्रयास रहता है कि किसी भी प्रकार से जनता पर मंहगाई का बोझ न पड़ने पाए और उसी के अनुरूप सरकार अपनी नीतियों पर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि इस महामारी में भी सरकार ने स्वास्थ्य सेवाओं पर सबसे अधिक रूपए खर्च किए और अगले वित्तीय वर्ष के लिए सबसे बड़ा बजट लेकर आई है। सरकार ने गंभीर रोगों का इलाज सस्ता किया है। संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि इस सरकार ने समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के चेहरे पर मुस्काल लाने की नीति और नियत के अनुसार ही काम किया है। 2017 में बसों का किराया प्रति किलोमीटर 95 पैसे था जिसमें पिछले साल मात्र दस पैसे की बढ़ोत्तरी की गई है और आज बस का किराया प्रति किलोमीटर एक रूपए पांच पैसे है। उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष के पास उप्र की सारी गलत सूचनाओं की जानकारी इस समय यूपी की जनता के बीच इस सरकार को लेकर जो अवधारणा बनी हुई है उसी का नतीजा है कि उप चुनाव में बीजेपी को 6 सीटों पर विजय प्राप्त हुई है। इसके बाद नेता प्रतिपक्ष राम गोविंद चौधरी ने कहा कि इस सरकार में जनता त्राहि-त्राहि कर रही है अगले साल चुनाव में जनता इसका जवाब आपको देगी और गरीब और किसान विरोधी इस सरकार का हम विरोध करते हैं। यह कहते हुए समाजवादी पार्टी के सदस्यों ने सदन से वाकआउट किया।

## ग्रीष्म कालीन अवकाश में करेंगे शिक्षकों का ग्रामीण से नगरों में समायोजन

**लखनऊ।** बेसिक शिक्षा मंत्री सतीश द्विवेदी ने विधान सभा में कहा है कि जल्द ही बेसिक शिक्षकों की सेवा नियमावली में जल्द बदलाव किया जाएगा। ग्रामीण व नगर काडर को खत्म किया जाएगा। इसके लिए विशेषज्ञों के साथ मंथन किया जा रहा है। इसके बाद शिक्षकों का समायोजन किया जाएगा। सदन जब अगली बार बैठेगा तब तक यह नियमावली कैबिनेट की मंजूरी के बाद लागू कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि बेसिक शिक्षकों का समायोजन ग्रीष्म कालीन अवकाश के दौरान किया जाएगा। प्रश्नकाल में बसपा विधानमंडल दल के नेता लालजी वर्मा ने सवाल किया था कि प्रदेश के नगर शिक्षा क्षेत्रों के प्राथमिक विद्यालयों में विगत कई वर्षा से प्रधानाध्यापकों एवं अध्यापकों की नियुक्ति न होने से शिक्षण कार्य बाधित हो रहा है। उन्होंने सवाल किया कि आखिर राज्य सरकार शिक्षकों की नियुक्ति कब तक करेगी। इस पर बेसिक शिक्षा मंत्री सतीश चन्द्र दिवेदी ने बताया कि नगर क्षेत्र में सहायक अध्यापक एवं प्रधानाध्यापक के पद रिक्त हैं किन्तु प्रदेश के नगर क्षेत्र में संचालित 4490 प्राथमिक विद्यालयों में 546157 नामांकित छात्र-छात्राओं के सापेक्ष 9467 शिक्षक एवं 3843 शिक्षा मित्र कार्यरत हैं। कार्यरत शिक्षकों एवं शिक्षा मित्रों से शिक्षण कार्य सुचारू रूप से कराया जा रहा है। बेसिक शिक्षा मंत्री ने सदन को अवगत कराते हुए कहा कि जल्द ही बेसिक शिक्षा विभाग में शिक्षकों की भर्ती का काम किया जाएगा। शिक्षा मंत्री ने कहा कि ग्रामीण से शहरी और शहरी से ग्रामीण क्षेत्रों में स्थानातंरण को लेकर एक नई नीति जल्द सरकार घोषित करने जा रही है।

# बेसिक शिक्षा विभाग में एसटी के रिक्त 1133 पर जल्द होगी भर्ती

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कार्यस्थगन** के प्रस्ताव पर बहुजन समाज पार्टी के लाल जी वर्मा ने परिक्षाओं में अनुसूचित जनजाति के लोगों को आरक्षण का लाभ न दिए जाने का आरोप सरकार पर लगाया और इसके जवाब में बेसिक शिक्षा मंत्री सतीश द्विवेदी ने कहा कि सरकार ने कभी अनुसूचित जनजाति के लोगों का अहित नहीं किया है और शिक्षकों के जो पद रिक्त रह गए हैं उन्हें शीघ्र भरा जाएगा। उन्होंने कहा कि बेसिक शिक्षा विभाग में अनुसूचित जनजाति कोटे के 1133 खाली पदों पर जल्द भर्ती करेगी। इसके लिए कार्मिक विभाग से राय ली जाएगी।


## कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जनपद कन्नौज

पत्रांक – मु0चि0अ0/ई–टेण्डर/सूचना/2020–21/4407 दिनांक : 02.3.2021

### ई–टेण्डर सूचना

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम (जे0एस0एस0के0) अन्तर्गत जिला स्तरीय चिकित्सालयों एवं ब्लॉक स्तरीय चिकित्सालयों में प्रसूताओं को भोजन उपलब्ध कराने हेतु निविदा ई–टेण्डर पोर्टल– www.tender.up.nic.in पर आमंत्रित की गई है। इच्छुक निविदादाता पोर्टल से निविदा प्रपत्र प्राप्त कर दिनांक 15.03.2021 को पूर्वान्ह 11.00 बजे तक आनलाइन आवेदन अपलोड कर सकते हैं।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी
कन्नौज



## सार्वजनिक सूचना

हमारे मुवक्किल मैसर्स वीरेन इन्फ्रा प्रोजेक्ट्स के श्री वीरेन्द्र आर. पांडे, पता 10, कुलसुम्बाई सीएचएस, प्रभात कालोनी, सांताक्रूज (ईस्ट), मुंबई–400055 ने विभिन्न अवसरों पर श्री मोहम्मद परवेज पुत्र श्री मोहम्मद अतीक से दिनांक 21–10–2015 को 12–06–2020, 15–06–2020 और अंततः 08–07–2020 को भेजे गए पत्रों/सूचनाओं द्वारा सम्पर्क करने की कोशिश की है, हालांकि, सभी पत्र/सूचनाएं श्री मोहम्मद परवेज द्वारा प्रस्तुत किए गए अपर्याप्त पते के कारण वापस प्राप्त की जा चुकी हैं, जो हमारे मुवक्किल मैसर्स वीरेन इन्फ्रा प्रोजेक्ट्स और मोहम्मद परवेज के बीच निष्पादित अनुबंध, जो 20–07–2014 को विधिवत पंजीकृत करवाया गया था, में वर्णित अंतिम ज्ञात पते पर भेजे गए थे। हमारे मुवक्किल ने उसके पश्चात एक सार्वजनिक सूचना दिनांक 25–06–2014 को तीन समाचार पत्रों में प्रकाशित करवाई, जिसके द्वारा किसी भी व्यक्ति/व्यक्तियों से आपत्तियां और दावे आमंत्रित किए गए थे, जिसके जवाब में हमारे मुवक्किल या हमें आज की तारीख तक कोई भी आपत्ति दावा प्राप्त नहीं हुआ है। अतएव हमारा मुवक्किल, सम्पत्ति विकास के साथ संबद्ध सभी संबंधित विभाग और श्री मोहम्मद परवेज पुत्र श्री मोहम्मद अतीक और सर्वसाधारण को निम्नानुसार सूचित करता है :–

हमारे मुवक्किल को उसके अपने सूत्रों के माध्यम से पता चला है कि कुछ बेईमान लोग/एजेन्ट फर्जी प्रतिनिधित्व द्वारा सम्पत्ति बेचने की कोशिश कर रहे हैं। इसके अलावा संयुक्त उद्यम अनुबंध में पुष्टि पक्ष के रूप में वर्णित लोगों ने भी हमारे मुवक्किल को ब्लैक मेल करना आरंभ कर दिया है। इस सूचना के द्वारा हम श्री परवेज मोहम्मद से हमारे मुवक्किल से या उसके अधिवक्ताओं के तौर पर हमसे अतिशीघ्र सम्पर्क करने की मांग करते हैं ताकि सम्पत्ति के विकास की प्रक्रिया शुरू की जा सके। इसके अलावा श्री मोहम्मद परवेज पुत्र श्री मोहम्मद अतीक को सूचित किया जाता है कि प्रोजेक्ट पूरी तरह रूक गया है और हमारे मुवक्किल को "लीडा" के पास भवन निर्माण योजनाएं प्रस्तुत करने के बाद आपकी तरफ से कुछ शर्तों जैसेकि लखनऊ कानपुर हाईवे से साइट तक 60 फीट चौड़ी मोटर चालन योग्य सड़क उपलब्ध कराना, सर्वेक्षण करना और हाई टेंशन वायर्स इत्यादि से पर्याप्त दूरी के साथ प्लॉट की चौहद्दी चिह्नांकित करना, जो आज तक पूरे नहीं किए गए हैं, को पूरा नहीं करने की वजह से भारी वित्तीय हानि हुई है। हमारा मुवक्किल आपको सूचित करता है कि हमारा मुवक्किल सम्पत्ति को इस प्रकार विकसित करने का इच्छुक है, जैसाकि हम दोनों के लिए उपयुक्त और लाभप्रद हो सकता है और यदि आप हमारे मुवक्किल या उसके अधिवक्ताओं के तौर पर हमसे अतिशीघ्र सम्पर्क नहीं करते हैं तो हमारे मुवक्किल के पास, संबंधित प्राधिकारियों के पास मंजूरी के लिए नई योजनाएं प्रस्तुत करने अथवा अपनी हानियों की भरपाई के लिए अपने अधिकार किसी तीसरे पक्ष को बेचने/अवमिश्रित करने के संबंध में हस्ताक्षर करने का पूर्ण अधिकार होगा। किसी भी व्यक्ति द्वारा हमसे सम्पर्क नहीं किए जाने की स्थिति में आपका हिस्सा हमारे द्वारा रोक कर रखा जाएगा।

### उक्त सम्पत्ति का वर्णन

सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : स्वामी/विक्रेता श्री मोहम्मद परवेज द्वारा सूचित तथा इसके संबंधित सर्किल में रजिस्ट्रार ऑफ अश्योरैंसेज द्वारा पंजीकृत और सेल डीड के रेकार्ड्स के अनुसार मीरांपुर पिनवट, परगना बिजनौर तहसील और जिला लखनऊ स्थित भूमि या जमीन, सिटी सर्वे नंबर (खसरा नंबर) "0–22 स" रकबा (सम्पत्ति का क्षेत्रफल) 1.126 हेक्टेयर मय स्ट्रक्चर्स।

तिथि : 02–03–2021
स्थान : मुंबई

एजेएस लीगल
हस्ता./–
एडवोकेट्स और कंसल्टैंट्स, 206, पिंकी पैलेस, द्वितीय तल,
एस.वी. रोड, खार (वेस्ट), मुंबई – 400052


# मण्डी संशोधन बिल पर विधान परिषद में हंगामा, सपा का वाकआउट

**लखनऊ।** विधानमंडल के बजट सत्र में आज विधान परिषद में मण्डी संशोधन अधिनियम को लेकर जमकर हंगामा हुआ। सपा सहित विपक्षी सदस्यों ने सरकार को घेरते हुये मण्डी की उपयोगिता को कम करने का आरोप लगाते हुये वेल में आकर नारेबाजी की और फिर सरकार के जवाब से असंतुष्ट सपा सदस्यों ने वाकआउट करके अपना विरोध जताया।

शून्यकाल के दौरान सपा के अहमद हसन, जितेन्द्र यादव, महफुजुर्रहमान उर्फमहफूज खां, राकेश यादव एवं अन्य सदस्यों ने उत्तर प्रदेश कृषि मण्डी संसोधन अधिनियम 2018 के द्वारा संसोधन पर कार्यस्थगन प्रस्ताव लाकर चर्चा करने की मांग की। सपा का आरोप था कि इस संशोधन के माध्यम से सरकार मण्डियों की उपयोगिता को कम करना चाहती है। सूचना की ग्राहृयता पर सपा के संजय लाठर, रामू वालिया एवं नेता विरोधी दल ने विचार व्यक्त किये। नेता सदन एवं मंत्री सूर्य प्रताप साही ने सदन को तथ्यों से अवगत कराया। सरकार के जवाब से संतुष्ट न होने के कारण सपा के सभी सदस्यों ने पहले वेल में आकर नारेबाजी की और फिर सदन का वाकआउट किया। सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह ने सूचना पर कार्यस्थगन अस्वीकार सरकार को आवश्यक कार्यवाही हेतु के निर्देश दिये। इससे पहले सुबह ग्यारह बजे सदन की कार्रवाई शुरू हुई। सपा के परवेज अली ने अलीगढ़ मुस्लिम यूनिर्वसिटी के छात्र मो अशरफ अली की विगत 23 फरवरी को शमसाद मार्केट से लापता होने की सूचना दी। सभापति कुवर मानवेन्द्र सिंह ने इसे यह कहते हुये अग्राहय किया कि यह प्रकरण सुसंगत नहीं है। निर्दलीय समूह के राज बहादुर सिंह चन्देल ने किसान सेवा सहकारी समिति रूरा कानपुर देहात में क्रय किये गये धान के भुगतान के संबंध में मामला उठाया। बसपा के दिनेश चन्द्रा, अतर सिंह राव, सुरेश कुमार कश्यप, महमूद अली एवं भीमराव अम्बेडकर ने बदायू के जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा अध्यापकों एवं कर्मचारियों का जातिगत आधार पर उत्पीड़न किये जाने के संबंध में सूचना दी। सूचना की ग्राहृयता पर भीमराव अम्बेडकर ने अपने विचार व्यक्त किये। नेता सदन ने सदन को तथ्यों से अवगत कराया। सभापति कुवर मानवेन्द्र सिंह ने सूचना पर कार्यस्थगन अस्वीकार कर सरकार ने कार्यवाही करा दी गई है। कांग्रेस के दीपक सिंह ने प्रदेश के युवाओं और शिक्षित बेरोजगारों को रोजगार दिलाये जाने के संबंध में सूचना दी। सूचना की ग्राहृयता पर दीपक सिंह ने अपने विचार व्यक्त किये। नेता सदन ने सदन को तथ्यों से अवगत कराया। सभापति कुवर मानवेन्द्र सिंह ने सूचना पर कार्यस्थगन अस्वीकार सरकार को कार्रवाई किये जाने के निर्देश दिये। शिक्षक दल के सुरेश कुमार त्रिपाठी एवं ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी वाराणसी को विवेचना में दोषी पाये जाने पर शासन द्वारा कार्यवाही कराये जाने के संबंध में सूचना दी। जिस पर शिक्षक दल के ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने अपने विचार व्यक्त किये। नेता सदन ने सदन को तथ्यों से अवगत कराया। सभापति कुवर मानवेन्द्र सिंह ने सूचना पर कार्यस्थगन अस्वीकार कर सरकार को तीन माह में कार्यवाही पूर्ण कराकर अवगत कराने के निर्देश दिये। शून्यकाल के दौरान सपा के नरेश चन्द्र उत्तम, आशुतोष सिन्हा, आनन्द भदौरिया, लाल बिहारी यादव एवं अन्य सदस्यों ने शिक्षामित्रों को समान कार्य के लिये समान वेतन का सिद्धान्त प्रतिपादित किये जाने के संबंध में सूचना दी। बेसिक शिक्षा मंत्री ने सदन को तथ्यों से अवगत कराया। अधिष्ठाता सुरेश कुमार त्रिपाठी ने सूचना पर कार्यस्थगन अस्वीकार कर सरकार को कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये।

## उच्च सदन में अटका उत्तर प्रदेश गुंडा नियंत्रण विधेयक 2021, प्रवर समिति को सौंपा गया

### ● सपा सदस्यों के भारी विरोध के बीच ध्वनि मत से पारित हुआ लोक एवं निजी सम्पत्ति विरूपण निवारण विधेयक

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश विधानसभा में बीते सोमवार को पारित कराया गया उत्तर प्रदेश गुंडा नियंत्रण विधेयक 2021 मंगलवार को विधान परिषद में अटक गया। सभापति ने इस विधेयक को प्रवर समिति को संदर्भित कर दिया है। वहीं समाजवादी पार्टी के भारी विरोध के बावजूद लोक एवं निजी संपत्ति विरूपण निवारण विधेयक 2021 ध्वनिमत के साथ पारित कर दिया गया। राज्य सरकार के इन विधेयकों के विरोध में सपा सदस्यों के भारी हंगामे और वेल में आ जाने की वजह से भोजन अवकाश के बाद विधान परिषद की कार्यवाही सुचारू ढंग से नहीं चल सकी और सदन बुधवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया।

भोजनावकाश के पश्चात् सदन की बैठक अपराह्न 3:45 बजे सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह के सभापतित्व में प्रारम्भ हुई। प्रमुख सचिव विधान परिषद ने विधान सभा द्वारा पारित उत्तर प्रदेश लोक एवं निजी सम्पत्ति विरूपण निवारण विधेयक 2021 और उत्तर प्रदेश गुण्डा नियन्त्रण (संशोधन) विधेयक 2021 को सदन की मेज पर रखा। इसके बाद कार्यसूची की मदों को निपटाया गया। याचिकाओं को याचिका समिति को संदर्भित किया गया। समाजवादी पार्टी के सदस्यों से सदन की मेज पर रखे गए विधायकों का पुरजोर विरोध किया। विपक्षी सदस्यों का कहना था कि उत्तर प्रदेश गुण्डा नियन्त्रण (संशोधन) विधेयक 2021 के पास होने से पुलिस की मनमानी बढ़ेगी और न्याय नहीं हो सकेगा। पहले थाने की पुलिस गुंडा एक्ट के तहत कार्रवाई करती थी, जिसकी निगरानी डीएम के पास होती थी लेकिन अब पुलिस ही गुंडा एक्ट की कार्रवाई करेगी और पुलिस कमिश्नर ही इसकी जांच करेगा। ऐसे में न्याय कहां होगा। सपा सदस्यों ने इस विधेयक को प्रवर समिति के पास भेजने की मांग की। जिसे देखते हुए सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह ने इस विधेयक को सदन की प्रवर समिति को संदर्भित किया। वहीं उत्तर प्रदेश लोक एवं निजी सम्पत्ति विरूपण निवारण विधेयकए 2021 को विचारोंपरांत ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। सपा सदस्यों ने इस पर भी वेल में आकर विरोध प्रदर्शन किया। भारी शोर.शराबे के कारण सभापति ने सदन की कार्यवाही 4:30 बजे 15 मिनट के स्थगित कर दी। 15 मिनट बाद सदन की कार्यवाही अधिष्ठाता सुरेश कुमार त्रिपाठी के सभापतित्व में प्रारम्भ हुई। पुन: शोर.शराबा जारी रहा जिस पर अधिष्ठाता सुरेश कुमार त्रिपाठी ने सदन की कार्यवाही 3 मार्च को सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी। उत्तर प्रदेश लोक एवं निजी सम्पत्ति विरूपण निवारण विधेयकए 2021 दोनों सदनों में पारित हो जाने के बाद अब धरना प्रदर्शन के दौरान सरकारी और निजी संपत्तियों को नुकसान पहुंचाने वाले उपद्रवियों से जुर्माना वसूलने का रास्ता साफकर दिया गया है।


पायनियर वर्गीकृत

### सूचना

हमने अपनी सगी पुत्री दीपिका कुमारी के गलत आचरण व चाल–चलन से तंग आकर अपनी समस्त चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। रामकुमार पुत्र बल्दी एवं रामकुमारी पत्नी रामकुमार पता जेहटा बरावन कलां, लखनऊ

### सूचना

मैं अपने पुत्र विकास मिश्रा व उसकी पत्नी मीरा मिश्रा निवासी 619/33 ग्राम हुसेडिया विनीत खण्ड गोमती नगर, लखनऊ को उनके दुराचरणों से क्षुब्ध होकर अपनी समस्त चल– अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ उक्त लोगों से आज के पश्चात मेरा व मेरे परिवार का कोई लेना देना (सरोकार) नहीं है। उनके कृत्यों का उत्तरदायित्व उनका स्वयं का होगा। महावीर प्रसाद मिश्रा पुत्र स्व0 श्री राम अजौर मिश्रा निवासी ग्राम 619/34 हुसेडिया विनीत खण्ड गोमती नगर, लखनऊ–226010


# अयोध्या के लिए अगले साल हवाई मार्ग खुलने के आसार

## एयरपोर्ट के लिए सरकार ने दी तीन अरब 21 करोड़ 99 लाख की स्वीकृति

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**अब** वह दिन दूर नहीं, जब देश–दुनिया के लोग प्रभु श्रीराम के दर्शन के लिए अयोध्या में सीधे हवाई मार्ग से आ और जा सकेंगे। हाल ही में केंद्र सरकार ने अयोध्या एयरपोर्ट के लिए ढाई सौ करोड़ जारी किए, तो राज्य सरकार ने भी एयरपोर्ट की अतिरिक्त भूमि खरीदने के लिए तीन अरब 21 करोड़ 99 लाख 50 हजार सात सौ 20 रुपए की वित्तीय स्वीकृति दी है। अयोध्या में एयरपोर्ट निर्माण का कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है और उम्मीद है कि अगले साल के शुरूआत में हवाई सेवाओं की शुरूआत भी हो जाएगी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ड्रीम प्रोजेक्ट मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम हवाई अड्डा अयोध्या के लिए 555.66 एकड़ अतिरिक्त भूमि खरीदने के लिए राज्य सरकार ने कुल 1001 करोड़ 77 लाख की धनराशि की स्वीकृति दी है। इसके अलावा अगले वित्त वर्ष 2020–21 में अयोध्या एयरपोर्ट के लिए सौ करोड़ की धनराशि का अलग से प्रावधान किया गया है। राज्य सरकार की ओर से भूमि खरीदने के लिए अब तक 9,47.91 करोड़ की धनराशि जारी की गई है। हवाई अड्डे के विकास के लिए अब तक एएआई को 377 एकड़ भूमि उपलब्ध भी कराई जा चुकी है।



**आरसीएस स्कीम में अयोध्या–हिण्डन एयररूट चयनित:** सत्ता में आने के बाद सीएम योगी ने अयोध्या के चहुंमुखी विकास के लिए रणनीति बनानी शुरू कर दी थी। उन्होंने अयोध्या की अंतरराष्ट्रीय स्तर की एयर कनेक्टिविटी के लिए एयरपोर्ट सहित अन्य जरूरी सुविधाओं को लेकर कार्य योजना बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए थे। केंद्र सरकार ने भी चार अक्तूबर 2018 में अयोध्या हवाई पट्टी को आरसीएस स्कीम के तहत अयोध्या–हिण्डन एयररूट के लिए चयनित किया था।

**अंतरराष्ट्रीय स्तर का एयरपोर्ट बनाने की घोषणा:** सीएम योगी ने छह नवम्बर 2018 को अयोध्या स्थित हवाई पट्टी को बड़े विमानों के लिए विकसित करनेए उपयुक्त रनवे और टर्मिनल बिल्डिंग का निर्माण कराने की घोषणा की थी। सीएम की ओर से अयोध्या में अंतरराष्ट्रीय स्तर का एयरपोर्ट विकसित करने के उद्देश्य से घोषणा में परिवर्तन करते हुए कोड–ई बी 777–300 प्रकार के विमानों के लिए एअरपोर्ट का विकास करने का निर्णय लिया गया।

**कांग्रेस और सपा सरकार ने हवाई पट्टी के लिए किया था एमओयू:** अयोध्या स्थित राजकीय हवाई पट्टी से नागरिक वायु सेवाओं के संचालन के लिए राज्य सरकार और एयरपोर्ट अथारिटी ऑफ इंडिया के बीच 24 फरवरी 2014 को एमओयू हुआ था। उस समय केंद्र में कांग्रेस और प्रदेश में सपा सरकार थी और हवाई पट्टी का सम्पूर्ण क्षेत्रफल 177 एकड़ और रनवे आकार लम्बाई और चौड़ाई 1500 मीटर गुणा 45 मीटर था, लेकिन वह भी नहीं हो पाया था।


## कार्यालय खण्ड शिक्षा अधिकारी मिश्रिख, जनपद –सीतापुर

पत्रांकः बी0आर0सी0/भोजन,चाय,स्नेक्स निविदा/418/2020–2021 दिनांक–02–03–2021

### अति अल्पकालिक ई. टेण्डर रि–विज्ञप्ति

अवगत हों कि पूर्व में अधोहस्ताक्षरी कार्यालय के पत्रॉक प्रशिक्षण/365/2020–21 दिनॉक–04.02.2021 द्वारा खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय मिश्रिख, सीतापुर में वित्तीय वर्ष 2020–21 में आयोजित होने वाले विभिन्न प्रशिक्षणों आदि में आवश्यकतानुसार भोजन, चाय–स्नेक्स आदि की आपूर्ति हेतु दिनॉक–10.02.2021 तक निविदा आमंत्रित की गयी थी जिस किसी कारणवश पुनः दिनांक–07.03.2021 तक बढाया जाता है। अनुभवी फर्मे जिनका आयकर एवं व्यापारकर/जी0एस0टी0 में पंजीकरण है से ई–निविदा आमंत्रित की जाती हैं तथा निविदा की शर्ते पूर्ववत रहेंगी।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा आमंत्रित करने की तिथि | दि0 02.03.2021 |
| 2 | निविदा ऑनलाइन प्रारम्भ करने की तिथि व समय | दि0 02.03.2021 की पूर्वाह्न 04.00 बजे से |
| 3 | निविदा ऑनलाईन अपलोड करने की अंतिम तिथि व समय | दि0 08.03.2021 को पूर्वाह्न 12.00 बजे तक |
| 4 | ऑन लाईन निविदा के संलग्न प्रपत्रों को कार्यालय में जमा करने की तिथि व समय | दि0 08.03.2021 को अपराह्न 01.00 बजे तक |
| 5 | निविदा की तकनीकी बिड खोलने की तिथि व समय | दि0 08.03.2021 को अपराह्न 03 बजे |

निविदा डालने हेतु निनिदादाता प्रत्येक कार्य की निविदा हेतु ब्लाक संसाधन केन्द्र, मिश्रिद सीतापुर के नाम से राष्ट्रीयकृत बैंक से निविदा शुल्क रूपया–200 (जीएसटी सहित) का बैंक ड्राफ्ट एवं अर्नेस्ट मनी की धनराशि रूपया 3000.00 का एफ0डी0आर0/बैंक ड्राफ्ट, ब्लाक संसाधन केन्द्र, मिश्रिख नाम से बन्धक करवाते हुए निविदा प्रक्रिया में प्रतिभाग कर सकता है।

निविदादाताओं को निविदा से सम्बन्धित सम्पूर्ण जानकारी वेब साइट etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

(छोटे लाल)
खण्ड शिक्षा अधिकारी, मिश्रिख
जनपद–सीतापुर।


सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। सम्पादकः चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादकः विजय प्रकाश सिंह। फोनः ( 0522 ) 4036600 फैक्सः 2346443/2345582

# तिहरे हत्याकांड में उम्र कैद की सजा पाए कैदी का क्षमादान रद

## हाईकोर्ट ने राज्यपाल के आदेश को किया खारिज

**विधि संवाददाता।** लखनऊ



**तिहरे** हत्या के एक मामले में उम्र कैद की सजा पाए मुल्जिम को क्षमादान करने के राज्यपाल के आदेश को हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने खारिज कर दिया है। 15 मार्च 2017 को राज्यपाल ने कैदी जैनी सिंह को क्षमादान दिया था। पीठ का कहना है कि यह समझ से परे है कि एक परिवार के तीन सदस्यों की जघन्य हत्या करने के मामले में उम्र कैद की सजा पाए कैदी को क्षमादान देने के लिए राज्यपाल को किस बात ने प्रेरित किया। पीठ ने अपने आदेश में सुप्रीम कोर्ट के उस निर्णय का भी जिक्र किया है कि क्षमादान के मामले में राष्ट्रपति अथवा राज्यपाल का कोई फैसला यदि मनमानापूर्ण है, तो इसका न्यायिक पुनरीक्षण किया जा सकता है। पीठ ने इसके साथ ही सीजेएम बुलंदशहर को क्षमादान पाए मुल्जिम जैनी सिंह को हिरासत में लेने का भी आदेश दिया है। जस्टिस रमेश सिन्हा एवं जस्टिस राजीव सिंह की पीठ ने यह आदेश प्रकाशवती सिंह की एक याचिका पर दिया है। याचिका में वर्ष 2012 में बुलंदशहर के एक तिहरे हत्याकांड में उम्र कैद की सजा पाए मुल्जिम जैनी सिंह को मिले क्षमादान को चुनौती दी गई थी। पीठ ने पाया कि इस कैदी ने सिर्फ पांच साल एक माह व 23 दिन जेल में बिताए। याचिका के मुताबिक समाजवादी सैनिक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष सत्यवीर सिंह ने तत्कालीन कारागार मंत्री बलवंत सिंह रामूवालिया को पत्र लिखकर कैदी जैनी सिंह की बीमारी व उम्र का हवाला देते हुए उसकी रिहाई की गुजारिश की थी। याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि डीएम व एसएसपी की रिपोर्ट पर गौर किए बिना तत्कालीन कारागार मंत्री ने जैनी सिंह की 70 वर्ष की उम्र के आधार पर उसकी रिहाई का अनुमोदन किया। जिसे तत्कालीन राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने मंजूर कर लिया। पीठ का यह भी कहना था कि इस कैदी की दो जमानत याचिकाएं इसी अदालत से खारिज हो चुकी हैं और मर्सी कमेटी भी उसकी रिहाई को ठुकरा चुका है।

## पुलिस के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने पर लगाई रोक

### गिरधारी एनकाउंटर मामला

**लखनऊ।** गिरधारी विश्वकर्मा उर्फ कन्हैया उर्फ डाक्टर के कथित एनकाउंटर मामले में पुलिसवालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के आदेश पर हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने रोक लगा दी है। बीते 25 फरवरी को सीजेएम ने यह आदेश जारी किया था। उन्होंने आजमगढ़ के वकील सर्वजीत यादव की अर्जी पर थाना हजरतगंज पुलिस को एफआईआर दर्ज कर नियमानुसार विवेचना करने का आदेश दिया था। पीठ ने इस आदेश पर रोक लगाते हुए सर्वजीत को भी नोटिस जारी किया है। मामले की अगली सुनवाई 15 मार्च को होगी। जस्टिस दिनेश कुमार सिंह की एकल पीठ ने यह आदेश राज्य सरकार की ओर से दाखिल एक रिवीजन याचिका पर दिया है। याचिका पर बहस करते हुए अपर महाधिवक्ता वीके शाही का कहना था कि सीजेएम का आदेश विधि विरूद्ध है और रद्द करने योग्य है। तर्क दिया गया कि पुलिस ने इस प्रकरण में पहले ही दो एफआईआर दर्ज की है। ऐसे में तीसरी एफआईआर की कोई आवश्यकता नहीं थी।

## झूठा हलफनामा दाखिल करने पर प्रकीर्णवाद दर्ज, कारण बताओ नोटिस भी जारी

**लखनऊ।** गिरधारी इनकाउंटर मामले में झूठा हलफनामा दाखिल करने के प्रथम दृष्टया आरोप पर सत्र अदालत ने डीसीपी पूर्वी संजीव सुमन व इंस्पेक्टर विभूति खंड चंद्रशेखर सिंह के खिलाफप्रकीर्ण वाद दर्ज करने का आदेश अपने दफ्तर को दिया है। जिला जज दिनेश कुमार शर्मा, तृतीय ने इसके साथ ही इन दोनों पुलिसवालों को कारण बताओ नोटिस जारी कर इस मसले पर जवाब भी तलब किया है। उन्होंने यह आदेश गिरधारी के भाई राकेश विश्वकर्मा की अर्जी पर दिया है। मामले की अगली सुनवाई 15 मार्च को होगी। गौरतलब है कि 17 फरवरी को राकेश विश्वकर्मा की ओर से वकील प्रांशु अग्रवाल ने इस मामले में एक परिवाद दाखिल किया था।

## सहायक प्रबंधक सहित मेट्रो ने निकाली 292 पदों पर भर्तियां

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**यूपीएमआरसी** द्वारा भर्तियों निकाली गयीं। सहायक प्रबंधक, एससी, टीओ और मेंटेनर के पदों पर भर्तियां की जाएंगी। 10 मार्च से ऑन लाइन आवेदन मेट्रो की वेबसाइट से किया जा सकेगा। मंगलवार को उत्तरप्रदेश मेट्रो में सहायक प्रबंधक (परिचालन), एससी, टीओ एवं मेन्टेनर के पदों पर भारी भर्ती निकाली गयी हैं। उत्तरप्रदेश मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड में सहायक प्रबंधक के 6 पदों, स्टेशन नियंत्रक ट्रेन ऑपरेटर, (एससी, टीओ) के 186 पदों, मेन्टेनर (इलेक्ट्रिकल) के 52 पदों, मेन्टेनर (एसएन्डटी) के 24 पदों, मेन्टेनर (सिविल) के 24 पदों पर सीधी भर्ती के लिए उम्मीदवार आवेदन कर सकते हैं।

## बेरोजगारों के मामले में कोताही बरतने वालों की जिम्मेदारी तय की जाएगी: मंडलायुक्त

### बैंकर्स, संयुक्त आयुक्त उद्योग के साथ बैठक की, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार सहित दूसरी योजनाओं के लंबित मामलों पर मंडलायुक्त हुए सख्त

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**रोजगार** ऋण योजना में लंबित मामलों की मंडलायुक्त द्वारा बैंकर्स, संयुक्त आयुक्त उद्योग के साथ वार्ता की। मु यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना सहित दूसरे योजनाओं के मामले लंबित हैं, जिन पर मंडलायुक्त नाराजगी जताई। जिलेवार लंबित मामलों को निस्तारित करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही स त संदेश देते हुए कहा कि कोताही बरतने वाले की जिम्मेदारी तय की जाएगी।

मंगलवार को मण्डलायुक्त रंजन कुमार की अध्यक्षता में मण्डल में रोजगार ऋण योजना में बैंको में लंबित मामलों पर बैकर्स के साथ बैठक की। बैठक में संयुक्त आयुक्त उद्योग पवन अग्रवाल, बैंको के स्टेट व जोनल समन्वयक भी मौजूद रहे। मण्डलायुक्त ने कहा कि मंडल के जिलों में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, एक जनपद एक उत्पाद योजना में बैंक की शाखाओं में काफी ज्यादा संख्या में आवेदन पत्र काफी लंबे समय से अनिस्तारित पड़े हुए हैं। बिना किसी कारण और कुछ आवेदन पत्र स्वीकृत हो जाने के बाद भी धनराशि उपलब्ध नहीं करायी गयी है, जिससे रोजगार करने के लिये जिन लोगों ने आवेदन किया उनकों आर्थिक नुकसान हुआ । वे लोग समय से अपना रोजगार शुरू नहीं कर पायें। निर्धन व कमजोर व्यक्ति की मदद कर उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार लाये उनको आगे बढ़ाये उसको ध्यान में रखते हुए सरकार ने अनेक प्रकार की योजनायें बनायी है, लेकिन आवेदन कर्ता को समय से रोजगार करने के लिये बैंक से ऋण नही मिलता है तो उसका समय बर्बाद होता है और आर्थिक क्षति भी होती है। उन्होंने कहा कि जिलों में बैंक की ब्रान्चों में अधिक संख्या में आवेदन पत्रों का लंबित होना लापरवाही की ओर इशारा करता है। इसके लिए बैंकों में उच्च स्तर से जिलेवार प्रभावी समीक्षा की जाए।

## रोहिंग्या साहिल का सात दिन के लिए पुलिस कस्टडी रिमांड मंजूर

**विधि संवाददाता।** लखनऊ

**वर्ष 2005** से भारत में अवैध रुप से रह रहे म्यामांर के रोहिंग्या मुसलमान साहिल को विशेष अदालत ने चार दिन के लिए एटीएस की कस्टडी में सौंपने का आदेश दिया है। सोमवार को इसे एटीएस की विशेष अदालत में पेश किया गया था। इसकी कस्टडी रिमांड की यह अवधि तीन मार्च की सुबह 10 बजे से शुरु होगी। इससे पहले इसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। एटीएस की प्रभारी विशेष मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेऊट सपना त्रिपाठी ने यह आदेश विवेचक वसुदेव राणा की अर्जी पर दिया है।

विवेचक ने अर्जी में सात दिन के लिए मुल्जिम साहिल का पुलिस कस्टडी रिमांड मांगा था। कहना था कि मुल्जिम ने बताया है कि वो म्यांमार का रहने वाला रोहिंग्या मुसलमान है। वर्मा में दंगा होने के चलते परिवार सहित बांग्लादेश आ गया। वर्ष 2005 में बांग्लादेश बार्डर से अवैध रुप से भारत में प्रवेश कर गया। फ्रि खुद को भारतीय नागरिक स्थापित कराने के लिए कुटरचित दस्तावेज तैयार कराए। यह भी बताया है कि उसने बांग्लादेशी व म्यांमार के अनेक निवासियों को भारत की सीमा में अवैध तरीके से प्रवेश कराया है। उन्हें उनकी पहचान छिपाकर उन्नावए अलीगढ़ की मीट फैक्ट्रियों में काम पर रखवाया है। जिसके एवज में उनसे अपने बैंक खाते में कमीशन प्राप्त करता है। विवेचक का कहना था कि इससे यूएनएचआरसी से निर्गत शरणार्थी पंजीकरण प्रमाण पत्र व कुटरचित दस्तावेजों की भी बरामदगी करानी है। अब तक किन किन लोगों को भारत में प्रवेश कराकर काम पर लगा रखा हैए उनका शिनाख्त कराना है। इसके मोबाइल का डाटा एफ्एसएल से निकलवाकर संचित तथ्यों की जानकारी करनी है। इसके बैंक खातों में हुए लेन देन के संदर्भ में पूछताछ करना है।

## पति, देवर व सास को सजा

**लखनऊ।** दहेज प्रताड़ना के एक मामले में अदालत ने पति पवन कुमार वर्माए देवर ओम प्रकाश वर्मा व सास शीला वर्मा को एक-एक साल की सजा सुनाई है। एसीजेएम सपना त्रिपाठी ने इन पर अलग अलग 16 हजार 500 का जुर्माना भी ठोंका है। 12 अप्रैल 2013 को इस मामले की एफआईआर पवन की पत्नी ने थाना कृष्णानगर में दर्ज कराई थी। वर्ष 2011 में उनकी शादी हुई थी। अभियोजन अधिकारी विजय कुमार यादव के मुताबिक शादी के बाद पवन की पत्नी को दहेज के लिए प्रताडित किया जाने लगा।

**दुराचारी को 20 साल का सश्रम कारावास:** लखनऊ। 16 साल की लड़की से दुराचार करने के मामले में पॉक्सो की विशेष अदालत ने मुल्जिम वसीम को 20 साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। विशेष जज अरविन्द मिश्र ने इस पर 40 हजार का जुर्माना भी ठोंका है। सरकारी वकील नवीन त्रिपाठी व विशेष लोक अभियोजक अभिषेक उपाध्याय के मुताबिक 16 जूनए 2014 को इस मामले की एफआईआर पीड़िता के पिता ने थाना पीजीआई में दर्ज कराई थी।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि राजनीतिक दल **"राष्ट्रीय संविधानवादी पार्टी"** के नाम से पंजीकृत होना प्रस्तावित है। पार्टी कार्यालय ग्राम-रमपुरा, पोस्ट- हैदरपुर, जनपद- औरैया, उत्तर प्रदेश पिन कोड- 206129 में है। इस दल के लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 29 (क) के अधीन राजनीतिक दल के रूप में पंजीकरण के लिए भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली आवेदन प्रस्तुत किये जाने वाले दल के पदाधिकारियों के नाम व पते नीचे दिये गये है-

1. अध्यक्ष- **अशोक कुमार दोहरे** ग्राम-रमपुरा, पोस्ट-हैदरपुर, जनपद-औरैया, उत्तर प्रदेश पिन कोड- 206129
2. महासचिव- **रामदास सुमन** - ग्राम व पोस्ट- कलानी, जनपद- छतरपुर, मध्य प्रदेश, पिन कोड-471001
3. कोषाध्यक्ष- **तुलाराम** - ग्राम व पोस्ट- सॉफर, जनपद-औरैया, उत्तर प्रदेश पिन कोड-206121

यदि किसी को **"राष्ट्रीय संविधानवादी पार्टी"** के रजिस्ट्रीकरण में कोई आपत्ति है, तो वे अपनी आपत्तियाँ इसके कारणों सहित सचिव (राजनैतिक दल) भारत निर्वाचन आयोग, निर्वाचन सदन, अशोका रोड नई दिल्ली-110001 को इस सूचना के प्रकाशन के एक माह (30 दिन) के भीतर भेजें।

## जनहित याचिका दाखिल

**लखनऊ।** जीएसटी ट्रिब्युनल का गठन लखनऊ में करने के बाबत दाखिल की गई एक जनहित याचिका पर हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने केंद्र व राज्य सरकार के वकील को निर्देश प्राप्त कर एक दिन में अवगत कराने का आदेश दिया है। मामले की अगली सुनवाई चार मार्च को होगी। जस्टिस रितुराज अवस्थी एवं जस्टिस मनीष माथुर की पीठ ने यह आदेश अवध बार एसोसिएशन की जनहित याचिका पर दिया है। याचिका में 14 मार्च 2020 को जारी जीएसटी काउंसिंल के निर्णय को चुनौती दी गई है। साथ ही 21 फ्रवरी 2019 के प्रस्ताव पर अमल करने की मांग भी इस याचिका में की गई है। अवध बार की ओर से दलील दी गई कि ट्रिब्युनल की स्थापना के लिए हाईकोर्ट की प्रिंसिपल बेंच के लोकेशन का कोई महत्व नहीं है।

### आज भी न्यायिक कार्यों से विरत रहेंगे वकील

दूसरी तरफ अवध बार एसोसिएशन ने एक बैठक आयोजित कर बुधवार को भी न्यायिक कार्य से विरत रहने की घोषणा की है। बुधवार को अवध बार एसोसिएशन द्वारा दोपहर दो बजे हाईकोर्ट से जीपीओ चैराहे तक वाहन रैली निकालने का भी एलान किया गया है।

## सौ करोड़ की नजूल भूमि खाली कराई, रिपोर्ट दर्ज

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**अवैध** कब्ज़ों को लेकर एलडीए वीसी द्वारा सख्त कार्रवाई की गई। ज़िला प्रशासन व प्राधिकरण की संयुक्त टीम ने लगभग 100 करोड़ की नजूल भूमि खाली कराई। भूमाफियाओं व अवैध कब्जा करने वालो के विरुद्ध एफआईआर की कार्रवाई की गई। मंगलवार को लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अभिषेक प्रकाश द्वारा लखनऊ शहर में प्राधिकरण भूमि किये गए अवैध कब्जे कार्रवाई की गई। प्रवर्तन दल ने हनुमान सेतु मन्दिर के पीछे ज़मीन पर किये गए अवैध कब्जे और अतिक्रमण को हटाया। खाली कराई गई भूमि की बाजार दर 100 करोड़ रुपये आंकी गई। एलडीए वीसी द्वारा बताया गया कि भूमि खाली कराए जाने तक कार्रवाई निरन्तर जारी रहेगी। अवैध कब्जेदारों मो. फरहान भाटी एवं मो. बशीर अहमद भाटी के विरुद्ध थाना महानगर में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराई गई।

## पांच टीमें गठित, खंगाली जा रहीं सीसीटीवी फुटेज

### कोरियर कंपनी में धावा बोलकर रुपए लूटने का मामला

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**राजधानी** लखनऊ में सोमवार देर रात आधा दर्जन डकैतों ने इक कोरियर कंपनी में धावा बोलकर पहले कर्मचारियों को बंधक बनाकर पीटा और चार लाख पैतीस हजार रूपये लूट लिए और दो बाइक से सवार होकर फरार हो गए थे घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस कमिश्नर समेत कई आलाधिकारी मौके पर पहुंचे और जाँच पड़ताल की। बताया जा रहा है कि पुलिस ने शुरूआती जाँच में पहले काम कर रहे कुछ लोगों का ब्यौरा खंगाला जा रहा है और कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी गयी है वहीं पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज एकत्र किए हैं अधिकारियों का कहना है की जल्द ही घटना का खुलासा कर डकैतों को सलाखों के पीछे भेजा जायेगा। बीती रात रवींद्रपल्ली स्थित बिजी बीस लॉजिस्टिक सल्यूशन प्रा. लिमिटेड के गाजीपुर थाना क्षेत्र स्थित रविंद्र पल्ली कॉलोनी का है। सात से आठ बाइक सवार बदमाश कुरियर कंपनी में घुसे और वहां के कर्मचारियों को बंधक बनाकर असलहे के बल पर डकैती की वारदात को अंजाम दिया और लाखों के कैश के साथ साथ वहां रखा हुआ सामान लेकर फरार हो गएथे कंपनी सुपरवाइजर आलोक दीक्षित के अनुसार पुणे की कंपनी का 15 दिसंबर को रवींद्र पल्ली में कार्यालय खुला है। इससे पहले इंदिरा नगर सी ब्लॉक में ऑफिस था। सोमवार रात कार्यालय में उनके साथ सहयोगी आलोक सिंह व रवि थे। इसी दौरान अचानक सात बदमाश घुसे और तीनों को असलहे की नोंक पर देर रात बंधक बना लिया। विरोध पर कर्मचारियों को जमकर पीटा और कार्यालय में तोड़फोड़ शुरू कर दी। कार्यालय बदलने के 15 दिन के बाद ही घटना को जिस तरीके से अंजाम दिया गया उससे पुलिस यह कयास लगा रही है कि इस घटना में कोई न कोई करीबी व्यक्ति शामिल है। आखिर उसे कैसे जानकारी थे कि कार्यालय में रात के समय 3 ही कर्मचारी हैं और इतना कैश रखा हुआ है।




# अब बेंच और डेस्क पर बैठ पढ़ाई कर सकेंगे प्राइमरी स्कूलों के बच्चे

## फर्नीचर की खरीद को लेकर शासन स्तर पर 488 करोड़ रुपए जारी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**प्रदेश** में बेसिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत 26729 प्राइमरी तथा अपर प्राइमरी स्कूलों के बच्चे अब बेंच और डेस्क पर बैठ कर पढ़ाई कर सकेंगे। राज्य सरकार ने स्कूलों में फर्नीचर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। फर्नीचर की खरीद को लेकर शासन स्तर पर 488 करोड़ रुपए भी जारी कर दिया गया है।

सूबे के अधिकांश प्राइमरी स्कूलों में अभी भी बच्चे फर्श पर बैठकर पढ़ाई करते हैं। सरकार स्कूलों में लगातार फर्नीचर उपलब्ध कराने के प्रयास में लगी है। इस बार कुल 26,729 स्कूलों को फर्नीचर के लिए चयनित किया गया है। इसके लिए शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के प्रोजेक्ट अप्रूवल बोर्ड ने प्रदेश के 70 जनपदों के इन स्कूलों के लिए के लिए बजट स्वीकृत किया था। खरीदे जाने वाले फर्नीचर इस बार नई डिजाइन के होंगे। पहले उपलब्ध कराए गए फर्नीचर में तमाम दिक्कतें थी। बच्चों के लिए ज्यादा उपयोगी व सुरक्षित नहीं थे। लेकिन इस बार इन्हें काफी सुरक्षित व उपयोगी बनाया गया है। विभाग की तरफसे कक्षा एक व दो के फर्नीचर के लिए प्रति बैंच डेस्क की कीमत 3148, कक्षा 3 से 5 के लिए 3884 और कक्षा 6 से 8 के लिए 5700 रुपये निर्धारित की गई है। फर्नीचर की खरीद जैम पोर्टल के जरिये होगी। जैम पोर्टल से फर्नीचर खरीद के बाद संबंधित फर्म को भुगतान के लिए हर जिले में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में समिति गठित की जाएगी। समिति में मुख्य विकास अधिकारी, जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक, डायट प्राचार्य, बीएसए और बीएसए दफ्तर के वित्त एवं लेखाधिकारी को सदस्य बनाया जाएगा।

### फर्नीचर में होंगी यह खूबियां

- **बच्चों की दृष्टि से आकर्षक एवं चाइल्ड फ्रेंडली डिजाइन**
- **बच्चों के स्कूल बैग, कॉपी,किताब तथा पानी के बोतल रखने की जगह होगी**
- **डिजाइन छात्र-छात्राओं के पठन-पाठन तथा उनकी उम्र एवं कक्षा वर्ग के आधार पर की गई है**
- **डेस्क बेंच के मध्य स्पेस को बच्चों की आयु वर्ग एवं कक्षा वर्ग के अनुसार बढ़ाया गया है**
- **यह होलो सर्कुलर पाइप से बनेंगे। जिससे बच्चों को चोट लगने की संभावना न्यूनतम होगी।**
- **डेस्क बेंच को आरामदायक बनाने के लिए 5 डिग्री का स्लोप दिया गया है।**

## हवाई अड्डे पर पकड़ा गया 33 लाख रुपए से अधिक का सोना

**सरोजनीनगर।** विदेश से तस्करी कर लखनऊ लाए जा रहे सोने के मामले रुकने का नाम नहीं ले रहे हैं। मंगलवार को फिर राजधानी के चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट पर 33 लाख रुपए से अधिक कीमत के विदेशी सोने के साथ एक यात्री पकड़ा गया। जांच पड़ताल के दौरान यात्री के पास बरामद सोने को कस्टम अधिकारियों ने जब्त कर यात्री को गिरफ्तार कर लिया और उससे पूछताछ की जा रही है। कस्टम अधिकारियों के मुताबिक बरामद सोने को शारजाह से एक यात्री बिना सीमा शुल्क चुकाए ही चोरी छुपे यहां लाया था।

## सीएसएमयू में शिक्षकों के 38 पद सृजित

**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री डॉ दिनेश शर्मा के निर्देशों के क्रम में छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर में संचालित नियमित विभागों अंग्रेजी, शिक्षा प्रशिक्षण विभाग, एमबीए विभाग, जीव विज्ञान विभाग एवं प्रौढ़ सतत एवं शिक्षा प्रसार विभाग में यूजीसी के मानक के अनुसार प्रोफेसर के 1 पद, एसोसिएट प्रोफेसर के 5 पद एवं असिस्टेंट प्रोफेसर के 18 पद अर्थात कुल 24 पदों का सृजन किया गया है। इस संबंध में शासनादेश भी जारी कर दिया गया है।

# अन्तरराज्यीय मार्गों की सीमा पर बनाए जाएंगे भव्य गेट: केशव

● निर्माणाधीन परियोजनाओं को अविलम्ब पूरा किया जाए

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**उपमुख्यमंत्री** केशव प्रसाद मौर्य ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिये हैं कि इन्टरस्टेट (अन्तर्राज्यीय) मार्गों की सीमा पर भव्य व आकर्षक गेट बनाये जांयेए इसके लिये ठोस व प्रभावी रूपरेखा व कार्ययोजना बनाकर कार्यों को धरातल पर उतारा जाय। उन्होने निर्देश दिये कि भव्य द्वार बनाये जाने से पहले वहां पर बड़ी होर्डिंग भी लगाये जाने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाय। उन्होने कहा कि निर्माणाधीन परियोजनाओं को निर्धारित समय सीमा के अन्दर तो हर हाल में पूरा ही किया जाय और पूरे प्रदेश में रोड नेटवर्क के लिये अगले 5 सालों की कार्य योजना तत्काल बनायी जाय। उन्होने निर्देश दिये कि कार्य योजना बनाये जाने हेतु एक कमेटी बनायी जाय तथा इसमें 6 सदस्यीय सेवानिवृत्त उच्च स्तर के अभियन्ताओं के बनाये गये थिंक टैंक के सुझाव भी लिये जाएं। श्री मौर्य मंगलवार को लोक निर्माण विभाग स्थित कैम्प कार्यालय में आयोजित उच्चस्तरीय बैठक में लोक निर्माण विभाग के कार्यों की प्रगति की समीक्षा कर रहे थे। उन्होने आवंटित बजट व उसके सापेक्ष विभिन्न मदों में व्यय की गयी धनराशि की जानकारी हासिल करते हुये कहा कि आवंटित बजट का शत.प्रतिशत उपयोग किया जाना हर हाल में सुनिश्चित किया जाय। उन्होने कहा कार्यों को समय से पूरा करने के लिये सम्बन्धित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाय। उन्होने यह भी निर्देश दिये कि जो नीतिगत निर्णय लिये गये हैं और घोषणाएं की गयीं हैं उनका क्रियान्वयन तीव्र गति से किया जाय कोई भी परियोजना लम्बित नहीं रहनी चाहिये। उन्होने निर्देश दिये कि सड़कों या पुलों के बारे में व्हाट्सएप व फोन पर जो भी समस्याएं शिकायतें आम जनता द्वारा की जायं, उनका तत्काल संज्ञान लिया जाय तथा निराकरण भी सुनिश्चित किया जाय। उन्होने कहा कि यह भी सुनिश्चित किया जाय कि किसी कार्य की ओवरलैपिंग न होने पाये, विशेष मरम्मत के कार्यों को भी समय से पूरा किया जाय।

## स्वास्थ्य मंत्री ने किया 10 बेड के इमरजेंसी विंग का लोकार्पण

**लखनऊ।** प्रदेश के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री जय प्रताप सिंह ने सोमवार को भाऊराव देवरस सिविल चिकित्सालय में बने नवीन इमरजेंसी विंग का लोकार्पण किया। इस मौके पर स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि सरकार सभी को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में प्रयासरत है। आज सिविल अस्पताल में 10 बेड के नवनिर्मित इमरजेंसी विंग का लोकार्पण चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री जय प्रताप सिंह ने किया। इमरजेंसी बेड के लोकार्पण के साथ ही यहां मरीजों को इमरजेंसी सुविधाएं मिलने लगेगी। अभी तक यहां एक बेड की इमरजेंसी थी।

**मध्यॉचल विद्युत वितरण निगम लि0, लेसा, लखनऊ। अल्पकालीन ई–निविदा सूचना** विद्युत नगरीय वितरण मण्डल–सप्तम, लेसा, लखनऊ के कार्यक्षेत्रान्तर्गत में निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा में प्रथम भाग में लगाये जाने वाले सभी प्रपत्रों का विवरण एवं धरोहर धनरा. शि, निविदा प्रपत्र मूल्य का विवरण तथा अन्य समस्त नियम व शर्तें निविदा प्रपत्र से अवलोकन करना सुनिश्चित करें जो कि उ0प्र0 सरकार की ई–टेण्डर वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर 18.03.2021 को 05:00 बजे तक डाउन लोड किये जा सकते है, जिसका प्रथम भाग दिनांक 19.03.2021 को 02:00 बजे अथवा बाद में खोला जायेगा। यदि निविदा खुलने की तिथि को सार्वजनिक अवकाश पड़ता है तो निविदायें अगले कार्यदिवस में नियत समय पर खोली जाएगी। निविदा में यदि कोई भी संशोधन अथवा निविदा खोलने की तिथि में विस्तार एवं निविदा द्वितीय भाग खोले जाने की सूचना उ0प्र0 सरकार की ई–टेण्डर वेबसाइट पर उपलब्ध कराई जाएगी। अधोहस्ताक्षरी को एक अथवा समस्त निविदा प्रपत्र को बिना कारण बताये निरस्त/विभक्त करने का अधिकार सुरक्षित है। निविदा का विवरण निम्नवत् है :– **क्र. सं0** 1 **निविदा संख्या** 42/विनविमं–सप्तम/लेसा/ 2020– 21 **कार्य का नाम 33/11 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र शक्ति चौराहा के अन्तर्गत एल0टी0 लाइनों के सुदृढीकरण तथा परिवर्तक पेटी के मरम्मत का कार्य। निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू0)** 1000.00+180.00 जी०एस0टी0 सहित (अप्रतिदेय) **धरोहर धनराशि (रू0)** 9500.00 **अधीक्षण अभियन्ता– वि0न०वि०मं०–सप्तम (सिस गोमती) 33/11 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र सेक्टर–5डी वृंदावन योजना, लेसा, लखनऊ।** पत्रांक–384 दिनांक– 2.3.21 ''राष्ट्र हित में बिजली बचाएं, बल्ब की जगह एल0ई0डी0 जलाएं''

# समाधान में लापरवाही पर भड़के कमिश्नर

सम्पूर्ण समाधान दिवस

● अवैध निर्माण ढ़हाने और कब्जेदारों पर कानूनी कार्रवाई के निर्देश

संवाददाता। मोहनलालगंज

## मातहतों को फटकारा



**मोहारी** खुर्द में तहसील समाधान दिवस और सीएम जनसुनवाई पोर्टल पर आधा दर्जन शिकायतों के बावजूद भी अवैध कब्जा खाली कराकर चकमार्ग का निर्माण कराने के बजाए ब्लाक अधिकारी और राजस्वकर्मी एक–दूसरे पर जिम्मेदारी डालकर फरियादी को टरकाते रहे। मंगलवार को अचानक मोहनलालगंज तहसील समाधान दिवस पहुंचे कमिश्नर रंजन कुमार के सामने फरियादी लाल सिंह चौहान ने जिम्मेदारों की पोल खोलकर रख दी। नाराज कमिश्नर ने मातहतों को फटकार लगाकर बीडीओ अजीत कुमार सिंह को सप्ताह भर में चकमार्ग का निर्माण कराने और एसडीएम विकास सिंह को अवैध कब्जा खाली कराकर बाधा अटकाने वालों को जेल भिजवाने का अल्टीमेटम दिया। सदरपुर करोरा में अवैध निर्माण की वजह से हदबरारी की फरियाद अनसुनी की जा रही है। किसान की शिकायत पर कमिश्नर ने लेखपाल को तलब कर वजह पूछी तो अवैध निर्माण की हकीकत सामने आ गई। कार्रवाई नहीं करने पर लेखपाल को फटकार पड़ी तो उसने तहसील अधिकारियों को जानकारी देने की बात का खुलासा किया। जिस पर खफा कमिश्नर ने तहसील अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाकर फौरन अवैध निर्माण ढ़हाने की हिदायत दी। वहीं चुरहिया के सन्तू की शिकायत पर बीडीओ को किसी कर्मचारी के साथ फरियादी को ब्लाक भेजकर फौरन परिवार रजिस्टर की नकल दिलाने के निर्देश दिए। इसी तरह पट्टे की जमीन संक्रमणीय घोषित करने की शिकायतों पर एसडीएम को फौरन निस्तारण कर फरियादियों को खतौनी दिलाने के निर्देश दिए। इतना ही नहीं शिकायतों की सुनवाई कर रहे कमिश्नर ने फरियादियों को शिकायत पर्चियां अनिवार्य रुप से दिलाने के निर्देश दिए।

**उपस्थिति का ब्योरा नहीं दे पाने पर एडीएम को चेताया:** मोहनलालगंज तहसील समाधान दिवस में जनसुनवाई का जायजा लेने पहुंचे कमिश्नर रंजन कुमार ने अधिकारियों की उपस्थिति और अनुपस्थिति का ब्योरा मांग लिया। विभागवार किन–किन अधिकारियों की उपस्थिति अनिवार्य की गई है कमिश्नर ने एडीएम वित्त एवं राजस्व विपिन मिश्र से इसका ब्योरा भी दिखाने को कहा। जिस पर अधिकारी मांगी गई जानकारी मुहैया नहीं करा पाए। लिहाजा कमिश्नर ने एडीएम से नाराजगी जताकर सुधार कराने की हिदायत दी।

## भाजपा राज में देश की अर्थव्यवस्था पूरी तरह चौपट: अखिलेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा राज में देश की अर्थव्यवस्था पूरी तरह चौपट है। नौजवानों के भविष्य को खतरे में डाल दिया गया है। रोजगार उनके पास नहीं है, न हीं नौकरियां हैं। मंहगाई चरम पर है। भ्रष्टाचार बेलगाम है। कानून व्यवस्था नियंत्रण के बाहर है। लोकतंत्र के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। भाजपा के पास विकास और प्रदेश की खुशहाली का कोई विजन नहीं है, उसके पास सिर्फ टेली विजन है। समाजवादी पार्टी की सरकार ने मंडियां बनाई थी, भाजपा सरकार ने मण्डी, एमएसपी दोनों को खत्म कर किसान को बाजार के भरोसे छोड़ दिया। अखिलेश यादव ने कहा कि हम गरीबों के लिए जो घर सोलर सहित बना रहे थे वहां किसी को बिजली का बिल नहीं देना था। समाजवादियों ने काम किया और नारा दिया था काम बोलता है। भाजपा राजनीति को विपरीत दिशा पर ले जा रही है और हमारे नारे काम बोलता ह को भी नकल कर लिया गया। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री ने अपने ऊपर लगे गम्भीर मुकदमें खुद वापस ले लिए।

## प्रदेश में माफियाओं व दबंगों ने जनता का जीना किया दूभर: लल्लू

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**हाथरस** में छेड़छाड़ किए जाने के विरोध में मुकदमा दर्ज कराने की रंजिश के चलते दबंगों द्वारा किसान पर दिनदहाड़े ताबड़तोड़ फायरिंग कर उसे मौत के घाट उतारे जाने की घटना को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू सूबे की कानून व्यवस्था पर सवालिया निशान लगाए हैं। लल्लू ने कहा कि प्रदेश में हत्याए बलात्कार, लूट की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। योगी सरकार कानून व्यवस्था सुधारने के नाम पर विफल साबित हुई है। जिस प्रकार प्रदेश में दिन दहाड़े हत्याएं हो रही हैं, बच्चियों, किशोरियों के साथ बलात्कार हो रहे हैं, लूट हो रही हैं, यह घटनाएं योगी सरकार के लिए शर्मनाक है। इस घटना ने योगी सरकार और पुलिस प्रशासन की लचर कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिन्ह लगा दिया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश में पूरी तरह जंगलराज कायम हो चुका है। हाथरस के सासनी कोतवाली इलाके के गांव नौजरपुर में आलू की खुदाई करवा रहे किसान पर दबंगों द्वारा ताबड़तोड़ गोलियां चलाकर मौत के घाट उतार दिया। दिनदहाड़े हुई इस निर्मम हत्याकाण्ड से लोगों में भय व्याप्त हो गया है।

## आठ मार्च को होने वाला टीकाकरण महिलाओं को होगा समर्पित

**लखनऊ।** कोरोना संक्रमण से बचाने के लिए चलाए जा रहे कोविड वैक्सीनेशन अभियान के अंतर्गत इस बार आठ मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर कोविड टीकाकरण महिलाओं को समर्पित होगा। इस दिवस पर टीकाकरण की टीम में और लाभार्थी के तौर पर महिला ही शामिल होंगी। इसके लिए तीन सत्र आयोजित किये जायेंगे। कोविड टीकाकरण को लेकर अपर मुख्य सचिव अमित मोहन प्रसाद के स्तर से 45 वर्ष से लेकर 60 वर्ष तक के व्यक्तियों के लिए गाइडलाइन जारी की गई है। जारी गाइडलाइंस के मुताबिक जिन स्वास्थ्यकर्मियों–फ्रंटलाइन वर्कर्स को निजी अस्पतालों में सेशन साइट बनाकर वैक्सीन की पहली डोज दी गई है, उन्हें दूसरी डोज जिला अस्पताल या सरकारी केंद्र पर दी जायेगी। इसके लिए एंटीग्रेटेड कमांड सेंटर से लाभार्थियों को मैसेज भेजा जाएगा। वहीं निजी अस्पतालों में वैक्सीनेशन के लिए भुगतान करना होगा।

## 152272 लीटर अवैध शराब बरामद, 1449 लोग गिरफ्तार

**लखनऊ।** अवैध शराब का कारोबार रोकने के लिए आबकारी विभाग की कार्रवाई लगातार चल रही है। इसके तहत फरवरी माह में 1449 लोगों को गिरफ्तार करके 63 वाहन जब्त किए गए। अभियान में 152272 लीटर अवैध शराब बरामद की गई जबकि शराब बनाने में प्रयुक्त होने वाला 494414 किलोग्राम लहन मौके पर नष्ट कराया गया। अपर मुख्य सचिव आबकारी संजय आर भूसरेड्डी ने बताया कि मुजफ्फरनगर में एक कार से 23 पेटी नकली तोहफा ब्रांड की देशी शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। आगरा में टोल प्लाजा पर चेकिंग के दौरान एक कार से 192 पौव्वा अवैध देशी शराब के सौ दो लोग गिरफ्तार हुए। वहींए बागपत में एक कार से 10 पेटी अवैध शराब के साथ दो लोग गिरफ्तार हुए। गाजियाबाद में एक गाड़ी से हरियाणा में बनी 10 पेटी अवैध शराब के साथ दो व्यक्ति गिरफ्तार किए गए। बुलंदशहर में एक कंटेनर से अरुणाचल प्रदेश में बनी 1100 पेटी विदेशी शराब के साथ दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया।

## मांगें पूरी नहीं हुईं तो काम बंद करेंगे नरेगा तकनीकी सहायक

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश नरेगा तकनीकी सहायक वेलफेयर एसोसिशन की एक बैठक चिनहट ब्लॉक के सभागार में हुई जिसकी अध्यक्षता संगठन के अध्यक्ष रघुनाथ पटेल ने की। बैठक को संबोधित करते हुए अध्यक्ष रघुनाथ पटेल व हाई पवार कमेटी के अध्यक्ष राम आशीष वर्मा ने कहा कि संगठन पिछले लंबे समय से तकनीकी सहायको के मानदेय को बढ़ाये जाने की मांग कर रहा है पर शासन द्वारा इसकी अनदेखी की जा रही। श्री वर्मा ने कहा कि अन्य प्रदेशों की तुलना में उत्तर प्रदेश में तकनीकी सहायको का मानदेय लगभग आधा है। बैठक में उठे तकनीकी सहायको के ईपीएफकी व्यवस्था को तत्काल लागू कराए जाने की मांग पर श्री वर्मा ने कहा कि इस मांग को भी कई बार शासन के समक्ष उठाया जा चुका पर हर बार सिर्फ आस्वासन देकर टाल दिया जाता है वहीं कुछ जिलों के ब्लॉक में ईपीएफ काट तो जा रहा है पर यूएन नंबर खाते में सरकार द्वारा जमा की जाने वाली धनराशि आ नही रही है।

## पीसीएस बने सीएमएस के तीन मेधावी छात्र



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल के तीन मेधावी छात्रों ने पीसीएस में चयनित होकर लखनऊ का नाम पूरे प्रदेश में गौरवान्वित किया है। इन तीन मेधावी छात्रों में अमित कुमार गुप्ता, सौमित्र देव एवं सपना वर्मा शामिल हैं। पीसीएस की प्रतिष्ठित परीक्षा में महानगर कैम्पस के छात्र अमित कुमार गुप्ता एवं सौमित्र देव का चयन डिप्टी जेलर के पद पर हुआ है जबकि गोमती नगर (प्रथम कैम्पस) की छात्रा सपना वर्मा का चयन सब-रजिस्ट्रार के पद पर हुआ है। सीएमएस संस्थापक व प्रख्यात शिक्षाविद् डा. जगदीश गाँधी ने विद्यालय के इन मेधावी छात्रों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विश्वास व्यक्त किया है कि ये होनहार अपने कार्यक्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ ही आदर्श समाज की संरचना में अपना रचनात्मक योगदान देंगे।

## जिम में मामूली विवाद को लेकर मारपीट, युवक घायल

**सरोजनीनगर ।** सरोजनीनगर के बदाली खेड़ा निवासी ऋषि कुमार कोहली पास में ही स्थित एक जिम में कसरत करता है। ऋषि कुमार के मुताबिक मंगलवार को जिम में पहले अभ्यास करने को लेकर यहीं के हेमंत से उसका विवाद हो गया। आरोप है कि विवाद इतना बढ़ा कि हेमंत ने ऋषि के ऊपर लोहे की रॉड से हमला कर दिया। जिससे उसका सिर फूट गया। बाद में गंभीर रूप से घायल ऋषि को सरोजनीनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां से चिकित्सकों ने उसे ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। फिलहाल ट्रामा सेंटर में उसका इलाज जारी है। पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

## सीबीजी प्लांट लगाने को लेकर अनुबंध

**लखनऊ।** राज्यपाल आनंदीबेन की प्रेरणा से सोमवार को लखनऊ के कान्हा उपवन में 150 टन क्षमता का सीबीजी प्लांट स्थापित करने के लिए लखनऊ नगर निगम व भारत बायोगैस एनर्जी लिमिटेड तथा जेबीएम रिन्यूबल प्राइवेट लिमिटेड के मध्य एमओयू पर हस्ताक्षर हुए। एमओयू पर लखनऊ नगर निगम की ओर से महापौर संयुक्ता भाटिया की उपस्थिति में अपर नगर आयुक्त डा अर्चना द्विवेदी ने तथा बायोगैस एनर्जी और जेबीएम रिन्यूबल प्राइवेट लिमिटेड की ओर से डा भरत पटेल व संजय मोरगई ने हस्ताक्षर किये।

## दूसरे के स्थान पर परीक्षा देने आया मुन्नाभाई गिरफ्तार

**लखनऊ।** मंगलवार को कुर्सी रोड स्थित स्पोर्ट्स कॉलेज में उत्तर प्रदेश अधिनस्त सेवा चयन आयोग की ओर से आबकारी पुलिस की शारीरिक परीक्षा दौड़ आयोजित कराई जा रही थी। जिसमे हसनपुर आगरा के अनुज जुरैल के स्थान पर आए युवक पर अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की टीम को शक होने पर उसका आधार कार्ड चेक किया गया। एक मार्च को बनाये गए आधार कार्ड को जांचने पर वह फर्जी पाया गया। इस पर संदिग्ध युवक से कड़ाई से पूछताछ की गई तो उसने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। पकड़े गए आरोपी की पहचान भरतपुर राजस्थान निवासी दीपेन्द्र के रूप में हुई है। एफआईआर दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया गया।

## पुलिस वस्त्र सेवा केंद्र को उपलब्ध कराईं 2900 यूनिफार्म



लखनऊ। उत्तर प्रदेश स्कूल यूनिफ़ॉर्म वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा बेसहारा एवं जरूरतमंद वृद्धों, युवाओं, बच्चों के लिए पुलिस वस्त्र सेवा केन्द्र के लिए 2900 यूनिफ़ॉर्म , 150 जूते-मोजे संयुक्त पुलिस आयुक्त, कानून एवं व्यवस्था नवीन अरोरा के कार्यालय डालीगंज परिसर में रखवाए गए। यह जानकारी सतवीर सिंह राजू ने दी। राजू ने बताया की प्रति माह एसोसिएशन गरीब बेसहारा बच्चों के लिए ज़रूरत अनुसार यह कार्य करती रहेगी। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने संयुक्त पुलिस आयुक्त को आश्वासन दिया की इस कार्य के लिए एसोसिएशन उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलेगी। संयुक्त पुलिस आयुक्त नवीन अरोरा ने बताया कि वह लोग जिनको कपड़ों-जूतों की ज़रूरत है वह डालीगंज परिसर में आकर अपना आधार कार्ड दिखाकर कपड़े निशुल्क लेकर जा सकते हैं।

## राम मंदिर निर्माण के लिए दी सहयोग राशि



लखनऊ। लखनऊ पश्चिम के शिवाजी नगर, हजरतगंज स्थित लाप्लास कॉलोनी निवासी समाजसेविका सुमनलता जायसवाल ने श्रीराम जन्मभूमि मंदिर निर्माण के लिए रुपए 1,27,213 की समर्पण राशि मनोज सह प्रांत प्रचारक अवध प्रांत को भेंट की। इस अवसर पर दिवाकर क्रीड़ा भारती, ब्रजेश सह विभाग कार्यवाह, तेज नारायण पांडेय नगर कार्यवाह सहित अश्विन जायसवाल, हृदय जायसवाल, अभय जायसवाल आदि उपस्थित रहे।

## सांसद नंद कुमार के निधन पर सीएम ने शोक जताया

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खण्डवा मध्य प्रदेश के लोक सभा सांसद नंद कुमार सिंह चौहान के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शान्ति के लिए प्रार्थना करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की है।

## तीन इंस्पेक्टर इधर से उधर

**लखनऊ।** राजधानी में कानून व्यवस्था को सुदृण बनाने के लिये पुलिस कमिश्नर डीके ठाकुर ने मंगलवार को तीन इंस्पेक्टरों की जिम्मेदारियों में फेदबदल किये है। पुलिस प्रवक्ता नितिन यादव ने बताया कि प्रभारी निरीक्षक गोमतीनगर धीरज कुमार को पुलिस लाइन भेजा गया है। उन्हे गैर जनपद हस्तान्तरण के लिये रवाना होना था। वहीं अशियाना थाने पर तैनात इंस्पेक्टर केशव कुमार तिवारी को गोमतीनगर थाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अलावा परमहंस गुप्ता को पश्चिमी जोन से प्रभारी निरीक्षक आशियाना बनाया गया है।

## सैनिक की पत्नी से बदसलूकी, मुकदमा दर्ज

**लखनऊ।** पीजीआई कोतवाली क्षेत्र के गंगाजीपुरम कॉलोनी निवासी सैनिक की पत्नी ने पंचम खेडा निवासी अभिषेक राजपूत पर गाली गलौज करने और खिड़की के शीशे तोडऩे का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज करवाया है। इंस्पेक्टर आशीष द्विवेदी ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और आगे की कारवाई की जा रही है। वहीं दूसरी ओर सैनिक पत्नी का आरोप है कि पुलिस ने मुकदमा तो दर्ज कर लिया है, लेकिन कारवाई नहीं की।

## एटीएम में गड़बड़ी कर रुपए निकालने वाले दो गिरफ्तार

**लखनऊ।** ठाकुरगंज में सीएमएस इंफोसिस्टम सिक्युरिटी एजेंसी के दो कर्मचारियों को एटीएम में गड़बड़ी कर रुपये पार करने के मामले में गिरफ्तार किया गया है। इसकी सूचना भी कम्पनी के ही दूसरे कर्मचारी व अधिकारियों ने पुलिस को दी थी। संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु हुई तो सचाई जल्द सामने आ गई। राहुल दीक्षित और महेंद्र अवस्थी को इस मामले में गिरफ्तार किया गया है। एसीपी चौक आईपी सिंह ने बताया कि दोनों आरोपी एटीएम मशीनों की सुरक्षा में ऑन ड्यूटी फर्जीवाड़ा करते थे । शातिर जालसाज एटीएम चेस्ट से रकम निकाल कर अपने खर्चो को पूरा करते थे। दोनो आरोपियों पर कई एटीएम से लाखों की रकम निकालने का आरोप है ।

# संदिग्ध की दें तत्काल सूचना नौकरों का कराएं सत्यापन

● सुरक्षा को लेकर सर्राफा व्यापारी और पुलिस के साथ हुई बैठक

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**व्यापारियों** की सुरक्षा को लेकर कमिश्नरेट पुलिस हर समय अलर्ट है। व्यापारियों को भी पुलिस का सहयोग करना चाहिए। संदिग्ध व्यक्ति दिखने पर तत्काल पुलिस को सूचना दें। इसके अलावा नौकर का पुलिस सत्यापन जरूर करवाएं इसके साथ ही अपनी शॉप के अंदर और बाहर अच्छी क्वालिटी के कैमरे लगवाएं। जिससे घटना होने के बाद बदमाशों को आसानी से पकड़ा जा सके। ये बाते मंगलवार को सुरक्षा व कानून व्यवस्था को लेकर सर्राफा व्यापारियों और पुलिस के बीच हुई बैठक के दौरान एडीसीपी उत्तरी प्राची सिंह ने व्यापारियों को जागरूक करने के लिए कही।

उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापारी एसोसिएशन द्वारा व्यापारियों की सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था को लेकर एक बैठक का आयोजन मंगलवार दोपहर को पुरनिया स्थित एक होटल में किया गया। इस मौके पर मौजूद डीसीपी उत्तरी रईस अख्तर, एडीसीपी प्राची सिंह और एसीपी गाजीपुर योगेश कुमार ने सुरक्षा को लेकर व्यापारियों को कई महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। वहीं व्यापारियों ने भी कई समस्याओं को पुलिस के सामने रखा। जिनको लेकर पुलिस अधिकारियों ने निदान कराने का उन्हें अश्वस्त किया। उक्त बैठक में जुगल किशोर ज्वेलर्स के यहां हुई चोरी की घटना के सफल खुलासा करने एवं माल बरामद करने में सर्राफा व्यवसायियों द्वारा सभी पुलिसकर्मियों को सम्मानित किया गया।

## कौओं के झुण्ड ने दुर्लभ सफेद उल्लू को किया जख्मी, ग्रामीणो ने बचाई जान



**मोहनलालगंज।** सिसेण्डी में दुर्लभ प्रजाति के सफेद उल्लू पर मंगलवार को कुछ कौओं ने हमला कर दिया। ग्रामीणों ने उसे किसी तरह कौओ से बचाकर वन विभाग को सूचना दी। वन अधिकारियों ने उसका इलाज कराकर अपनी देखरेख में रखा है। मोहनलालगंज के सिसेण्डी में पुराने राजमहल के निकट कौओ के झुण्ड ने लुप्तप्राय सफेद उल्लू पर हमला कर उसे जख्मी कर दिया। इतने में ग्रामीणों की नजर उल्लू पर पड़ी तो गांव के सुमित गुप्ता ने अपने साथियों के साथ मिलकर जख्मी उल्लू को कौओ से बचाकर रेन्जर जेपी गुप्ता को सूचना दी। रेन्जर ने बताया सफेद उल्लू लुप्तप्राय जीव है। जो कि वन्य जीव अधिनियम के तहत संरक्षित श्रेणी में रखा गया है। वन विभाग की टीम भेजकर जख्मी उल्लू का पशुचिकित्सक की मदद से उपचार कराया गया है।

# शिकायतों के निस्तारण में शिथिलता बरतने पर लेखपाल निलंबित

● संक्रमणीय कराने के बहाने किसान से करा लिया इकरारनामा, डीएम ने मामले की जांच के दिए आदेश

संवाददाता। बख्शी का तालाब



**सरकार** के शीर्ष प्राथमिकताओं में सुमार सम्पूर्ण समाधान दिवस में मंगलवार को डीएम लखनऊ अभिषेक प्रकाश बीकेटी तहसील में अध्यक्ष के रूप में जनसुनवाई कर रहे थे। उनके साथ एडीएम एपी सिंह, एसडीएम नवीन चन्द्र एसपीआरए हृदेश कुमार के साथ विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे। उनई गांव की रहने वाली सुखदेई देवी अपने पति छबीले के साथ शिकायत लेकर पहुचीं थी। डीएम को देखकर वह फफककर रो पड़ी, उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा उन्हें पट्टे के रूप में गांव में 0.1500 हेक्टेयर जमीन आवंटित हुई थी। जिसको गांव के ही संतलाल पुत्र शिवशरण ने संक्रमणीय कराने को कहकर इकरार नामा 2010 में करवा लिया था। अनपढ़ होने के कारण उसको इसका ज्ञान नही हो सका इसकी जानकारी जब मिली तब जनवरी में विपक्षी ने उनकी जमीन पर पक्का निर्माण प्रारंभ कर दिया। उसकी शिकायत लेकर जब वह थाने पहुचा तो उल्टा ही उसपर मुकदमा लिख दिया गया।

डीएम ने पुलिस और राजस्व विभाग को तुरंत स्थलीय जांच के बाद कार्यवाही के निर्देश दिये ही। वही बरगदी कला के लगभग दर्जन भर से अधिक किसान गेंहू की बाली लेकर पहुंचे। उनकी शिकायत थी कि 6 माह से सरकारी नलकूप संख्या 53 ख़राब पड़ा है। पानी के अभाव में फसलें सूख रही हैं। डीएम ने नलकूप विभाग को दो दिन में नलकूप दुरुस्त कराने की ताकीद की है। मिशन शक्ति के तहत 5 लाभर्थियों को वरासत की खतौनी व सराहनीय कार्य करने पर लेखपाल रेशमा रानी व प्रगति पाण्डेय को प्रशस्ति पत्र भी डीएम द्वारा सौपे गये। शिकायतों के निस्तारण में शिथिलता बरतने के आरोप पर लेखपाल जगदीश वर्मा को निलंबित करने के निर्देश एसडीएम को दिये है।

**कार्यालय खण्ड शिक्षा अधिकारी, हरगाँव–सीतापुर।**

पत्रांकः प्रशिक्षण/मेमो/2020–21 दिनांक 02–03–2021

**पुनः अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण**

राज्य परियोजना कार्यालय उ0प्र0 लखनऊ के पत्रांक:गुणवि0/टी0टी0/88083–315 8808/2020–21 दिनांक 15 जनवरी 2021 के कम में वर्ष 2020–21 में विकास खण्ड में संचालित परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों का दो दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण में प्रतिभाग करने वाले शिक्षकों के भोजन एवं चाय–नाश्ता की आपूर्ति हेतु अल्पकालिक ई–निविदा अधोहस्ताक्षरी के पत्रांक प्रशिक्षण/331–337/2020–21 दिनांक 05.02.2021 के द्वारा आमंत्रित की गयी थी। जिसका ई–टेण्डर अपलोड करने की अंतिम तिथि 10.02.2021 से बढ़ाकर 08.03.2021 पूर्वान्ह 12:00 बजे तक की जाती है। भोजन एवं नाश्ता की आपूर्ति हेतु ई–निविदा प्रपत्र का शूल्क रू0 200.00 तथा अर्नेस्ट मनी रू0 5000.00 है। ई–निविदा से सम्बन्धित नियम एवं शर्ते ई–टेण्डर पोर्टल http//etender.up.nic.in पर उपलब्ध हैं।

| क्रम | विवरण | दिनांक |
|---|---|---|
| 1 | भोजन, चाय एवं नाश्ता की आपूर्ति हेतु टेण्डर डाउनलोड करने की प्रारम्भ तिथि | 02.03.2021 सायं 06:00 बजे से |
| 2 | ई–टेण्डर अपलोड करने की अंतिम तिथि | 08.03.2021 पूर्वान्ह 12:00 बजे तक |
| 3 | ई–टेण्डर खोलने की तिथि | 08.03.2021 अपरान्ह 01:00 बजे तक |

ई–निविदा प्रपत्र शूल्क रू0 200.00 का बैंक ड्राफ्ट ब्लाक संसाधन केंद्र हरगाँव के पक्ष में देय हो को मूल रूप में तकनीकी निविदा प्रपत्र के साथ ऑनलाइन आवेदन की हार्ड कॉपी एवं उससे सम्बन्धित प्रपत्र कार्यालय खण्ड शिक्षा अधिकारी हरगाँव में 08.03.2021 पूर्वान्ह 12:30 बजे तक जमा करना अनिवार्य है।

खण्ड शिक्षा अधिकारी
विकास क्षेत्र–हरगाँव
सीतापुर।

**कार्यालय खण्ड शिक्षा अधिकारी, ऐलिया सीतापुर**

पत्रांकः प्रशिक्षण/387–92 /2020–21 दिनांक 02–03–2021

**पुन : अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण**

राज्य परियोजना कार्यालय उ0प्र0 लखनऊ के पत्रांकः गुण0वि/टी0टी0/88083–315/8808/2020–21 दिनांक 15 जनवरी 2021 के क्रम में वर्ष 2020–21 में विकास खण्ड में संचालित परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों का दो दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण में प्रतिभाग करने वाले शिक्षकों के भोजन एवं चाय–नाश्ता की आपूर्ति हेतु अल्पकालिक ई–निविदा अधोहस्ताक्षरी के पत्रांकः प्रशिक्षण/331–337/2020–21 दिनांक– 05.02.2021 के द्वारा आमंत्रित की गयी थी। जिसका ई–टेण्डर अपलोड करने की अंतिम तिथि 10.02.2021 से बढ़ाकर 08.03.2021 पूर्वान्ह 12:00 बजे तक की जाती है। भोजन एवं नाश्ता की आपूर्ति हेतु ई–निविदा प्रपत्र का शुल्क रू0 200.00तथा अर्नेस्ट मनी रू0 5000.00 है। ई–निविदा से सम्बन्धित नियम व शर्ते ई–टेण्डर पोर्टल http//etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

| क्र0 | विवरण | दिनांक |
|---|---|---|
| 01 | भोजन, चाय एवं नाश्ता की आपूर्ति हेतु टेण्डर डाउनलोड करने की प्रारम्भ तिथि | 02.03.2021 सायं 06:00 बजे से |
| 02 | ई–टेण्डर अपलोड करने हेतु अन्तिम तिथि | 08.03.2021 अपरान्ह 12:00 बजे तक |
| 03 | ई–टेण्डर खोलने की तिथि | 08.03.2021 अपरान्ह 01:00 बजे तक |

ई–निविदा प्रपत्र शुल्क रु0 200.00 का बैंक ड्रॉफ्ट ब्लॉक संसाधन केन्द्र ऐलिया के पक्ष में देय हो को मूल रूप में तकनीकी निविदा प्रपत्र के साथ ऑनलाइन आवेदन की हार्ड कॉपी एवं उससे सम्बन्धित प्रपत्र कार्यालय खण्ड शिक्षा अधिकारी ऐलिया में 08.03.2021 पूर्वान्ह 12:30 बजे तक जमा करना अनिवार्य है।

खण्ड शिक्षा अधिकारी
विकास क्षेत्र ऐलिया
सीतापुर।

# डीएम की मौजूदगी में आयोजित हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस

- शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश
- अन्य तहसीलों में भी आयोजित हुआ समाधान दिवस

**संवाददाता।** अम्बेडकरनगर

**जिलाधिकारी** सैमुअल पॉल एन की अध्यक्षता में तहसील टांडा में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने आए हुए समस्त फरियादियों के प्रार्थना पत्रों को गंभीरता से देखा और संबंधित विभागों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि आप सभी लोग अपने -अपने विभागों से संबंधित शिकायतों का अपने स्तर से पारदर्शी ढंग से समय बद्ध निस्तारित करें । इस अवसर पर प्रार्थी घनश्याम ग्राम हुसैनपुर, इब्राहिमपुर -टांडा ने खलिहान की भूमि गाटा संख्या-87/0.005 हेक्टेयर पर विपक्षी मंसाराम द्वारा अवैध कब्जा किए जाने का शिकायत पत्र प्रस्तुत किया । जिस पर जिलाधिकारी ने तहसीलदार को मौके पर जाकर वैधानिक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया। प्रार्थी शिव कुमार प्रजापति ग्राम दौलतपुर , एकसारा इब्राहिमपुर - टांडा शिकायत पत्र के माध्यम से अवगत कराया कि उनके पिता गुरुदीन प्रजापति के नाम गाटा संख्या 339 ,361 व 235 मी0 का मिट्टी निकालने का पट्टा मिला है, परंतु कुछ काश्तकारों द्वारा उक्त गाटा संख्या को कब्जा कर अतिक्रमण किया जा रहा है । जिलाधिकारी ने प्राथमिकता से लेते हुए उपजिलाधिकारी को मौके पर जाकर वैधानिक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया। प्रार्थी धर्मराज रसूलपुर टांडा ने प्रार्थना पत्र के माध्यम से अवगत कराया कि 10 दिसम्बर 2020 को क्षेत्रीय विपणन अधिकारी आसोपुर टांडा के यहां 42.80 कुंटल धान 1868 रुपए प्रति क्विंटल की दर से तौल कराया था जिसका मूल्य 79950.40 पैसा है, प्रार्थी का रुपया अब तक खाते में नहीं आया, जिसपर जिलाधिकारी ने डिप्टी आरएमओ को जांच कर प्रार्थी को मूल्य समर्थन योजनांतर्गत खाते में पैसा दिलाने का निर्देश दिए । प्रार्थी जियालाल ग्राम फरीदपुर - टांडा ने शिकायत पत्र के माध्यम से अवगत कराया की गाटा संख्या 215/228 जो सार्वजनिक रास्ता है, पर विपक्षी गढ़ राम शंकर द्वारा रास्ते को अवरुद्ध कर दिया गया है । जिस पर जिलाधिकारी ने संबंधित थाना के एस ओ को निर्देशित किया कि तत्काल मौके पर जाकर जांच उपरांत वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित करें । अजय चौरसिया मोहल्ला कश्मीरीया , शकरावल- टांडा शिकायत पत्र के माध्यम से अवगत कराया कि विपक्षी पारस वर्मा द्वारा आबादी की जमीन पर अवैध कब्जा किया जा रहा है, जिस पर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी टांडा को नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु निर्देश दिए। संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी ने पूर्व दिवसों में आए हुए शिकायती पत्रों के निस्तारण रजिस्टर का अवलोकन किए ।अवलोकन के उपरांत उन्होंने समस्त अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि प्राप्त शिकायतों का निस्तारण शासन के मंशा अनुसार विगत सात दिवसों के अंदर हर हाल में निस्तारण करते हुए समस्त ब्यौरा रजिस्टर में अंकित करना सुनिश्चित करेंगे ।शासन द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ शत प्रतिशत पात्रों को दिया जाना सुनिश्चित किया जाए ।उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए यह भी कहा कि आई जी आर एस से संबंधित प्रकरण को प्राथमिकता से लेते हुए समय के अंदर निस्तारण करना सुनिश्चित करें। तहसील टांडा में संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी/पुलिस अधीक्षक के समक्ष कुल 126 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिसमें से 20 प्रार्थना पत्रों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया तथा शेष शिकायती प्रार्थना पत्रों को निस्तारण करने हेतु संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए गए। इस दौरान मौके पर पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी ,मुख्य विकास अधिकारी घनश्याम मीणा, उप जिलाधिकारी टांडा तथा संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। तहसील जलालपुर में संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर उप जिलाधिकारी के समक्ष कुल 173 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुई जिसमें 13 शिकायती पत्रों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया तथा शेष प्रार्थना पत्रों को निस्तारण हेतु संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए गए। तहसील आलापुर में संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर अपर जिलाधिकारी डॉक्टर पंकज कुमार वर्मा के सामने 112 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें से 07 शिकायती पत्रों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया तथा शेष प्रार्थना पत्रों का निस्तारण हेतु संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए गए।

## आग लगने से तीन घरों की गृहस्थी खाक

**अम्बेडकरनगर।** इब्राहिमपुर थाना क्षेत्र के कटरिया गांव में भीषण आग लगने ने तीन लोगों को गृहस्थी जल कर राख हो गई । अज्ञात कारणों से लगी आग ने एक जानवर को अपने चपेट में लिया हालांकि जानवर की हालत गंभीर है। भीषण आग ने घनश्याम निषाद तथा राधेश्याम पुत्रगण भागीरथी सहित भागीरथी पुत्र रघुनाथ की गृहस्थी को अपने चपेट में लिया है। गाँव के ही युवा नेता के रूप में उभर रहे पवन चौहान ने आपातकाल मदद के लिए सूचना दी लेकिन आपातकाल सेवा मिलने से पूर्व पवन सहित ग्रामीणों ने आग पर काबू पा लिया था । आग बुझने के घंटो बाद आपातकाल यानी फायर ब्रिगेड पहुँची और खानापूर्ति कर चलती बनी। बता दे कि फायर ब्रिगेड की गाड़ी एनटीपीसी से आई थी जिसकी दूरी घटनास्थल से महज एक किलोमीटर की है।

## माध्यमिक शिक्षक संघ का वार्षिक सम्मेलन व शैक्षिक गोष्ठी 11 को

**अम्बेडकरनगर।** माध्यमिक शिक्षक संघ (ठकुराई गुट) का वार्षिक सम्मेलन एवं शैक्षिक गोष्ठी नौ मार्च दिन मंगलवार को समय 11 बजे से राम अवध जनता इ0का0 बरियावन में जिलाध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद चौधरी की अध्यक्षता में सम्पन्न होगा जिसमें मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष जगदीश पाण्डेय ठकुराई होंगे। मुख्य वक्ता प्रदेशीय मंत्री जेपी नायक व देवेन्द्र कुमार गौतम होंगे। जनपद के शिक्षकों से जिला मंत्री लालजी द्विवेदी ने अपील की है। उक्त सम्मेलन में ज्यादा से ज्यादा शिक्षक प्रतिभाग करें। प्रतिभाग करने वाले शिक्षकों को जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा एक दिन विशेष अवकाश अनुमन्य होगा।

## कोचिंग जा रही छात्रा की सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत

**अम्बेडकरनगर।** मंगलवार की सुबह भाई के साथ स्कूटी पर बैठकर कोचिंग आ रही छात्रा की जिला मुख्यालय के जुड़वा कस्बे शहजाद पुर के फव्वारा तिराहे पर ट्रक से कुचलकर दर्दनाक मौत हो गई। मृतका अर्चना यादव तारा खुर्द की रहने वाली थी जो अपने भाई अरविंद यादव के साथ जिला मुख्यालय पर स्थित अल्फा कोचिंग में पढ़ने आ रही थी। स्थानीय लोगों ने ट्रक चालक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया है। ट्रक व उसका चालक पंजाब का बताया जा रहा है । जानकारी के अनुसार अरविंद यादव अल्फा कोचिंग में पढ़ाता है । वह रोजाना सुबह अपनी बहन अर्चना यादव 24 को भी स्कूटी से साथ लेकर आता था। अर्चना उसी की कोचिंग में पढ़ रही थी। फव्वारा तिराहे पर पहुंचते ही ओवरटेकिंग के दौरान अर्चना लड़खड़ा कर स्कूटी से नीचे गिर गई जिससे वह बगल से निकल रहे ट्रक की चपेट में आ गई। मौके पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई जबकि उसका भाई व स्कूटी साफबच गए। पुलिस ने ट्रक चालक को कब्जे में ले लिया है।

## मंडलायुक्त की उपस्थिति में आठ मामले निस्तारित

**गोरखपुर।** मण्डलायुक्त जयन्त नार्लिकर ने वीर बहादुर सिंह स्पोर्ट कालेज में आयोजित तहसील सदर के सम्पूर्ण समाधान दिवस का निरीक्षण कर फरियादियों की शिकायतो को सुना तथा शिकायतों के निस्तारण पर बल देते हुए कहा कि शिकायतो को समयबद्ध ढंग से विधिक व्यवस्था अनुसार निस्तारण कराना सुनिश्चित किया जाये। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 77 मामले आये जिसमें से मौके पर 8 मामलो का निस्तारण किया गया एवं अन्य में राजस्व, पुलिस की संयुक्त टीम गठन करते हुए त्वरित स्थलीय जांच के निर्देश दिये गये। इसके उपरान्त उन्होंने एडीजी जोन अखिल कुमार के साथ प्रा. विद्यालय बनकटवा, प्रा. विद्यालय गोरखनाथ एवं प्रा. विद्यालय पुर्दिलपुर का निरीक्षण किया। प्रा. विद्यालयों के खुलने पर शासन द्वारा निर्धारित कोविड-19 के बचाव सम्बन्धी निर्देशों के अनुपालन की स्थिति को देखा। निरीक्षण के दौरान विद्यालयों में कक्षा 2 एवं 4 के बच्चों को उनको अभिभावकों की सहमति के उपरान्त विद्यालय में बुलाया गया था। इस अवसर पर एडी बेसिक सहित सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहें।

## वृहद लोक अदालत 7 को

**गोरखपुर।** उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के पत्र के अनुपालन में जनपद न्यायाधीश दुर्ग नरायन सिंह की अध्यक्षता में 8 मार्च को अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में 7 मार्च को पारिवारिक न्यायालयों के मामलों में परामर्श व सुलह समझौता हेतु एक वृहद लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। यदि कोई पक्षकार 7 मार्च के पूर्व सुलह समझौते के आधार पर अपने मामले को निस्तारण कराना चाहता है तो वह नियत न्यायालय में अपना प्रार्थन पत्र प्रस्तुत कर सकता हैं।

## मुख्य सचिव से मिले नगर विधायक

**गोरखपुर।** नगर विधायक डा. राधा मोहन दास अग्रवाल ने आज संस्कृति एवं पर्यटन विभाग के मुख्य सचिव मुकेश मेश्राम तथा सचिव रवि कुमार एनजी के साथ बैठक की। गोरखपुर में निर्माणाधीन प्रेक्षागृह के आडिटोरियम के स्वरुप तथा सुविधाओं में, नाट्य-मंचन की दृष्टि से आवश्यक परिवर्तन करने पर विचार किया गया। बैठक के उपरांत प्रमुख सचिव ने जिलाधिकारी गोरखपुर को प्रेक्षागृह का नाट्य-संगठनों के साथ निरीक्षण करके डा अग्रवाल द्वारा दिए गए सुझावों को लागू करने के लिए निर्देशित किया है। प्रमुख सचिव मुकेश मेश्राम, जो मूलतः एक आर्किटेक्ट हैं, उन्होंने डा. अग्रवाल की बातों से सहमत होते हुए गोरखपुर के जिलाधिकारी के. विजेन्द्र पाण्डियन से बात की और उन्हें निर्देशित किया कि गोरखपुर के नाट्यकर्मियों के साथ निरीक्षण करके आडिटोरियम में सुधार करवा लें।

## इनोवेशन एंड इक्यूबेशन सेंटर फार स्टूडेंट लैब का होगा निर्माण: कुलपति

**गोरखपुर।** दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के वनस्पति विज्ञान विभाग के डिर्पाटमेंट ऑफसाइंस टेक्नालाजी और नेशनल काउंसिलिंग फार साइंस एंड टेक्नोलाजी कम्यूनिकेशन की ओर से विज्ञान के विद्यार्थियों के लिए प्रोत्साहन और नवाचार पर आधारित सेमिनार-सह-वेबिनार का आयोजन किया गया। वनस्पति विज्ञान विभाग के शोध भवन में हुए आयोजन की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो. राजेश सिंह ने कहा कि विज्ञान के क्षेत्र में असीम संभावनाओं को देखते हुए विश्वविद्यालय ने इसे बढ़ावा देने का निर्णय लिया है। इसके लिए परिसर में इनोवेशन एंड इक्यूबेशन सेंटर फार स्टूडेंट लैब का निर्माण कराया जाएगा। जहां विद्यार्थी नवाचार को लेकर अपनी सोच को धरातल पर ला सकेंगे। इस सेंटर में विश्वविद्यालय के शिक्षक विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करेंगे और उनके नवाचार को पेटेंट कराने में मदद भी करेंगे। कुलपति ने बताया कि उत्कृष्ट शोध को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर पुरस्कृत किया जाएगा। इसके लिए प्रस्ताव तैयार करने और जगह चिन्हित करने की जिम्मेदारी उन्होंने विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता प्रो. शांतनु रस्तोगी और प्रो. पूजा सिंह को सौंपी। बतौश्र मुख्य अतिथि डिर्पाटमेंट ऑफसाइंस टेक्नालाजी के निदेशक डा. एचबी सिंह ने डिपार्टमेंट की ओर से विज्ञान को बढ़ावा देने की दिशा में किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। वनस्पति विज्ञान विभाग की अध्यक्ष प्रो. पूजा सिंह अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम के समन्वयक प्रो. वीएन पांडेय और सह समन्वयक प्रो. ईश्वर दास ने कार्यक्रम की रूपरेखा पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर मुख्य नियंता प्रो. सतीश चंद पांडेय, डा. स्मृति मल्ल, डा. तूलिका आदि मौजूद रहीं।

## कंप्यूटर आपरेटर को ठीकेदार ने कार्यालय में हॉकी से पीटा

**गोरखपुर।** नगर निगम के मुख्य अभियंता कार्यालय में कम्प्यूटर आपरेटर नीरज शर्मा को रुस्तमपुर के शक्ति नगर निवासी ठीकेदार विनय राय ने पीट दिया। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। कम्प्यूटर आपरेटर की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने ठीकेदार के खिलाफ गंभीर धाराओं में एफआइआर दर्ज कर ली है। नीरज शर्मा ने बताया कि मुख्य अभियंता कार्यालय में वह काम कर रहा था। दोपहर बाद मेसर्स पूनम राय व मेसर्स राय एंड संस फर्म के ठीकेदार विनय राय आए। उन्होंने एस्टीमेट टाइप करने को कहा। आइजीआरएस का काम करने के लिए ठीकेदार से कुछ समय मांगा तो उन्होंने गाली देना शुरू कर दिया। इसका विरोध करने पर विनय राय ने हॉकी से पिटाई शुरू कर दी। कोतवाली के क्षेत्राधिकारी वीपी सिंह ने बताया कि ठीकेदार के खिलाफसरकारी काम में बाधा और मारपीट का मुकदमा दर्ज किया गया है।

# दुष्कर्म के आरोप में दो वर्ष से फरार चल रहा वांछित अपराधी गिरफ्तार



**मिल्कीपुर अयोध्या।** डीआईजी/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार के दिशा निर्देशन में इनायत नगर पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराध पर नियंत्रण तथा अपराधियों की पकड़ धड़ के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत इनायतनगर पुलिस को बड़ी कामयाबी हाथ लग गई है। प्रभारी निरीक्षक विजय सेन सिंह के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने 2 वर्ष से फरार चल रहे दुष्कर्म के आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार इनायत नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत शाहगंज चौकी क्षेत्र के एक गांव में बीते वर्ष 2019 को लालजी उर्फ राज पुत्र विन्ध्या प्रसाद उम्र करीब 24 वर्ष निवासी ग्राम ढेमा वैश्य द्वारा एक महिला के साथ छेड़खानी करते हुए दुराचार का प्रयास किया गया था। घटना के बाद पीड़ित की तहरीर पर इनायत नगर पुलिस ने मुअसं 591/19 के तहत धारा 354, 354ख, 376, 506, 511 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज कर घटना की छानबीन शुरू कर दी थी। इस बीच आरोपी युवक पुलिस के शिकंजे में फंसने के भय से फरार हो गया था। शाहगंज चौकी पर तैनाती पाने के बाद कई चौकी प्रभारियों द्वारा घटना की विवेचना एवं आरोपी युवक की पकड़ धड़ के प्रयास किए गए। किंतु आरोपी युवक पुलिस के चंगुल से बचा रहा। मंगलवार को प्रभारी निरीक्षक विजय सेन सिंह के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम में शामिल चौकी प्रभारी शाहगंज उप निरीक्षक जय किशोर अवस्थी को वांछित अपराधी के ढेमा वैश्य मोड़ पर मौजूद होने की जानकारी मिली। सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक जय किशोर अवस्थी अपने साथ हमराही सिपाहियों अश्वनी कुमार, पवन त्रिपाठी एवं शैलेन्द्र कुमार को साथ लेकर मौके पर पहुंच गए। पुलिस टीम देख भागने लगा। जिसे दौड़ाकर पुलिसकर्मियों ने पकड़ लिया तथा थाने ले आए। प्रभारी निरीक्षक विजय सेन सिंह ने पकड़े गए फरार वांछित अपराधी युवक को थाने में दर्ज आपराधिक मुकदमे के आरोप में जेल भेज दिया है।

## रमाबाई महाविद्यालय में पर्यावरण संरक्षण तथा पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन



पोस्टर प्रतियोगिता में भाग लेंती छात्राएं

**संवाददाता।** अम्बेडकरनगर

**रमाबाई** राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अकबरपुर में भौतिक विज्ञान परिषद की तरफ से ''पर्यावरण संरक्षण एवं जागरूकता'' विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छात्राओं ने विभिन्न पोस्टरों से पर्यावरण को स्वच्छ व संरक्षित करने के उपायों को दर्शाया ,साथ ही साथ मानव समाज की इसमें भूमिका को भी बताया। प्रतियोगिता के पोस्टरों का अवलोकन महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो शेफाली सिंह ने किया और छात्राओं को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। प्रतियोगिता में अदिति सिंह , तिवारी कोमल व काजल सिंह ने क्रमश: प्रथम , द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया ।विभाग प्रभारी डॉ महेंद्र यादव ने सभी का स्वागत किया। निर्णायक की भूमिक प्रो रवींद्र कुमार वर्मा , डॉ अतुल कुमार व डॉ विजय प्रकाश सिंह ने निभाई। इस अवसर पर डॉ अरविन्द कुमार वर्मा , डॉ शाहिद परवेज ,प्रो आनंद कुमार व महाविद्यालय के अन्य सम्मानित सदस्य उपस्थित रहे।

## भिखारिन के पास से चार लाख के मोबाइल बरामद

**पायनियर समाचार सेवा।** गोरखपुर

**गुलरिहा** इलाके में पुलिस ने एक ऐसी महिला को गिरफ्तार किया जो घरों में घुसकर मोबाइल फोन चुरा लेती थी। भीख मांगने के बहाने पहुंची महिला मोबाइल लेकर भाग जाती थी। बाद में जब लोग अपने मोबाइल की तलाश करते थे। तब उनको चोरी किए जाने की जानकारी मिलती। सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देखकर पुलिस ने महिला को पकड़ा तो उसके पास से झोले में रखे चार लाख रुपए के 26 महंगे मोबाइल बरामद हुए। चौरीचौरा के सीओ दिनेश कुमार ने बताया कि महिला से जुड़े हुए गैंग के सदस्यों की तलाश की जा रही है। इसी इलाके के संध्या विहार कालोनी निवासी विजय प्रताप मौर्य के घर में रखे पांच महंगे मोबाइल फोन गायब हो गए। उन्होंने इसकी सूचना गुलरिहा पुलिस को दी। पुलिस ने छानबीन की तो एक महिला के बारे में जानकारी मिली जो घूम-घूम कर भीख मांगती थी। सीसीटीवी कैमरों की फुटेज में उसे कई जगह देखा गया।

## एनटीपीसी लिमिटेड के निदेशक (परियोजनाएं) द्वारा टांडा विद्युत गृह का निरीक्षण



**अम्बेडकरनगर।** एनटीपीसी लिमिटेड के निदेशक (परियोजनाएं) उज्जवल कांति भट्टाचार्य ने सोमवार को टांडा सुपर थर्मल पावर स्टेशन का निरीक्षण किया। आवासीय परिसर स्थित रामलीला मैदान हेलीपैड पहुँचने पर विद्युतगृह के परियोजना प्रमुख के. श्रीनिवास रॉव एवं महाप्रबंधक (कामर्शियल), उत्तरी क्षेत्र मुख्यालय, हीरानंद हरचंदानी ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ पुष्प गुच्छ प्रदान कर निदेशक महोदय का स्वागत किया।

श्री भट्टाचार्य ने अपने निरीक्षण का प्रारंभ युनियन एवं एसोशिएसन के प्रतिनिधियों से वार्ता करके किया। निरीक्षण के दूसरे दिन श्री भट्टाचार्य विद्युतगृह के द्वितीय चरण विस्तारीकरण स्थल पर गये जहॉ उन्होंने सभी साइटों जैसे ऐश डाईक, युनिट-5 एवं 6 कंट्रोल रुम, युनिट-6 के टी.जी. एरिया, स्विचयार्ड, युनिट-6 के ट्रांसफार्मर यार्ड, ब्वायलर युनिट-6 एरिया, का जायजा लिया। इस अवसर पर उन्होनें द्वितीय चरण (2ग660 मेगावाट) ऐश वाटर रिसर्कुलेशन सिस्टम, फ्लाई ऐश यूटिलिटी भवन, डी.एम. प्लांट प्रयोगशाला एवं रसायन विभाग कार्यालय का उद्घाटन किया। इसके पश्चात उन्होने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ परियोजना के उत्पादन तथा द्वितीय चरण के कार्य प्रगति से सम्बन्धित गतिविधियों की समीक्षा की। उन्होनें द्वितीय चरण की कमीशनिंग पर ध्यान केन्द्रित करने एंव सुरक्षा को प्राथमिकता पर रखते हुए कार्य करने की सलाह दी। साथ हीं एनटीपीसी टांडा की तरफ से कर्मचारियों एवं समाज को दी जाने वाली सुविधाओं की प्रशंसा की तथा बैठक के अंत में सभी अधिकारियों को आवश्यक दिशानिर्देश दिए। प्रस्थान से पूर्व श्री भट्टाचार्य ने परियोजना के अतिथि गृह प्रांगण में वृक्षारोपण भी किया।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद गौरीगंज जनपद अमेठी**

पंत्राक 766/न0पा0प0गौरीगंज/15वॉ वि0आ0 निर्माण कार्य/2020–21 दिनांक 02 मार्च 2021

**ई–निविदा सूचना**

नगर पालिका परिषद गौरीगंज, जनपद अमेठी मे वित्तीय वर्ष 2020–2021 में पंजीकृत/नवीनीकृत समस्त ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि 15 वॉ वित्त आयोग योजना (Tied Grant) के अन्तर्गत स्वीकृति 100 नग इण्डिया मार्का टू हैण्डपम्प अधिष्ठापन कार्य हेतु ऑनलाईन ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता उक्त कार्य के निर्माण हेतु अपने समस्त सम्बन्धित अभिलेख दिनांक 04.03.2021 से दिनांक 18.03.2021 के अपरान्ह 02:00 बजे तक आनलाईन वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर अपलोड कर सकते हैं। उक्त निविदा की तकनीकी बिड दिनांक 18.03.2021 को अपराह्न 03:00 बजे निविदादाताओं की उपस्थिति में निविदा समिति द्वारा कार्यालय नगर पालिका परिषद गौरीगंज जनपद अमेठी में खोली जाएगी। जमानती धनराशि एवं निविदा शुल्क धनराशि सम्बन्धित कार्य के अनुसार देय होगा। जमानती टी0डी0आर0/एफ0डी0आर0 राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत जो अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद गौरीगंज जनपद अमेठी के पक्ष में बन्धक हो तथा निविदा शुल्क का नगद/बैंक डाफ्ट जो अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद गौरीगंज जनपद अमेठी के पक्ष में निहित होगा। स्कैन प्रतियां संलग्न करना अनिवार्य होगा। किसी भी निविदा को स्वीकार एवं अस्वीकार करने का अधिकार अधिशासी अधिकारी/सक्षम अधिकारी में निहित होगा। नियम शर्ते एवं अन्य जानकारी सम्बन्धित वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है

(सुरजीत कुमार सिंह)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद गौरीगंज
जनपद–अमेठी

(राजपती)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद गौरीगंज
जनपद–अमेठी

**कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, रेवतीपुर–गाजीपुर**

पत्रांक : 1988/ई–निविदा/2020–21/ दिनांक : 27–02–2021

**सामग्री आपूर्ति/अति अल्पकालिक ई–निविदा सूचना**

एतद द्वारा वाणिज्य कर/आयकर कार्यालय में पंजीकृत फर्मो को सूचित किया जाता है कि राज्यवित्त/15वॉं वित्त योजनार्न्तगत क्षेत्र पंचायत रेवतीपुर द्वारा कराये जाने वाले कार्यों पर इण्टरलाकिंग ईंट, प्रथम श्रेणी ईंट, ईंट की टुकड़ी, सीमेंन्ट, सफेद बालू, लाल बालू मोटा, लाल बालू महीन, डाला गिट्टी, सरिया, साइन बोर्ड, मिट्टी दुलाई एवं अन्य सामग्री की आपूर्ति करते हुए निर्माण सम्बन्धित समस्त कार्य कराने हेतु दिनांक 03–03–2021 को 1200 बजे से दिनांक 08–03–2021 दोपहर 12.00 बजे तक ई–निविदा आमंत्रित किया जाता है, जो उसी दिन 03:00 बजे के बाद अधोहस्ताक्षरी द्वारा कय समीति एवं टेण्डर दाताओं के समक्ष (जो उपस्थित रहना चाहते हैं) खोला जायेगा। टेण्डर फार्म दिनांक 03–03–2021 से 08–03–2021 दोपहर 1200 बजे तक ई–टेण्डर की वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगा। नियम एवं शर्ते कार्यालय दिवस के समय प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक देखी व पढ़ी जा सकती है। शर्ते निम्नवत है।

1. फर्म जी0एस0टी0 आयकर कार्यालय में पंजीकृत होना चाहिए। आयकर रिटर्न 3 वर्ष का होगा।
2. जिस फर्म का आपूर्ति दर व कार्य सम्पादित करने की दर सबसे कम होगा उसी को आपूर्ति करने एवं निर्माण कार्य कराने हेतु स्वीकृति प्रदान की जायेगी परन्तु पी0डब्लू0डी0 की दर से अधिक नहीं होना चाहिए।
3. निविदा दर में सभी कर सम्मिलित रहना चाहिए। विभाग द्वारा कर के रूप में कोई अतिरिक्त दर उपलब्ध नहीं कराया जायेगा एवं खनिज (बालू, मोरंग, गिट्टी आदि) के खनिज उपकर का भुगतान भी आपूर्ति कर्ता द्वारा सुनिश्चित किया जायेगा। आवश्यक प्रपत्र उपलब्ध न कराने की स्थिति में खनिज उपकर भुगतान से कटौती कर ली जायेगी।
4. बिना कारण बताये किसी भी समय आपकी निविदा निरस्त किये जाने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी का होगा।
5. सशर्त निविदा स्वीकार नहीं किया जायेगा।
6. कार्यस्थल एवं अन्य किसी भी प्रकार की जानकारी विकास खण्ड कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
7. कार्य को 3 माह में समाप्त करने का प्रमाण पत्र 10 रुपया के स्टाम्प पेपर पर देना अनिवार्य होगा अन्यथा की स्थिति में निविदा अस्वीकार होगा।
8. टेण्डर उसी फर्म का स्वीकार होगा जा स्वीकृत धनराशि का 2 प्रतिशत जमानत की धनराशि एफ0डी0आर0 के रुप में खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय में जमा करेगा तथा खण्ड विकास अधिकारी, रेवतीपुर गाजीपुर के नाम कालम 5 अंकित धनराशि के अनुसार निविदा मूल्य कार्यालय में जमा करना अनिवार्य है तथा जमानत धनराशि 8 प्रतिशत की दर से जमा करना होगा।
9. टेण्डर से सम्बन्धित निविदा प्रपत्र जैसे एफ0डी0आर0/बैंक ड्रफ्ट, जी0एस0टी0, पैन कार्ड इत्यादि प्रपत्र कार्यालय में जमा करना अनिवार्य है।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कति ला0/अनु0ला0 (लाख रु0 में) | धरोहर की धनराशि (2%) (रु0 में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | ग्राम पंचायत रेवतीपुर हरिजन बस्ती में सामूहिक विवाह स्थल निर्माण कार्य। | 12.038 | 24076.0 | 200 | 3 Months |
| 2 | ग्राम पंचायत रेवतीपुर के बिन्द बस्ती में प्रा0वि0 से कन्हैया के घर तक मिट्टी, इण्टरलाकिंग एवं रिटेनिंग वाल कार्य। | 12.532 | 25064.0 | 200 | 3 Months |
| 3 | ग्राम पंचायत रेवतीपुर में मथुरा यादव के घर से पप्पू पाल के घर तक इण्टरलॉकिंग कार्य। | 12.463 | 24926.0 | 200 | 3 Months |
| 4 | ग्राम पंचायत रेवतीपुर में रामवृक्ष के पुरा में बलिराम यादव के घर से रमाशंकर यादव के घर तक सी0सी0 निर्माण कार्य। | 4.22 | 8440.0 | 200 | 3 Months |
| 5 | ग्राम पंचायत रेवतीपुर के हरिजन बस्ती में नाला निर्माण कार्य। | 3.274 | 6548.0 | 200 | 3 Months |
| 6 | ग्राम पंचायत रेवतीपुर के यादव बस्ती में नरसिंह यादव के घर से रमाधार यादव के घर तक मिट्टी खड़ण्जा कार्य। | 5.507 | 11014.0 | 200 | 3 Months |
| 7 | ग्राम पंचायत रेवतीपुर के पट्टी भीष्मदेव में शिवजी मंदिर से डब्लू राय के घर तक मिट्टी खडण्जा कार्य। | 7.002 | 14004.0 | 200 | 3 Months |
| 8 | ग्राम पंचायत गोपालपुर के नरायनपुर रोड से शशीभूषण राय के खेत तक मिट्टी खडण्जा कार्य। | 5.507 | 11014.0 | 200 | 3 Months |
| 9 | ग्राम पंचायत रेवतीपुर में माँ काली मार्ग पिच रोड से बुच्ची बाबा के खेत तक मिट्टी खडण्जा एवं रिटेनिंग वाल कार्य। | 7.00 | 14000.0 | 200 | 3 Months |
| 10 | ग्राम पंचायत रेवतीपुर में बुच्ची बाबा के खेत से टेगरी बाबा के खेत तक मिट्टी खडण्जा एवं रिटेनिंग वाल कार्य। | 9.984 | 19968.0 | 200 | 3 Months |
| 11 | ग्राम पंचायत रेवतीपुर में टेंगरी बाबा के खेत से फौजदार यादव के घर तक मिट्टी खडण्जा एवं रिटेनिंग वाल कार्य। | 9.984 | 19968.0 | 200 | 3 Months |
| 12 | ग्राम पंचायत रेवतीपुर में रोड से गोपाल जी के घर तक नाली मरम्मत कार्य। | 1.01 | 2020.0 | 200 | 3 Months |
| 13 | ग्राम पंचायत रेवतीपुर मेन रोड से मदन राय के घर तक सी0सी0 मरम्मत कार्य। | 1.01 | 2020.0 | 200 | 3 Months |
| 14 | ग्राम पंचायत रेवतीपुर मे प्रमोद राय के घर से अवध बिहारी राय के घर तक सी0सी0 मरम्मत कार्य। | 1.503 | 3006.0 | 200 | 3 Months |
| 15 | ग्राम पंचायत नसीरपुर में प्रा०वि० से मेन रोड तक इण्टरलॉकिग कार्य। | 5.079 | 10158.0 | 200 | 3 Months |
| 16 | ग्राम पंचायत नगदीलपुर में सुभाष तिवारी के घर से लल्लन के घर तक सी0सी0 निर्माण कार्य। | 9.986 | 19972.0 | 200 | 3 Months |
| 17 | ग्राम पंचायत रेवतीपुर में संस्कृत पाठशाला राजभर बस्ती में सी0सी0 निर्माण कार्य। | 6.098 | 12196.0 | 200 | 3 Months |
| 18 | रेवतीपुर ब्लाक कार्यालय में सुन्दरीकरण (गार्डेनिंग) मेंन बाउण्ड्रीवाल रंगाई कार्य | 1.00 | 2000.0 | 200 | 3 Months |

निविदा विवरण आनलाईन https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है जो दिनांक 3.3.21 से देखा व डाउनलोड किया जा सकता है। विस्तृत विवरण अन्य जानकारियां कार्यालय से सम्पर्क कर प्राप्त की जा सकती है।

खण्ड विकास अधिकारी
रेवतीपुर गाजीपुर

# कोरोना से मुकाबला

## प्रधानमंत्री ने लगवाया टीका

**भारत** में कोरोनावायरस के खिलाफ टीकाकरण के दूसरे चरण की शुरुआत हो गई है। इसका प्रारम्भ प्रधानमंत्री और उनके कैबिनेट मंत्रियों के टीकाकरण से हुआ है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा नेतृत्व प्रदान करने के बाद सोमवार को अनेक प्रख्यात राजनेताओं ने देश में कोविड-रोधी टीका लगवाया। इससे टीकाकरण का दूसरा चरण शुरू हुआ है और पूरे भारत से सफल अभियान की खबरें आई हैं। दूसरे चरण के पहले दिन टीके का पहला इंजेक्शन लगवाने वाले प्रमुख लोगों में उप-राष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू तथा केन्द्रीय मंत्रियों में अमित शाह, जितेन्द्र सिंह, एस. जयशंकर व सोम प्रकाश शामिल हैं। इसके साथ ही राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार व रांकापा अध्यक्ष शरद पवार ने टीकाकरण कार्यक्रम के दूसरे चरण की शुरुआत की है। प्रधानमंत्री ने दिल्ली के अखिल भारतीय चिकित्सा विज्ञान संस्थान में कोवैक्सिन का पहला टीका लगवाया। हल्के फुल्के अंदाज़ में सहज लग रहे प्रधानमंत्री मोदी ने टीका लगाने वाली नर्सों से पूछा कि क्या उन्होंने 'किसी खास मोटी सुई' का प्रयोग करने की योजना बनाई है क्योंकि माना जाता है कि राजनेताओं की 'चमड़ी बहुत मोटी होती है।' इस चरण में 60 वर्ष से अधिक आयु वाले व 45 वर्ष से अधिक आयु वाले अन्य बीमारियों से ग्रस्त लोग टीका लगवाने के लिए सक्षम हैं। देश में टीकाकरण के दूसरे चरण में 10 करोड़ लोगों को शामिल किया




जाएगा। अब तक देश में दो प्राथमिकता समूहों-स्वास्थ्यरक्षा व फ्रंटलाइन कार्यकर्ताओं में 1.45 करोड़ लोगों ने पहले चरण में कोवीशील्ड व कोवैक्सिन के टीके लगवाए हैं।

दूसरे चरण का टीकाकरण ऐसे समय हो रहा है जब भारत में कोविड के सक्रिय मामलों पर प्रभावी नियंत्रण है। हालांकि, आठ राज्य-केरल, महाराष्ट्र, पंजाब, गुजरात, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल, जम्मू कश्मीर व मध्य प्रदेश चिन्ता का कारण बने हुए हैं क्योंकि यहां पिछले दो सप्ताह से रोज मामले बढ़ने की खबरें आ रही हैं। भारत में कोविड-19 रोगियों की संख्या सोमवार को 11 मिलियन पहुंच गई तथा पिछले 24 घंटे में 15,510 मामले सामने आए। रविवार को कुल 106 लोगों के मरने की खबर आई थी जिससे कुल मौतों की संख्या 1.57 लाख से अधिक हो गई है। वर्तमान समय में सक्रिय मामलों की संख्या 1,68,627 है। यह स्तर जनवरी समाप्त होने के समय था और इससे संकेत मिलता है कि कोविड पर काफी समय नियंत्रण के बाद अब इसका संक्रमण पुनः फैल रहा है। महीनों तक घरों के अंदर बंद रहने तथा सोशल डिस्टेंसिंग व स्वच्छता मानकों का कठोरता से पालन करने के बाद कोरोना रोगियों की संख्या पर नियंत्रण लगा था, पर अचानक वैश्विक महामारी का फिर प्रसार हो रहा है और यह काबू के बाहर जा सकती है। शायद कामकाज पर वापस लौटने की जल्दबाजी या मामले घटने की खबरों ने सुरक्षा का गलत भाव पैदा किया है। इससे बहुत से भारतीय पुनः संकट में फंसे हैं, जबकि ऐसा बिल्कुल नहीं होना चाहिए। यदि हम अब सावधानी नहीं बरतते हैं तो भारत अपनी विशाल जनसंख्या के कारण फिर वायरस के शिकंजे में फंस जाएगा और उससे बाहर निकलना लगभग असंभव हो सकता है।

# पाक से रिश्तों में सावधानी आवश्यक

गंभीर संकटों का सामना करने के कारण पाकिस्तान ने भारत के प्रति थोड़ी नरमी दिखाई है। लेकिन उसे थोड़ी राहत मिलते ही समझौता केवल कागज का टुकड़ा रह जाएगा।



**प्रफुल्ल गोराड़िया**
(लेखक लोकप्रिय स्तम्भकार हैं)



पाकिस्तान को भारतीय दृष्टिकोण से समझने के मामले में भारतीयों को कोई गलती नहीं करनी चाहिए। इसी के साथ ही हमें इस तथ्य का स्वागत भी करना चाहिए कि पाकिस्तान ने हमारे साथ जारी वर्तमान टकराव को समाप्त करने तथा 2003 के युद्धविराम समझौते का पालन करने का फैसला किया है। लेकिन संबंधों में सावधानी बरतना जरूरी है। इसका कारण कुछ भारतीयों व विशेषज्ञ प्रेक्षकों की यह समझ है कि कश्मीर पर सालों से इस्लामाबाद द्वारा जहर उगलने की प्रक्रिया उसके द्वारा 1971 की प्रतिक्रिया है जब वह दो भागों में टूट गया था। वास्तव में पराजय का गुस्सा भूलते ही पाकिस्तानियों को एक प्रकार से राहत मिल जाएगी। पाकिस्तानी बंगालियों को निन्दाजनक ढंग से 'काले बौने लोग' कहते हैं जो उनकी जनसंख्या का बहुसंख्य हिस्सा थे। पाकिस्तानियों को लगेगा कि अब इस बोझ से मुक्ति मिल गई है।

कवि मुहम्मद इकबाल मुस्लिम लीग के प्रमुख नेता भी थे। उन्होंने 1930 में प्रयागराज-तत्कालीन इलाहाबाद, में पार्टी का अध्यक्ष बनने के बाद अलग मुस्लिम देश की पैरवी की थी जिसमें केवल उत्तर-पश्चिमी प्रांत शामिल थे। उन्होंने इसके एक हिस्से के रूप में बंगाल का कोई उल्लेख नहीं किया था। बड़ा पाकिस्तान एम.ए.जिन्ना की सोच का नतीजा था जिन्होंने इसमें 6 प्रांत शामिल करने का सपना देखा था। इनमें से चार पश्चिम में तथा दो पूरब में थे और असम इसमें शामिल था। हालांकि, 1939 के बाद कई साल तक असम के प्रमुख रहे मुस्लिम लीग के उनके साथ मुहम्मद साद अली ने लगभग यहां तक कह दिया था कि आदिवासी हिंदू नहीं, बल्कि पशु पूजक हैं। यह जनसंख्या में हिंदुओं का प्रतिशत कम दिखाने तथा निर्णय का समय आने पर असम को पाकिस्तान में शामिल करने की चाल थी। लेकिन जिन्ना को सिल्हट जिले के अलावा असम का और कुछ नहीं मिला क्योंकि लंदन से भेजे गए वकील सर सिरिल रेडक्लिफ ने बंगाल व पंजाब का विभाजन कर दिया था। जिन्ना को ऐसा देश मिलने से बहुत निराशा हुई थी जिसे वह 'कीड़ा लगा पाकिस्तान' कहते थे।

इस तथ्य पर जोर दिया जाना चाहिए कि जिन्ना किसी पाकिस्तानी का प्रतिनिधित्व नहीं करते थे। वे केवल गुजराती बोलने वाले खोजा व मैमन जैसे बिजनेसमैनों का प्रतिनिधित्व करते थे जो भारतीय बिजनेस समुदायों से प्रतियोगिता से मुक्ति पा कर नए देश में जाकर जल्दी से अमीर बनना चाहते थे। वहां उनको केवल पंजाबी व सिंधी किसानों से मुकाबला करना था। हालांकि, जिन्ना ने उन मुसलमानों के लिए भी शानदार पैरवी की थी जो आधे-अधूरे मन से एक अलग देश चाहते थे। वास्तव में जिन्ना इतिहास में अपना नाम दर्ज कराना चाहते थे। सौभाग्य से वे पाकिस्तान बनने के 13 महीने के भीतर मर गए।

इसके बाद जल्द ही उत्तर प्रदेश और बिहार से गए मुसलमानों के लिए मुहाजिर शब्द प्रचलित हो गया। मुहाजिरों ने जल्द ही स्वयं को न केवल पाकिस्तान में अवांछित पाया, बल्कि नए बने मुस्लिम देश में नस्ली दुश्मनी का निशाना बन गए। पाकिस्तान बनने के चार साल के भीतर उत्तर प्रदेश से गए जिन्ना के सहायक लियाकत अली खान की हत्या हो गई। वर्तमान समय में पाकिस्तान में पश्चिमी पंजाबियों का प्रभुत्व है जो देश की जनसंख्या का दो-तिहाई हैं। वे देश को एकजुट रखने के लिए कश्मीर पर कब्जा चाहते हैं ताकि बाकी सभी चीजों पर उनका प्रभुत्व बना रहे, लेकिन यह वर्तमान समय में विवाद का विषय बन गया है। वे भारत को पाकिस्तान के अस्तित्व के लिए सबसे बड़ा संकट समझते हैं और इस प्रकार देश की संरक्षक के रूप में सेना को अपरिहार्य बनाना उचित ठहराते हैं।

> हालिया युद्धविराम समझौते को देखने से स्पष्ट होता है कि इस्लामाबाद के लिए यह एक अस्थाई कदम है जो देश के सामने आए अनेक संकटों से थोड़ी राहत चाहता है। एक और संभावना यह है कि पाकिस्तान के असली शासक जनरल बाजवा भारत के साथ पूर्वी सीमा पर तनाव घटा कर बलूचिस्तान में हिसाब बराबर करना चाहते हैं, जैसे जनरल टिक्का खान ने 1971 में पूर्वी पाकिस्तान में करने का प्रयास किया था।

हालिया युद्धविराम समझौते को देखने से स्पष्ट होता है कि इस्लामाबाद के लिए यह एक अस्थाई कदम है जो देश के सामने आए अनेक संकटों से थोड़ी राहत चाहता है। जैसे ही पाकिस्तानी शासकों को इन संकटों से थोड़ी राहत मिल जाएगी, वर्तमान समझौता उनके लिए केवल कागज का टुकड़ा बन कर रह जाएगा। पाकिस्तान द्वारा दृष्टिकोण में नरमी का एक कारण उसके शासकों की यह समझ है कि चीन भारत, ताइवान या दक्षिण चीन सागर के मामले में ज्यादा आ क्रामकता दिखा रहा है और अमेरिका ने इस पर कठोर प्रतिक्रिया की है, भले ही यह फिलहाल केवल शाब्दिक ही क्यों न हो। बीजिंग ने भी शायद इसी कारण लद्दाख में जाड़ों में टकराव को टाला है। वह यहां वसंत तक प्रतीक्षा कर सकता था।

उस स्थिति में वह रणनीतिक रूप से लाभदायक बिंदुओं पर कब्जे का प्रयास कर सकता था, कुछ अन्य रियायतें पाने की कोशिश कर सकता था तथा खतरा बढ़ा कर कुछ महत्वपूर्ण बिंदुओं पर भारतीय सेनाओं को परेशान कर सकता था। इसी प्रकार इस्लामाबाद नई दिल्ली के प्रति अपना दृष्टिकोण उस समय तक नरम रखना चाहता है, जब तक चीन फिर आ क्रामकता न दिखाने लगे या उसका अमेरिका के साथ किसी प्रकार का समझौता न हो जाए। यदि ऐसा न हो तो भी शायद पाकिस्तानी शासक परिस्थितियां बदलने की प्रतीक्षा कर रहे हैं क्योंकि अल्लाह की मेहरबानी में उनका अटूट विश्वास है। हमें इसकी तुलना एक विचारशील हिंदू के दृष्टिकोण से नहीं करनी चाहिए।

एक और संभावना यह है कि पाकिस्तान के असली शासक जनरल बाजवा भारत के साथ पूर्वी सीमा पर तनाव घटा कर बलूचिस्तान में हिसाब बराबर करना चाहते हैं, जैसे जनरल टिक्का खान ने 1971 में पूर्वी पाकिस्तान में करने का प्रयास किया था। बाजवा को शायद यह सलाह भी मिली होगी कि संसाधनों से समृद्ध बलूच प्रांत पाकिस्तान की आर्थिक समस्याओं से मुक्ति दिलाने में बड़ी सीमा तक सहायक हो सकता है। लेकिन इन संसाधनों का लाभ उठाने के लिए समुचित समय, शांति और संपूर्ण नियंत्रण की जरूरत है। यह संभावना दूर की कौड़ी लग सकती है, लेकिन यदि इस्लामाबाद कुछ बड़े कदम नहीं उठाता है तो पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था चलाना असंभव हो जाएगा। चीनी कर्जों पर निर्भर रह कर धीरे-धीरे पाकिस्तान बीजिंग का संरक्षित देश बन कर रह जाएगा जिसकी शुरुआत चीन पाकिस्तान आर्थिक गलियारे से हो चुकी है।

# दांव पर है कई राजनीतिक दलों की किस्मत

> पांच राज्यों के आगामी विधानसभा चुनाव क्षेत्रीय और राष्ट्रीय दलों के भविष्य को दीर्घकालीन रूप से आकार देने वाले साबित होंगे।

**कल्याणी शंकर**
(लेखिका वरिष्ठ राजनीतिक टिप्पणीकार हैं)



पांच राज्यों के आगामी विधानसभा चुनाव, जिनमें से तीन दक्षिण में हैं, अधिकांश क्षेत्रीय और राष्ट्रीय पार्टियों के राजनीतिक भविष्य को बनाने में एक लंबा रास्ता तय करेंगे। चुनाव तीन राष्ट्रीय पार्टियों, कांग्रेस, भाजपा और वाम दलों के लिए और क्षेत्रीय दलों के लिए भी महत्वपूर्ण हैं। कांग्रेस ने पिछले हफ्ते केंद्र शासित प्रदेश पुदुचेरी में दक्षिण में अपनी एकमात्र पदवी खो दी। पुडुचेरी के उदाहरण का हवाला देकर, कांग्रेस के विरोधी चुनावों से आगे दिखाना चाहते हैं कि पार्टी अपने विधायकों को एक साथ रखने में सक्षम नहीं होगी, भले ही उन्हें वोट दिया गया हो। दक्षिणी राज्य क्षेत्रीय दलों के हाथों में चले गए हैं क्योंकि लोगों ने कांग्रेस में विश्वास खो दिया है जो एक समय में दक्षिण में लगभग सभी राज्यों को नियंत्रित करता था। कर्नाटक में जेडी (एस), आंध्र प्रदेश में टीडीपी और तमिलनाडु (तमिलनाडु) में अन्नाद्रमुक के साथ गठबंधन ने भाजपा को दक्षिण में अपना प्रभाव बढ़ाने में मदद की थी। कांग्रेस को केरल में मुस्लिम लीग की तरह द्रमुक, जनता दल (एस) और संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा के गठबंधन सहयोगियों में सहयोगी मिल गया है।

क्षेत्रीय दलों के पास मजबूत नेता हैं जो अपने व्यक्तित्व के साथ मतदाताओं को आकर्षित कर सकते हैं। कर्नाटक में जेडी (एस), आंध्र में टीडीपी और वाईएसआरसीपी, तेलंगाना में टीआरएस, टीएन में अन्नाद्रमुक और द्रमुक हैं जो इसके उदाहरण हैं। अन्नाद्रमुक को छोड़कर, ये सभी दल अनिवार्य रूप से गौड़ा, नायडू और राव के पारिवारिक जागीर हैं। द्रमुक, जनता दल-एस, टीआरएस और तेदेपा जैसी कुछ पार्टियां पहले ही दूसरी पीढ़ी को सत्ता हस्तांतरित कर चुकी हैं। इन क्षेत्रीय क्षत्रपों की आभा से मेल खाने के लिए न तो भाजपा और न ही कांग्रेस ने नेताओं को आगे लाने में सफलता पाई है। वामपंथियों के लिए, इसकी विचारधारा वर्तमान पीढ़ी के लिए कोई प्रासंगिकता नहीं है। भाजपा के मूल एजेंडे में दक्षिण का कोई आकर्षण नहीं है और कांग्रेस अपनी विचारधारा को लेकर अस्पष्ट है। बहरहाल, भाजपा आगामी चुनावों में दक्षिणी राज्यों में अपने पंख फैलाने की कोशिश कर रही है। पुडुचेरी में नवीनतम टॉपिंग गेम से पता चलता है कि कांग्रेस और द्रमुक के बागी दो मंत्रियों सहित भाजपा में शामिल हो गए हैं।



भाजपा केवल दक्षिण में कर्नाटक पर कब्जा कर सकती थी। यह कई कारणों से है, जिसमें मजबूत स्थानीय नेताओं की अनुपस्थिति शामिल है। साथ ही, भाजपा को उत्तर भारतीय पार्टी के रूप में भी माना जाता है और फिर यह भी तथ्य है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दक्षिण में अपील अपेक्षाकृत सीमित है और उनका आकर्षण क्षेत्रीय क्षत्रपों को नहीं हरा सकता है। भाजपा प्रत्येक चुनाव, यहां तक कि पंचायत चुनाव को भी उतना ही महत्वपूर्ण मानती है, जितना कि लोकसभा चुनाव। इसलिए, उन्होंने कई राज्यों में अपनी जीत पर मुहर लगाने के लिए कई कदम उठाए हैं। इनमें भाजपा के आधार का विस्तार करना, मोदी को कर्ता के रूप में पेश करना और अन्य दलों के नेताओं को लुभाना शामिल है। द्रविड़ पार्टियों ने 1967 से ही कब्जा कर रखा था जब 1967 में द्रमुक ने कांग्रेस से तमिलनाडु की सत्ता छीन ली थी। तब से, कांग्रेस ने एक द्रविड़ पार्टी या दूसरे के साथ गठबंधन किया है। 2016 में अन्नाद्रमुक प्रमुख जे जयललिता के निधन के बाद बीजेपी ने राज्य पर शासन करने का आरोप लगाया है। द्रमुक और और अन्नाद्रमुक के बीच टीएन विकल्प, और अब द्रमुक की बारी है।

केरल वामपंथी दलों के नियंत्रण वाला एकमात्र राज्य है और यह भी माकपा के नेतृत्व वाले वाम लोकतांत्रिक मोर्चा और कांग्रेस के नेतृत्व वाले संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा के बीच वैकल्पिक है, और इस समय संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चे की बारी है। आरएसएस ने केरल में बहुत काम किया है और हालांकि भाजपा ने 1998 से अपने वोट शेयर को दोगुना कर दिया है, इसके लिए अभी लंबा रास्ता तय करना है। 2016 में केरल में भाजपा के टिकट पर अपने पहले विधायक चुने जाने के बाद, पार्टी एक साथ गठबंधन करके एक उचित ताकत बनने की कोशिश कर रही है। लेकिन यह अभी भी दो अन्य राष्ट्रीय दलों की पकड़ को तोड़ने से कुछ दूर है और 2019 के लोकसभा चुनावों में खाता खोलने में विफल रहा। दक्षिण को जीतने के लिए, तीन राष्ट्रीय दलों को 15 क्षेत्रीय दलों की ताकत का सामना करना होगा या उनसे जुड़ना होगा। पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस, असम में एजीपी, एआईएडीएमके और तमिलनाडु में द्रमुक और पुडुचेरी में एनआर कांग्रेस जैसी पार्टियों के लिए ये चुनाव एक करो या मरो की लड़ाई होगी। असम, केरल, पुडुचेरी, और तमिलनाडु में जीत कांग्रेस की किस्मत को बहाल करेगी। माकपा को केरल में अपने मैदान की रक्षा करनी है। भाजपा सभी पांच राज्यों में सुधार के साथ चमक जाएगी।

## आप की बात

### भरोसेमंद टीका

**देश** के प्रधानमंत्री श्री नरेंद मोदी जी ने एम्स में कोरोना टीका लगाकर सारे भारत वासियों को भरोसेमंद टीके का संदेश दे दिया। विगत समय टीकाकरण में पूर्वाग्रह से ग्रसित राजनीति में नेताओ मंत्रियों को इन वैज्ञानिकों की सौगात में राजनीति का खेल नजर आता है। अब तो उन नेता लोगो को बे हिचक कोरोना का वैक्सीन लगवाना चाहिए। जो किसी समय कोरोना वैक्सीन को भाजपा , कांग्रेस की वैक्सीन का नाम देकर भरोसा नही करके। नही लगवाने के लिए बयानबाजी कट रहे थे। वैसे हमारे राज नेताओ को अच्छे और देश की सेहत और कोरोना मुक्त अभियान में एकजुटता से आगे आना चाहिए। न कि तर्क कुतर्क करना चाहिए। कोरोना टीका कोई राजनीतिक दल का नही होता बल्कि जनता जनार्दन और आम नागरिकों की सेहत और स्वास्थ्य को सही रखने के लिए हमारे वैज्ञानिकों का योगदान होता है। कम समय मे जनता जनार्दन के बीच कोरोना के खात्मे के अनुकरणीय सफल प्रयास के लिए हमारी सरकार और वैज्ञानिक , और मेडिकल साइंस साधुवाद की पात्र है। और सबसे राहत भरी खबर ये है भारत मे टीके की न्यूतम राशी हर निजी अस्पतालों के लिए हम सभी के लिए संजीवनी। का काम करेगी।

– **योगेश जोशी**, बड़वाह, मप्र

### केरल में भाजपा

**पश्चिम** बंगाल की तरह केरल में भी भाजपा की राजनीतिक पेंठ के लिए छटपटाहट नजर आ रही है। तृणमुल के बिखरते पत्ते भाजपा में जमा होते जा रहे हैं तो केरल में भी भाजपा के हाथ बटेर लगी है। मेट्रो मैन श्रीधरन का भाजपा में शामिल होना सत्तारूढ़ लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट के लिए चिंता का विषय हो सकता है। हालांकि इसका वास्तविक लाभ तो चुनाव परिणामों के बाद ही सामने आएगा क्योंकि राजनीति में हर बार प्रयोग सफल हो यह जरूरी नहीं होता। पांच राज्यों में विधानसभा चुनावों की घोषणा के साथ ही राजनीतिक कवायद शुरू हो गई है। राजनीतिक पार्टियों नें सत्ता की तलाश में सत्तारूढ़ दलों में सेंधमारी की है तो प्रतिष्ठितों को भी अपनी नैया का खेवनहार बनाया है। पश्चिम बंगाल में ममता से द्रोह जारी है। कई बड़े दिग्गज भाजपा का दामन थाम चुके हैं जो निश्चित तौर पर राजनीति अनुमानों को गड़बड़ा सकते हैं। उधर केरल में भाजपा ने टेक्नोक्रेट श्रीधरन को सारथी बनाकर महासंग्राम जीतने का ख्वाब संजोया है। निश्चित तौर पर श्रीधरन किसी परिचय के मोहताज नहीं है और केरल में भी खासा वर्चस्व न केवल बुद्धिजीवियों में वरन आम जनमानस में भी रखते हैं।

– **अमृतलाल मारू**, दसई, मप्र

### पर्यटन स्थलों को स्वच्छ रखें

**वर्तमान** में पर्यटन स्थलों पर और बेहतर सुविधाओं की आवश्यकता है। फिल्म निर्माताओं को भी मप्र के पर्यटन स्थलों का सोंदर्य व ऐतिहासिक धरोहरे काफी भा रही है। विशेष कर मांडू ,महेश्वर में कई फिल्मों की शूटिंग हो चुकी है, इंदौर, उज्जैन, भोपाल, जबलपुर ,पंचमढ़ी आदि मप्र के कई क्षेत्रों में फिल्मों की शूटिंग भी की जा कर बड़े परदे पर देखी जा रही है। फिल्म निर्माताओं को लोकेशन हेतु विदेश जाकर दृश्य फिल्माने पर काफी लागत आती थी। मप्र में ही कई सुंदर स्थल उपलब्ध होने से फिल्म लागत निर्माण में फायदा हुआ है। लोगो को भी चाहिए की पर्यटन स्थलों पर गंदगी .कूड़ा-करकट ना फैलाए ,दीवारों पर कुछ ना लिखे, क्योकि सौंदर्य निहारने ,ऐतिहासिक महत्व को जानने,स्थानीय कला को पहचानने के लिए और दो पल सुकून पाने के लिए लोग आते हैं। स्वच्छ पर्यटन सभी जगह बना रहे ऐसा स्वछता का कार्य जागरूकता से करना होगा। ताकि पर्यटकों को एवं फिल्म निर्माताओं को मप्र की पर्यटन स्थलों का आकर्षण दिलों में जगह बना सके।

– **संजय वर्मा**, मनावर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**कुल** मिलाकर दिल्ली में 192 अस्पताल तैयार हो चुके हैं जिनमें 136 निजी और 56 सरकार द्वारा संचालित अस्पताल हैं।

– **सत्येन्द्र जैन**
दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री



**अमेरिका** में कर्मचारी इस पर मतदान कर रहे हैं कि कार्यस्थल पर यूनियन बनाई जाए या नहीं। ये अच्छा विकल्प है जिसे नियोक्ताओं द्वारा किया जाना चाहिए।

**-जो बाइडेन**
अमेरिकी राष्ट्रपति



**उत्तर** प्रदेश सरकार ने नोएडा के जेवर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को विकसित किए जाने को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है।

– **योगी आदित्यनाथ**
मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश

# भारतीय संस्कृति की आत्मा है संस्कृत : आनंदी बेन पटेल

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**संपूर्णानंद** संस्कृत विश्वविद्यालय के 38वें दीक्षांत समारोह में 29 मेधावियों में 58 स्वर्ण पदक वितरित किए गए। बतौर मुख्य अतिथि मालदीव में पूर्व राजदूत और विदेश मंत्रालय में अपर सचिव अखिलेश मिश्र ने मेधावियों को स्वर्ण पदक वितरित कर जीवन मे सफ्लता के मार्ग पर आगे बढ़ते रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि संस्कृत का भारतीय संस्कृति से अटूट संबंध है। यह विश्व कल्याण की भाषा है। देववाणी में शब्दों की उतपत्ति गुणों से होती है।

भारत की एकजुटता की परंपरा देखनी हो तो केवल संस्कृत में ही मिलती है। अखिलेश मिश्र ने कहा कि संस्कृत की वजह से ही भारत विविधता वाला देश है। संस्कृत के प्रभाव से ही विश्व बंधुत्व की भावना विकसित होती जा रही है। दीक्षांत का अर्थ शिक्षा का अंत नही बल्कि दायित्व निर्वहन की जिम्मेदारी अब और बढ़ गई है।

देश की सांस्कृतिक आत्मा की रक्षा के लिए आगे आने की जरूरत है। समारोह में आचार्य परीक्षा में सर्वाधिक 10 पदक पाकर मीना कुमारी विश्वविद्यालय टॉपर रही। इसके बाद आचार्य परीक्षा में ही सुमित्रानंदन चतुर्वेदी.आशुतोष मिश्र को 5.5 पदक मिले। इस दौरान राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने पंडित रामयत्न शुक्ल को महामहोपाध्याय की उपाधि प्रदान की। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए उत्तर प्रदेश की राज्यपाल और कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने कहा कि संस्कृत भाषा और सनातन संस्कृति की वजह से ही भारत एकता के सूत्र में बंधा है। यह खेद का विषय है कि लंबे समय से संस्कृत भाषा उपेक्षित है। अब नई शिक्षा नीति में संस्कृत अध्ययन को बढ़ावा दिया जा रहा है। अब संस्कृत के प्रचार प्रसार के लिए विद्वानों को आगे आना होगा। सरकार भी संस्कृत भाषा के संवर्धन के लिए प्रयासरत है। संस्कृत केवल भाषा ही नही भारतीय संस्कृति की आत्मा है। नई पीढ़ी को संस्कृत के प्रति जागरूक करने की जरूरत है और इस दिशा में संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय जैसे संस्थानों की अहम भूमिका है। कुलपति प्रो0राजाराम शुक्ल ने अतिथियों का स्वागत करते हुए विश्वविद्यालय की उपलब्धियों को बताया। कार्यक्रम का संचालन कुलसचिव राजबहादुर ने किया।



- 29 मेधावियों को 58 स्वर्णपदक मिले
- दीक्षांत का अर्थ शिक्षा का अंत नहीं बल्कि दायित्व निर्वहन की जिम्मेदारी अब और बढ़ गईः मुख्य अतिथि



### इन्हें मिले मेडल

**सर्वाधिक दस पदकः** साहित्य में मीना कुमारी
**पांच पदकः** नव्य व्याकरण में सुमित्रा नंदन चतुर्वेदी व शुक्ल यजुर्वेद में आशुतोष कुमार मिश्र
**चार पदकः** शंकर वेदांत में भुनेश्वर चैतन्य
**तीन पदकः** धर्मशास्त्र में छविरमण भटराई, दर्शन में शुभम पांडेय, रामानुज वेदांत में सूर्य सेन पांडेय
**दो पदकः** जैन दर्शन में विनय कुमार पांडेय, आयुवेदाचार्य में लक्ष्मी गौतम



### भदोही की मीना को 10 मेडल के साथ 29 मेधावियों को 57 पदक

राज्यपाल आंनदी बेन पटेल मंगलवार को काशी के संपूर्णानंद संस्कृत विश्विद्यालय पहुंची। यहां वे 38वें दीक्षा समारोह में 29 मेधावियों को कुल 57 पदक देंगी। सबसे अधिक 10 मेडल भदोही की मीना कुमारी को दिया गया है। इसमें स्वर्णए रजत व कांस्य तीनों पदक शामिल है। वहीं इस बार सर्वाधिक दस पदक आचार्य की ;साहित्यद्ध की मीना कुमारी स्वर्ण को मिला। मेधावियों की सूची में पांच छात्राएं व 24 छात्र शामिल है। विश्वविद्यालय के खाते में 17 व संबद्ध कालेजों के झोली में 13 मेडल गया है।

### प्रदेश के सभी विवि में जितनी भी डिग्रियां रह गई हैं उसे तत्काल बांटा जाए

यूपी की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों में जितनी भी डिग्रियां रह गई हैं उसे तत्काल बांटा जाए। छात्र.छात्राएं अगर उपस्थित नहीं हो पा रहे हैं उनके पते पर स्पीड पोस्ट से डिग्रियां भेजी जाएं। मंगलवार को संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय दीक्षा समारोह में आई राज्यपाल ने कहा की इस कार्य को करके उन्हें तुरंत सूचित किया जाए।

## ब्लॉक प्रमुख को निरीक्षण में, सीएचसी पर अधिकांश चिकित्सक और कर्मचारी मिले अनुपस्थित

**नवाबगंज उन्नाव।** अगर आप लखनऊ कानपुर राजमार्ग से गुजर रहे है और अनायास कोई दुर्घटना घट जाये तो सीएचसी नवाबगंज के भरोसे मत रहिये क्योंकि न वहां डॉक्टर मिलेंगे न ही दवाइयां। ताज्जुब की बात यह है प्रतिदिन निरीक्षण के बाद भी यहां आम मरीजो को कोई राहत मिलती नहीं दिखती है। लगातार ग्रामीणों क्षेत्रों से प्राप्त होती शिकायतों पर ब्लाक प्रमुख अरुण सिंह ने सुबह 10:40 पर स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्हें इमरजेंसी चिकित्सक के अलावा सीएचसी के अधीक्षक सहित समस्त चिकित्सक अनुपस्थित मिले। जिसके बाद उन्होंने उच्चाधिकारियों से बात कर कार्रवाई कराने की बात कही है। नवाबगंज सीएचसी में ब्लॉक प्रमुख अरुण सिंह को देखते ही स्वास्थ्य कर्मियों में हड़कंप मच गया। ब्लाक प्रमुख ने सीधे चिकित्सा अधीक्षक के कक्ष में जाकर ड्यूटी रजिस्टर मांगा और चेक किया। रजिस्टर के अनुसार इमरजेंसी ड्यूटी में तैनात डॉ राजेश के अलावा उन्हें सभी अनुपस्थित मिले। अनुपस्थित मिलने वालों में सीएचसी प्रभारी डॉ अरुण कुमार, बाल रोग चिकित्सक डॉक्टर शैलेंद अस्थाना,



महिला चिकित्सक डाक्टर रुचि त्रिपाठी, डॉ ऋचा श्रीवास्तव व सर्जन डॉक्टर अखिलेश विक्रम एवं दंत रोग चिकित्सक डॉक्टर रजत मल्होत्रा शामिल रहे। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख ने कहा अनुपस्थित चिकित्सकों और कर्मियों की शिकायत जिलाधिकारी से की जाएगी। ब्लाक प्रमुख ने प्रसव पीड़ित महिलाओं के परिजनों के फोन नंबर लिखे जाने वाला रजिस्टर मांगा जिसे नहीं दिखाया गया।

### दो महीने से नहीं है रैबीज के इंजेक्शन

पक्षी विहार सहित आस पास नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों में बंदरों का आतंक है। अक्सर गांव से लोग इन बंदरों के काटने पर यहां इंजेक्सन लगवाने आते हैं। लेकिन उन्हें निरासा ही हांथ लगती है। कारण यहां पिछले दो माह से इंजेक्शन न होने की बात लगातार बताई जा रही है। ऐसे में लोगों को बाहर से खरीदकर ही इंजेक्शन लगवाना पड़ रहा

## सप्तसागर में लगा जन औषधि स्वास्थ्य शिविर

**वाराणसी।** सप्तसागर स्थित प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्र में सोमवार को लगे शिविरों में सौ से अधिक लोगों के सेहत की जॉच की गई। डॉ0 शैलेन्द्र कुमार ने मरीजों को परामर्श दिया।।डॉ0 शैलेन्द्र कुमार ने बताया कि पूरे भारत में 'जन औषधि सप्ताह के रूप में मनाया जा रहा है। जिसकी पूर्णाहूति 7 मार्च को प्रधानमंत्री के लाईव टेलीकास्ट के माध्यम से पूरे भारत के कुछ चुनिंदा शहरों में आमजन से संवाद स्थपित करते हैं।इस अवसर पर समाजसेवी रामकुमार कपूरिया, राजेश अग्रवाल, अनिल मिश्रा, पार्षद भईया लाल यादव, मिथिलेश राय, आकाश कुमार, सरफ्राज, शुभम् यादव आदि उपस्थित रहे।

## हकीकत कल्पना से है बिल्कुल अनजानः चौधरी

**प्रयागराज।** हकीकत कल्पना से बिलकुल अनजान है। टेलीविजन पर दो साल के लम्बे समय के बाद लौट रही सिंगर सपना चौधरी ने कहा एण्डटीवी का शो मौका ए वारदात भारतीय टेलीविजन पर वापसी करने के लिए बिलकुल परफेक्ट शो है। लोकप्रिय और हरियाणवी सेंसेशन सपना चौधरी आगामी क्राइम सीरीज मौका ए वारदात का हिस्सा बनने जा रही हैं। रहस्यमयी मामलों पर जोर देने वाली वीकडे क्राइम सीरीज है। जिसे देखकर दर्शकों का दिमाग चकरा जाएगा। कोई भी इस बात पर यकीन कर सकता है कि सपना ने कहा मौका ए वारदात का हिस्सा बनकर खुश और उत्साहित हैं। दो साल के अंतराल के बाद क्राइम पर आधारित शो के साथ टेलीविजन पर वापसी कर रही हैं। शो में सबसे अधिक खतरनाक अपराधों में एक प्रस्तावना देते हुए देखा जाएगा। एक एन्थोलॉजी सीरीज है। मौका ए वारदात में सपना चौधरी को नौ मार्च से हर सोमवार से शुक्रवार सिर्फएण्डटीवी पर देखा जा सकेगा। जिसमें असल जिंदगी की घटनाओं से प्रेरित सबसे रोमांचकारी और सबसे रहस्यमयी अपराध की कहानी है।

## जीवन में लोगों से लेनी होगी सीख और प्रेरणा

**प्रयागराज।** कोरोना काल के दौरान अभी हाल ही में शुरू हुआ नया अपना टाइम भी आएगा जयपुर के एक अमीर घराने के हेड स्टाफसदस्य की बेटी रानी के सफर की कहानी है। इसमें रानी मेघा रे अपनी गरीबी की जड़ों से आजाद होना चाहती है और खुद अपनी किस्मत लिखने का फैसला करती है। शो में राजेश्वरी का रोल बखूबी निभा रहीं तनाज़ ईरानी अपने किरदार में जान डालने के लिए कड़ी मेहनत कर रही हैं और सेट पर अपना अतिरिक्त समय भी दे रही हैं। लेकिन सिर्फइतना ही नहीं यह एक्ट्रेस दो बच्चों की मां भी हैं और सेट पर कम समय में ही मल्टी टास्क करते हुए अपने निजी और पेशेवर जीवन के बीच संतुलन बनाना अच्छी तरह जानती हैं। क्या राजेश्वरी के इस रुख से स्थिति बदलेगी या फिर यह रानी के लिए नया जाल बिछाने की रानी सा की कोई चाल है देखिए अपना टाइम भी आएगा। हर सोमवार से शनिवार शाम सात बजे सिर्फज़ी टीवी पर। अपने बच्चों की छोटी छोटी जरूरतें पूरी करने से लेकर ब्रांड कोलैबोरेशन के लिए वीडियो और रील्स बनाने तक तनाज़ ईरानी अपनी मल्टी टास्किंग से यकीनन हम सभी को प्रेरित करती हैं।

## पतंजलि ऋषिकुल में मनाया गया राष्ट्रीय विज्ञान दिवस

**प्रयागराज।** पतंजलि ऋषिकुल में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस को उत्साहपूर्वक मनाया गया। भौतिक विज्ञानी चंद्रशेखर वेंकट रमन के जन्मदिन को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के रूप में मनाया गया। इस बार सभी गतिविधियों के लिए राष्ट्रीय विज्ञान दिवस की थीम फ्यूचर आफसाइंस टेक्नोलाजी एंड इनोवेशन इंपेक्ट ऑफ एजुकेशन स्किल एंड वर्क रखा गया है। पतंजलि ऋषिकुल में इस थीम पर आधारित एप्पल आक्सीडेशन क्रोमेटोग्राफी फ्लावर वाटर मेकिंग इंस्टेंट आईस सन डायल कलर कैबेज टारनाडो इन ए बाटल आदि विभिन्न प्रकार के गतिविधियां कराई गई। प्रधानाचार्य पतंजलि ऋषिकुल नित्यानंद सिंह ने छात्रों के रचनात्मक एवं वैज्ञानिक क्रियाकलापों की प्रशंसा की। साथ ही छात्रों को रोजमर्रा के जीवन में वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने एवं नवाचार के लिए प्रोत्साहित किया। विद्यालय के उपाध्यक्ष डा कृष्णा गुप्ता ने शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं छात्रों के प्रयासों की सराहना करते हुए विज्ञान एवं प्रयोग को महत्वपूर्ण बताया।

## गोष्ठी में क्षेत्राधिकारी ने महिलाओं को किया जागरूक

**पाटन।** बिहार थाना क्षेत्र के गोबरहा गांव में मंगलवार को महिला सशक्तिकरण अभियान के तहत गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्राधिकारी बीघापुर कृपा शंकर कनौजिया द्वारा महिलाओं की सुरक्षा को लेकर शासन स्तर किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। प्राथमिक विद्यालय में आयोजित महिला गोष्ठी को संबोधित करते हुए उन्होंने बताया कि उत्पीड़न का शिकार होने पर थाने पहुंचने वाली महिलाएं पुरुष पुलिस अधिकारियों के समक्ष खुलकर अपनी बात नहीं रख पाती। इसके लिए सरकार के निर्देश पर महिलाओं की निजता को ध्यान में रखते हुए पुलिस थानों में महिला हेल्प डेस्क की स्थापना की गई है। उन्होंने मिशन शक्ति के उद्देश्यों एवं आपातकालीन मदद हेतु 8 टोल फ्री नंबरों की महिलाओं को जानकारी दी। बताया कि वो लड़कियां घर से बाहर पढ़ने, कोचिंग, जॉब के लिये जाती है। और दुर्भाग्यवश यदि उनके साथ छेड़खानी जैसी कोई घटना हो जाती है, तो तत्काल मदद के लिए 1090 पर सूचित करें। परिजनों द्वारा प्रताड़ित किए जाने पर महिलायें 181पर सूचना दे सकती है। जन सुनवाई मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 पर किसी भी प्रकार के विवाद पर सूचित कर सकते है। बच्चे के गुम होने पर, बाल श्रम, बाल विवाह जैसी चीजों के लिये चाइल्ड केयर लाइन 1098 पर सूचित कर सकते है। इसके अलावा 112, 108, 102, व 101 टोल फ्री नंबरों के विषय मे भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य है कि इन सभी टोल फ्री नंबरों के विषय में हर किसी को जानकारी होनी चाहिए। गोष्ठी में बिहार थाना प्रभारी संतोष सिंह व चौकी प्रभारी योगेन्द्र प्रताप सिंह भी मौजूद रहे।

## दो दिवसीय महिला जनसुनवाई एवं जागरूकता चौपाल आज से

**उन्नाव।** जिला प्रोबेशन अधिकारी रेनू यादव ने बताया मिशन शक्ति के अन्तर्गत दो दिवसीय महिला जनसुनवाई एवं जागरूकता चौपाल का आयोजन मनोरमा शुक्ला सदस्य राज्य महिला आयोग के नेतृत्व में किया जायेगा। बताया कार्यक्रम के तहत 03 मार्च को तहसील हसनगंज में तथा 04 मार्च को डी0एस0एन0 महाविद्यालय में महिला जनसुनवाई एवं जागरूकता चौपाल आयोजित की गयी है। महिला जनसुनवाई एवं जागरूकता चौपाल में महिला कल्याण हेतु संचालित विभिन्न योजनाएं जिसमें मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, पति की मृत्यु के उपरान्त निराश्रित महिला (विधवा) पेंशन योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, उ0प्र0 रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान कोष, अत्याचार से प्रभावित अनसूचित जाति की पीड़िताओं को आर्थिक सहायता, चिकित्सा विभाग की योजनाओं, महिलाओं को प्राप्त सुविधाओं की समीक्षा, ग्रामीण आर्थिक विकास और नियोजन में महिलाओं की भागीदारी, ग्राम्य विकास, एस0एच0जी0एस तथा ओ0डी0ओ0पी0 योजना, दिव्यांगजन से शादी करने पर पुरस्कार, आंगनवाड़ी योजना, अल्पसंख्यक वर्ग हेतु शादी अनुदान योजना, महिला शिक्षा, ग्रामीण शौचालय की स्थिति, गांव में तैनात चौकीदार की उपस्थिति आदि का आंकलन कर आवश्यकतानुसार सुधारात्मक उपाय कराने तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं को जरूरतमंदों तक शतप्रतिशत पहुँचाकर महिलाओं को उनके अधिकारों, विद्यमान कानूनों की जानकारी, पात्र महिलाओं का सम्बन्धित योजनाओं में रजिट्रेशन कराने तथा योजनाओं का साहित्य वितरण कर जागरूक किया जाना है।

## नि:संतानता का उपचार उपलब्ध कराना प्राथमिकता: डा.अजय

**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज

**नि:संतानता** उपचार क्लिनिक्स की श्रृंखला इन्दिरा आईवीएफ ने चिकित्सा विशेषज्ञता और तकनीकी कौशल द्वारा पचहत्तर हजार सफ्ल आईवीएफ प्रेगनेंसीज़ का मुकाम हासिल कर लिया है। इन्दिरा आईवीएफ एक उद्देश्य के साथ स्वास्थ्य सेवा संगठन के रूप में भारत के दूरदराज के क्षेत्रों तक नि:संतानता का उपचार उपलब्ध कराने पर गौरवान्वित महसूस करता है। 2011 में अपनी स्थापना और सम्पूर्ण भारत में 94 केन्द्रों के साथ एक लाख साईकिल्स करके आज इन्दिरा आईवीएफ देश की सबसे बड़ी और सबसे विश्वसनीय फर्टिलिटी हॉस्पिटल श्रृंखला है। इन्दिरा आईवीएफ के संस्थापक और चेयरमैन डा अजय मुर्डिया ने कहा कि उन परिवारों के बारे में सोचने पर संतुष्टि मिलती है। जिन्हें अपने काम से प्रभावित किया है। समाज में नि:संतानता के प्रति नज़रिये को बदलने की शुरूआत की थी और खुशी की बात यह है कि हम इसमें सफ्ल हुए हैं। इस समस्या के समाधान के लिए लोग चिकित्सा विज्ञान की ओर रुख कर रहे हैं। डा क्षितिज मुर्डिया ने कहा कि सफ्लता की सभी कहानियां सफ्ल क्लिनिकल परिणामों पर सामूहिक रूप से दिये गये ध्यान का परिणाम है। यह सुनिश्चित किया है कि विश्व स्तरीय तकनीक हमारे लक्ष्यों को प्राप्त करने का मुख्य स्त्रोत बनती है। इसके अलावा नवीनतम हेल्थकेयर टेक्नोलॉजी को शामिल करते हुए कुछ ही समय में हमारी संगठनात्मक विशेषज्ञता में परिवर्तन किया है। पिछले साल अपनी प्रगति और लक्ष्यों को तेजी से पूर्ण करने के लिए एक मजबूत टीम का गठन किया।

## महाशिवरात्रि पर गर्भगृह में शिवलिंग को स्पर्श की अनुमति नहीं: कमिश्नर

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**कमिश्नर** दीपक अग्रवाल ने कहा कि महाशिवरात्रि पर श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर में चारों द्वारों से झांकी दर्शन की व्यवस्था रहेगी। गर्भगृह में जाने और शिवलिंग स्पर्श की अनुमति नहीं मिलेगी। जलाभिषेक के लिए चारों द्वार पर अरघे लगाए जाएंगे। मैदागिन की ओर से आने वाले श्रद्धालु छत्ताद्वार से 20 मीटर पहले चौक से मंदिर के पूर्वी गेट से दर्शन पाएंगे और वापसी मणिकर्णिका गली द्वार की ओर से होगी। वीआइपीए सुगम दर्शनए दिव्यांगजन छत्ताद्वार से प्रवेश कर मंदिर के दूसरे गेट पर दर्शन कर उसी से वापस होंगे। गोदौलिया से आने वाले श्रद्धालु बांस फाटकए ढूंढिराज गणेश द्वार से मंदिर के पश्चिमी गेट से प्रवेश कर दर्शन करेंगे। स्थानीय लोग सरस्वती फाटक गली से मंदिर दक्षिणी गेट पर परंपरागत ढंग से जा सकेंगेए यह व्यवस्था पूर्ववत रहेगी। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु चार एलईडी स्क्रीन लगेंगे। लाइव टेलीकास्ट होगा। मैदागिनए गोदौलिया पर साउंड सिस्टम से समुचित जानकारी प्रसारित की जाएगी। डाक्टरों की टीम के साथ एंबुलेंस मंदिर परिसर पर ही उपलब्ध रहेगी।

### वाहन पार्किंग की व्यवस्था

कमिश्नर ने शिव बरात के रूट को ठीक-ठाक करने के निर्देश दिए है। मैदागिन से आगे श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर की ओरए गोदौलिया साइड वाहन नहीं जा सकेंगे। इसके लिए शहर में विभिन्न स्थलों यानी क्वींस कॉलेजए टाउनहॉल के समीपए लहुराबीर एवं मछोदरी क्षेत्र आदि में वाहन पार्किंग की व्यवस्था होगी।

### राजघाट पर तीन दिनी महोत्सव अंतिम दिन कैलाश खेर

बाबा से जुड़े पर्व पर राजघाट पर तीन दिनी महाशिवरात्रि महोत्सव आयोजित किया जाएगा। इसमें 11 मार्च को स्थानीय कलाकार सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देंगे। 12 मार्च को कवि सम्मेलन और 13 मार्च को कैलाश खेर सुर गंगा बहाएंगे। महोत्सव स्थल पर प्रदर्शनी भी लगेगी जिसमें विभिन्न विभागों के स्टाल भी होंगे। बैठक में आइजी विजय सिंह मीणाए डीएम कौशल राज शर्माए एसएसपी अमित पाठकए काशी विश्वनाथ मंदिर सीईओ सुनील वर्मा समेत अन्य विभागीय अधिकारी थे।

### पंचकोसी परिक्रमा की व्यवस्था तत्काल ठीक कराएंः कौशलराज शर्मा

**वाराणसी।** कौशल राज शर्मा ने सभी उप जिलाधिकारी एवं खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया है कि महाशिवरात्रि पर पंचकोसी परिक्रमा के दौरान श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी नहीं होनी चाहिए।

डीएम ने कैंप कार्यालय में बैठक के दौरान उपजिलाधिकारी व खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिया कि पंचकोसी यात्रा मार्ग की समुचित साफसफाई, मार्ग की मरम्मत, मार्ग में विद्युतए पेयजल की व्यवस्थाए धर्मशाला एवं सार्वजनिक भवनों की समुचित साफसफाई कराएं।

पब्लिक टॉयलेट पर सफाई कर्मियों की तैनाती की जाए। मार्ग में कहीं अवैध अतिक्रमण है तो तत्काल हटवा दिए जाएं। किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए। बैठक में सभी विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

## शिक्षा अधिकरण न्याय व्यवस्था को कमजोर करने का तंत्रः त्रिपाठी

**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज

**शिक्षा सेवा** अधिकरण को लेकर इलाहाबाद हाईकोर्ट के अधिवक्ता हड़ताल पर हैं। अधिकरण की उपयोगिता और इसकी वैधानिकता पर बहस छिड़ गयी है।

संविधानविद वरिष्ठ अधिवक्ता अमरनाथ त्रिपाठी कहते हैं कि मूल संविधान में अधिकरण की परिकल्पना नही थी। 42 वें संविधान संशोधन से अनुच्छेद 323 ए के तहत संसद के कानून से केन्द्रीय प्रशासनिक सेवा अधिकरण बनाने की व्यवस्था की गयी है। अनुच्छेद 323 बी में राज्य सरकार को अन्य अधिकरण बनाने का अधिकार दिया गया है। जिसमें शिक्षा शामिल नही है।

सुप्रीम कोर्ट ने टीएमएपई केस मे राय दी कि प्राइवेट व अल्पसंख्यक शिक्षण संस्थान के टीचर व स्टाफके लिए न्याय का फोरम दिया जाना चाहिए। इन्हें सिविल कोर्ट के भरोसे न्याय पाने के लिए छोडा नही चाहिए सकता। सरकारी या वित्तीय सहायता प्राप्त शिक्षण संस्थाओं के सेवा कानून बने है। जिसका सहारा लेकर हाईकोर्ट से न्याय प्राप्त कर रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने प्राइवेट शिक्षण संस्थान के लिए अधिकरण देने की बात की थी किन्तु राज्य सरकार ने वित्तीय सहायता प्राप्त शिक्षण संस्थान के अध्यापकों स्टाफ के लिए अधिकरण बनाकर सुप्रीम कोर्ट की राय के विपरीत कार्य किया है। श्री त्रिपाठी ने कहा कि अनुच्छेद 226 में हाईकोर्ट को अंतर्निहित शक्तियां प्राप्त है। सुप्रीम कोर्ट के तमाम फैसलों ने अध्यापकों को इसके उपयोग का अधिकार दिया है। अब नये शिक्षा सेवा अधिकरण कानून से हाईकोर्ट के अधिकार में कटौती करने की कोशिश की गयी है।अधिकरण के फैसले के खिलाफअपील सुप्रीम कोर्ट मे होगी। एल चंद्र कुमार केस में सुप्रीम कोर्ट ने केन्द्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण मामले में कहा कि हाईकोर्ट की रिब्यू करने के अधिकारों में कटौती नही की जा सकती। इस फैसले के खिलाफ नये कानून में व्यवस्था देकर कोर्ट का मखौल उडाया गया है।

श्री त्रिपाठी ने कहा कि अमल्गामेशन आर्डर 1948 से लखनऊ की चीफकोर्ट को दो कमिश्नरियों का क्षेत्राधिकार दिया गया। जिसे राज्य पुनर्गठन के बाद इलाहाबाद हाईकोर्ट की खंडपीठ माना गया। दो मंडलों के अलावा पूरे प्रदेश का क्षेत्राधिकार इलाहाबाद हाईकोर्ट को है। शिक्षा सेवा अधिकरण की पीठ लखनऊ में बनाकर सरकार हाईकोर्ट के क्षेत्राधिकार में हस्तक्षेप कर रही है। जिसका उसे अधिकार नही है। लखनऊ पीठ के केस इलाहाबाद में सुने जा सकते हैं किन्तु इलाहाबाद के केस लखनऊ पीठ को सुनने का वैधानिक अधिकार नही है। श्री त्रिपाठी ने कहा कि 86 वें संविधान संशोधन से शिक्षा अधिकार को अनुच्छेद 21 के तहत मूल अधिकार में शामिल कर लिया गया है। अनिवार्य शिक्षा कानून 2009 संसद द्वारा पारित किया गया है।समवर्ती सूची में होने के बावजूद शिक्षा केन्द्र सरकार के अधिकार मे चली गयी है।एनसीटीई के नियम सभी राज्यो पर लागू है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के जरिये केन्द्रीय नियंत्रण है। ऐसे में राज्य सरकार को शिक्षा अधिकरण बनाने का अधिकार नही है। वैसे भी यदि अधिकरण बनाना ही है तो मद्रास हाईकोर्ट बार एसोसिएशन केस में सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि जहां हाईकोर्ट की पीठ हो वही अधिकरण बनाया जाए ताकि हाईकोर्ट के अधीक्षण में आसानी हो। मेसर्स टार्क फार्मास्युटिकल केस में हाईकोर्ट ने कहा है कि हाईकोर्ट पीठ व प्रधानपीठ समानार्थी है। इलाहाबाद हाईकोर्ट की प्रधानपीठ प्रयागराज में है। ऐसी दशा में अधिकरण की पीठ प्रयागराज में ही होनी चाहिए।

## रेलवे ने सौ प्रतिशत विद्युतीकरण की दिशा में बढ़ाया कदम

**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज

**भारतीय रेल** अपने पूरे नेटवर्क के सौ प्रतिशत विद्युतीकरण के लक्ष्य से तीव्र गति से कार्य कर रही है। उत्तर मध्य रेलवे जो भारतीय रेल के महत्वपूर्ण घटक के रूप में राष्ट्र के पूर्वी पश्चिमी और दक्षिणी हिस्सों को उत्तरी भाग तक महत्वपूर्ण संपर्क प्रदान करती है। अपने खंडों के विद्युतीकरण के लिए तीव्र गति से प्रयासरत है। ज्ञात हो कि उत्तर मध्य रेलवे के महत्वपूर्ण ट्रंक मार्ग पहले से ही विद्युतीकृत हैं और इन के अलावा शाखा लाइनों पर शेष खंडों को भी तीव्र गति से विद्युतीकृत किया जा रहा है। 100 प्रतिशत विद्युतीकरण के इस लक्ष्य को हासिल करने के क्रम में उत्तर मध्य रेलवे के आगरा मंडल के भंडई उड़ी मोड़ इटावा सिंगल लाइन सेक्शन को 25 केवी एसी सिंगल फेज 50 हट्र्ज पर ओएचई को ऊर्जीकृत करने के क्रम में 27 फरवरी को ईआईजी स्वीकृति प्राप्त हो गई है। सीपीआरओ अजीत कुमार सिंह ने बताया कि इसके उपरांत इस खंड में इलेक्ट्रिक ट्रेनों के नियमित संचालन के पहले 28 फरवरी को झांसी लोको शेड के विद्युत लोको नंबर 222282 द्वारा एक परीक्षण भी किया गया। इसके अलावा चालू वर्ष 2021 के दौरान पहले दो महीनों में अलीगढ़ गाज़ियाबाद खंड के बीच लाइन पर बाई डायरेक्शनल स्वचालित सिग्नलिंग कार्य के संबंध में चोला यार्ड का विद्युतीकरण चुनार चोपन सेक्शन पर सोनभद्र में 132⁄25 केवी के ट्रैक्शन सब स्टेशन के ओएचई के ऊर्जाकरण कार्य ऊंचडीह स्टेशन पर हॉट एक्सल साइडिंग के लिए ओएचई का ऊर्जाकरण और तीन अलग अलग स्थानों पर 09 ऑक्ज़ीलरी ट्रांसफार्मर के प्रावधान के कार्य को भी पूरा किया गया है।

## फरियादियों की समस्याओं का त्वरित व गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण हो: जिलाधिकारी

**संवाददाता।** बांगरमऊ उन्नाव

**जिलाधिकारी** रवीन्द्र कुमार ने सम्पूर्ण समाधान दिवस बांगरमऊ की अध्यक्षता करते हुए अधीनस्थ अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा जनता की समस्याओं एवं शिकायतों का समाधान गुणवत्तापूर्वक किया जाय। जनपद का प्रत्येक व्यक्ति महत्वपूर्ण है। उसकी समस्या का समाधान करना हमारा दायित्व एवं कर्तव्य है। इसलिए सभी अधिकारी अपनी कार्य शैली में परिवर्तन लाएं और कार्य को गुणवत्ता पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि अगर कोई शिकायत हमारे पास या अगले तहसील दिवस में आती है, तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। शिकायतों का वास्तविक निस्तारण करें ताकि शिकायतकर्ता को तहसील दिवस का लाभ मिल सके। पंचायत चुनाव आने वाले हैं अगर इसी तरह शिकायतें लंबित रहीं तो आगे कार्य करने में दिक्कत होगी। उन्होंने कहा कि जो भी शिकायतें विकास, राजस्व व राशन कार्ड आदि की आती है उनका गुणवत्ता पूर्वक निस्तारण किया जाय। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी बांगरमऊ को निर्देश दिये कि भूमि, मेड, जोत सम्बन्धी कब्जे आदि की जो शिकायतें आ रही है उनकी पैमाइस करायें। विवादित मामलों पर मौके पर जा कर समस्याओं का समाधान करें।

- समाधान दिवस में 119 शिकायती पत्र हुए पंजीकृत, छह का हुआ निस्तारण

तहसील दिवस में राजस्व विभाग से 59, पुलिस विभाग से 23, विकास विभाग से 09, समाज कल्याण विभाग से 04, कृषि विभाग से 03, चकबन्दी विभाग से 05, अन्य से 16 कुल मिलाकर 119 शिकायतें आयी, जिसमें से मौके पर 06 शिकायतों का निस्तारण किया गया। जिलाधिकारी ने कहा यदि शिकायतों के निस्तारण से शिकायतकर्ता असंतुष्ट रहते हैं तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। सभी अधिकारी अपने कार्य को पूरीलगन, तत्परता व गुणवत्ता के साथ समय से पूर्ण करें।



संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंचे क्षेत्र के ग्राम माढ़ापुर निवासी किसान अनिल कुमार ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर कहा कि बीते 22 दिसंबर को उसने कृषि उत्पादन मंडी यार्ड स्थित विपणन क्रय केंद्र पर 39 कुंतल 50 किलो मक्का बेची थी । लेकिन आज तक भुगतान नहीं मिला । अनिल ने जिला विपणन अधिकारी को भी शिकायती पत्र देकर भुगतान की मांग उठाई । लेकिन वहां से भी कोई लाभ नहीं मिला। अनिल के शिकायती पत्र पर कार्यवाही करते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी को तुरंत खाते में धनराशि ट्रांसफर करने के निर्देश दिए। उन्होंने कोविड-19 के दृष्टिगत सोशलडिस्टेसिंग के पालन के निर्देश दिये। कहा कि वैश्विक महामारी से बचने की अभी आवश्यकता है इस हेतु सभी आम जनमानस मास्क लगाकर घर से बाहर निकलें अनावश्यक रूप से घर से बाहर न निकलें। मास्क लगाएं और 2 गज की दूरी का पालन अवश्य करें।

तहसील दिवस के अवसर में पुलिस अधीक्षक आनंद कुलकर्णी, मुख्य विकास अधिकारी डा0 राजेश कुमार प्रजापति, उप जिलाधिकारी दिनेश कुमार व तहसीलदार रश्मि सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 आशुतोष कुमार सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### किशोरी ने युवक पर लगाया छेड़छाड़ का आरोप

कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी ने संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर गांव के ही एक युवक पर छेड़छाड़ और मार पीट करने का आरोप लगाया है। प्रार्थना पत्र में किशोरी ने कहा है कि बीते 25 फरवरी को वह गांव से कस्बा गंजमुरादाबाद की बाजार पैदल जा रही थी। तभी गांव निवासी रोहित पुत्र सुकरू बाइक से आ धमका और बाइक रोककर कहने लगा कि मैं गंजमुरादाबाद जा रहा हूं। मेरी बाइक पर बैठ जाओ। इंकार करने पर रोहित बाइक से उतरा और किशोरी को बुरी नियत से दबोचकर अश्लील हरकते करने लगा । राहगीरों को आता देख छोड़कर भाग खड़ा हुआ। किशोरी का आरोप है कि जब वह गंजमुरादाबाद से गांव लौटी तो गाँव के बाहर रोहित ने अपने परिजनों के साथ मिलकर उसकी जमकर पिटाई की। जिससे वह बेहोश हो गई थी। होश आने पर उसने डायल 112 पुलिस को सूचना दी। सूचना पर मौके पर पुलिस भी पहुंची। लेकिन आरोपी के विरूद्ध कोई कार्यवाही नहीं की। 28 फरवरी को किशोरी ने कोतवाली में प्रार्थना पत्र दिया । लेकिन कोतवाली पुलिस ने भी उसके प्रार्थना पत्र को ठंडे बस्ते में डाल दिया । किशोरी ने जिलाधिकारी से घटना की रिपोर्ट दर्ज करने के निर्देश देने की मांग उठाई है।

# नड्डा की पार्टी नेताओं को नसीहत, आत्म विश्लेषण करें और प्रासंगिकता बनाए रखें

**भाषा।** जयपुर

**राजस्थान** भाजपा में धड़ेबंदी व खींचतान के आरोपों के बीच पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने मंगलवार को पार्टी नेताओं से आत्मविश्लेषण करने और अपनी प्रासंगिकता तथा स्वीकार्यता बढ़ाने को कहा। नड्डा ने यह बात मंगलवार को पार्टी की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक के उद्घाटन सत्र में कही। उन्होंने पार्टी नेताओं व पदाधिकारियों को सतत आत्मविश्लेषण की नसीहत देते हुए कहा, मैं चर्चा नहीं करना चाहता लेकिन हमने आत्मविश्लेषण लगभग छोड़ दिया है।

उन्होंने कहा, मेरा यहां बैठे सभी लोगों से निवेदन है कि आप आत्मविश्लेषण करें और तय करें कि प्रतिबद्धता के साथ-साथ हमारी उपयोगिता और प्रासंगिकता क्या और कितनी है। उन्होंने कहा, राजनीति वह जगह है जहां आपको प्रासंगिक बने रहना होता है। प्रासंगिकता का मतलब है कि आप पार्टी में कितना योगदान करते हैं आपकी उपयोगिता कितनी है। आप में साथ लेकर चलने की क्षमता कितनी है। हमें यह विश्लेषण करना चाहिए कि क्या हम परिपक्वता से काम कर रहे हैं।

नड्डा राजस्थान भाजपा की नई प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उनके साथ मंच पर राजस्थान प्रभारी अरुण सिंह, प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनियां, पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत व अर्जुनराम मेघवाल, राज्यसभा सदस्य ओम माथुर भी मौजूद थे। भाजपा अध्यक्ष ने कहा, मैं इसलिए सारी बातें आपसे कर रहा हूं क्योंकि यह हमारे जहन में होनी चाहिए कि हम संगठन की दृष्टि से अपनी उपयोगिता कैसे बढ़ा सकते हैं कैसे हम और परिपक्व हो सकते हैं, कैसे अपनी स्वीकार्यता बढ़ा सकते हैं। नड्डा ने कहा, लीडर (नेता) किसी के कहने से नहीं बनते लीडर (नेता) अपने एक्शन (काम) से बनते हैं। और हमेशा ध्यान रखना चाहिए कि हमारी स्वीकार्यता तभी बढ़ती है जब हम सबको साथ लेकर चलते हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी नेता ध्यान रखें कि कार्यकर्ता समस्या नहीं समाधान होता है।

उल्लेखनीय है कि राजस्थान भाजपा में खींचतान व धड़ेबंदी की खबरें आए दिन स्थानीय मीडिया में आ रही हैं और सत्तारूढ़ कांग्रेस के नेता इस पर कटाक्ष करते हैं। पिछले ही दिनों भाजपा विधायकों के एक धड़े ने भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनियां को पत्र लिखकर विधानसभा में जनहित के मुद्दे उठाने के लिए समय नहीं दिए जाने से विधायकों में हो रही निराशा की बात की थी।



जयपुर में बिरला ऑडिटोरियम में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा राजस्थान भाजपा की कार्यकारिणी बैठक में शिरकत करते हुए।

## पश्चिम बंगाल में बसे बिहार के लोग विकास के लिए वोट करेंगे : मनोज तिवारी

**नई दिल्ली।** दिल्ली में भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने कहा कि बंगाल में रहने वाले बिहार के लोग आगामी विस चुनाव में ममता बनर्जी नीत टीएमसी का समर्थन करने की तेजस्वी की अपील को अनसुना करेंगे और राज्य के विकास के लिए वोट करेंगे। उत्तर पूर्वी दिल्ली से सांसद तिवारी बिहार से हैं। राज्य के नेताओं को बिहार और अन्य राज्य के लोगों को वोट बैंक की तरह इस्तेमाल करना बंद कर देना चाहिए। तिवारी ने कहा, तेजस्वी को बिहार चुनाव से सीख लेनी चाहिए, लोगों ने अपनी विकास की आकांक्षाओं के लिए भाजपा और जदयू के समर्थन में वोट किया। बंगाल में रह रहे बिहार के लोगों से तृणमूल का समर्थन करने की उनकी (तेजस्वी की) अपील बेकार जाएगी क्योंकि वे भाजपा और विकास के लिए वोट करेंगे। बंगाल विस चुनाव में धर्मनिरपेक्ष राजनीतिक पार्टियों के बीच एकजुटता लाने के मकसद से राजद के नेता यादव ने सोमवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से मुलाकात की।

# प्रशांत किशोर ने भी दीदी का साथ छोड़ दिया: भाजपा

**नई दिल्ली।** चुनाव रणनीतिकार प्रशांत किशोर को पंजाब के मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह द्वारा प्रधान सलाहकार नियुक्त किए जाने पर भाजपा ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस की अध्यक्ष ममता बनर्जी पर तंज कसा और कहा कि अब तो उन्होंने (किशोर ने) भी दीदी का साथ छोड़ दिया है। सम्मेलन के दौरान एक सवाल के जवाब में पार्टी प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा, प्रशांत ने भी दीदी का साथ छोड़ दिया है। इससे पहले कि चुनाव के नतीजे घोषित हो, दीदी के सबसे बड़े सलाहकार घर छोड़कर दूसरे के घर जा रहे हैं। प्रशांत किशोर पश्चिम बंगाल की सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस के प्रमुख रणनीतिकार के रूप में काम कर रहे हैं। पश्चिम बंगाल में 27 मार्च से आठ चरणों में विधानसभा चुनाव होने हैं। हाल के वर्षों में वह कई विधानसभा चुनावों में भाजपा-विरोधी दलों के लिए काम कर चुके हैं। पात्रा ने कहा कि प्रशांत किशोर का अमरिंदर सिंह के साथ जाना अपने आप में बहुत कुछ कहता है।उन्होंने कहा, अमित शाह (केंद्रीय गृह मंत्री) और जे पी नड्डा (भाजपा अध्यक्ष) हर बार कहते हैं कि बंगाल में भाजपा की सीटें 200 के पार होंगी। आज हर कोई इस बात को स्वीकार करता है और जो तथाकथित राजनीतिक सलाहकार है वह भी इस बात से अच्छी तरह से अवगत हैं। अमरिंदर सिंह ने सोमवार को खुद यह घोषणा की थी कि प्रशांत किशोर को उनका प्रधान सलाहाकार नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति काफी महत्व रखती है क्योंकि अगले साल की शुरुआत में पंजाब में विधानसभा चुनाव होने हैं। किशोर की कंपनी, इंडियन पॉलिटिकल एक्शन कमेटी पश्चिम बंगाल के आगामी चुनाव में ममता बनर्जी की पार्टी तृणमूल कांग्रेस की सहायता कर रही है। किशोर ने 2017 के पंजाब विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के चुनाव अभियान को भी संभाला था जब पार्टी 117 सदस्ईय सदन में 77 सीटें जीतकर सत्ता में पहुंची थी। किशोर ने वर्ष 2014 के आम चुनाव में नरेंद्र मोदी के अभियान की कमान संभाली थी।

# सरकार के फैसले के चलते भारत में बेरोजगारी चरम पर: मनमोहन

**तरूवनंतपुरम।** पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह ने मंगलवार को केंद्र पर करारा प्रहार करते हुए कहा कि 2016 में भाजपा नीत सरकार द्वारा बगैर सोच-विचार के लिए गए नोटबंदी के फैसले के चलते देश में बेरोजगारी चरम पर है और अनौपचारिक क्षेत्र खस्ताहाल है। उन्होंने राज्यों से नियमित रूप से परामर्श नहीं करने को लेकर भी केंद्र की (प्रधानमंत्री) नरेंद्र मोदी सरकार की आलोचना की। आर्थिक विषयों के थिंक टैंक राजीव गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ डेवलपमेंट स्टडीज द्वारा डिजिटल माध्यम से आयोजित एक विकास सम्मेलन का उदघाटन करते हुए सिंह ने कहा कि बढ़ते वित्तीय संकट को छिपाने के लिए भारत सरकार और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा किए गए अस्थाई उपाय के चलते आसन्न कर्ज संकट से छोटे और मंझोले (उद्योग) क्षेत्र प्रभावित हो सकते हैं और इस स्थिति की हम अनदेखी नहीं कर सकते हैं। उन्होंने प्रतीक्षा 2030 में कहा, बेरोजगारी चरम पर है और अनौपचारिक क्षेत्र खस्ताहाल है। यह संकट 2016 में बगैर सोच-विचार के लिए गए नोटबंदी के फैसले के चलते पैदा हुआ है। सम्मेलन का आयोजन एक दृष्टि पत्र पेश करने के लिए किया गया, जो केरल में विधानसभा चुनाव से पहले राज्य के विकास पर विचारों का एक प्रारूप है। सिंह ने कहा कि केरल और कई अन्य राज्यों में लोक वित्त अव्यवस्थित है, जिसके चलते राज्यों को अत्यधिक मात्रा में कर्ज लेना पड़ा है और इससे भविष्य के बजट पर असहनीय बोझ बढ़ गया है। पूर्व प्रधानमंत्री ने कहा, संघवाद और राज्यों के साथ नियमित परामर्श भारतीय अर्थव्यवस्था और राजनीतिक दर्शन का आधार स्तंभ है, जो संविधान में निहित है, लेकिन मौजूदा केंद्र सरकार ने इससे मुंह मोड़ लिया है। सिंह ने कहा कि हालांकि केरल के सामाजिक मानदंड उच्च हैं, लेकिन ऐसे अन्य क्षेत्र भी हैं जिन पर भविष्य में ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने कहा, आगे कई अड़चनें हैं, जिन्हें राज्य को पार करना होगा। पिछले दो-तीन साल में वैश्विक अर्थव्यवस्था में सुस्ती (कोविड-19) महामारी के चलते और बढ़ गई है, जिसका केरल पर भी प्रभाव पड़ा है। सिंह ने कहा, डिजिटल माध्यमों के उपयोग बढ़ने से आईटी (सूचना प्रौद्योगिकी) क्षेत्र अपनी रफ्तार कायम रख सकता है, लेकिन पर्यटन क्षेत्र बुरी तरह से प्रभावित हुआ है और केरल में महामारी ने इस क्षेत्र(पर्यटन) को काफी प्रभावित किया है। उन्होंने इस बात का जिक्र किया कि स्वास्थ्य एवं शिक्षा पर जोर देने से केरल को देश में कहीं भी और विश्व के सभी हिस्सों में रोजगार के अवसरों का लाभ मिलेगा। सिंह ने कहा कि इससे देश में विदेशी मुद्रा (प्रवासियों द्वारा भेजी जाने वाली) के प्रवाह में वृद्धि हुई है, जिसके चलते रियल स्टेट क्षेत्र में उछाल आया और सेवा क्षेत्र में तीव्र वृद्धि हुई। पूर्व प्रधानमंत्री ने राज्य विधानसभा चुनाव के लिए घोषणापत्र में न्याय जैसे विचार को शामिल करने को लेकर केरल की कांग्रेस नीत यूडीएफ के फैसले की सराहना की। 2019 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के चुनावी घोषणापत्र में यह योजना पेश की गई थी, जिसका उद्देश्य गरीबों को प्रत्यक्ष नकद अंतरण (सीधे उनके बैंक खाते में पैसे) उपलब्ध कराना है। कहीं अधिक चिकित्सा संस्थानों के जरिए नि:शुल्क स्वास्थ्य सेवाओं जैसे उपाय सामाजिक क्षेत्र के बुनियादी ढांचे को मजबूत करेंगे, जिससे समावेशी विकास का मार्ग प्रशस्त होगा और इसमें वंचित तबकों की जरूरतों पर ध्यान दिया जा सकेगा। सिंह ने कहा, यह कांग्रेस की विचारधारा का सार तत्व है और यह खुशी की बात है कि यूडीएफ के सभी दलों के इस पर समान विचार हैं। पूर्व प्रधानमंत्री ने कहा कि गरीबों की मदद करने के लिए इस तरह की योजनाएं अर्थव्यवस्था को भी एक झटके में चालू कर देगीं क्योंकि इनसे मांग पैदा होगी, जिससे अधिक उत्पादन होगा, खासतौर पर छोटे एवं सूक्ष्म उद्योग क्षेत्र में, कृषि क्षेत्र में और असंगठित क्षेत्र में...इसके परिणामस्वरूप रोजगार के अधिक अवसर सृजित होंगे और राष्ट्रीय स्तर पर लंबी आर्थिक सुस्ती के बाद अर्थव्यवस्था तेजी से पटरी पर लौटने लगेगी।

## क्विक न्यूज

### फडणवीस ने हस्तियों के ट्वीट का मुद्दा उठाया, देशमुख ने किया बचाव

**मुंबई।** भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस ने मंगलवार को दिल्ली के नजदीक किसानों के आंदोलन को लेकर कुछ विदेशी हस्तियो के ट्वीट के बाद भारत के समर्थन मे सचिन तेंदुलकर एवं लता मंगेशकर की ओर से किए गए ट्वीट की कथित जांच कराने को लेकर महाराष्ट्र सरकार पर निशाना साधा। महाराष्ट्र के गृहमंत्री अनिल देशमुख ने हालांकि इन आरोपों का खंडन करते हुए कहा कि राज्य सरकार ने भाजपा के आईटी प्रकोष्ठ के ट्वीट की जांच करने के आदेश दिए थे न कि क्रिकेटर तेंदुलकर और गायिका लता मंगेशकर द्वारा किए गए ट्वीट की। देशमुख ने कहा था कि राज्य का खुफिया विभाग इस बात की जांच करेगा कि किसान आंदोलन को लेकर कुछ हस्तियों ने दबाव में तो ट्वीट नही किया। तेंदुलकर एवं मंगेशकर सहित कई प्रमुख हस्तियो ने केंद्र सरकार द्वारा सोशल मीडिया पर चलाए हैशटैग भारत एकजुट है एवं भारत प्रोपगेंडा के खिलाफ है के साथ ट्वीट किया था। फडणवीस ने महाराष्ट्र विधानसभा में कहा कि तेंदुलकर और मंगेशकर ने भारत प्रोपगेंड के खिलाफ है और भारत एकजुट है ट्वीट किया था। क्या इस देश मे भारत एकजुट कहना गलत है?कोई खड़ा होता है और गृहमंत्री से शिकायत करता है। फडणवीस ने कहा कि देशमुख ऐसी शिकायतो पर कार्वाई करने से पहले सोचें। देशमुख ने हालांकि फडणवीस के आरोपों से इनकार कर दिया। मंत्री ने कहा, मैने तेंदुलकर या मंगेशकर की जांच कराने की बात नही की थी। मैने राजनीतिक पार्टी के आईटी प्रकोष्ठ की जांच कराने की बात कही थी जिसका नाम मै नही ले रहा। 12 लोगो का नाम आया है और उनके खिलाफ कार्वाई की जाएगी। देशमुख ने कहा कि यह भाजपा का आईटी प्रकोष्ठ है।

### भाजपा नेता ने फोन पर धमकी मिलने के मामले में शिकायत दर्ज कराई

**मुंबई।** महाराष्ट्र भाजपा की नेता चित्रा वाघ ने पुलिस मे शिकायत देकर आरोप लगाया है कि उन्हें फोन पर धमकी दी जा रही है और उनकी छेड़छाड़ की गई तस्वीरो को फैलाया जा रहा है। पुलिस ने उनकी शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज कर ली है। वाघ बीते कुछ दिनों के दौरान महाराष्ट्र सरकार पर भाजपा की ओर से हमला बोलने वालों मे सबसे आगे रही है और उस राज्य मंत्री के इस्तीफे की मांग कर रही है जिनका संबंध पुणे मे एक महिला की मौत से जोड़ा जा रहा है। वाघ (46) ने बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स में स्थित साइबर थाने मे एक शिकायत दी है जिसके बाद भारतीय दंड संहिता की धारा 354डी, 509, 506 के साथ-साथ आईटी अधिनियम की धारा 67 के तहत अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। वाघ ने ट्वीट किया," आज सुबह बीकेसी साइबर प्रकोष्ठ गई थी और फोन पर धमकी मिलने, छेड़छाड़ वाली तस्वीरों और अभद्र भाषा मे टिप्पणियो तथा वीडियो मे मुझे जान से मारने की धमकी देने वाले वीडियो के संबंध मे प्राथमिकी दर्ज कराई।

### कांग्रेस असम में सत्ता में आने पर सीएए को अमान्य करने के लिए कानून लाएगी : प्रियंका गांधी वाड्रा

**तेजपुर (असम)।** कांगेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने मंगलवार को कहा कि विधानसभा चुनाव के बाद यदि उनकी पार्टी असम मे सत्ता मे आती है तो संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) को अमान्य करने के लिए राज्य मे एक नया कानून लाया जाएगा। प्रियंका ने तेजपुर मे एक जनसभा के दौरान पांच गारंटी अभियान की शुरूआत की और कहा, यदि उनकी पार्टी को (जनता ने) इस पूर्वोत्तर राज्य मे सरकार बनाने का मौका दिया, तो पूरे राज्य मे गृहणियो को हर महीने 2,000 रुपए दिए जाएंगे और सभी परिवारो को 200 यूनिट बिजली मुफ्त दी जाएगी। कांग्रेस महासचिव चुनावी राज्य असम के दो दिवसीय दौरे पर है। उन्होंने यह वादा भी किया कि उनकी पार्टी चाय बागान मजदूरो की न्यूनतम दिहाड़ी मौजूदा 167 रुपए से बढ़ा कर 365 रुपए करेगी और युवाओं को करीब 25,000 सरकारी नौकरी प्रदान करेगी। उन्होने कहा, असम के लोगो को भाजपा ने 25 लाख नौकरियां देने का पांच साल पहले वादा किया था लेकिन उन्हें धोखा दिया और इसके बजाय यहां के लोगो को सीएए दिया। हमारी पार्टी खोखले वादे नही कर रही है, बल्कि पांच गारंटी दे रही है।

### बंगाल में आईएसएफ से गठबंधन पर भाजपा ने कहा, कांग्रेस का ना कोई ईमान, ना विचारधारा

**नई दिल्ली।** भाजपा ने पश्चिम बंगाल मे मुस्लिम धर्मगुरु अब्बास सिद्दिकी के नेतृत्व वाले इंडियन सेक्युलर फ्रंट (आईएसएफ) के साथ गठबंधन को लेकर कांग्रेस पर मंगलवार को निशाना साधते हुए कहा कि विपक्षी दल का न कोई ईमान है और न कोई विचारधारा। भाजपा ने गठबधंन को लेकर कांग्रेस मे मचे घमासान पर चुटकी भी ली और कहा कि वह चाहे कितने भी गठबंधन कर ले उसका डूब चुका जहाज अब बचने वाला नही है। भाजपा मुख्यालय मे संवाददाताओं को संबोधित करते हुए पार्टी प्रवक्ता संबित पात्रा ने आरोप लगाया कि कांग्रेस का ना ही कोई ईमान है और ना ही विचारधारा बल्कि भ्रष्टाचार, परिवारवाद और जाति तथा धर्म के नाम पर लोगो को बांटना ही उसकी विचारधारा है। पात्रा ने कहा कि आज कांग्रेस अपनी प्रसांगिकता को बनाएं रखने के लिए गठबंधन पर निर्भर है और ठीक ऐसी ही एक गठबंधन की प्रक्रिया कांग्रेस पार्टी बंगाल मे कर रही है। उन्होंने कहा, जो कांग्रेस अपने को धर्मनरिपेक्ष बताती है।



कोलकाता में बाउल और कीर्तन कलाकार सामूहिक बैठक के दौरान प्रदर्शन करते हुए।

## भाजपा ने चुनाव आयोग को पत्र लिखकर तृणमूल के दो मंत्रियों पर आचार संहिता उल्लंघन का आरोप

**कोलकाता।** भाजपा ने भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) को पत्र लिखकर पश्चिम बंगाल के दो मंत्रियों पर आचार संहिता उल्लंघन का आरोप लगाया और चुनाव आयोग से उनके चुनाव लड़ने पर रोक लगाने का अनुरोध किया है। राज्य में 27 फरवरी को आचार संहिता लागू होने के बाद अलग अलग मौकों पर इन मंत्रियों ने मतदाताओं से लुभावने वादे किए। सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ने इस बात से इनकार किया है कि उसके नेताओं ने चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन किया और भाजपा पर ईसीआई को प्रभावित करने की कोशिश का आरोप लगाया।पत्र में कहा गया है कि कथित वीडियो क्लिप में मंत्री फिरहाद हाकिम एक मस्जिद में अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों के लिए घोषणाएं करते और भाजपा को सांप्रदायिक बताते हुए वहां मौजूद लोगों से भगवा पार्टी को हराने की अपील करते दिख रहे हैं।पत्र के अनुसार, घटना 27 फरवरी की है, तब तक चुनाव आचार संहिता की घोषणा हो गई थी और राष्ट्रीय टीवी चैनल पर इसका प्रसारण हो चुका था। आप देख सकते हैं कि वीडियो क्लिप में फिरहाद हाकिम ने भी यह माना है कि आचार संहिता लागू हो चुकी है। भगवा पार्टी ने यह भी आरोप लगाया कि वीडियो क्लिपिंग और अखबारों में प्रकाशित खबरों से यह साबित होता है और इस बात में कोई संदेह नहीं है कि 27 फरवरी को तृणमूल कांग्रेस के एक अन्य मंत्री जो हावड़ा से स्थानीय विधायक हैं, उनकी सीधी निगरानी में एक सहकारी बैंक से लोगों के बीच धन वितरित किया गया। भाजपा के राज्य सभा से सदस्य स्वप्न दासगुप्ता और वरिष्ठ नेता प्रताप बनर्जी तथा शिशिर बजोरिया ने यह पत्र लिखा है।भाजपा ने चुनाव आयोग से गुहार लगाई कि तृणमूल के नेताओं को मतदाताओं के बीच धन बांटने से तत्काल प्रभाव से रोका जाए।तृणमूल के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि भाजपा दोनों मंत्रियों के खिलाफ झूठे आरोप लगा रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा नेता तृणमूल कांग्रेस के खिलाफ चुनाव आयोग को प्रभावित करने की कोशिश कर रहे हैं क्योंकि वे जानते हैं कि राज्य में उनका कोई जनाधार नहीं।

# खंडवा लोकसभा सीट से सांसद नंद कुमार सिंह चौहान का निधन

**भाषा।** भोपाल, नई दिल्ली

**मध्य प्रदेश** के खंडवा लोकसभा सीट से सांसद नंदकुमार सिंह चौहान का सोमवार-मंगलवार की दरम्यानी रात गुरुग्राम के एक अस्पताल में निधन हो गया। पारिवारिक सूत्रों ने इसकी जानकारी दी। पारिवारिक सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि 69 वर्षीय चौहान कोविड-19 से पीड़ित थे और पिछले महीने उन्हें गंभीर हालत में विमान से गुरुग्राम के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। चौहान के परिवार में पत्नी, एक पुत्र एवं दो पुत्रियां हैं। उन्होंने बताया कि चौहान का अंतिम संस्कार बुरहानपुर जिले में स्थित उनके पैतृक गांव शाहपुर में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि विशेष विमान से उनके पार्थिव देह को प्रदेश की राजधानी भोपाल लाया गया है। हवाई अड्डे पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा सहित अन्य नेताओं ने चौहान की अर्थी को कंधा दिया। इसके बाद चौहान के पार्थिव शरीर को प्रदेश भाजपा कार्यालय में लाया गया जहां पार्टी कार्यकर्ताओं ने अपने दिवंगत नेता को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। दूसरी ओर सूत्रों ने बताया कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा एवं भाजपा के राज्यसभा में सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया और अन्य वरिष्ठ नेता कल चौहान के अंतिम संस्कार में शामिल होगें। इससे पहले विधानसभा में मुख्यमंत्री चौहान ने सदन को लोकसभा सांसद नंद कुमार सिंह चौहान के निधन की सूचना दी और विधानसभा अध्यक्ष गिरीश गौतम से आग्रह किया कि बुधवार को विधानसभा की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित की जाए ताकि वह स्वयं और अन्य नेतागण दिवंगत नेता के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए बुरहानपुर जा सकें। इस मामले में नेता प्रतिपक्ष कमलनाथ ने भी सहमति व्यक्त की। इसके बाद अध्यक्ष ने सरकार द्वारा सदन में बजट प्रस्तुत करने के बाद सदन की कार्यवाही को गुरुवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया। भाजपा के नेता रहे चौहान ने अपना राजनीतिक जीवन वर्ष 1978 में शाहपुर नगर परिषद से शुरू किया था। उसके बाद वह मध्य प्रदेश विधानसभा में विधायक निर्वाचित हुए तथा वर्ष 1985 से 1996 तक विधायक रहे। वर्ष 1996 में चौहान पहली बार लोकसभा सदस्य के तौर पर निर्वाचित हुए। इसके बाद वह वर्ष 1998, 1999, 2004, और 2014 में भी लोकसभा के लिए निर्वाचित हुए थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चौहान के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि मध्य प्रदेश के पूर्व भाजपा अध्यक्ष को उनकी संसदीय प्रक्रिया में योगदान एवं संगठन कौशल के लिए याद किया जाएगा।

# बंगाल में 25 करोड़ रुपए से अधिक मूल्य की हेरोइन जब्त, एक गिरफ्तार

**कोलकाता।** कोलकाता पुलिस के विशेष कार्यबल (एसटीएफ) ने पश्चिम बंगाल के पूर्वी बर्धमान जिले से पांच किलोग्राम से अधिक की हेरोइन जब्त की है और इस संबंध में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। जब्त मादक पदार्थ की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में 25.09 करोड़ रुपए बताई जाती है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को इस बारे में बताया।अधिकारी ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर एसटीएफ के अधिकारियों ने सोमवार रात मेमारी के रसूलपुर बाजार में तलाश अभियान चलाया और एक मादक पदार्थ तस्कर के वाहन से प्रतिबंधित सामग्री जब्त की।उन्होंने बताया, हमें ऐसी सूचना मिली थी कि व्यक्ति एक एजेंट को मादक पदार्थ देने के लिए आने वाला है। हमने उसके पास से 5.08 किलोग्राम हेरोइन जब्त की और उसके वाहन को जब्त कर लिया। अधिकारी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मादक पदार्थ रोकथाम से संबद्ध एनडीपीएस कानून की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। व्यक्ति से पूछताछ की जा रही है और यह पता लगाया जा रहा है कि हाल में मादक पदार्थ बरामदगी के मामले में गिरफ्तार भाजपा के दो नेताओं से उसका कोई संबंध तो नहीं है।पुलिस ने भाजपा युवा शाखा की नेता पामेला गोस्वामी और उनके दो अन्य सहयोगियों को मादक पदार्थ बरामदगी के मामले में गिरफ्तार किया था। नेता के हैंडबैग और कार में कथित रूप से 90 ग्राम कोकीन बरामद हुआ थागोस्वामी ने आरोप लगाया था कि उनकी पार्टी के सहयोगी और भाजपा प्रदेश समिति के सदस्य राकेश सिंह ने मामले में उन्हें गलत तरीके से फंसाया है। इसके बाद कोलकाता पुलिस ने फरार होने की कोशिश कर रहे सिंह और एक अन्य व्यक्ति को पूर्वी बर्धमान जिला में गालसी से गिरफ्तार कियाथा।



भोपाल में मप्र के वित्तमंत्री जगदीश देवड़ा और उनकी पत्नी रेनू देवड़ा राज्य का बजट पेश करने जाते हुए।

# जम्मू-कश्मीर कांग्रेस में टकराव

**भाषा।** जम्मू

● एक गुट ने आजाद के विरोध में तो दूसरे ने समर्थन में किया प्रदर्शन

**कांग्रेस नेता** गुलाम नबी आजाद के मुद्दे पर जम्मू-कश्मीर की पार्टी इकाई में दरार पड़ गई है। इसी कड़ी में मंगलवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं के एक गुट ने आजाद का यहां पुतला फूंका और उन पर अपने निजी हितों की खातिर पार्टी को कमजोर करने के लिए भाजपा के इशारे पर कांग्रेस के खिलाफ षड्यंत्र रचने का आरोप लगाया। इसके कुछ घंटे के बाद एक अन्य समूह ने आजाद के समर्थन में प्रदर्शन किया।

जिला विकास परिषद (डीडीसी) के सदस्य एवं जम्मू कश्मीर कांग्रेस के पूर्व महासचिव मोहम्मद शाहनवाज चौधरी के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ता दोपहर को यहां प्रेस क्लब के बाहर एकत्र हुए। उन्होंने आजाद का पुतला फूंका और निजी हित के लिए भाजपा की ओर से पार्टी के खिलाफ साजिश रचने का आरोप लगाया। कुछ घंटे बाद ही जम्मू नगर निगम पार्षद गौरव चोपड़ा के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के दूसरे समूह ने चौधरी के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए कहा, जिस व्यक्ति ने पार्टी के खिलाफ डीडीसी चुनाव लड़ा वह कांग्रेसी नहीं है और वह भाजपा एवं आरएसएस के निर्देश पर कांग्रेस को कमजोर करने के लिए काम कर रहा है। जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री के खिलाफ अपनी तरह का यह पहला प्रदर्शन ऐसे समय में किया गया है, जब आजाद का राज्यसभा सदस्य के तौर पर कार्यकाल पूरा होने पर उन्हें सम्मानित करने के लिए कुछ जी-23 नेताओं ने एक रैली को संबोधित किया था। ऐसा माना जा रहा है कि यह पार्टी नेतृत्व को संदेश देने के लिए अपनी ताकत दिखाने का तरीका था।

कांगेस के 23 नेताओं ने पिछले साल अगस्त में कांग्रेस प्रमुख सोनिया गांधी को पत्र लिखा था और पार्टी में संगठनात्मक बदलाव करने के साथ ही पूर्णकालिक पार्टी अध्यक्ष की मांग की थी। तभी से इन नेताओं के समूह को जी-23 भी कहा जाता है। जम्मू-कश्मीर में कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता रवींद्र शर्मा ने कहा कि पार्टी को शहर में हुए दोनों प्रदर्शनों की पूर्व में जानकारी नहीं थी और जो भी पार्टी के हित में होगा किया जाएगा। आजाद के समर्थन में नारे लगाते हुए चोपड़ा ने कहा, आजाद दिल से कांग्रेसी हैं और उन्हें किसी के प्रमाण पत्र की जरूरत नहीं है। उन्होंने पांच अगस्त 2019 के घटनाक्रम (केंद्र द्वारा अनुच्छेद-370 को हटाने और राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेश में विभाजित करने का फैसला) के खिलाफ मजबूती से जम्मू-कश्मीर का मुद्दा उठाया था और राष्ट्र सेवा की उनकी लंबी पारी की प्रशंसा प्रधानमंत्री ने भी की थी।

आजाद के खिलाफ प्रदर्शन करने वालों को पार्टी से निकालने की मांग करते हुए उन्होंने कहा, यह समझ आता है कि किसके हाथों में उनकी (चौधरी) डोर है। चोपड़ा ने कहा कि जी-23 के नेताओं ने जिन्होंने शनिवार को निजी कार्यक्रम में बोला था पार्टी की मजबूती का आह्वान किया था। इससे पहले चौधरी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं के एक समूह ने आजाद के खिलाफ नारेबाजी की थी और उन्हें पार्टी से निकालने की मांग की थी। जम्मू-कश्मीर प्रदेश युवा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष चौधरी ने कहा, कांग्रेस ने हमेशा उन्हें (आजाद को) शीर्ष पर रखा और जब पार्टी को संकट के इस समय उनके अनुभव की आवश्यकता थी, तो वह जम्मू-कश्मीर आए और उन्होंने हमसे राज्य का दर्जा छीनने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ की। यह स्पष्ट है कि वह अपने निजी हित की खातिर पार्टी को कमजोर करने के लिए भाजपा के इशारे पर काम कर रहे हैं। पुंछ के सुरनकोट-ए निर्वाचन क्षेत्र से निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर डीडीसी चुनाव जीतने वाले चौधरी ने आजाद पर कांग्रेस नेतृत्व के खिलाफ षड्यंत्र रचने का आरोप लगाया और उन्हें पार्टी से निष्कासित किए जाने की मांग की। राहुल गांधी के समर्थन में नारेबाजी के बीच चौधरी ने कहा कि वे अपना गुस्सा जाहिर करने के लिए सड़कों पर उतरे हैं।



असम के बिश्वनाथ में एक चाय बागान में चाय की पत्तियां चुनतीं कांग्रेस नेता प्रियंका वाड्रा

## साइबर हमले पर अमेरिकी कंपनी की रिपोर्ट सिर्फ मुंबई को लेकर नहीं है: देशमुख

**भाषा।** मुंबई

**अमेरिकी** कंपनी ने दावा किया है कि चीनी सरकार से जुड़े हैकर्स ने मैलवेयर के जरिए भारत की महत्वपूर्ण पावर ग्रिड प्रणाली को निशाना बनाया था। इसके बाद महाराष्ट्र के गृह मंत्री अनिल देशमुख ने मंगलवार को कहा कि केंद्रीय ऊर्जा मंत्री आर के सिंह ने इस मुद्दे पर उनसे बात की है और सतर्क रहने की जरूरत पर जोर दिया है।

विधान भवन के बाहर मीडियाकर्मियों से बातचीत करते हुए देशमुख ने कहा कि भारत के पावर ग्रिड पर संदिग्ध साइबर हमले पर अमेरिकी कंपनी की रिपोर्ट को राजनीतिक चश्मे से नहीं देखा जाना चाहिए क्योंकि यह पूरे देश संबंधित है न कि सिर्फ मुंबई या महाराष्ट्र से ताल्लुक रखती है। उन्होंने कहा कि टेलीफोन पर बातचीत के दौरान, सिंह ने इस मुद्दे पर चिंता व्यक्त की और सतर्क रहने को कहा। गृह मंत्री ने राज्य के साइबर प्रकोष्ठ की जांच रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि पिछले साल 12 अक्टूबर को मुंबई में बड़े पैमाने पर बिजली कटौती साइबर हमले का परिणाम हो सकती है। देशमुख ने सोमवार को अमेरिकी कंपनी की रिपोर्ट के मद्देनजर टिप्पणी की थी। इस रिपोर्ट में संदेह जताया गया है कि आर्थिक राजधानी में बड़े पैमाने पर बिजली कटौती क्या साइबर हमले का नतीजा है। उन्होंने कहा, मैंने कल कुछ विदेशी कंपनियों द्वारा मुंबई के बिजली के बुनियादी ढांचे में मैलवेयर के संभावित हमले के बारे में बात की थी। राकांपा के कोटे से मंत्री ने कहा कि सिंह ने उन्हें मंगलवार को फोन किया था। देशमुख ने कहा, उन्होंने मुझसे विवरण मांगा। उन्होंने कहा कि हम सबको इसे लेकर सतर्क रहना चाहिए। उन्होंने भी चिंता जताई थी।

## महाराष्ट्र में कोविड-19 से निपटने के लिए उठाए गए कदमों के दौरान हुआ भ्रष्टाचार: फडणवीस

**मुंबई।** भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस ने मंगलवार को कहा कि महाराष्ट्र में कोविड-19 की स्थिति से निपटने के लिए शिवसेना नीत राज्य सरकार द्वारा किए गए उपायों में भ्रष्टाचार हुआ।

विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष ने सदन में कहा कि यदि महाराष्ट्र सरकार ने स्थिति से निपटने के लिए सही कदम उठाए होते तो कोविड-19 से होने वाली मौत की संख्या 30,900 कम होती और संक्रमण के 9.55 लाख कम मामले सामने आते। फडणवीस ने केंद्र सरकार के एक सर्वेक्षण का हवाला देते हुए यह कहा। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, एक मार्च तक महाराष्ट्र में संक्रमण के कुल 21,61,467 मामले सामने आ चुके हैं और 52,184 लोग महामारी के कारण अपनी जान गंवा चुके हैं। विभिन्न मुद्दों पर राज्य सरकार को आड़े हाथों लेते हुए फडणवीस ने कहा कि उन्हें आश्चर्य है कि पुणे की एक युवती की मौत के संबंध में प्राथमिकी क्यों नहीं दर्ज की गई। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पुलिस पर दबाव बना रही है। पुणे की 23 वर्षीय एक युवती की मौत पर महाराष्ट्र की राजनीति में बवाल मचा हुआ है और भाजपा का कहना है कि घटना का संबंध शिवसेना विधायक संजय राठौड़ से है। राठौड़ ने सभी आरोपों को खारिज करते हुए वन मंत्री के पद से रविवार को इस्तीफा दे दिया था। फडणवीस ने मामले की जांच कर रहे पुलिस निरीक्षक को निलंबित करने की मांग भी की। उन्होंने कहा कि राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति इतनी दयनीय है कि उसके बारे में बात करना भी व्यर्थ है। उन्होंने कहा कि युवती की मौत के संबंध में 12 ऑडियो क्लिप मौजूद हैं, लेकिन पुलिस ने अभी तक कोई कार्वाई नहीं की है। फडणवीस ने कहा, इन सबूतों के बावजूद पुलिस कोई कार्वाई नहीं कर रही है। मैं संबंधित पुलिस निरीक्षक को तत्काल निलंबित करने की मांग भी करता हूं। हमें महाराष्ट्र पुलिस पर गर्व है लेकिन पुलिस इतनी असहाय पहले कभी नहीं थी। पुलिस पर सरकार का इतना दबाव है। घटना के बारे में विवरण मौजूद होने के बाद भी आप प्राथमिकी दर्ज नहीं कर रहे हैं। शिवसेना विधायक सुनील प्रभु ने कहा था कि फडणवीस को दादरा और नगर हवेली के सांसद मोहन डेलकर की मौत पर भी बोलना चाहिए। इस मुद्दे पर फडणवीस ने कहा कि इसके बारे में भी जरूर बात होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि महामारी को नियंत्रित करने के लिए राज्य सरकार ने जो कदम उठाए उनमें भ्रष्टाचार हुआ। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि विदर्भ क्षेत्र के अमरावती में हाल ही में एक गिरोह सामने आया था जहां संक्रमण की पुष्टि न होने बावजूद एक व्यक्ति को कोरोना वायरस से संक्रमित घोषित कर दिया गया था।

## तृणमूल विधायक जितेंद्र तिवारी भाजपा में शामिल

**हुगली।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव से पहले राज्य में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस से नेताओं का पार्टी छोड़ना जारी है। इसी क्रम में पश्चिम बर्धमान जिले के पंडावेश्वर से दो बार के पार्टी विधायक एवं आसनसोल के पूर्व महापौर जितेंद्र तिवारी मंगलवार को भाजपा में शामिल हो गए। तिवारी ने तृणमूल कांग्रेस नेतृत्व के खिलाफ बगावत की थी लेकिन भाजपा द्वारा पिछले साल दिसंबर में उन्हें पार्टी में शामिल करने से इनकार करने के बाद वह मायूस हो गए थे। वह हुगली जिले के श्रीरामपुर में एक कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश प्रमुख दिलीप घोष की उपस्थिति में भाजपा में शामिल हुए।उन्होंने भाजपा में शामिल होने के बाद कहा, मैं भाजपा में शामिल हुआ हूं क्योंकि मैं राज्य के विकास के लिए काम करना चाहता हूं। तृणमूल कांग्रेस में रहते हुए काम करना संभव नहीं था।

## पुडुचेरी में सत्ता हासिल करने के लिए भाजपा व्यापक अभियान शुरू करेगी

**बेंगलुरू।** पुडुचेरी में होने वाले विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी सत्ता हासिल करने के लिए अपने केंद्रीय नेताओं के साथ व्यापक चुनाव अभियान शुरू करने की योजना बना रही है। भाजपा के पुडुचेरी में प्रभारी निर्मल कुमार सुराना ने बताया कि उनकी पार्टी केंद्र शासित प्रदेश में चुनाव अभियान के लिए अपने दस सितारा प्रचारकों को उतारेगी। पुडुचेरी के 30 सदस्ईय विधानसभा के लिए छह अप्रैल को मतदान कराए जाएंगे।

सुराना ने पीटीआई भाषा को यहां बताया कि इन प्रचारकों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा और केंद्रीय मंत्रियों – अमित शाह, निर्मला सीतारमण और स्मृति ईरानी शामिल हैं। मोदी और शाह पहले ही इस केंद्र शासित प्रदेश में पार्टी के चुनावी अभियान की शुरूआत कर चुके हैं। भाजपा की कर्नाटक इकाई के उपाध्यक्ष सुराना ने कहा कि चुनाव के लिए अखिल भारतीय एनआर कांग्रेस (एआईएनआरसी) एवं अन्नाद्रमुक के साथ सीटों के बंटवारे पर विचार चल रहा है और जितना जल्दी संभव होगा इसे अंतिम रूप दे दिया जाएगा। यह पूछे जाने पर कि क्या राजग की योजना मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार के नाम की घोषणा करने की है, उन्होंने कहा, सभी मसलों पर विचार हो रहा है। सुराना ने कहा कि रविवार को स्वास्थ्य कारणों का हवाला देकर पद छोड़ने वाले पुडुचेरी के विधानसभा अध्यक्ष वी पी शिवाकोलुंधु भाजपा के संपर्क में हैं और एक या दो दिन में वह पार्टी शामिल होने के बारे में विचार करेंगे। विधानसभा अध्यक्ष ने 2016 में हुए विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के टिकट पर जीत दर्ज की थी। उनके भाई वी पी रामलिंगम केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की उपस्थिति में कराइकल में भाजपा में शामिल हो चुके हैं।

## कोविड-19 के 12,286 नए मामले 91 और लोगों की मौत

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारत में** एक दिन में कोविड-19 के 12,286 नए मामले सामने आने के बाद देश में संक्रमितों की कुल संख्या बढ़कर 1,11,24,527 हो गई। इनमें से 1,07,98,921 लोग संक्रमण मुक्त हो चुके हैं। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से मंगलवार सुबह आठ बजे जारी किए गए अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, वायरस से 91 और मरीजों की मौत के बाद मृतक संख्या बढ़कर 1,57,248 हो गई।

आंकड़ों के अनुसार, कुल 1,07,98,921 लोगों के संक्रमण मुक्त होने के साथ ही देश में मरीजों के ठीक होने की दर बढ़कर 97.07 प्रतिशत पर पहुंच गई है। वहीं, कोविड-19 से मृत्यु दर में गिरावट दर्ज की गई और अब वह 1.41 प्रतिशत है। देश में अभी कुल 1,68,358 लोगों का कोरोना वायरस संक्रमण का इलाज चल रहा है, जो कुल मामलों का 1.51 प्रतिशत है। देश में पिछले साल सात अगस्त में संक्रमितों की संख्या 20 लाख, 23 अगस्त को 30 लाख और पांच सितम्बर को 40 लाख से अधिक हो गई थी।

वहीं, संक्रमण के कुल मामले 16 सितम्बर को 50 लाख, 28 सितम्बर को 60 लाख, 11 अक्टूबर को 70 लाख, 29 अक्टूबर को 80 लाख और 20 नवम्बर को 90 लाख और 19 दिसम्बर को एक करोड़ के पार चले गए थे। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के अनुसार, देश में एक मार्च तक 21,76,18,057 नमूनों की कोविड-19 संबंधी जांच की जा चुकी है। इनमें से 7,59,283 नमूनों की जांच सोमवार को की गई थी। आंकड़ों के अनुसार, पिछले 24 घंटे में जिन 91 लोगों की संक्रमण से मौत हुई, उनमें से महाराष्ट्र के 30, पंजाब के 18 और केरल के 13 लोग थे। मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, देश में वायरस से अभी तक कुल 1,57,248 लोगों की मौत हुई है, जिनमें से महाराष्ट्र के 52,184 , तमिलनाडु के 12,501, कर्नाटक के 12,336, दिल्ली के 10,911, पश्चिम बंगाल के 10,268, उत्तर प्रदेश के 8,727 और आंध्र प्रदेश के 7,169 लोग थे। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि अभी तक जिन लोगों की मौत हुई, उनमें से 70 प्रतिशत से ज्यादा मरीजों को अन्य बीमारियां भी थीं। मंत्रालय ने अपनी वेबसाइट पर बताया कि उसके आंकड़ों का आईसीएमआर के आंकड़ों के साथ मिलान किया जा रहा है।

### रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लगवाया कोविड-19 का टीका

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने यहां स्थित आर्मी रिसर्च एंड रेफरल अस्पताल में मंगलवार को कोरोना वायरस टीके की पहली खुराक लगवाई। इससे एक दिन पहले ही टीकाकरण अभियान के दूसरे चरण की शुरुआत हुई थी। सिंह ने कहा कि टीका पूरी तरह सुरक्षित है। मंत्री ने ट्वीट किया, आज आर आर अस्पताल में मुझे कोविड-19 के टीके की पहली खुराक दी गई। देश को कोविड मुक्त बनाने का भारत का संकल्प इस टीकाकरण अभियान से मजबूत हुआ है। टीका पूरी तरह सुरक्षित है और सरल है। उन्होंने कहा, कम समय में टीका बनाने के लिए मैं भारत के वैज्ञानिकों और डॉक्टरों को सलाम करता हूं। मैं आर आर अस्पताल के डॉक्टरों और पैरामेडिक कर्मचारियों को भी धन्यवाद देता हूं। मैं सभी पात्र लोगों से आग्रह करता हूं कि वे टीका लगवाएं और भारत को कोविड मुक्त करें।

## रवि कपूर को संसद टीवी का सीईओ नियुक्त किया गया

**नई दिल्ली।** संसद के दोनों सदनों के पीठासीन अधिकारियों ने लोकसभा टीवी और राज्यसभा टीवी को मिलाकर संसद टीवी बनाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है इसके तहत भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के सेवानिवृत्त अधिकारी रवि कपूर को एक साल के लिए इसका मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) नियुक्त किया है। लोकसभा सचिवालय से जारी परिपत्र के मुताबिक कपूर को एक मार्च से एक साल के लिए इस पद पर नियुक्त किया गया है। परिपत्र में कहा गया, राज्यसभा सभापति और लोकसभा अध्यक्ष द्वारा संयुक्त रूप से राज्यसभा टीवी एवं लोकसभा टीवी को मिलाकर संसद टेलीविजन बनाने की घोषणा के परिणाम स्वरूप रवि कपूर को संविदा के आधार पर तत्काल प्रभाव से एक साल के लिए मुख्य कार्यकारी अधिकारी नियुक्त किया गया है। सूत्रों ने बताया कि दोनों चैनलों को मिलाकर एक किया जा रहा है, लेकिन वे दो मंचों पर काम करते रहेंगे जिनमें से एक लोकसभा की कार्यवाही का सीधा प्रसारण करेगा जबकि दूसरा राज्यसभा का। उन्होंने बताया कि दोनों चैनलों को मिलाने से कुछ बचत होगी और इसकी वजह से कुछ कर्मचारियों की छंटनी हो सकती है।

## उज्ज्वला योजना की आठ करोड़वीं लाभार्थी सिलेंडर खरीदने के लिए कर रही संघर्ष

**भाषा।** औरंगाबाद (महाराष्ट्र)

**गरीबी रेखा** से नीचे रह रही महिलाओं को मुफ्त में गैस कनेक्शन देने की केंद्र सरकार की उज्ज्वला योजना की आठ करोड़वीं लाभार्थी आयशा शेख को बार-बार गैस के दाम में हो रही वृद्धि की वजह से सिलेंडर भरवाने के लिए दाम चुकाने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही। शेख को स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सितंबर 2019 में उज्ज्वला प्रमाणपत्र दिया था।

शेख की तरह ही औरंगाबाद जिले की लोहगांव निवासी मंदाबाई पाब्ले भी हैं जिन्हें रसोई गैस सिलेंडर खरीदने में मुश्किल का सामना करना पड़ रहा है। मराठी समाचार चैनल पर उनका वीडियो प्रसारित हुआ है जिसमें वे मिट्टी के चूल्हे पर लकड़ी जलाकर खाना बनाती हुई दिख रही हैं। उल्लेखनीय है कि 30 वर्षीय शेख को सात सितंबर 2019 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उज्ज्वला योजना की आठ करोड़वीं लाभार्थी के तौर पर प्रमाण पत्र दिया था। शेख ने नाराजगी जाहिर करते हुए एबीपी माझा से बातचीत में कहा, एलपीजी सिलेंडर की कीमत अब मेरे कमरे के किराए से अधिक हो गया है। मैं 600 रुपए किराया देती हूं जबकि रसोई गैस की कीमत 700 से अधिक हो गई है। हम क्या करें? गैस सिलेंडर के लिए खर्च करूं या बाकी खर्चे चलाऊं? शेख पांच बच्चों की मां है और दिहाड़ी मजदूरी कर गुजारा चलाती है। वह औरंगाबाद जिले के अजंगता गांव के इंदिरानगर में रहती हैं। उन्होंने बताया, हमें मुफ्त में गैस कनेक्शन मिला था। एक महीना सिलेंडर इस्तेमाल करने के बाद हम उसे दोबारा भरवा नहीं सके। एक महीने के बाद हमने अपने खर्चों में कटौती कर गैस सिलेंडर भरवाया। शेख ने कहा कि मकान मालिक ने किराया नहीं देने पर कमरा खाली करा दिया। उन्होंने कहा, तब से हम अपनी बहन के घर हैं। शेख ने कहा, गैस सिलेंडर महंगा हो गया है मैं अब इसे वहन नहीं कर सकती। यह नाममात्र के लिए मुफ्त है।हम खेत में रहते हैं और दूसरों से अधिक पैसा देकर सिलेंडर देने के लिए कहना पड़ता है। सिलेंडर की आपूर्ति घर पर नहीं होती।

## पेज 1 का शेष

### तृणमूल की ...

राज्य के लोग उनकी धार्मिक भावनाओं से खेलने के लिए टीएमसी को मुंह तोड़ जवाब देंगे। उन्होंने कहाकि पश्चिम बंगाल में जय श्री राम का नारा लगाने की अनुमति नहीं है, लेकिन लोग इसे जारी नहीं रखेंगे। बंगाल में लव जिहाद की घटनाएं हो रही हैं। उत्तर प्रदेश में, हमने ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए एक कानून बनाया है लेकिन टीएमसी सरकार गाय की तस्करी और लव जिहाद, दोनों को रोकने में विफल रही है। उन्होंने कहा, अगर पश्चिम बंगाल में भाजपा सत्ता में आती है तो हम 24 घंटे में गाय की तस्करी रोकेंगे। पश्चिम बंगाल की 294 सदस्य विधानसभा के लिए 27 मार्च से 29 अप्रैल के बीच आठ चरणों में चुनाव होने हैं।

### दो दिग्गजों में ...

राज्य में संभावित उम्मीदवारों की छंटनी करेगी और अपनी सिफारिशें केंद्रीय चुनाव समिति को भेजेगी। केंद्रीय चुनाव समिति की अध्यक्ष सोनियां गांधी हैं।

देश की सबसे पुरानी पार्टी ने चुनावी राज्य केरल, तमिलनाडु और पुदुचेरी के लिए भी एक स्क्रीनिंग कमेटी बनाई है। जहां पार्टी के वरिष्ठ नेता एचके पाटिल केरल के लिए बनी समिति की अध्यक्षता करेंगे, वहीं दिग्विजय सिंह तमिलनाडु और पुदुचेरी में उम्मीदवार छांटने की जिम्मेदारी संभालेंगे। यूपीए की मनमोहन सिंह सरकार में केंद्रीय मंत्री रहे आनंद शर्मा ने आईएसएफ के साथ गठजोड़ को कांग्रेस की मूल विचारधारा गांधीवादी और नेहरूवादी धर्मनिर्पेक्षता के खिलाफ बताया था। पश्चिम बंगाल में सीपीआई (एम) के नेतृत्व वाला वाम मोर्चा धर्मनिर्पेक्ष गठबंधन का नेतृत्व कर रहा है। कांग्रेस इस गठबंधन में शामिल है।

आनंद शर्मा की वाम-कांग्रेस-आईएसएफ गठबंधन को सांप्रदायिक कहने पर आपत्ति जताते हुए चौधरी ने आरोप लगाया कि इससे शर्मा सिर्फ भाजपा को फायदा पहुंचा रहे हैं। अधीर रंजन चौधरी पर आनंद शर्मा का हमला भी जम्मू में जी-23 की बैठक के फौरन बाद आया है। जम्मू में आयोजित कार्यक्रम में वरिष्ठ नेता गुलाम नबी आजाद ने पीएम नरेंद्र मोदी की जमकर तारीफ की थी।

### चुनावी राज्यों में ...

के नेता कर्नाटक का दौरा भी करेंगे, जहां किसानों को विभिन्न फसलों पर एमएसपी से कम कम एक हजार रुपये कम मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि आठ मार्च को महिला दिवस के अवसर पर महिला आंदोलनकारी दिल्ली की सीमाओं और देश के अन्य हिस्सों में प्रदर्शन करेंगी।

### दिल्ली-अमृतसर...

तहत अमृतसर को जोड़ने वाली सड़क है। इस परियोजना को अमल में लाने के लिए लगभग 24,700 पेड़ काटे जाएंगे। इस प्रोजेक्ट के तैयार होने के बाद दिल्ली से कटरा के बीच की दूसरी सात घंटे और जम्मू से दिल्ली की दूसरी छह घंटे में सिमट जाएगी। ईएसी के एक सदस्य ने बताया कि प्रस्तावित दिल्ली-कटरा एक्सप्रेसवे पंजाब में 55 नहरों, 20 नालों, चार नदियों, पांच नालों और तीन तालाबों से होकर गुजरेगा। इसमें अमृतसर को जोड़ने वाला हिस्सा 20 नहरों, 14 नालों, तीन नदियों और एक तालाब से होकर जाएगा। पंजाब सरकार को उम्मीद है कि इस एक्सप्रेसवे के बनने से राज्य में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। सूत्रों ने कहा कि एक्सप्रेसवे का निर्माण पूरा करने की समयसीमा 2023 रखी गई है। राज्य सरकार ने पंजाब के आठ जिलों संगरूर, पटियाला, लुधियाना, जालंधर, कपूरथला, गुरदासपुर, तरनतारन और अमृतसर में दिसंबर 2020 में जनसुनवाई की थी। ईएसी सदस्य ने कहा कि ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि जनसुनवाई के बारे में उन्हें पूर्व सूचना नहीं दी गई। जिन लोगों ने जनसुनवाई में हिस्सा लिया, उन्होंने इस प्रक्रिया को किसान आंदोलन चलने तक टालने का अनुरोध किया है। बीते 11 फरवरी को हुई बैठक में शामिल ईएसी के एक सदस्य ने कहा कि प्रस्तावित एक्सप्रेसवे के रास्ते में संरक्षित वनों की 76 हेक्टेयर भूमि आ रही है। वन विभाग की इस जमीन का लैंडयूज बदला जाना है। वन विभाग से हरी झंडी लेने के लिए अभी आवेदन नहीं दिया गया है।

### गुजरात निकाय चुनाव...

नितिन पटेल को और नवनियुक्त भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीआर पाटिल को शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई दी है। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा 'गुजरात की जनता ने स्थानीय निकाय चुनाव में भाजपा पर विश्वास कर विकास और भरोसे को और बढ़ा दिया है। प्रदेश भाजपा प्रमुख पाटिल ने कहा कि लोगों ने 2015 के स्थानीय निकाय चुनावों में भी पार्टी को इतनी सीटें नहीं दी थीं, लेकिन 2021 में लोगों ने अपने प्यार को ब्याज के साथ लौटा दिया है।

## विधानसभा चुनाव से पहले पश्चिम बंगाल में पहचान आधारित राजनीति शुरू

**भाषा।** कोलकाता

**पश्चिम** बंगाल में आठ चरणों में होने जा रहे विधानसभा चुनाव के बारे में विभिन्न दलों के नेताओं का मानना है कि इस बार चुनाव में सांप्रदायिकता का छौंक लगेगा और पहचान आधारित राजनीति होगी। बंगाल में आमतौर पर चुनावी विमर्श विभाजनकारी एजेंडे से परे रहा है लेकिन तृणमूल कांग्रेस और भाजपा द्वारा चुनाव से पहले एक-दूसरे पर सांप्रदायिक भावनाओं को भड़काने के आरोपों के बीच इस बार के चुनाव सांप्रदायिक रंग में रंगते दिख रहे हैं। पश्चिम बंगाल की राजनीति में आने वाले पहले धार्मिक नेता अब्बास सिद्दिकी की अगुवाई में नवगठित इंडियन सेक्युलर फ्रंट के चुनावी मैदान में उतरने के साथ ही कई राजनीतिक समीकरण बदल गए हैं और राज्य में धार्मिक पहचान आधारित सियासत की शुरुआत हो चुकी है। तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं सांसद सौगत रॉय ने कहा, आजादी के बाद से जितने भी विधानसभा चुनाव हुए, उनके मुकाबले इस बारे के चुनाव अलग होंगे। भाजपा की समुदायों के बीच विभाजन की लंबे समय से कोशिश कर रही है। लेकिन हम इसके खिलाफ लड़ेंगे और लोगों को एकजुट करने के लिए काम करेंगे।

भाजपा नेतृत्व ने भी यह स्वीकार किया कि राज्य में सांप्रदायिक धुव्रीकरण बढ़ रहा है लेकिन इसका दोषी उन्होंने तृणमूल और उसकी तुष्टिकरण की राजनीतिक को ठहराया। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप घोष ने कहा, हमारे लिए तो चुनाव सभी के लिए विकास है। तृणमूल कांग्रेस सरकार की तुष्टिकरण की राजनीति और राज्य के बहुसंख्यक समुदाय के प्रति उसके द्वारा किया जा रहे अन्याय से बंगाल में निश्चित ही सांप्रदायिक ध्रुवीकरण हुआ है। भाजपा नेता तथागत रॉय ने कहा कि बंटवारे के दाग और बंगाल में मुस्लिम पहचान वाली राजनीति के बढ़ने से सांप्रदायिक विभाजन गहरा गया है। माकपा के पोलित ब्यूरो सदस्य मोहम्मद सलीम ने कहा, पहले (माकपा शासन के दौरान) यदि सांप्रदायिक विमर्श हावी होता तो भगवा दलों और अन्य चरमपंथी दलों ने अपना आधार बना लिया होता। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। यह सच है कि इस बार दल सांप्रदायिक कार्ड खेल रहे हैं लेकिन आम लोगों से जुड़े विषय जैसे कि ईंधन की कीमतों में बढोतरी, भ्रष्टाचार और बेरोजगारी आदि का भी बहुत हद तक प्रभाव रहेगा। बंगाल में 27 मार्च से शुरू होकर आठ चरणों में चुनाव होने हैं। भाजपा के सूत्रों का कहना है कि बीते छह साल में तृणमूल की सरकार सांप्रदायिक दंगों पर काबू पाने में विफल रही है जिससे न केवल अल्पसंख्यकों का एक वर्ग नाराज है बल्कि बहुसंख्यक समुदाय के लोगों में भी रोष है। केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा 2018 में जारी आंकड़ों के मुताबिक पश्चिम बंगाल में 2015 से सांप्रदायिक हिंसा तेजी से बढ़ी है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अब्दुल मन्नान ने कहा, सत्तर के दशक तक आईयूएमएल, पीएमएल और भारतीय जन संघ जैसे दल कुछ सीटें जीतने में कामयाब रहे लेकिन चुनावी अभियान सांप्रदायिक विमर्श पर केंद्रित नहीं थे। विकास संबंधी मुद्दे, राज्य और केंद्र सरकार विरोधी मुद्दे ही हावी रहे। चुनावी पयर्वेक्षकों का मानना है कि वाम दल ने समुदायों के बीच एक संतुलन कायम रखा था लेकिन तृणमूल इसे कायम नहीं रख सकी।

### सारदा घोटाले में ईडी ने टीएमसी प्रवक्ता कुणाल घोष से पूछताछ की

**कोलकाता।** ईडी ने करोड़ों के सारदा चिटफंड घोटाले की जांच के सिलसिले में मंगलवार को तृणमूल कांग्रेस के प्रवक्ता कुणाल घोष से छह घंटे से अधिक समय तक पूछताछ की। घोष सुबह 11 बजे शहर के साल्ट लेक इलाके में ईडी के सीजीओ कॉम्प्लेक्स स्थित कार्यालय में पहुंचे। उन्होंने बताया कि राज्यसभा के पूर्व सदस्य को आठ मार्च को ईडी अधिकारियों के सामने फिर से पेश होने के लिए कहा गया है। केंद्रीय एजेंसी चिटफंड घोटाले के धन शोधन के पहलू की जांच कर रही है। सारदा समूह ने अपनी अवैध योजनाओं में निवेश पर उच्च रिटर्न का वादा करके हजारों जमाकर्ताओं के साथ धोखाधड़ी की।

## संदीप प्रतियोगिता के इतर डोप परीक्षण से पहले गायब

**नई दिल्ली।** विश्व चैंपियन और तोक्यो पैरालंपिक खेलों के लिए क्वालीफाई कर चुके भाला फेंक के खिलाड़ी संदीप चौधरी कथित रूप से यहां ट्रेनिंग केंद्र पर प्रतियोगिता के इतर डोप परीक्षण से पहले लापता हो गए। भारतीय पैरालंपिक समिति (पीसीआई) के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। टारगेट ओलंपिक पोडिया योजना (टॉप्स) में शामिल चौधरी के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम परिसर से भागने से कोविड-19 महामारी को देखते हुए लागू नियमों को लेकर गंभीर चिंताएं खड़ी हो गई है।

## अंडर–19 बालिका खो–खो 7 व 8 को

**लखनऊ ।** आगामी 7 व 8 मार्च को नवयुग कन्या महाविद्यालय व नैना स्पोर्ट्स व फिटनेस क्लब के सहयोग से महाविद्यालय के राजेन्द्र नगर कैंपस में अंडर-19 बालिका खो-खो का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता में भाग लेने के इच्छुक आयोजन अध्यक्ष डा . सीमा पांडे से मो न 9918447788 व अभिषेक सिंह मैनेजर मो न. 9919533332 पर संपर्क कर सकते हैं।

## एक बार फिर साथ दिखेगी बोपन्ना–कुरैशी की जोड़ी

**नई दिल्ली।** भारत-पाक एक्सप्रेस के नाम से मशहूर रोहन बोपन्ना और ऐसाम-उल-हक कुरैशी की जोड़ी छह साल के बाद एक बार फिर से 15 मार्च से मेक्सिको में खेले जाने वाले अकापुल्को एटीपी 500 में टेनिस कोर्ट पर एक साथ दिखेगी। इससे पहले यह जोड़ी 2014 शेनजेन एटीपी 250 प्रतियोगिता मे एक साथ खेली थी। भारत-पाक के खराब राजनायिक संबंध के कारण सुर्खियां बटोरने वाली इस जोड़ी की सबसे बड़ी सफलता 2010 मे यूएस ओपन के फाइनल में पहुंचना था, जहां उन्हें ब्रायन बंधुओ की जोड़ी से हार का सामना करना पड़ा था। बोपन्ना उस समय अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग तीसरे स्थान तक पहुंचे थे बोपन्ना ने इसके बाद 2012 ओलंपिक की तैयारियों के लिए दिग्गज महेश भूपति के साथ जोड़ी बनाकर खेलने का फैसला किया।

## पुरुषों में अश्विन, रूट और मायर्स के बीच मुकाबला

**दुबई।** अनुभवी भारतीय ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन, इंग्लैड के कप्तान जो रूट और वेस्टइंडीज के नए बल्लेबाजी सनसनी कायल मायर्स फरवरी में शानदार प्रदर्शन के दम पर मंगलवार को आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ (महीने का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी) पुरस्कार के लिए नामित किए गए। अश्विन ने इस दौरान इंग्लैड के खिलाफ तीन टेस्ट मैच खेले जिसमे चेन्नई मे खेले गए दूसरे टेस्ट में गेंद से कमाल करने के साथ उन्होंने दूसरी पारी में 106 रन बनाए थे। उन्होने अहमदाबाद में तीसरे टेस्ट में अपने विकेट की संख्या को 400 के पार पहुंचा दिया।

# पिच पिछले दो मैचों की तरह ही रहेगी : रहाणे

## ● हमने विदेशों में नम पिच की कभी शिकायत नहीं की

**भाषा।** अहमदाबाद



भारतीय टेस्ट टीम के उपकप्तान अजिंक्य रहाणे ने देश में स्पिनरों की मददगार पिच की आलोचना को गंभीरता से नहीं लेने की सलाह देते हुए मंगलवार को कहा कि हमने विदेशों में नमी वाली पिचों (तेज गेंदबाजों की मददगार) के खिलाफ कभी कुछ नहीं बोला और इंग्लैंड की टीम को यहां चौथे टेस्ट में भी धीमी गेंदबाजी की मददगार विकेट की अपेक्षा करनी चाहिए।

चेपॉक (चेन्नई) में खेले गए दूसरे टेस्ट और मोटेरा (अहमदाबाद) में गुलाबी गेंद से खेले गए तीसरे टेस्ट में स्पिनरों की मददगार पिचों की काफी चर्चा हुई। दिन–रात्रि टेस्ट मैच महज दो दिनों में खत्म हो गया। श्रृंखला का चौथा और आखिरी टेस्ट चार मार्च से शुरु होगा। रहाणे ने ऑनलाइन मीडिया सम्मेलन में कहा, मुझे लगता है कि विकेट (पिच) चेन्नई में खेले गए दूसरे टेस्ट मैच के जैसा ही होगा, जिस पर स्पिनरों को मदद मिलेगी। हां, गुलाबी गेंद से थोड़ा फर्क पड़ा और जो लाल गेंद की तुलना में पिच पर टप्पा खाने के बाद तेजी से आ रही थी। हमें इससे सामंजस्य बिठाना पड़ा। यह पिच भी पिछले दो मैचों की तरह ही होगी। रहाणे पिछले कई वर्षों में पहली बार उस समय खफा दिखे, जब उनसे पिच पर टिप्पणी को लेकर इंग्लैंड के पूर्व खिलाड़ियों के बयान पर प्रतिक्रिया देने के लिए पूछा गया। कुछ पूर्व खिलाड़ियों ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) से स्पिनरों की मददगार पिच बनाने पर भारत के खिलाफ कार्वाई करने की भी मांग की थी। रहाणे ने थोड़े गुस्सा भरे लहजे में कहा, लोग जो कह रहे है, उन्हें कहने दीजिए। जब हम विदेश दौरे पर जाते है तो तेज गेंदबाजों की मदद पिच को लेकर कोई कुछ नहीं कहता है। वे तब भारतीय बल्लेबाजों की तकनीक की बात करते है, मुझे नहीं लगता कि इसे गंभीरता से लिए जाने की जरूरत है। भारतीय टेस्ट उपकप्तान ने कहा, आप देखिए, जब हम विदेश दौरे पर जाते हैं, तो पहले दिन विकेट में काफी नमी होती है। जब पिच पर घास होती है तो गेंद असामान्य तरीके से उछाल लेती है। ऐसे में पिच खतरनाक हो जाती है लेकिन हमने कभी इसके बारे में शिकायत नहीं की है। स्पिनरों की मददगार पिच पर गेंद की दिशा में खेलना जरूरी हो जाता है। जब आप स्पिनरों की मददगार पिच पर खेलते है तो आपको गेंद की दिशा के मुताबिक खेलना होता है, अगर गेंद ज्यादा घूम रही है तो आपको ज्यादा सोचने की जरूरत नहीं होती है। पिछले दो मैचों में इंग्लैंड की करारी शिकस्त के बाद भी रहाणे उन्हें कम नहीं आंक रहे है। यह पिच भी वैसी ही दिख रही है लेकिन हमें अभी देखना होगा कि यह कैसा बर्ताव करती है। हम टीम के तौर पर इंग्लैंड का सम्मान करते है। वे पहले टेस्ट में अच्छा खेले और हम उसके बाद के दो मैचों में बेहतर रहे। हम उन्हें हल्के में नहीं ले रहे है, दोनों टीमें मैदान पर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर टेस्ट मैच जीतना चाहेगी।

### लीच चौथे टेस्ट में अश्विन और अक्षर से स्पिन गेंदबाजी की बारीकीयां सीखने के लिए उत्सुक



**लंदन।** गुलाबी गेंद से खेले गए तीसरे टेस्ट मैच में भारतीय स्पिनरो रविचंद्रन अश्विन और अक्षर पटेल की गेंदबाजी से प्रभावित इंग्लैड के ऑफ स्पिनर जैक लीच ने कहा कि वह गुरूवार से अहमदाबाद में शुरू हो रहे चौथे और अंतिम मैच में इस भारतीय जोड़ी से स्पिन गेंदबाजी की बारीकियां सीखने के लिए उत्सुक है। लीच ने स्काई स्पोर्ट्स के कॉलम मे लिखा, जब आप खिलाड़ियों को इतनी सफलता पाते हुए देखते है जैसे कि रविचंद्रन अश्विन, जिन्होने टेस्ट मे अभी-अभी 400 विकेट पूरे किए है और भारत मे उन्हें काफी अनुभव है। अक्षर पटेल ने टेस्ट क्रिकेट में शानदार शुरुआत की है ऐसे में आप निश्चित रूप से उनसे सीखने की कोशिश करते है। बाएं हाथ के इस गेदबाज ने कहा, यह जरूरी है कि आप इसे भावनात्मक रूप से जोड़कर नही देखें और ना ही ऐसा सोचे कि मै उनकी तरह ही गेंदबाजी करना चाहता हूं। अश्विन दाएं हाथ के गेंदबाज हैं, ऐसे में मै उनकी तरह गेंदबाजी नही करना चाहता हूं। अक्षर बाएं हाथ के गेंदबाज है और मुझ से लंबे है, मै अपना कद नही बदल सकता हूं।

### अश्विन लगातार अपने अंदर नयापन ला रहा है: लक्ष्मण

**मुंबई।** भारत के पूर्व बल्लेबाज वीवीएस लक्ष्मण ने कहा है कि रविचंद्रन अश्विन काफी सोच-विचार करने वाले क्रिक्रेटर हैं जो लगातार अपने अंदर नयापन लाते है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि इस अनुभवी आफ स्पिनर की सफलता में तैयारी की अहम भूमिका है। चौतीस साल के अश्विन ने श्रीलंका के महान आफ स्पिनर मुथैया मुरलीधरन के बाद सबसे कम मैचो मे यह उपलब्धि हासिल की। उन्होंने कहा कि वह पता करता है कि बल्लेबाज की कमजोरियां क्या है। वह उसे आउट करने की योजना बनाता है और मुझे लगता है कि यही कारण है कि वह अपने आप में नयापन ला रहा है। अपनी बात को साबित करने के लिए लक्ष्मण ने भारत के हाल के आस्ट्रेलिया दौरे पर अश्विन के खिलाफ स्टीव स्मिथ के परेशान होने का उदाहरण दिया।

## स्मृति बल्लेबाजी रैंकिंग में छठे स्थान पर गेंदबाजों में झूलन पांचवें स्थान पर बरकरार





**दुबई।** भारतीय सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना मंगलवार को जारी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की महिला एकदिवसीय खिलाड़ी रैंकिंग में बल्लेबाजों की सूची में दो स्थान के नुकसान से छठे स्थान पर खिसक गई जबकि झूलन गोस्वामी गेंदबाजों की सूची में पांचवें स्थान पर बरकरार है। एक अन्य अनुभवी खिलाड़ी मिताली राज 687 अंक के साथ नौवें स्थान पर हैं और बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष 10 में शामिल दूसरी भारतीय बल्लेबाज हैं। स्मृति के 732 अंक हैं। इंग्लैंड की सलामी बल्लेबाज टैमी ब्युमोंट न्यूजीलैंड के खिलाफ श्रृंखला में 2– । की जीत के दौरान शानदार प्रदर्शन की बदौलत पांच स्थान की छलांग के साथ शीर्ष पर पहुंच गई हैं। टैमी ने वेस्टइंडीज की स्टेफनी टेलर और न्यूजीलैंड की ऐमी सेटरथवाइट जैसी खिलाड़ियों को पछाड़ा और दूसरे स्थान पर मौजूद आस्ट्रेलिया की कप्तान मेग लेनिंग पर 16 अंक की बढ़त बना ली है।

## स्टिमाक ने ओमान और यूएई के खिलाफ मुकाबलों के लिए 35 संभावित खिलाड़ी चुने

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय फुटबॉल कोच इगोर स्टिमाक ने ओमान और यूएई के खिलाफ दुबई में होने वाले अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैचों के लिए मंगलवार को 35 संभावित खिलाड़ियों का चयन किया जिसमें 10 नए चेहरे शामिल हैं। भारतीय पुरुष टीम को ओमान के खिलाफ 25 मार्च जबकि यूएई के खिलाफ 29 मार्च को खेलना है। इंडियन सुपर लीग के 13 मार्च को होने वाले फाइनल के बाद 28 खिलाड़ियों की अंतिम सूची की घोषणा की जाएगी। खिलाड़ी इसके बाद 15 मार्च से दुबई में तैयारी शिविर के लिए जुटेंगे। स्टिमाक ने विज्ञप्ति में कहा, हम सूची में 35 खिलाडियों को जगह दी है जिससे कि अगर आईएसएल प्ले आफ के दौरान कोई खिलाड़ी चोटिल हो जाए तो उसकी भरपाई हो सके।

संभावित खिलाड़ी इस प्रकार हैः गोलकीपरः गुरप्रीत सिंह संधू, अमरिंदर सिंह, सुभाशीष रॉय चौधरी, धीरज सिंह और विशाल कैथ। डिफेंडर्सः सेरिटोन फर्नांडिस, आशुतोष मेहता, आकाश मिश्रा, प्रीतम कोटाल, संदेश झिंगन, चिंगलेनसाना सिंह, सार्थक गोलूई, आदिल खान, मंदार राव देसाई, प्रबीर दास और मशूर शरीफ। मिडफील्डर्सः उदांता सिंह, रोलिन बोरगेस, लालेंगमाविया, जैक्सन सिंह, रेनियर फर्नांडिस, अनिरुद्ध थापा, बिपिन सिंह, यासिर मोहम्मद, सुरेश सिंह, लिस्टन कोलासो, हालीचरण नारजरी, लालियानज़ुआला चांगटे, आशिक कुरुनियन, राहुल केपी, हितेश शर्मा और फारूख चौधरी। फारवर्डः मनवीर सिंह, सुनील छेत्री और इशान पंडिता।

# दोहा में जीत के साथ सानिया की डब्ल्यूटीए सर्किट पर वापसी



**भाषा।** दोहा

सानिया मिर्जा ने डब्ल्यूटीए सर्किट में जीत के साथ वापसी की जब उन्होंने और स्लोवाकिया की उनकी जोड़ीदार आंद्रेजा क्लेपैक ने नादिया किचेनोक और ल्युडमाइला किचेनोक की युक्रेन की जोड़ी को हराकर यहां कतर टोटल ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला युगल क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। भारत और स्लोवेनिया की जोड़ी ने सोमवार रात डब्ल्यूटीए 500 टूर्नामेंट के पहले दौर में नादिया और ल्युडमाइला की जोड़ी को 6–4 6–7 10–5 से हराया। सानिया का 12 महीने में यह पहला प्रतिस्पर्धी मुकाबला था। वह पिछली बार फरवरी 2020 में दोहा ओपन में ही खेली थी जिसके बाद कोविड–19 महामारी के कारण दुनिया भर में टेनिस प्रतियोगिताएं ठप पड़ गईं थी। सानिया स्वयं भी इस साल जनवरी में कोरोना वायरस संक्रमण से उबरी हैं। सानिया मातृत्व अवकाश के बाद जब प्रतिस्पर्धी टेनिस में लौटी थी तो उन्होंने नादिया के साथ ही जोड़ी बनाई थी और पिछले साल जनवरी में होबार्ट ओपन का खिताब जीता था। सानिया और आंद्रेजा ने हालांकि पहले सेट के शुरू में ही अपनी सर्विस गंवाई जिससे यह जोड़ी 0–3 से पिछड़ गई।

## जर्मनी ने भारतीय हॉकी टीम को ड्रॉ पर रोका

*क्रेफेल्ड (जर्मनी)*। पहले मैच में 6 -। से धमाकेदार जीत दर्ज करने वाली भारतीय पुरूष हॉकी टीम को मंगलवार को जर्मनी ने। -। से ड्रॉ पर रोक दिया। कोरोना महामारी के बीच एक साल बाद भारतीय टीम ने प्रतिस्पर्धी हॉकी में वापसी करते हुए पहला मैच 6-1 से जीता था। मेजबान जर्मनी ने आज बेहतर वापसी करते हुए भारतीयों को खुलकर खेलने का मौका नही दिया। भारत के लिए जरमनप्रीत सिंह ने 14वें मिनट में गोल किया। जर्मनी के मार्टिन हानेर ने 29वें मिनट में बराबरी का गोल दागा। इसके बाद दोनो टीमो ने रक्षात्मक हॉकी का प्रदर्शन किया और कोई गोल नही हो सका।

## भारतीय महिला हॉकी टीम की लगातार तीसरी हार

**डसेलडोर्फ ।** तोक्यो ओलंपिक की तैयारी में जुटी भारतीय महिला हॉकी टीम के खराब प्रदर्शन का सिलसिला जारी है और मंगलवार को जर्मनी ने उसे तीसरे मैच में 2-0 से हराकर चार मैचों की श्रृंखला में 3-0 से बढ़त ले ली। जर्मनी के लिए सोजा जिमेरमैन ने 26वें और फ्रांसिस्का हाउके ने 42वें मिनट में गोल दागे। मेजबान टीम शुरूआत में लय नही बना सकी और पहले क्वार्टर में उसका पेनल्टी कार्नर बेकार गया।

# मेरीकोम और पंघाल सहित 12 भरतीय क्वार्टर फाइनल में

## स्पेनिश मुक्केबाजी टूर्नामेंट का ड्रॉ घोषित

**भाषा।** नई दिल्ली



छह बार की विश्व चैंपियन एमसी मेरीकोम और एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता अमित पंघाल उन 12 भारतीय मुक्केबाजों में शामिल हैं जो स्पेन के केस्टोलोन में बॉक्सेम इंटरनेशल टूर्नामेंट में पदक जीतने से सिर्फ एक जीत दूर हैं। इन सभी को ड्रॉ में क्वार्टर फाइनल में जगह मिली है। टूर्नामेंट में भारत के तोक्यो ओलंपिक कोटा हासिल करने वाले सभी नौ मुक्केबाजों के अलावा पांच अन्य मुक्केबाज भी हिस्सा ले रहे हैं। पिछले साल ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने के बाद पहली बार चुनौती पेश कर रही मेरीकोम (51 किग्रा) बुधवार को अपने पहले मुकाबले में इटली की गियोर्डाना सोरेनटिनो से भिड़ेंगी। पिछले साल दिसंबर में जर्मनी में कोलोन विश्व कप में स्वर्ण पदक जीतने वाले पंघाल (52 किग्रा) को पहले दौर में बाई मिली है और वह क्वार्टर फाइनल में स्थानीय दावेदार गैब्रियल एस्कोबार से भिड़ेंगे। तोक्यो ओलंपिक में पदक के दावेदारों में शामिल विकास कृष्ण (69 किग्रा) को भी पहले दौर में बाई मिली है और वह क्वार्टर फाइनल में इटली के विन्सेंजो मेंगियाकापरे से भिड़ेंगे।ड्रा में कम खिलाड़ियों के कारण एशियाई चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता आशीष कुमार (75 किग्रा) और सुमित सांगवान (81 किग्रा) को भी सीधे क्वार्टर फाइनल में जगह मिली है।

## कोहली इंस्टाग्राम पर 10 करोड़ फालोअर वाले पहले क्रिकेटर बने



**नई दिल्ली।** भारतीय कप्तान विराट कोहली ने एक और शतक बनाया लेकिन इस बार क्रिकेट की पिच से दूर जब वह सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर 100 मिलियन (10 करोड़) फॉलोअर का आंकड़ा छूने वाले दुनिया के पहले क्रिकेटर बने। कोहली एशिया–प्रशांत क्षेत्र में यह उपलब्धि हासिल करने वाले पहले व्यक्ति हैं। विराट कोहली– इंस्टाग्राम पर 10 करोड़ फॉलोअर का आंकड़ा छूने वाले पहले क्रिकेट स्टार। कोहली इंस्टाग्राम में सर्वाधिक फॉलोअर वाले खिलाड़ियों की सूची में चौथे स्थान पर हैं। क्रिस्टियानो रोनाल्डो 26 करोड़ 50 लाख फॉलोअर के साथ शीर्ष पर हैं। उनके बाद अर्जेन्टीना के फुटबॉल कप्तान और एफसी बार्सीलोना के दिग्गज खिलाड़ी लियोनल मेस्सी और ब्राजील के नेमार का नंबर आता है जो क्रमश: 18 करोड़ 60 लाख और 14 करोड़ 70 लाख फॉलोअर के साथ दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। दुनिया के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में शामिल कोहली के नाम टेस्ट क्रिकेट में 27 और एकदिवसीय क्रिकेट में 43 शतक दर्ज हैं। कोहली दो साल से अधिक समय से भारत में इंस्टाग्राम पर सबसे अधिक फॉलो किए जाने वाले व्यक्ति हैं।

## मनिका, श्रीजा एकल क्वालीफायर्स के फाइनल दौर में

**दोहा।** भारत की स्टार खिलाड़ी मनिका बत्रा और युवा श्रीजा अकुला विश्व टेबल टेनिस (डब्ल्यूटीटी) कंटेंडर सीरिज के महिला एकल मुकाबले में अपने अपने मैच जीत कर मंगलवार को यहां फाइनल दौर में पहुंचने में सफल रहे। विश्व रैंकिंग में 150वें स्थान पर काबिज हैदराबाद की श्रीजा ने चिली की वेगा पाउलिना (विश्व रैंकिंग 74) को हराने के बाद थाईलैंड की 87वीं रैंकिंग वाली खिलाड़ी ओरावन परनांग को तीसरे दौर के मैच में 11–5 11–5 11–6 से हराया। फाइनल दौर में उनका सामना रूस की मारिया तैलाकोवा से होगा।

## रिलायंस जियो ने 57,123 करोड़ रुपए का स्पेक्ट्रम खरीदा, 5जी सेवाओं के लिए तैयार

**नई दिल्ली।** दो दिन तक चली दूरसंचार विभाग की स्पेक्ट्रम नीलामी मंगलवार को संपन्न हो गई। नीलामी में रिलायंस जियो ने सभी 22 सर्किलों में स्पेक्ट्रम खरीदा है। रिलायंस जियो द्वारा खरीदे गए स्पेक्ट्रम की कुल कीमत 57,123 करोड़ रुपए है। इस खरीद के बाद रिलायंस जियो के पास कुल ।,717 मेगाहर्ट्ज (अपलिंकूडाउनलिंक) स्पेक्ट्रम हो जाएगा, जो पहले के मुकाबले 55 प्रतिशत अधिक है। स्पेक्ट्रम की खरीद से रिलायंस जियो को और मजबूती मिलने की उम्मीद है। रिलायंस जियो ने जो स्पेक्ट्रम खरीदा है उसका इस्तेमाल 5जी सेवा देने के लिए भी किया जा सकता है। रिलायंस जियो ने हाल ही में घोषणा की थी कि उसने स्वदेशी 5जी तकनीक विकसित कर ली है जिसका अमेरिका में परीक्षण किया गया है। रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने भी कहा था कि वह इसी साल 5जी सेवा शुरू करने की तैयारी कर रहे हैं। नीलामी में स्पेक्ट्रम की खरीद पर अंबानी ने कहा, हमारी स्पेक्ट्रम की पहुंच बढ़ने से हम देश में डिजिटल पहुंच का और विस्तार करेंगे। इसके साथ ही हम 5जी सेवाएं शुरू करने के लिए भी तैयार हो गए हैं। भारत में पांच साल में पहली दूरसंचार स्पेक्ट्रम नीलामी में कुल 77,814.80 करोड़ रुपए का स्पेक्ट्रम बिका। इसमें से ज्यादातर स्पेक्ट्रम रिलायंस जियो ने खरीदा।

## कोरोना काल में 40 अरबपति जुड़े, अदाणी, अंबानी की संपत्ति बढ़ीः रिपोर्ट

**मुंबई।** कोरोना काल में वर्ष 2020 के दौरान भारत में 40 उद्यमी अरबपतियों की सूची में जुड़ गए। इन्हें मिलाकर भारत के कुल 177 लोग अरबपतियों की सूची में शामिल हो गए। एक रिपोर्ट में मंगलवार को यह कहा गया। दुनिया के धनी लोगों की हुरुन ग्लोबल की इस सूची में कहा गया है कि वर्ष 2020 में जब पूरी दुनिया कोरोना महामारी की चपेट में रही भारत में 40 लोग अरबपतियों की सूची में पहुंच गए। रिलायंस इंडस्ट्रीज के प्रमुख मुकेश अंबानी लगातार सबसे अमीर भारतीय बने हुए हैं। उनकी संपत्ति 24 प्रतिशत बढ़कर 83 अरब डालर पर पहुंच गई। दुनिया के अरबपतियों की सूची में वह एक पायदान चढ़कर आठवें नंबर पर पहुंच गए। गुजरात के उद्योगपति गौतम अदाणी की संपत्ति में भी अच्छा इजाफा हुआ है। वर्ष 2020 में उनकी संपत्ति 32 अरब डालर तक पहुंच गई और दुनिया के अमीरों की सूची में उनका स्थान 20 पायदान चढ़कर 48 नंबर पर पहुंच गया। मुकेश अंबानी के बाद वह दूसरे सबसे अमीर भारतीय बन गए हैं। उनके भाई विनोद की संपत्ति 128 प्रतिशत बढ़कर 9.8 अरब डालर हो गई।

## विदेशी सॉफ्टवेयर विनिर्माता को निवासी भारतीय अंतिम उपयोगकर्ता का भुगतान रायल्टी जैसा कर योग्य नहीं

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि कंप्यूटर साफ्टवेयर के उपयोग के लिए प्रवासी विदेशी विनिर्माताओं को निवासी भारतीय उपभोक्ताओं या वितरकों द्वारा किया गया भुगतान रॉयल्टी की तरह कर योग्य नहीं है। न्यायाधीश आर एफ नरीमन, न्यायाधीश हेमंत गुप्ता और न्यायाधीश बी आर गवई की पीठ ने कहा कि कंप्यूटर सॉफ्टवेयर में कॉपीराइट के उपयोग के लिए दी जाने वाली राशि रॉयल्टी भुगतान नहीं है तथा भारत में कर योग्य कोई आय नहीं बनती।पीठ ने कहा, प्रवासी कंप्यूटर सॉफ्टवेयर विनिर्माताओंोआपूर्तिकर्ताओं को लाइसेंस समझौतोंोवितरण समझौतों के तहत उनके साफ्टवेयर के उपयोगोपुनर्बिक्री के लिए निवासी भारतीय अंतिम उपयोगकर्तााेवितरकों द्वारा किया गया भुगतान कॉपीराइट के उपयोग के एवज में रॉयल्टी भुगतान नहीं है।

# दो माह बाद फरवरी में फिर गिरा निर्यात

## ● व्यापार घाटा बढ़कर 12.88 अरब डॉलर पर

**भाषा।** नई दिल्ली




लगातार दो माह तक सकारात्मक वृद्धि दर्ज करने के बाद देश के निर्यात में फिर गिरावट आई है। फरवरी माह में निर्यात 0.25 प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ 27.67 अरब डॉलर रह गया। वहीं, इस दौरान आयात 6.98 प्रतिशत बढ़कर 40.55 अरब डॉलर रहा। वाणिज्य मंत्रालय द्वारा मंगलवार को जारी शुरुआती आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है। मंत्रालय ने बयान में कहा कि फरवरी में व्यापार घाटा बढ़कर 12.88 अरब डॉलर पर पहुंच गया, जो एक साल पहले इसी महीने में 10.16 अरब डॉलर रहा था। चालू वित्त वर्ष के पहले 11 माह अप्रैल–फरवरी के दौरान देश का कुल निर्यात 12.32 प्रतिशत की गिरावट के साथ 255.92 अरब डॉलर रहा है। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में निर्यात 291.87 अरब डॉलर रहा था। अप्रैल–फरवरी के दौरान आयात भी 23 प्रतिशत घटकर 340.88 अरब डॉलर रह गया। अकेले फरवरी में तेल आयात 16.63 प्रतिशत की गिरावट के साथ 8.99 अरब डॉलर रह गया। वहीं वित्त वर्ष के पहले 11 माह में तेल आयात में 40.18 प्रतिशत की गिरावट आई है और यह 72.08 अरब डॉलर रहा है। आंकड़ों के अनुसार फरवरी में खली, लौह अयस्क, चावल, मीट, डेयरी और पॉल्ट्री उत्पाद, कालीन, मसालों, फार्मास्युटिकल्स और रसायनों के निर्यात में बढ़ोतरी हुई। वहीं दूसरी ओर पेट्रोलियम उत्पादों का निर्यात 27.13 प्रतिशत, चमड़े का 21.62 प्रतिशत, काजू का 18.6 प्रतिशत, रत्न एवं आभूषण का 11.18 प्रतिशत, इंजीनियरिंग सामान का 2.56 प्रतिशत, चाय का 2.49 प्रतिशत और कॉफी का निर्यात 0.73 प्रतिशत नीचे आया। समीक्षाधीन महीनों में जिन महत्वपूर्ण उत्पादों का आयात बढ़ा उनमें सोना, डाइंगाटैनिंगाकलरिंग सामान, रसायन, इलेक्ट्रॉनिक्स सामान, लौह एवं इस्पात शामिल हैं। वहीं चांदी, अखबारी कागज, कोयला, चमड़ा, परिवहन उपकरण, पेट्रोलियम उत्पादन, दालों, मशीन टूल, कच्ची कपास और बहुमूल्य और अर्द्ध–बहुमूल्य रत्नों का आयात घट गया।

### अर्थव्यवस्था में सुधार उम्मीद से तेज, रफ्तार कायम रखने की जरूरत : सान्याल

**कोलकाता।** भारतीय अर्थव्यवस्था उम्मीद से अधिक तेजी से उबर रही है और सरकार कृत्रिम तरीके से उपभोक्ता मांग बढ़ाने के बजाय बुनियादी ढांचे के निर्माण पर खर्च करेगी। वित्त मंत्रालय में प्रमुख आर्थिक सलाहकार संजीव सान्याल ने यह बात कही। भारत चैंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा आयोजित एक वेबिनार को संबोधित करते हुए सान्याल ने कहा कि देश को वृद्धि की रफ्तार को कायम रखने की जरूरत है। यह रोजगार सृजन तथा गरीबी उन्मूलन का एकमात्र रास्ता है। हम उम्मीद से अधिक बेहतर तरीके से उबर रहे है। हमें अगले दो साल तक इस रफ्तार को कायम रखने की जरूरत है। सरकार कृत्रिम उपभोक्ता मांग पैदा करने के बजाय बुनियादी ढांचे के निर्माण पर पूंजीगत व्यय करेगी। यदि हम गरीबी कम करना चाहते है, तो वृद्धि जारी रहनी चाहिए। अन्यथा हम फिर गरीबी का पुनःवितरण कर देंगे जैसा कि पश्चिम बंगाल मे हुआ, जहां से मै आता हूं।

### भारतीय अर्थव्यवस्था में सुधार , सरकार और पैसा खर्च करने को तैयार : पनगढ़िया

**नई दिल्ली।** भारतीय अर्थव्यवस्था मे सुधार आ रहा है और सरकार वृद्धि को समर्थन के सुधारो को आगे बढ़ाने के लिए और पैसा खर्च करने की योजना बनाई है। नीति आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया ने मंगलवार को यह बात कही। हालांकि, इसके साथ पनगढ़िया ने कहा कि कोरोना वायरस महामारी की वजह से पैदा हुई अड़चनो की वजह से भारतीय अर्थव्यवस्था को 5,000 अरब डॉलर पर पहुंचाने में अभी समय लगेगा। नीति आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष ने पीटीआई-भाषा से साक्षात्कार मे अगले वित्त वर्ष मे दो सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के निजीकरण के फैसले को एक असाधारण प्रयास बताया। उन्होने कहा कि यह 50 साल पहले जो गलत हुआ था, उसे अंततः ठीक करने का प्रयास है। उनका इशारा पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा बैंको के राष्ट्रीयकरण की ओर था।

## सकल मांग बढ़ाने वाले सभी कारक सक्रिय, पर निजी निवेश मार्चे पर नदारदः आरबीआई लेख

**मुंबई।** आर्थिक वृद्धि को गति देने के लिए जब सकल मांग को बढ़ावा देने वालीजब सभी शक्तियों आगे बढ़ रही हैं, निजी निवेश नदारद हैं। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के अधिकारियों के एक लेख में यह कहा गया है। लेख में कहा गया है, इसमें बहुत कम संदेह है कि जो पुनरूद्धार हो रहा है, वह खपत में आ रही तेजी पर आधारित है। ज्यूरी का मानना है कि इस प्रकार का पुनरूद्धार ज्यादा टिकाऊ या व्यापक नहीं है।

## रुपया 18 पैसे बढ़कर प्रति डॉलर 73.37 रुपए पर बंद

**मुंबई।** घरेलू शेयरों में तेजी और निवेशकों के जोखिम लेने से अन्तरबैंक विदेशी विनिमय बाजार में रुपए की विनिमय दर मंगलवार को 18 पैसे की तेजी के साथ प्रति डालर 73.37 पर बंद हुई। इस तेजी की वजह से रुपए में तीन सत्रों से जारी गिरावट पर रोक लग गया। बाजार विश्लेषकों ने कहा कि कच्चा तेल कीमत के नरम होने तथा बांड से प्राप्त होने वाली आय के घटने से रुपए की धारणा मजबूत हुई।

## बायो फ्यूल 1 लाख नये रोजगार के नये अवसर उत्पन्न करेगा

**नई दिल्ली।** दुनिया ऊर्जा का उपयोग करने के मामले में भारत तीसरे नंबर पर है और देश के विकास की गति और आत्म निर्भर बनने के लक्ष्य को देखा जाए जो ऊर्जा की खपत और बढ़ेगी। सीएनजी, सीबीजी का उत्पादन करने वाली भारत की प्रमुख बहुराष्ट्रीय कंपनी नेक्सजेन एनर्जिया लिमिटेड, देश में सीबीजी रिटेल आउटलेट्स, ग्रीन डीजल प्रोडक्शन,ग्रीन डीजल रिटेल आउटलेट्स, बायो कोल, इवी चार्जिंग आदि में विविधता के साथ स्वच्छ ईंधन का निर्माण कर रही है। वह फ्रैंचाइजी के माध्यम से देश में रोजगार के अवसार को भी बढ़ा रही है। नेक्सजेन एनर्जिया एक लाख से अधिक नौकरी के अवसर प्रदान करने के लिए उद्यमियों का निर्माण कर रहा है। कंपनी प्रथम चरण में 1000 सीबीजी प्रोडक्शन लांट का निर्माण करने जा रहा है जिससे देश में 1 लाख रोजगार के प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रुप सेअवसर उत्पन्न होंगे।

## महिला इंजीनियर्स के लिए प्रोग्राम लांच

**बंगलौर।** प्रसिद्ध एड टेक प्लेटफार्म और एनसीई ग्रुप की कंपनी, टैलेंट स्प्रिंट ने तीसरे समूह के महिला इंजीनियर्स प्रोग्राम के लांच करने की घोषणा की। इस कार्यक्रम में गूगल का सहयोग भी शामिल है। टैलेंट स्प्रिंट डब्लू ई का गठन साल 2019 में टेक इंडस्ट्री में फैली लैंगिक असमानता को दूर करने के उद्देश्य से किया गया था। पहले के दो समूहों को इंडस्ट्री ने जिस तरह से प्रतिसाद मिला उसको देखते हुए अब तीसरे समूह में 500 प्रतियोगियों को जगह देने की कोशिश की गई है।

इस समूह में देश भर की प्रथम वर्ष की महिला विद्यार्थियों को लक्ष्य में रखा गया हैए जिसकी शुरुआत मई 2021 से की जाएगी। यह बात सर्वविदित है कि कम्प्यूटर युग के शुरुआती दिनों में महिलाओं की काफी अहम् भूमिका रही थी। लेडी ऐडा लवलेस और एडमिरल ग्रेस हॉपर, दोनों महिलाएं क्रमशः दुनिया की पहली कंप्यूटर प्रोग्रामर और सॉफ्टवेयर टेस्टर रही थीं। इस शुरुआती रोल मॉडल होने के बावजूद महिला प्रोफेशनल्स की भूमिका टेक्नोलॉजी सेक्टर में कम होती गयी और आज के ग्लोबल टेक वर्कफोर्स में महिलाओं की उपस्थिति सिर्फ26 प्रतिशत रह गयी है।

## सेंसेक्स 447 अंक मजबूत होकर फिर से 50,000 के ऊपर निकला

**भाषा।** मुंबई

घरेलू और वैश्विक स्तर पर सकारात्मक रुख के बीच वाहन, बैंक और आईटी कंपनियों के शेयरों में तेज लिवाली से बीएसई सेंसेक्स मंगलवार को 447 अंक की मजबूती के साथ 50,000 के मनोवैज्ञानिक स्तर को पार कर गया। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 447.05 अंक यानी 0.90 प्रतिशत की बढ़त के साथ 50,296.89 अंक पर बंद हुआ। इसी प्रकार, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 157.55 अंक यानी 1.07 प्रतिशत की बढ़त के साथ 14,919.10 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में सर्वाधिक लाभ में महिंद्रा एंड महिंद्रा, एनटीपीसी, बजाज ऑटो, टेक महिंद्रा, टीसीएस और मारुति रही। दूसरी तरफ, ओएनजीसी, एचडीएफसी, डा. रेड्डीज, पावर ग्रिड और एसबीआई को नुकसान हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 25 लाभ के साथ बंद हुए। विश्लेषकों के अनुसार तीसरी तिमाही में जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) में वृद्धि से निवेशक उत्साहित हैं।

# बंदरगाह क्षेत्र में होगा 82 अरब डालर का निवेश : मोदी

**भाषा।** नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बंदरगाह क्षेत्र में 15 वर्ष में 82 अरब डालर का निवेश आकर्षित करने की भारत की योजना का जिक्र करते हुए मंगलवार को कहा कि वैश्विक निवेशकों को भारत को अपना पसंदीदा निवेश स्थल बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि 2035 तक भारत में समुद्री नौवहन क्षेत्र में 82 अरब डालर यानी छह लाख करोड़ रुपए का निवेश किया जाएगा। समुद्री नौवहन क्षेत्र में स्वच्छ ऊर्जा का उपयोग बढाया जाएगा, जलमार्गों का विकास होगा, समुद्री विमान सेवाएं शुरू होंगी और तटीय क्षेत्रों में प्रकाशस्तंभों को पर्यटन स्थल के तौर पर विकासित किया जाएगा। समुद्री नौवहन क्षेत्र पर आयोजित शिखर सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए प्रधानमंत्री ने वैश्विक निवेशकों से कहा कि समुद्री नौवहन क्षेत्र में निवेशकों के लिए 31 अरब डालर की 400 परिएजनाओं का खाका तैयार हैं। इन परियोजनाओं में निवेश कर निवेशक भारत की आर्थिक विकास यात्रा में भागीदार बन सकते हैं।

# एच-1 बी वीजा प्रतिबंध को समाप्त करने पर नहीं लिया कोई फैसला



● अमेरिका के गृहसुरक्षा मंत्री एलेजांद्रो मायोरकास ने कहा कि उनकी शीर्ष प्राथमिकता उत्पीड़न से बचकर भाग रहे लोगों की आवश्यकताओं को पूरा करना है

**भाषा।** वाशिंगटन

**अमेरिका के** राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन ने सोमवार को संकेत दिया कि उसने नए एच-1बी वीजा जारी करने को लेकर पूर्ववर्ती ट्रंप प्रशासन के लगाए गए प्रतिबंध को समाप्त करने पर अभी कोई फैसला नहीं किया है। अमेरिका के गृहसुरक्षा मंत्री एलेजांद्रो मायोरकास ने कहा कि उनकी शीर्ष प्राथमिकता उत्पीड़न से बचकर भाग रहे लोगों की आवश्यकताओं को पूरा करना है। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने नए एच-1बी वीजा जारी करने पर प्रतिबंध की अवधि जनवरी में 31 मार्च तक बढ़ा दी थी और तर्क दिया था कि देश में बेरोजगारी की दर अधिक है तथा अमेरिका और अधिक विदेशी कर्मियों का भार नहीं उठा सकता।

मायोरकास से व्हाइट हाउस में एक संवाददाता सम्मेलन में प्रश्न किया गया, राष्ट्रपति जो बाइडन ने ट्रंप के दर्जनों शासकीय आदेश रद्द कर दिए, जिनमें ग्रीन कार्ड संबंधी आदेश और मुस्लिम वीजा प्रतिबंध को हटाने जैसे आव्रजन संबंधी आदेश शामिल हैं। एच-1बी को जारी करने पर लागू प्रतिबंध को अभी तक हटाया नहीं गया है। यदि बाइडन नई घोषणा नहीं करते हैं, तो इस आदेश की अवधि 31 मार्च को समाप्त हो जाएगी। एच 1बी वीजा पर ट्रंप प्रशासन के दौरान लगे प्रतिबंध की समीक्षा की स्थिति क्या है और क्या व्हाइट हाउस ने महीने के अंत में इस आदेश की अवधि समाप्त होने से पहले इस प्रतिबंध को हटाने का फैसला किया है? इसके जवाब में मायोरकास ने कहा, मुझे वास्तव में नहीं पता। मुझे प्रश्न के जवाब में प्रश्न करना अच्छा नहीं लगता। इसका निश्चित जवाब मुझे नहीं पता है। उन्होंने कहा कि उत्पीड़न से बचकर भाग रहे लोगों की आवश्यकता पूरा करना सबसे बड़ी प्राथमिकता है। इस बीच, अमेरिकी नागरिकता एवं आव्रजन सेवा ने एक अक्टूबर, 2021 से शुरू हो रहे वित्त वर्ष के लिए एच-1बी आवेदन आवंटन प्रक्रिया शुरू कर दी है। अमेरिकी नागरिकता और आव्रजन सेवा (यूएससीआईएस) ने कहा कि उसे कांग्रेस द्वारा तय एच-1बी वीजा की सामान्य सीमा 65,000 के लिए तथा अमेरिकी विश्वविद्यालयों से उच्च शिक्षा पूरी कर चुके 20,000 और लोगों के लिए आवेदन मिल चुके हैं। वर्ष 2021 के सफल आवेदकों का निर्णय कंप्यूटर द्वारा एक ड्रॉ के जरिए होगा।भारत सहित विदेशी पेशेवरों के बीच एच-1बी वीजा की काफी मांग रहती है। एच-1बी वीजा एक गैर-अप्रवासी वीजा है जो अमेरिकी कंपनियों को उन व्यवसायों के लिए विदेशी श्रमिकों को नियुक्त करने की अनुमति देता है, जिनमें सैद्धांतिक या तकनीकी विशेषज्ञता की आवश्यकता होती है। प्रौद्योगिकी कंपनियां भारत और चीन जैसे देशों से प्रत्एक वर्ष दसियों हजार कर्मचारियों को नियुक्त करने के लिए इस वीजा पर निर्भर हैं।



म्यामार के मांडले में पुलिसकर्मियों के ऊपर गुलेल से वार करता हुआ प्रदर्शनकारी

## ट्रंप ने आव्रजन प्रणाली को ध्वस्त कर दियाः अमेरिकी गृह सुरक्षा मंत्री

**एजेंसी।** वाशिंगटन

**अमेरिका के** गृह सुरक्षा मंत्री एलेजांद्रो मायोरकास ने सोमवार को आरोप लगाया कि देश के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिकी आव्रजन प्रणाली को ध्वस्त कर दिया और इसे नए सिरे से पुनः बनाने में समय लगेगा।पूर्ववर्ती ट्रंप सरकार ने अमेरिका में शरण मांगने वालों के लिए आव्रजन नियम कड़े कर दिए थे और अमेरिकी कर्मियों की रक्षा के लिए योग्यता के आधार पर आव्रजन प्रणाली की वकालत की थी।मायोरकास ने व्हाइट हाउस में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, हम पूर्ववर्ती प्रशासन की निर्दयता को एक व्यवस्थित, मानवीय एवं सुरक्षित आव्रजन प्रणाली के जरिए बदलने के लिए चौबीस घंटे काम कर रहे हैं और हम इसे हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह मुश्किल है और इसमें समय लगेगा, लेकिन इस बात का भरोसा है कि हम यह कर लेंगे। गृह सुरक्षा मंत्री ने संसद में पारित मानवीय कानूनों को लागू करने में पर्याप्त सुविधाओं के अभाव की बात की।उन्होंने कहा, पूरी प्रणालियां एक दिन या कुछ सप्ताह में नहीं बन जातीं। संक्षेप में कहें, तो पूर्ववर्ती प्रशासन ने हमारे देश की आव्रजन प्रणाली को पूरी तरह नष्ट कर दिया। जब मैंने 27 दिन पहले पदभार संभाला, तो पाया कि हमारे पास संसद में वर्षों पहले पारित मानवतावादी कानूनों को लागू करने के लिए पर्याप्त साधन उपलब्ध नहीं हैं। हमारे पास इन कानूनों को लागू करने के लिए कर्मी, नीतियां, प्रक्रियाएं या प्रशिक्षण नहीं है। सच कहूं, तो पूरी प्रणाली ध्वस्त हो चुकी है। इससे एक दिन पहले ही ट्रंप ने फ्लोरिडा में एक कार्यक्रम में आरोप लगाया था कि बाइडन प्रशासन ने सीमाओं को अवैध प्रवासियों के लिए खोलकर राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरे में डाल दिया है।

## अमेरिका ने यूक्रेन के लिए 12 करोड़ 50 लाख डॉलर के रक्षा सहायता पैकेज की घोषणा की

**एपी।** वाशिंगटन

**अमेरिका ने** यूक्रेन के लिए 12 करोड़ 50 लाख डॉलर के सैन्य सहायता पैकेज की सोमवार को घोषणा की। इस सहायता के तहत यूक्रेनी जलक्षेत्र की रक्षा में मदद के लिए उसे हथियारों से लैस दो गश्ती नौकाएं भी दी गई हैं। पेंटागन ने बताया कि 2021 वित्त वर्ष के लिए संसद ने जिस शेष 15 करोड़ सैन्य सहायता को मंजूरी दी है, वह सहायता तब तक मुहैया नहीं कराई जाएगी, जब तक विदेश मंत्रालय और रक्षा मंत्रालय इस बात को प्रमाणित नहीं कर देते कि यूक्रेन ने इस साल अहम रक्षा सुधारों में पर्याप्त प्रगति की है।उसने एक बयान में कहा, मंत्रालय यूक्रेन को प्रोत्साहित करता है कि वह सेना के असैन्य नियंत्रण को मजबूत करने वाले सुधार लागू करना, पारदर्शिता को प्रोत्साहित करना, रक्षा उद्योग एवं खरीदारी में जवाबदेही सुनिश्चित करना और नाटो सिद्धांतों एवं मानकों के अनुरूप रक्षा क्षेत्र का आधुनिकीकरण करना जारी रखे। यूक्रेन रूस के साथ संघर्ष की स्थिति में है। रूस ने क्रीमिया प्रायद्वीप पर 2014 में कब्जा कर लिया था और वह पूर्वी यूक्रेन में मास्को समर्थक विद्रोहियों को समर्थन देता है।

इस संघर्ष का यह सातवां साल है, जिसमें 14,000 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है और यूक्रेन के उद्योग को भारी नुकसान हुआ है।पेंटागन ने कहा कि वह दो मार्क ड्डद्ध गश्ती नौकाओं के अलावा तोपों का मुकाबला करने के लिए रडार उपलब्ध करा रहा है, वह उपग्रह से तस्वीरें मुहैया कराने और उनकी विश्लेषण क्षमता में मदद दे रहा है और सैन्य चिकित्सकीय उपचार एवं लड़ाई के दौरान जवानों को बाहर निकालने की प्रक्रिया में मदद के लिए उपकरण

## क्विक न्यूज

### अमेरिकाः पुलिस ने वाहन चोरों से मुठभेड़ में किशोरी को मार गिराया, लड़के ने खुद को गोली मारी

**मस्कोगी (अमेरिका)।** पूर्वी ओक्लाहामा में वाहन चोरी के एक मामले में दो संदिग्धों का पीछा करते वक्त पुलिस ने 17 वर्षीय किशोरी को मार गिराया जबकि किशोर (17) ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। मस्कोगी पुलिस ने सोमवार को एक प्रेस विज्ञप्ति जारी की जिसमें बताया कि रविवार दोपहर पुलिसकर्मी एक कार और एक ट्रक चोरी की घटना के सिलसिले में जांच करने गए थे। पुलिसकर्मियों ने ट्रक का पता लगाया और उसका पीछा किया, तब दो संदिग्ध वाहन छोड़कर भागने लगे। उनके तथा पुलिस के बीच गोलीबारी भी हुई।पुलिस ने बताया कि संदिग्धों में से लड़की थी जिसे मार गिराया गया। लड़का जंगल की ओर भाग गया जिसका ड्रोन के जरिए पता लगाया गया। जब पुलिसकर्मी संदिग्ध लड़के के पास पहुंचे तो उसने खुद को गोली मार ली। मस्कोगी पुलिस ने कहा कि इस मामले की जांच की जा रही है।

### ट्विटर ने कोरोना वायरस के बारे भ्रामक सूचना फैलाने वाले अकाउंट के खिलाफ कार्रवाई शुरू की

**सेन फ्रांसिस्को (अमेरिका)।** ट्विटर ने कहा है कि उसने ऐसे ट्वीट पर संकेत लगाने शुरू कर दिए है जिनमें कोविड-19 टीकाकरण के बारे में भ्रामक सूचनाएं दी गई है। ट्विटर ने यह भी कहा कि उसके नियमो का बार-बार उल्लंघन करने वाले अकाउंट को बंद करने के लिए वह स्ट्राइक प्रणाली का उपयोग कर रहा है। कंपनी ने सोमवार को कहा कि वह कुछ पर्यवेक्षकों की मदद ले रही है जो यह आकलन कर रहे है कि ए ट्वीट कोविड-19 टीका भ्रामक सूचनाओं के खिलाफ उसकी नीति का उल्लंघन तो नही कर रहे। इससे पहले दिसंबर मे भी ट्विटर ने कोविड-19 के बारे में भ्रामक सूचनाओं के खिलाफ कदम उठाए थे।कंपनी ने सोमवार को ब्लॉग पोस्ट में लिखा, स्ट्राइक प्रणाली की मदद से, हमें यह उम्मीद है कि लोगों को इस बारे में शिक्षित कर पाएंगे कि कुछ सामग्री हमारे नियमो की विरोधाभासी है, ताकि वे अपने बर्ताव और लोक संवाद के प्रभाव पर पुनः विचार कर सकें। नियमो का एक बार उल्लंघन करने वालो के खिलाफ कोई कार्वाई नही की जाएगी, दो बार उल्लंघन या स्ट्राइक होने पर अकाउंट को 12 घंटे के लिए लॉक कर दिया जाएगा। पांच या अधिक बार के उल्लंघनकर्ताओ पर ट्विटर स्थाई पाबंदी लगा देगा।

### बाइडन से डब्ल्यूटीओ में कोविड-19 टीकों पर छूट को नहीं रोकने का अनुरोध, भारत ने दिया है छूट का सुझाव

**वाशिंगटन।** भारत और दक्षिण अफ्रीका का समर्थन करते हुए अमेरिका के सैकड़ो सामाजिक संगठनो और तीन वरिष्ठ सांसदो ने अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन से डब्ल्यूटीओ में कोविड-19 टीको पर मिलने वाली छूट को नही रोकने का अनुरोध किया है और कहा है कि इस छूट से दुनियाभर में कोरोना वायरस के मरीजों के इलाज को बढ़ावा मिलेगा।बौद्धिक संपदा अधिकार के व्यापार संबंधी पहलुओं (टीआरआईपीएस) पर विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के समझौते के तहत देशो को दवाइयो, परीक्षणो और उत्पादन के लिए इस्तेमाल की जाने वाली तकनीको के लिए दीर्घकालिक एकाधिकार सुरक्षा प्रदान करना जरूरी होता है।एक बयान मे कहा गया है कि हर क्षेत्र मे उत्पादन क्षमता होती है और डब्ल्यूटीओ के नियम उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए जरूरी फॉर्मूला और प्रौद्योगिकी तक समय रहते निर्बाध पहुंच सुनिश्चित करने से रोकते है। निर्माण अधिक मात्रा मे नही होने से 2024 तक विकासशील देशो के कई लोगो को कोविड-19 टीका नही मिल पाएगा।प्रतिनिधि सभा मे हाउस एप्रोप्रिएशंस कमेटी की अध्यक्ष एवं सांसद रोसा डेलॉरा ने सोमवार को संवाददाता सम्मेलन मे कहा, कोविड-19 महामारी किसी देश की सीमा तक सीमित नही है। ऐसे मे दुनियाभर मे टीके का निर्माण एवं वितरण बेहद अहम हो जाता है। भारत और दक्षिण अफ्रीका ने डब्ल्यूटीओ से टीआरआईपीएस से छूट की मांग की है जिससे वैश्विक समुदाय को कोविड-19 के निदान, उपचार और टीको को विकासशील देशो को उपलब्ध कराते हुए इस समस्या से निपटने की दिशा मे मदद मिलेगी। सांसद अर्ल ब्लूमेनॉर और सांसद जैन शाकोवस्की ने भी राष्ट्रपति जो बाइडन से इस बारे मे दखल देने का अनुरोध किया है।



## स्कूल से अपहृत 276 छात्राओं को छोड़ा गयाः नाइजीरियाई गवर्नर

**एपी।** गुसाऊ (नाइजीरिया)

**नाइजीरिया के** पश्चिमोत्तर जामफारा राज्य में एक बोर्डिंग स्कूल से पिछले सप्ताह जिन 279 छात्राओं का अपहरण किया गया था, उन्हें छोड़ दिया गया है।राज्य के गर्वनर बेल्लो मातावाले ने यह घोषणा की। बंदूकधारियों ने जानगेबे शहर के गवर्नमेंट गर्ल्स जूनियर सेकेंडरी स्कूल (जीजीएसएस) से लड़कियों का अपहरण कर लिया था। मातावाले ने मंगलवार तड़के ट्वीट किया, भगवान का शुक्र है। मुझे यह घोषणा करते हुए बहुत खुशी हो रही है कि जीजीएसएस जानगेबे से अपहृत की गई छात्राओं को छोड़ दिया गया है। यह हमारे प्रयासों को रोकने के लिए पैदा की गई कई बाधाओं को दूर करके संभव हुआ। हमारी बेटियां अब सुरक्षित हैं और मैं नाइजीरियावासियों के साथ मिलकर इस बात की खुशी मना रहा हूं। एसोसिएडेड प्रेस के एक रिपोर्टर ने हल्के नीले रंग के हिजाब पहने सैकड़ों लड़कियों को गुसाऊमें राज्य के गवर्नमेंट हाउस कार्यालय में नंगे पैर बैठे देखा।बैठक के बाद अधिकारी लड़कियों को बाहर लेकर आए और उन्हें वैन में ले जाया गया। लड़कियां शांत दिख रही थीं और उनकी आयु 10 साल या उससे अधिक प्रतीत होती है।हमले के समय एक स्थानीय निवासी ने बताया था कि हथियारबंद लोगों ने पास के ही सैन्य शिविर और सुरक्षा चौकी पर भी हमला किया ताकि सैनिक कोई जवाबी कार्वाई नहीं कर सकें। इस हमले के बाद से ही पुलिस और सेना लड़कियों को बचाने के लिए संयुक्त अभियान चला रही थीं।इस पश्चिमी अफ्रीकी देश में पिछले कई वर्षों से इस तरह से अपहरण करने और हमला करने के मामले बढ़े हैं। नाइजर राज्य में एक कॉलेज से 17 फरवरी को 24 छात्रों, छह कर्मियों और उनके परिवार के आठ सदस्यों का अपहरण कर लिया गया था। उन्हें शनिवार को छोड़ा गया।



नाइजीरिया के पश्चिमोत्तर जामफारा राज्य में एक बोर्डिंग स्कूल से पिछले सप्ताह जिन 279 छात्राओं का अपहरण किया गया था, उनका मेडिकल कराने ले जाते सुरक्षाकर्मी

## अमेरिकी सांसद ने बाइडन प्रशासन से भारत का साथ देने की अपील की

**चीनी साइबर हमला**

● विदेश विभाग साइबर जगत में किसी भी प्रकार के खतरे से निपटने के लिए दुनिया में विभिन्न भागीदारों के साथ मिलकर काम करता है

**भाषा।** वाशिंगटन

**अमेरिका के** एक वरिष्ठ सांसद ने चीनी हैकरों द्वारा भारत की पावर ग्रिड प्रणाली को निशाना बनाने संबंधी रिपोर्ट के मद्देनजर सोमवार को बाइडन प्रशासन से भारत का साथ देने का अनुरोध किया।

साइबर हमले जैसी गतिविधियों की निगरानी करने वाली एक अमेरिकी कंपनी की रिपोर्ट में भारत की पावरग्रिड प्रणाली को निशाना बनाने की बात सामने आई है।

सांसद फ्रैंक पैलोन ने सोमवार को ट्वीट किया, अमेरिका को निश्चित रूप से हमारे रणनीतिक साझेदारों के साथ खड़ा रहना चाहिए और भारत के पावर ग्रिड पर चीन के खतरनाक साइबर हमले की निंदा करनी चाहिए, जिसकी वजह से महामारी के दौरान अस्पतालों को जनरेटरों का सहारा लेना पड़ा पैलोन ने ट्वीट किया, हम चीन को बल प्रयोग और डर के माध्यम से क्षेत्र में प्रभुत्व कायम करने की अनुमति नहीं दे सकते। इससे एक दिन पहले ही अमेरिका में मैसाचुसेट्स की कंपनी रिकॉर्डेड फ्यूचर ने अपने हालिया अध्ययन में दावा किया कि भारत और चीन के बीच सीमा पर जारी तनाव के दौरान चीन सरकार से जुड़े हैकरों के एक समूह ने मालवेयर के जरिए भारत की पावरग्रिड प्रणाली को निशाना बनाया। आशंका है कि पिछले साल मुंबई में बड़े स्तर पर बिजली आपूर्ति ठप होने के पीछे शायद यही मुख्य कारण था।रिकॉर्डेड फ्यूचर ने अपनी हालिया रिपोर्ट में चीन के समूह रेड इको द्वारा भारतीय ऊर्जा क्षेत्र को निशाना बनाए जाने का जिक्र किया है।अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने कहा कि वह इस रिपोर्ट से अवगत है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा, हम कहेंगे कि इस संबंध में विस्तार से जानकारी हासिल करने के लिए आप यह रिपोर्ट देने वाली कंपनी से संपर्क करें। विदेश विभाग साइबर जगत में किसी भी प्रकार के खतरे से निपटने के लिए दुनिया में विभिन्न भागीदारों के साथ मिलकर काम करता है। प्रवक्ता ने कहा, हम साइबर जगत समेत विभिन्न क्षेत्रों में सरकारों की खतरनाक और दमनात्मक कार्वाई को लेकर चिंतित हैं और साइबर सुरक्षा, महत्वपूर्ण आधारभूत संरचना तथा आपूर्ति श्रृंखला की सुरक्षा को लेकर संयुक्त कदम की महत्ता को रेखांकित करते हैं।

### एक-चीन की नीति को रद्द करने के लिए अमेरिकी संसद में विधेयक पेश

**वाशिंगटन।** रिपब्लिकन पार्टी के दो सांसदों ने प्रतिनिधि सभा में एक विधेयक पेश किया है, जिसमें अमेरिका से ताइवान के साथ औपचारिक राजनयिक संबंध बहाल करने और पुरानी हो चुकी एवं अनुत्पादक एक-चीन की नीति को रद्द करने की अपील की गई है। सांसद टॉम टिफनी और स्कॉट पेरी ने यह विधेयक पेश किया है, जिसमें बाइडन प्रशासन से अंतरराष्ट्रीय संगठनों में ताइवान की सदस्यता को समर्थन देने और अमेरिका एवं ताइवान के बीच मुक्त व्यापार समझौता करने के लिए ताइपे के साथ वार्ता करने की अपील की गई है। टिफनी ने कहा, पिछले करीब 40 साल से अमेरिका में दोनों दलों के राष्ट्रपतियों ने बीजिंग के इस झूठ को कई बार दोहराया है कि ताइवान साम्यवादी चीन का हिस्सा है, जबकि वास्विक सच्चाई इसके विपरीत है। इस पुरानी हो चुकी नीति को बदलने की आवश्यकता है। अमेरिका के 1979 तक ताइवान की सरकार के साथ सामान्य राजनयिक संबंध थे, लेकिन तत्कालीन राष्ट्रपति जिम्मी कार्टर ने ताइपे के साथ औपचारिक संबंध अचानक समाप्त कर दिए और चीन में साम्यवादी शासन को मान्यता दी।

## संरा में अमरिकी राजदूत ने लोकतंत्र बहाली के लिए म्यांमा सेना पर दबाव बढ़ाने की अपील की

**एपी।** संयुक्त राष्ट्र

**संयुक्त राष्ट्र** में अमेरिका की नव नियुक्त राजूदत लिंडा थॉमस ग्रीनफील्ड ने सोमवार को अंतरराष्ट्रीय समुदाय से म्यांमा सेना पर लोकतंत्र बहाल करने के लिए दबाव बढ़ाने की अपील की और अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के विश्व को फिर से जोड़ने तथा अमेरिका को दोबारा नेतृत्व करने वाला देश बनाने की प्रतिबद्धता दोहराई।

मार्च में सुरक्षा परिषद की अमेरिका द्वारा अध्यक्षता के पहले दिन उन्होंने कई वैश्विक मुद्दों पर बात की। उन्होंने यह भी कहा कि बाइडन प्रशासन ईरान के पिछले सप्ताह उसके परमाणु केन्द्रों पर अंतरराष्ट्रीय निरीक्षण रोकने से हताश है।

अमेरिका एक मार्च से सुरक्षा परिषद का नेतृत्व कर रहा है।उन्होंने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, मुझे लगता है कि यह एक मौका था, जिसे उन्होंने खो दिया है और हम उम्मीद करते हैं कि वे इस पर पुनः विचार करेंगे। ग्रीनफील्ड ने बताया कि बाइडन ने यह स्पष्ट कर दिया है कि ईरान के पास कभी परमाणु हथियार नहीं होंगे और यह भी स्पष्ट कर दिया कि अगर ईरान 2015 परमाणु समझौते को पूरी तरह बहाल करता है तो अमेरिका भी ऐसा करने को तैयार है। तेहरान ने अमेरिका और समझौते में शामिल अन्य देशों के साथ बैठक करने के यूरोपीय संघ के प्रस्ताव को ठुकरा दिया है।उन्होंने कहा कि उत्तर कोरिया की बात करें तो वह अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा वहां के नेता किम जोंग-उन को परमाणु हथियार कम करने के लिए राजी करने के असफल प्रयासों से पहले सुरक्षा परिषद के बड़े प्रतिबंधों का सामना कर रहा था।



ग्रीनफील्ड ने कहा कि उत्तर कोरिया अंतरराष्ट्रीय शांति एवं सुरक्षा के लिए वैश्विक खतरा बना हुआ है।उन्होंने कहा कि अमेरिका का उत्तर कोरिया को उस लक्ष्य की ओर ले जाने में बड़ा हित है ताकि उसके उकसावे या बल के इस्तेमाल से बचा जा सके और सबसे बड़ा हित अमेरिकी लोगों और हमारे सहयोगियों को सुरक्षित रखना है..।

ग्रीनफील्ड ने कहा कि बाइडन प्रशासन उत्तर कोरिया के लिए अमेरिकी नीति की समीक्षा कर रहा है और देश पर परमाणु निरस्त्रीकरण होने का दबाव बनाता रहेगा।पश्चिम एशिया के बारे में बात करते हुए ग्रीनफील्ड ने कहा कि युद्धग्रस्त यमन में मानवीय स्थिति बेहद खराब है और उसकी अध्यक्षता में 11 मार्च को हस्ताक्षर कार्यक्रम संघर्ष के कारण उत्पन्न हुई भुखमरी और यमन तथा इथियोपिया में भुखमरी की स्थिति पर होगा।

ग्रीनफील्ड ने एक फरवरी को म्यांमा में सेना के तख्तापलट पर और देश में सेना के खिलाफ जारी मौजूदा प्रदर्शन के मद्देनजर म्यांमा के लोगों के प्रति एक बार फिर अमेरिकी समर्थन दोहराया और कहा, हम मजबूती से उनके साथ खड़े हैं। हम दबाव भी बढ़ाएंगे। उन्होंने कहा कि केवल न्यूयॉर्क को ही नहीं बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर म्यांमा सेना को अपने तख्तापलट को वापस लेने और लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई सरकार बहाल करने के लिए दबाव बनना चाहिए।

## यौन उत्पीड़न के आरोपों में घिरे रैपर टीआई एंट मैन3 में नहीं आएंगे नजर



**लॉस एंजिलिस।** अभिनेता पॉल रड और अभिनेत्री इवैंजलीन लिली की एंट मैन सीरिज की आने वाली फिल्म में रैपर टीआई नजर नहीं आएंगे। टीआई और उनकी पत्नी टिनी पर कई महिलाओं द्वारा यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए जाने के बाद यह खबर सामने आई है। अभिनेता क्लिफर्ड जोसेफ हैरिस जूनियर उर्फ टीआई ने सीरिज की पहली दो फिल्मों में डेव का किरदार निभाया था। फिल्म से जूड़े एक सूत्र ने वैराएटी को बताया कि टीआई पर हाल ही में लगे गंभीर आरोप एक अलग मामला है और एंट-मैन3 में उनका किरदार था ही नहीं। टीआई, उनकी पत्नी और उनके करीबी लोगों पर सोमवार को चार महिलाओं ने उन्हें नशीला पदार्थ देने और उनका यौन उत्पीड़न करने का आरोप लगाया था।

# 'भारतीय फिल्म उद्योग में काम करने का अवसर मिलना मेरा सौभाग्य है'

राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता संगीतकार **शाश्वत सचदेव** अपने गाने 'मचलो' के माध्यम से गायन क्षेत्र में पदार्पण कर रहे हैं। पायनियर संवाददाता **शालिनी सक्सेना** के साथ एक विशेष बातचीत में उन्होंने गायन क्षेत्र में आने, भारत वापस आने तथा बॉलिवुड की अपनी अब तक की यात्रा के बारे में विस्तार से चर्चा की। प्रस्तुत हैं बातचीत के अंश...

**■ आप संगीतकार और निर्माता दोनों हैं। फिर आपको गायन क्षेत्र में आने की क्या सूझी?**

मैंने बचपन से ही हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत को सीखना प्रारंभ कर दिया था। तब मैं केवल तीन वर्ष का था और इसके बाद 21 वर्ष की आयु तक मैंने अपने गुरू रमजान खान साहब से संगीत सीखा। मैंने इसके बाद पश्चिमी वाद्ययंत्र पियानो को भी 10 साल तक सीखा। इस प्रकार देखें तो मेरे संगीत निर्देशन और निर्माण में गायन एक आंतरिक हिस्सा है। आप कह सकते हैं कि मैं सदा से ही गायन में रहा हूं।

**■ स्टूडियो में दूसरी ओर रहना और गाने का अनुभव कैसा रहा?**

मैं एमआईएस पर रिकॉर्ड करता रहा हूं ये मेरे लिए पूर्ण रूप से सामान्य है। मैं अधिकांश गाने जो मैं निर्माण करता हूं और जिन्हें कंपोज़ तथा रिकॉर्ड करता हूं, वे मेरे गाये ही होते हैं। इसके बाद ही कोई दूसरा उन्हें रिकॉर्ड करता है। वैसे ये संगीत निर्माण का एक छोटा सा ही भाग होता है।

**■ आपकी संगीत यात्रा का प्रारंभ कैसे हुआ था?**

मेरे माता-पिता चाहते थे कि अनुशासित जीवन जीना सीखने के लिए मुझे संगीत सिखाने के पक्षधर थे। मैं 2017 में मुंबई आ गया। मेरा पहला गाना फिल्लौरी नाम से था और इसे उसी साल रिलीज़ भी कर दिया गया था। मेरे लिए भारतीय शास्त्रीय संगीत सीखना महत्वपूर्ण था। मेरे विचार से छोटे शहरों से आने वाले लोगों के जीवन का ये अभिन्न अंग होता है। मेरे लिए तो संगीत केवल एक हॉबी के रूप में प्रारंभ हुआ था। इसके काफी बाद में मैंने व्यावसायिक स्तर पर संगीत को अपनाया। इस व्यवसाय में फिल्मों के लिए संगीत देना और बनाना महत्वपूर्ण माना जाता है। ये मेरा सौभाग्य है कि मुझे इंडस्ट्री के लिए काम करने का अवसर मिला।

**■ आपने अमेरिका में भी कुछ प्रोजेक्ट्स में काम किया था। फिर भारत आने का निर्णय क्यों करना पड़ा?**

मैंने अमेरिका में बडे प्रोजेक्ट्स में काम किया था। लेकिन मैं इन प्रोजेक्ट्स के छोटे से पहलू में काम करता था।



मुझे रचनात्मक स्तर पर अपनी अभिव्यक्ति के लिए वैसे अवसर नहीं मिल रहे थे जैसे मैं चाहता था। अब चूंकि मेरे पास भारतीय संगीत का पर्याप्त प्रशिक्षण था ही तो प्रत्येक व्यक्ति ने कहा कि मुझे भारतीय संगीत बनाना प्रारंभ कर देना चाहिये। मेरे भारत वापस आने का यही कारण था।

**■ फिर आपका बॉलिवुड में कैसे आगमन हुआ?**


मैं यहां फिल्म निर्माता रिया कपूर से 2016 में मिला। उन्होंने मुझे भारत वापस आने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने मुझे एक प्रोजेक्ट भी दिया जिसपर वो स्वयं काम कर रही थीं। ये मेरे लिए भारत में पहला प्रोजेक्ट था और कहा जा सकता था कि मैं कम समय में काम पा गया था। मैं उनका कृतज्ञ हूं क्योंकि मुंबई में मेरी यात्रा उनके इसी प्रोजेक्ट के कारण प्रारंभ हुई और फिर तो ये आगे ही बढ़ती गई। मैं उनका कृतज्ञ रहूंगा। उनके द्वारा प्रदान किये गए अवसर से मुझे आत्मविश्वास मिला और मुझे भरोसा हो गया कि मैं यहां पांव जमा सकता हूं। उनके कारण ही मुझे इस पथ पर आगे बढ़ने का साहस और उत्साह प्राप्त हुआ।

**■ आपने वेब सीरीज़, टीवी सीरीज़ तथा फिल्मों के लिए भी संगीत बनाया है। ये तीनों प्लेटफॉर्म किस प्रकार एक दूसरे से भिन्न हैं?**

लंबे प्रारूप में आपको अभिव्यक्ति का अवसर दीर्घकाल तक मिलता रहता है। लेकिन उनमें संगीत देना फिल्मों की तुलना में कठिन होता है। फिल्मों में यदि आप एक प्रोजेक्ट में छ: महीने से काम कर रहे हैं तो उसमें आप इस अवधि के दौरान एक विशिष्ट प्रकार की कंटेंट बनाने में सफल रहते हैं। इसमें आपकी पूरी टीम लगकर सर्वश्रेष्ठ हिस्से को चुनकर फिल्म के लिए फाइनल कर देती है। लेकिन वेब सीरीज़ या टीवी धारावाहिक जैसे लंबे प्रारूप में आपको 10 घंटे जैसे दीर्घकाल में भी काफी सारी कंटेंट करनी होती है। कंटेंट की गुणवत्ता भी इस पूरी अवधि के लिए समान रूप से श्रेष्ठ रखनी होती है। कुछ समय के बाद इसमें समस्याएं आने लग जाती हैं। मैं उन लोगों का काफी सम्मान करता हूं जो इस प्रारूप के लिए संगीत बनाते हैं।

**■ आपने आगे के लिए क्या सोचा है?**

मैंने इस साल के लिए कुछ फिल्मों की योजना बना रखी है इसके अलावा अगले साल के लिए भी कुछ प्रोजेक्ट मिलने वाले हैं। मैं नए संगीत के लिए उत्साहित हूं और ये आपके लिए शीघ्र ही प्रस्तुत किया जाएगा। मुझे आशा है कि इन गानों को बनाने के दौरान जो आनंद मुझे मिला, वही आनंद और संतुष्टि श्रोताओं को इस संगीत को सुनने के बाद होगी।




## अहान शेट्टी की पहली फिल्म तड़प सितम्बर में होगी रिलीज

**भाषा।** मुम्बई

**अभिनेता सुनील** शेट्टी के बेटे अहान शेट्टी की पहली फिल्म तड़प इस साल 24 सितम्बर को रिलीज होगी। फिल्मकार मिलन लुथरिया की इस फिल्म में तारा सुतारिया भी नजर आएंगी। फिल्म तड़प 2018 में आई तेलुगू फिल्म आरएक्स 100 का रीमेक है। इसका निर्माण नाडियाडवाला ग्रैंडसन एंटरटेनमेंट के बैनर तले किया जाएगा। नाडियाडवाला ग्रैंडसन एंटरटेनमेंट ने अपने आधिकारिक ट्विटर अकाउंट पर कहा, जादुई पल जिसका हम इंतजार कर रहे थे, वह आ गया है। तड़प का इंतजार खत्म। अद्भुत प्रेम कहानी 24 सितम्बर को बड़े पर्दे पर रिलीज होगी।



## ऋषिकेश में भूमि को आई अपनी पहली फिल्म की याद

**बॉलिवुड** अभिनेत्री भूमि पेडनेकर को उनकी पहली फिल्म 'दम लगा के हइसा' डीएलकेएच, ने उन्हें रातोंरात ही स्टार बना दिया था। इस फिल्म में वो एक भारीभरकम शरीर वाली लड़की का चरित्र निभा रही थीं। भूमि ने अपनी इस पदार्पण फिल्म को जिसका निर्देशन शरत कटारिया ने किया था, को अपने जीवन का स्मरणीय पल बताते हुए कहा कि इसके बाद तो सफलता के द्वार उनके लिए खुलते चले गए। हाल ही में वो ऋषिकेश में अपनी अगली फिल्म 'बधाई दो' की शूटिंग कर रही थीं। उन्हें ये जानकर बहुत आश्चर्य हुआ कि इस फिल्म में भी वो उसी घर में शूटिंग कर रही थीं जिसमें उन्होंने पिछली फिल्म 'दम लगा के हइसा' शूट की थी।

भूमि ने कहा, 'डीएलकेएच, मेरे जीवन का एक स्मरणीय क्षण रहेगा। मैं कल्पना भी नहीं कर सकती कि यदि ये फिल्म न होती तो मेरा कॅरियर किस प्रकार का होता। ये मेरा सौभाग्य ही था कि ये फिल्म मुझे मिली और सभी जानते हैं कि मैंने इस फिल्म में अपने चरित्र को निभाने के क्रम में कहीं कोई कमी नहीं छोड़ी। ये एक सुखद संयोग ही है कि मेरी वर्तमान की फिल्म 'बधाई दो' भी उसी घर में शूट की जा रही है जिसमें मैंने कई साल पहले दम लगा के हइसा शूट की थी। मैं तो काफी देर तक उस समय की यादो में ही खोई रही थी। ऐसा कठिन होता है कि आप छ: साल बाद पुन: उसी स्थान पर वापस आ जाएं!।

उन्होंने आगे कहा, 'मैं तो यादों में खो सी गई थी क्योंकि मैं उसी स्थान पर खड़ी थी जिसपर खड़े होकर मैंने एक अभिनेत्री के रूप में फिल्मों का अपना पहला शॉट दिया था। मुझे याद है कि हमनें इसके लिए 11 रीटेक किये थे। मैं उस समय बहुत घबराई थी। इसी स्थान पर आप कह सकते हैं कि भूमि नाम की अभिनेत्री का जन्म हुआ था।

भूमि बताती हैं, 'इसी फिल्म ने मुझे एक अभिनेत्री के रूप में विश्व में पहचान दिलाई थी और मुझे दुनिया को ये बताने का अवसर उपलब्ध कराया था कि मैं एक अभिनय की भूख लिये, महत्वाकांक्षी अभिनेत्री हूं और हिंदी फिल्म उद्योग में अपनी विरासत निर्मित करने के लिए जोखिम लेने से पीछे नहीं हटूंगी। आज जब मैं अपने पदार्पण पर दृष्टिपात करती हूं तो मुझे मेरा सर्वश्रेष्ठ देने में सहायता देने वाले हर व्यक्ति के प्रति मे नमन करती हूं।'

वो अपनी पहली फिल्म की पूरी टीम को एक कलाकार के रूप में उनके भीतर आत्मविश्वास की भावना निर्मित करने का श्रेय देती हैं। उन्होंने कहा, 'शानू, आदि सर, मनीष शर्मा, शरत कटारिया तथा आयुष्मान खुराना तक हर व्यक्ति को मुझमें विश्वास था और उन्हीं के कारण मुझमें वो आत्मविश्वास निर्मित हुआ जिसके कारण मैं एक कलाकार के रूप में स्वयं को दुनिया के सामने प्रभावी रूप से रखने में सक्षम हुई। डीएलकेएच, सदैव एक ऐसी फिल्म बनी रहेगी जिससे अपने आगे के जीवन में जोखिम लेने, प्रयोग करते रहने और हर बार स्वयं को नए रूप में परदे पर प्रस्तुत करने के लिए जरूरी विश्वास प्राप्त करती रहूंगी।'

## चर्चिल की पेटिंग 1.15 करोड़ डॉलर में बिकी, बनाया नया कीर्तिमान



**एपी।** लंदन

**विन्सटन चर्चिल** की मोरक्को के परिदृश्य की पेंटिंग एक नीलामी में रिकॉर्ड 1.15 करोड़ डॉलर से अधिक में बिकी है। यह पेंटिंग अदाकारा एंजेलिना जोली द्वारा बेची गई है। लंदन के क्रिस्टी में टावर ऑफ द कोउटोउबिया मॉस्क 82,85,000 पाउंड (1,15,90,715 डॉलर) की बिकी है। बिक्री से पूर्व इसकी कीमत 15 लाख पाउंड से 25 लाख पाउंड लगाई गई थी। इससे पहले चर्चिल की सबसे महंगी पेंटिंग 18 लाख पाउंड की बिकी थी। इस पेंटिंग में एटलस पर्वत की पृष्ठभूमि में सूर्यास्त के समय मोरक्कों की 12वीं शताब्दी की मस्जिद दिखाई गई है। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति फ्रैंकलिन डी. रूज़वेल्ट के 1945 में निधन के बाद उनके बेटे ने यह पेंटिंग बेच दी थी। इसके बाद इसे कई लोगों ने खरीदा। 2011 में इसे एंजेलिना और उनके प्रेमी एवं अभिनेता ब्रैड पिट ने खरीदा था। दम्पत्ति 2019 में अलग हो गए थे। इस पेंटिंग को जोली फैमली कलेक्शन ने यहां बेचा। पेंटिंग खरीदने वाले की अभी कोई जानकारी नहीं मिल पाई है।



मंगलवार को गोरखपुर एयरपोर्ट पर पहुंचीं फेमिना मिस इंडिया 2020 की रनर-अप मान्या सिंह

# भूमाफियाओं का मनमाना खेल, नियम-कानून फेल

● ओबीसी को दलित दिखाकर कराया फर्जी बैनामा

● 37 साल पुराने मामले में तीन भूमाफियाओं पर केस

संवाददाता। सीतापुर



**मछलियों पर** कार्रवाई, मगरमच्छों पर रहम, ये साहब यह ठीक नहीं। सदर तहसील में पिछडी जाति को दलित बनाकर धनाढ्यों ने जमीन की रजिस्ट्री करा ली। मामला करीब 37 साल पुराना है। अब शहर के तीन भूमाफिआओं हरिदास, राजेंद्र कुमार जबरानी व राधे श्याम के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। मगर लाखों-करोड़ों के जमीन के इस खेल में क्या यह खेल भला बिना राजस्व विभाग के खेल सकता है। सूत्रों का कहना है कि शहर के आसपास करोड़ों-अरबों की जमीनों में ऐसा ही खेल खेला गया है और यह सब राजस्व विभाग की मिलीभगत से हुआ है, यदि इस दौरान तैनात राजस्व के अधिकारियों और कर्मचारियों की जांच करा ली जाए, तो उनकी हैसियत से सारा राज खुल जाएगा।

ताजा मामला इस प्रकार है, शहर कोतवाली में दर्ज कराए गए इस मुकदमे में यह कहा गया है कि मोहल्ला आर्य नगर निवासी हरिदास, राजेंद्र कुमार जबरानी व राधे श्याम का एक सम्मिलित ईंट भटठा ग्राम टेडवा चिलौला में स्थित है, जो छल कपट और धोखाधड़ी कर भू माफिआ बन गए हैं। भट्ठे का मालिक राजेंद्र जबरानी के पास स्थित दलित शिवरानी का खेत गाटा संख्या 302 रकबा 0.15 डि. स्थित है। जिसका बैनामा 31 अक्तूबर 1984 को सुकाली पुत्र बुद्धा जाति आरख पिछड़ी जाति निवासी भवानीपुर विलियम साहब की जाति को छिपाकर पासी दिखाकर तथा उसका असल पता गांव भवानीपुर घ्विलियम साघ्हब छिपाकर आर्यनगर का निवासी दिखाकर शिवरानी पासी व सुकाली के नाम जमीन खरीदी गई, बैनामा का गवाह हरिदास ने सुकाली जाति व पता की गलत तस्दीक रजिस्टर के सामने की। इसी तरह वर्ष 1984 में ही 24 अक्तूबर को एक रजिस्टर्ड बैनामा प्रतिवादी राधे श्याम ने सुकाली की असल जाति व पता छिपाकर छोटे लाल पासी व चमेली पासी जाति से कराया, जिसका गाटा संख्या 301 रकबा 0.23 डिह्. है। इसी क्रम में इसी वर्ष 9 नवबंर को सुकाली की असल जाति व पता छिपाकर और आर्यनगर का बाशिंदा दिखाकर दुर्जन पुत्र डोरे जाति पासी से गाटा संख्या 292 रकबा 0.77 डि. का बैनामा कराया गया। जिसके गवाह प्रतिवादी हरिदास बने एवं क्रेता सुकाली की जाति व पता छिपाकर व उसको पासी बताकर बैनामा कराया गया। यही नहीं तस्दीक भी की गई। इसी प्रकार इसी वर्ष 31 अक्तूबर को सुकाली की आरख जाति व निवास स्थान छिपाकर सुकाली की जाति पासी व आर्य नगर का निवासी दर्शाकर लाला पुत्र डोरे लाल से बैनामा कराया गया और इस बैनामा का गवाह भी स्वयं हरिदास बना। इस तरह उक्त सुकाली कथित चारों बैनामों के समय ग्राम पंचायत भवानीपुर विलियम साहब खैराबाद निवासी था और मजदूरी पेशा गरीब व्यक्ति था, काफी बुजुर्ग होने से गवाहों ने बीमार व्यक्ति के साथ धोखाधड़ी कर चारों बैनामा फर्जी तरीके से लिखाए। सुकाली की मृत्यु सोलह दिसंबर 2014 में हो गई। उक्त समस्त भूमि पर हरि दास, राजेंद्र कुमार जबरानी व राधे श्याम काबिज हैं। इसको लेकर अश्वनी कुमार निवासी मिल कालोनी मराठा लाइन हरगांव ने तीन भूमाफिआओं के खिलाफ धारा 419, 420, 467, 468 व 471 के तहत मुकदमा दर्ज कराया है। लेकिन जिन राजस्व कर्मियों की सरपरस्ती में इन भू माफिआओं ने जो खेल खेलकर अपराध किया है, भला क्या उन पर भी कार्रवाई होगी।

# शराब का चढ़ा सुरूर तो बीच सड़क पर करने लगे कुश्ती

● पंचायत सचिव व पूर्व प्रधान पुत्र के बीच मारपीट का वीडियो वायरल

● बिसवां कोतवाली इलाके का वायरल वीडियो बटोर रहा सुर्खियां

संवाददाता। बिसवां सीतापुर



**बिसवां कोतवाली** इलाके में ग्राम विकास अधिकारी और पूर्व प्रधान के पुत्र के बीच मारपीट का वीडियो वायरल हुआ है। वायरल वीडियो में दोनों बीच सड़क पर धर पटक करते नजर आ रहे हैं। मारपीट करने वाले दोनों षख्स षराब के नशे में बताए जा रहे हैं। मंगलवार को वीडियो वायरल होने पर हडकंप मच गया। बिसवां ब्लॉक अधिकारियों और कर्मचारियों की खूब किरकिरी हो रही है। खंड विकास अधिकारी बिसवां विकास यादव ने 'पायनियर' से बताया कि उनका कुछ पर्सनल मैटर है। फिर भी जांच कराई जा रही है।

## खूनी संघर्ष में आठ जख्मी...

# मामूली विवाद में भिड़े दो पक्ष, जमकर चले लाठी-डंडे

संवाददाता। सीतापुर

● शहर कोतवाली देहात के अकबरपुर कला की घटना

**शहर कोतवाली** देहात के अकबरपुर कला गांव में मामूली विवाद को लेकर दो पक्ष भिड़ गए। लाठी-डंडों से दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई। जिसमें दोनों पक्षों के 8 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। घायलों में से चार की हालत गंभीर बनी हुई है। पीड़ितों की तहरीर के आधार पर पुलिस ने आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। जिला अस्पताल में इलाज करा रहे राममूर्ति ने घटना के संबंध में पूरी जानकारी दी। जिला अस्पताल के इमरजेंसी चिकित्सक ने बताया 8 घायलों का प्राथमिक उपचार किया गया। 4 की हालत गंभीर होने पर उन्हें भर्ती कर लिया गया है।

## पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा...

# कब्र खोदकर निकाला गया मासूम का शव... ?

● महमूदाबाद पुलिस ने नहीं सुनी पुकार तब एसपी से लगाई गुहार

● एसपी के आदेश पर 12 दिन बाद कब्र खोदकर निकाला गया शव

संवाददाता। सीतापुर

**एक मासूम** का शव 12 दिन बाद कब्र खोद कर निकाला गया। शव का पोस्टमार्टम कराकर मौत की वजह का पता लगाया जाएगा। इस कार्रवाई के लिए मृतक का पिता पिछले 10 दिनों से महमूदाबाद कोतवाली की गणेष परिक्रमा कर रहा था।



सीतापुर-घटना स्थल पर मौजूद पुलिस

सुनवाई न होने पर उसने पुलिस अधीक्षक से इंसाफकी गुहार लगाई। पुलिस अधीक्षक के फरमान पर मंगलवार को तहसीलदार महमूदाबाद अशोक कुमार व कोतवाली प्रभारी अनिल पांडेय ने कब्रिस्तान पहुंचकर कब्र से षव को बाहर निकलवाते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आपको बता दें, कि कोतवाली महमूदाबाद क्षेत्र के तकिया निवासी मोहम्मद रईस का ढाई वर्षीय बेटा अयाज बीती 17 फरवरी की शाम चार बजे से घर से लापता हो गया था। लापता होने के कई घण्टो बाद तक वह बच्चे को ढूंढते रहे लेकिन पता नही चल सका। देर रात करीब 11 बजे अयाज का शव घर से कुछ ही दूर बने तालाब से बरामद किया गया था। परिजनों ने अगले दिन 18 फरवरी को अयाज का अंतिम संस्कार गांव के कब्रिस्तान में कर दिया था। इसके बाद मृतक के पिता रईस को एक पड़ोसी पर शक हुआ तो उसने बेटे की मौत का कारण जानने के लिए थाने में तहरीर देकर शव का पोस्टमार्टम कराये जाने की मांग की। महमूदाबाद पुलिस द्वारा प्रार्थना पत्र पर तीन दिनों तक कोई कार्यवाही न होने पर 23 फरवरी को रईस ने एसपी से गुहार लगाई थी। एसपी के आदेष पर षव को कब्र से बाहर निकलवाते हुए पीएम के लिए भेजा गया है।

# ऑल इंडिया पिछड़ा जन समाज पार्टी ने दिया धरना

संवाददाता। सीतापुर

**आल इण्डिया** पिछडा जन समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं ने विकास भवन स्थित धरना स्थल पर धरना देते हुए लालबाग चौराहे से सीएम आवास तक पदयात्रा निकालने का ऐलान किया है। पार्टी ने मंगलवार को एक बार फिर प्रशासन को ज्ञापन देकर कहा है कि अगर मांगों को जल्द न माना गया तो कार्यकर्ता पदयात्रा करने को विवष होंगे। इस मौके पर रामलखन गौतम, शिवकुमार गौतम, शिवदेवी, सुमन देवी, रामदेवी, शिवकुमार, शिवप्यारी, बच्चू लाल, उदल, पप्पू, जीतू भारतीय, सुरेश कुमार राज, राकेश गौतम, राजू भारती, शिवप्रसाद, जगदीश आदि मौजूद थे।

## किसानों ने सौंपा ज्ञापन

**बिसवां** चीनी मिल की ओर से कटौती किए जाने के मामले को लेकर राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन की ओर से जिला अधिकारी को सम्बोधित ज्ञापन तहसीलदार मदन मोहन वर्मा को दिया गया। संगठन के युवा मंडल अध्यक्ष लखनऊ अजीत वर्मा ने कहा कि मिल में पर्ची व कैलेन्डर के नाम पर पैसे काटे गए हैं, वहीं मिल में किसानों के बैठने तक की सुविधा नहीं है। इस मौके पर जिला प्रभारी छैल बिहारी मिश्रा, अजीत वर्मा, चांद पहलवान, असद, अफजल सिद्दीकी, मेराज शादाब, तौहीद, धीरज कुमार, प्रदीप कुमार आदि थे।

## आराध्या ने मन्दिर निर्माण के लिए गुल्लक से किया निधि समर्पण...

# महाराजिन करीना किन्नर ने भी किया समर्पण

संवाददाता। सीतापुर

**अयोध्या में** बन रहे भगवान श्रीराम के भव्य मन्दिर निर्माण के लिए जहां बड़े लोग बढ़चढ़ कर अपना समर्पण कर रहे हैं वहीं बच्चे भी इस मामले में पीछे नहीं हैं। शहर के तामसेन गंज गुरुद्वारा रोड निवासी स्वर्ण आभूषण व्यवसाई संजय मेहरोत्रा की पुत्री आराध्या मेहरोत्रा ने भी अपना समर्पण गोलक अर्पित कर किया है। आराध्या सेक्रेड हार्ड हायरसेकेंड्री स्कूल में कक्षा पांच में पढ़ती हैं। आराध्या ने अपने पिता से मन्दिर निर्माण में अपनी गुल्लक से निधि समर्पण करने की इच्छा जाहिर की। पिता संजय ने सह जिला अभियान प्रमुख महेश शर्मा को फोन किया। महेश शर्मा, निधि प्रमुख रामजी वैश्य व नगर कार्यवाह ज्योति शंकर ने पहुंचकर आराध्या से निधि समर्पण कराया। इस दौरान जब गोलक खोली गई तो उसमें 910 रुपये निकले। आराध्या ने बताया अयोध्या में भगवान



सीतापुर-समर्पण राशि देती करीना किन्नर

श्रीराम का मन्दिर बने इसके लिए सभी लोग कुछ न कुछ सहयोग कर रहे हैं मैने भी इसे करने को सोचा। मुझे बहुत अच्छा लग रहा है।

वही करीना किन्नर ने भी राम मंदिर के लिए अपना समर्पण किया है। विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष विपुल सिंह को अपनी राशि देते हुए ने कहा कि घट घट वासी प्रभु श्री राम का मंदिर अयोध्या में बन रहा है। मैं अपने को बहुत सौभाग्यशाली मान रही हूं कि प्रभु ने इस पावन अवसर पर अपने भक्तों को मेरे पास भेजा है। इस अवसर पर विपुल सिंह आकाश बजरंगी मौजूद रहे।

# पंचायत सचिव व पूर्व प्रधानों पर दर्ज हुआ केस...?

● सीतापुर के चर्चित पंचायत सचिव पर पिसावां थाने में केस दर्ज

● करीब 43 लाख के गबन का आरोप, दो प्रधानों पर भी केस

संवाददाता। सीतापुर

**हम तो** डूबेंगे सनम तुमको भी ले डूबेंगे..... सीतापुर के चर्चित पंचायत सचिव हंसराज पर यह पंक्तियां सटीक बैठ रही हैं। दरअसल, सचिव हंसराज सीतापुर के कई अलग-अलग ब्लॉकों में तैनात रह चुके हैं। इस दरम्यान वह कई बार भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरते रहे हैं। कुछ में कार्रवाई प्रचलित है तो तमाम मामले ऊंची पहुंच वाले इस सचिव ने फाइलों में ही दन भी करवा दिए। हाल ही में सचिव हंसराज पर पिसावां ब्लॉक की ग्राम पंचायत सहियापुर में 38 लाख 40 हजार और ग्राम पंचायत कैथोलिया में 4 लाख 56 हजार की धनराशि के गबन का आरोप ग्रामीणों ने लगाया था। जांच में आरोप सही पाए जाने पर डीपीआरओ मनोज कुमार ने ग्राम पंचायत अधिकारी हंसराज को निलंबित करते हुए गड़बड़ी करने वालों पर केस दर्ज करने के आदेश दिए थे। इस मामले में केस न दर्ज हो इसके लिए पंचायत सचिव हंसराज ने शासन स्तर तक से पैरवी कराई। लेकिन वह नाकाम रहा। मौजूदा सहायक विकास अधिकारी की तहरीर पर पिसावां पुलिस ने पंचायत सचिव हंसराज पर तो केस दर्ज ही किया गया साथ ही पूर्व प्रधान आशा और वीरेन्द्र भी लपेटे में आ गए। इन प्रधानों पर भी केस दर्ज किया गया है।

## क्विक न्यूज

### फांसी के फंदे पर लटकता मिला समीक्षा अधिकारी का शव

● थाना खैराबाद के धरैंचा की घटना, बहनोई के घर आया था मृतक

**खैराबाद देहात सीतापुर।** खैराबाद थाना इलाके में धरैंचा के पास आम की बाग में एक शख्स का शव संदिग्ध हालातों में फांसी के फंदे पर लटकता पाए जाने से सनसनी फैल गई। शव की शिनाख्त थानाक्षेत्र कमलापुर के रेंगामऊ निवासी शिवनाथ पुत्र तिलकराम के रूप में हुई है। मृतक सचिवालय के श्रम विभाग के अनुभाग 5 में समीक्षा अधिकारी के पद पर कार्यरत था। विगत सोमवार को वह अपने बहनोई रामदयाल निवासी धरैंचा थाना खैराबाद के घर आया था। सुबह 6 बजे उठकर घर से निकला था। इसके बाद आम की बाग में गमछे के सहारे उसका शव फांसी पर लटकता मिला। घटना के कारणों का पता नहीं चल सका है। थाना प्रभारी खैराबाद ओपी राय ने बताया शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पीएम रिपोर्ट व तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### अधिशाषी अधिकारियों ने सौंपा ज्ञापन

**सीतापुर।** झांसी में नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी के साथ हुई घटना को लेकर सीतापुर के अधिशासी अधिकारियों में रोष है। अधिशासी अधिकारियों के प्रतिनिधि मंडल ने अपर मुख्य सचिव नगर विकास विभाग को संबोधित प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय एडीएम विनय पाठक को दिया है। इसमें आरोपी नगर पंचायत अध्यक्ष पर कार्यवाही करने की मांग की गई है। इस मौके पर बब्लू कुमार, सर्वेश शुक्ल, अरविंद सिंह, दिनेश कुमार, आशुतोश कुमार आदि ईओ शामिल थे।

### प्रभा सिंह के निधन पर शोक

**सीतापुर।** ठाकुर उपदेश सिंह की माता प्रभा सिंह के निधन पर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा की ओर से चैम्बर नम्बर 16 में शोक सभा का आयोजन किया गया। जिला अध्यक्ष सुनील सिंह गौर, बृजराज सिंह तोमर, ठाकुर अवनेंद्र विक्रम सिंह, ठाकुर अनिल सिंह, वरि उपाध्यक्ष ठाकुर प्रहलाद सिंह गौर, डीपी सिंह, इंदू सिंह चौहान, कल्याण सिंह, अरुण सिंह, विजय सिंह, रज्जू सिंह, महिपाल सिंह, बीपी सिंह, रामचंद्र सिंह सोमवंशी, आशीष सिंह गौर, रिपुदमन सिंह, रविराज सिंह, विक्रम सिंह, राहुल सिंह, अजीत सिंह गौर, सोनू सिंह, टिल्लू सिंह, निर्भय सिंह गौर, संकल्प सिंह गौर, संजय सिंह, प्रताप सिंह, अमन विक्रम सिंह, विवेक सिंह, पुनीत सिंह सोमवंशी आदि दो मिनट मौन रखकर षोक व्यक्त किया।

### छेड़छाड़ के तीन दोषियों को 24-24 साल की सजा दी गयी

**सीतापुर।** ससी एसटी न्यायालय के विशेष न्यायाधीष राहुल कात्यायन ने दलित किशोरी के साथ छेड़छाड़ व मारपीट के मामले में तीन अभियुक्तों को 24-24 साल का सश्रम कारावास और 10-10 हजार के अर्थदंड की सजा सुनाई गई है। जुर्माना अदा न करने पर अभियुक्तों को 3 साल का अतिरिक्त कारावास भी भुगतना होगा। मालूम हो, कि थाना तालगांव में वर्श 2013 को एक दलित किषोरी के साथ छेड़छाड़ और मारपीट की घटना गांव के ही अवधेश, कौशल व दिनेश ने अंजाम दी थी। जिसका मुकदमा पीड़िता के मामा ने तालगांव थाने में दर्ज कराया था। पुलिस ने विवेचना कर न्यायालय में आरोप पत्र प्रस्तुत किया। एससी एसटी न्यायालय के विशेष न्यायाधीष ने इस मामले की सुनवाई के दौरान आरोपियों को दोशी पाते हुए तीनों को 24-24 साल का सश्रम कारावास और 10-10 हजार के अर्थदंड की सजा सुनाई है। जुर्माने की धनराशि पीड़िता को प्रदान किए जाने का आदेश न्यायाधीष ने दिया है।

# डीएम ने कम्पोजिट विद्यालय परसेहरा का किया निरीक्षण

● कोविड प्रोटोकॉल के अद्यतन दिशा निर्देशों का शत प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने के दिये निर्देश

संवाददाता। सीतापुर

**जिलाधिकारी विशाल** भारद्वाज ने मंगलवार को बिसवां विकास खंड के कम्पोजिट विद्यालय परसेहरा का आकस्मिक निरीक्षण किया। शासन द्वारा दिये गये दिशा निर्देशों के क्रम में 01 मार्च से प्राथमिक विद्यालयों को खोला जाना था, जिसकी जानकारी हेतु जिलाधिकारी ने कम्पोजिट विद्यालय परसेहरा का आकस्मिक निरीक्षण कर बच्चों व अध्यापकों से विभिन्न जानकारियाँ प्राप्त की। जिलाधिकारी ने विद्यालय की व्यवस्थाओं, छात्रों एवं शिक्षकगणों की उपस्थिति के साथ साथ कोविड प्रोटोकॉल के अनुपालन की स्थिति को भी देखा। उन्होंने उपस्थित छात्र छात्राओं से विभिन्न विषयों के प्रश्न भी पूछे एवं उन्हें पूर्ण मनोयोग से पढ़ाई करने के लिये प्रेरित भी किया। जिलाधिकारी ने बच्चों को टॉफियां इत्यादि का वितरण भी किया।

जिलाधिकारी श्री भारद्वाज ने निर्देशित किया कि विद्यालय, विद्यालय परिसर, शौंचालय तथा किचन व बर्तनों आदि की साफ-सफाई प्रतिदिन करायी जाय। उन्होंने शिक्षक शिक्षिकाओं को प्रेरित किया कि छात्रों को अच्छी एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा रोचक तरीकों से दें एवं उनकी समस्याओं का समाधान करें। निर्धारित रोस्टर के अनुसार छात्रों की उपस्थिति भी सुनिश्चित की जाय। उन्होंने कहा कि छात्रों को पीने के लिये पानी स्वच्छ एवं सुरक्षित ढंग से दिया जाये। उन्होंने छात्रों से मोबाइल के माध्यम से ऑनलाइन शिक्षाध्पढ़ाई की जानकारी भी ली। उन्होंने कोविड-19 को दृष्टिगत रखते हुए शिक्षकों को निर्देशित किया कि नियमित रूप से स्वयं मास्क पहनकर आयें तथा बच्चों को भी पहनने के लिये प्रेरित करें। साथ ही अन्य सावधानियों के विषय में भी छात्र-छात्राओं को नियामित रूप से अवगत कराने एवं उनका पालन करायें।



सीतापुर-निरीक्षण करते डीएम विशाल भारद्वाज

# अभिलेखीय आधार पर हो शिकायतों का निस्तारण : डीएम

**● ग्रामीण क्षेत्रों की भूमि एवं आपसी विवाद से संबंधी शिकायतों का निस्तारण राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारी संयुक्त रूप से टीम के साथ गांव जाकर मौके पर करें**



संवाददाता। फतेहपुर

**सम्पूर्ण समाधान** दिवस बिन्दकी में फरियादियो से कुल 221 प्राप्त प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिनमे से 17 का उपस्थित अधिकारियों द्वारा मौके पर निस्तारण कर दिया गया।तहसील सदर के सभागार में मुख्य विकास अधिकारी सत्य प्रकाश की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। जिसमें फरियादियो से 61 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमे से 05 का मौके पर निस्तारण उपस्थित अधिकारियों द्वारा किया गया। तहसील खागा के सभागार में अपर जिलाधिकारी लालता प्रसाद शाक्य की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। जिसमें फरियादियो से 118 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमे से 11 का मौके पर निस्तारण उपस्थित अधिकारियों द्वारा किया गया। संम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसील बिन्दकी के सभागार में जिलाधिकारी श्रीमती अपूर्वा दुबे, पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के संयुक्त तत्वाधान में सम्पन्न हुआ। तहसील बिन्दकी में आयोजित संम्पूर्ण समाधान दिवस में कोविड-19 के प्रोटोकॉल का पालन करते हुए जन समस्याओं को सुना गया। उपस्थित अधिकारियों को प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रो में मौके पर जाकर एक सप्ताह में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में भूमि विवाद संबंधी शिकायतो में संबंधित थानाध्यक्षों को निर्देश दिये कि भूमि विवाद संबंधी शिकायतों के निस्तारण के लिए लेखपाल एवं बीट सिपाही दोनों पक्षों के सामने शिकायतों का निस्तारण अभिलेखीय आधार पर निष्पक्षता के साथ गुणवत्ता के आधार पर किया जाये।जिलाधिकारी ने सहायक आयुक्त सहकारिता को विकास खंड अमौली के ग्राम हुसैनपुर में नाली के विवाद, जिला उद्यान अधिकारी को विकास खंड देवमयी के ग्राम लकक्षीखेड़ा में फरियादी नीलम को आवास हेतु पट्टा किया गया। अधिशाषी अभियंता सिंचाई को ब्लॉक देवमयी में सरकारी नाली को तोड़कर पुराई का विवाद, अधिशाषी अभियंता नलकूप को ब्लॉक खजुहा के ग्राम पिपरी में लाभार्थी से आवास हेतु धनराशि की मांग करने और आवास आवंटित न करने के संबंध में, अधिशाषी अभियंता जल निगम को ब्लॉक मलवां के जहानपुर डींघ में पंचायत भवन की भूमि से 05 दिन में अवैध कब्जा हटाने एवं सहायक निदेशक मत्स्य को विकास खंड मलवां के ग्राम होलापुर में मकान पर कब्जा हटाने आदि के संबंध में उक्त अधिकारियों को तत्काल मौके पर जाने के साथ ही निरीक्षण आख्या उपजिलाधिकारी बिन्दकी को फोटोग्राफ सहित देने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण ससमय किया जाए और खंड विकास अधिकारियों/थानाध्यक्षों को भूमि, आवास, कृषि आदि से संबंधित मामलों में अपने स्तर से मौके पर जाकर गंभीरता से लेने के निर्देश दिए।

## कलेक्ट्रेट के कई कर्मचारियो का नहीं कटता एचआरए

**फतेहपुर**। इस तथ्य पर विश्वास करना खासा मुश्किल है कि कलेक्ट्रेट के कई बड़ी सीट वाले कर्मचारियों का एचआरए नहीं काटा जाता। लगभग डेढ़ दशक से जिस व्यवस्था को शासनादेश के जरिए अमल पर लाया जा चुका है, उस व्यवस्था को सीधे डीएम के नियंत्रण वाले कर्मचारी ही वर्षों से माखौल बनाएं हुए हैं। वहीं बड़ी बात यह है कि एचआरए कटना सीधे राजस्व से जुड़ा गंभीर मामला है, जिसकी गंभीरता को सिस्टम से जुड़े जिम्मेदार नहीं समझ रहे हैं। इसके अतिरिक्त कई सरकारी आवासों पर दबंग और सिस्टम बाज कर्मचारियों का गलत ढंग से वर्षों से कब्जा होने के भी आरोप लगते रहे हैं। एक गोपनीय शिकायतीपत्र में शासन का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराते हुए तर्क दिया गया है कि प्रकरण डीएम के कार्यालय से भी जुड़ा है इसलिए मामले को ऊपर से देखा जाए तभी गड़बड़ झाला पकड़ में आ सकेगा।

## क्विक न्यूज

### जहरीला पदार्थ खाकर किशोर ने की आत्महत्या

**बरेली**। पारिवारिक कलह के चलते एक किशोर ने जहरीला पदार्थ खा लिया। इलाज के दौरान उसकी एक निजी अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरू कर दी।उत्तराखंड के चंपावत जिले के बेला निवासी बलराम के 17 वर्षीय बेटे सुरेश कि बीती रात बरेली से भोजीपुरा स्थित एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। उसे 2 दिन पहले बेहोशी की हालत में भर्ती कराया गया था। पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के पिता ने बताया कि 2 दिन पहले सुरेश को उसकी मां ने किसी बात पर डांट दिया। इससे नाराज होकर सुरेश ने घर में ही जहरीला पदार्थ खा लिया। कुछ देर बाद उसकी हालत बिगड़ने लगी। उसे पहले स्थानीय अस्पताल ले जाया गया और हालत नाजुक देख कर इलाज के लिए बरेली लाया गया। यहीं पर उसने दम तोड़ दिया। मृतक 6 भाई बहन थे।

### लाखों की अंग्रेजी शराब बरामद एक गिरफ्तार

**बरेली**। पुलिस ने आज मुखबिर की सूचना के बाद एक पिकअप गाड़ी में लदी लाखों की अंग्रेजी शराब बरामद करते हुए गाड़ी के ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया। शाही थाना क्षेत्र में बिलासपुर अड्डे के पास मुखबिर की सूचना के बाद वाहन चेकिंग करते हुए पुलिस में बिलासपुर की तरफसे आ रही एक पिकअप गाड़ी को रोक लिया। तलाशी के दौरान उसमें 32 पेटी हरियाणा की शराब बरामद कर ली। जिसकी कीमत लगभग 200000 बताई जाती है। पुलिस में गाड़ी के ड्राइवर रामपुर के पटवाई थाना क्षेत्र के गांव इचोरा निवासी हरभजन सिंह को गिरफ्तार कर लिया। लेकिन गाड़ी में सवाद हरभजन के गांव का ही रहने वाला सुखविंदर और रामपुर के भोट थाने के गांव खुटा खेड़ा निवासी सोनी उर्फसुरजीत चीमा मौका देख कर फरार हो गए। पुलिस ने गिरफ्तार चालक को जेल भेज कर उसके फरार साथियों की तलाश शुरु कर दी।

### युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**फतेहपुर**। बिन्दकी कोतवाली क्षेत्र के पुरानी बिन्दकी में सोमवार की देर शाम संदिग्ध अवस्था में लगभग 22 वर्षीय एक युवक ने घर के अंदर फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। जानकारी के अनुसार पुरानी बिन्दकी निवासी स्व0 महेश का पुत्र राहुल ने सोमवार की देर शाम संदिग्ध अवस्था में घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। घटना के बाबत जानकारी लेने पर परिजन कुछ भी बताने में असमर्थ रहे।

### इलाज के दौरान महिला की मौत

**फतेहपुर**। कल्यानपुर थाना क्षेत्र के अन्तर्गत विगत तीन दिन पूर्व अज्ञात वाहन की चपेट में आ जाने से लगभग 30 वर्षीय एक अज्ञात महिला की इलाज के दौरान मौत हो गयी। सूचना पाकर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। समाचार लिखे जाने तक मृतका की पहचान नहीं हो सकी।

### दो युवतियों ने जान देने का किया प्रयास

**फतेहपुर**। जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रों के अन्तर्गत दो युवतियों ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया जिन्हें अचेतावस्था में उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया जहां दोनों की हालत चिन्ताजनक देख कानपुर के लिए रिफर कर दिया। जानकारी के अनुसार बिन्दकी कोतवाली क्षेत्र के महरहा गांव निवासी शरद कुमार की 26 वर्षीय पत्नी सोनी देवी ने आज सुबह घरेलू कलह के चलते सल्फास की गोली खा ली। इसी प्रकार सदर कोतवाली क्षेत्र के मुराइनटोला मुहल्ला निवासी हीरालाल की 22 वर्षीय पुत्री श्वेता ने जहर खाकर जान देने का प्रयास किया। कुछ समय बाद जब दोनों की हालत बिगड़ने लगी तो परिजनों ने उन्हें आनन-फानन उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां इमरजेन्सी में तैनात चिकित्सक ने दोनों की हालत चिन्ताजनक देखते हुए कानपुर मेडिकल कालेज के लिए रिफर कर दिया।

### बाइक खंती में गिरने से युवक घायल

**फतेहपुर**। गाजीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम नरतौली के समीप मंगलवार की सुबह अनियंत्रित होकर बाइक खंती में गिर गयी। जिससे लगभग 35 वर्षीय एक युवक बुरी तरह घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के चकमीरापुर गांव निवासी बाबूराम का पुत्र संत विजय आज सुबह मोटरसाइकिल से शहर किसी काम से आ रहा था जैसे ही वह चकमीरापुर के समीप पहुंचा तभी अनियंत्रित होकर बाइक खंती में गिर गयी जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया। सूचना पर पहुंची सरकारी एम्बुलेन्स ने घायल को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।

# बढ़ी कीमतों को लेकर एआईएमआईएम ने राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन



संवाददाता। फतेहपुर

**ऑल इंडिया** मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन के जिलाध्यक्ष मोइनुद्दीन एड0 की अध्यक्षता में पार्टी का स्थापना दिवस झंडारोहण करके मनाया गया। जिलाध्यक्ष ने बताया कि पार्टी की स्थापना बैरिस्टर असदुद्दीन के दादा अब्दुल वाहिद ओवैसी एड0 ने 2 मार्च 1958 को की थी। ओवैशी के पिता सलाउद्दीन ने 1984 से 1999 में 5 चुनाव जीतकर संसद पहुंचे। उसके बाद हैदराबाद से एआईएमआईएम के प्रमुख ओवैशी 2004 से 2019 मेंबर ऑफ पार्लियामेंट इलेक्शन जीते। स्थापना दिवस के कार्यक्रम के पश्चात पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को डीजल व पेट्रोल, रसोई गैस की बढ़ी हुई कीमतों पर चिंता जताई। उन्हें कम करने हेतु ज्ञापन दिया गया। इस मौके पर अब्दुल कवी नगर अध्यक्ष, मीडिया प्रभारी मो0 हाफिज, एनएच रिजवी, शोएब हसनी, मो0 सलमान, मो0 अजीम, सैयद रजा, अब्बास, मो0 कासिम, मो0 उस्मान, अशरफी आदि मौजूद रहें।

## आज बिन्दकी में जनसुनवाई करेंगी सदस्य महिला आयोग

फतेहपुर। सदस्य, सचिव प्रदेश राज्य महिला आयोग श्रीमती अनीता सचान द्वारा मिशन शक्ति कार्यक्रम के तहत जनपद में आज तहसील बिंदकी में एवं 04 मार्च को विकास खंड खजुहा में जनसुनवाई एवं जागरूकता चौपाल का आयोजन किया जाएगा। जिसमें राज्य सरकार की संचालित योजनाओं में मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, उ0प्र0 रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान कोष, अत्याचार से प्रभावित अनुसूचित जाति के पीड़ितों को आर्थिक सहायता, चिकित्सा विभाग की योजनाओं, महिलाओं को प्राप्त सुविधा, ग्रामीण आर्थिक विकास और योजना में महिलाओं की भागीदारी, ग्राम विकास एसएचजीएस, ओडीओपी योजना में प्रगति, दिव्यांगजन से शादी करने पर पुरस्कार, आंगनबाड़ी योजना, अल्पसंख्यक वर्ग हेतु शादी अनुदान योजना, गांव में तैनात चौकीदार की उपस्थिति आदि का आकलन सदस्य द्वारा किया जाएगा।

## पीएमजेवाई से आच्छादित प्राइवेट नर्सिंग होम को 100 डोज से कम नहीं

**फतेहपुर**। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि अपर मुख्य सचिव द्वारा कोविड-19 टीकाकरण (60 वर्ष से अधिक एवं 45 से 60 वर्ष तक के रुग्णयुक्त व्यक्तियों के टीकाकरण के संबंध में कई गई समीक्षा बैठक में दिशा निर्देश दिए गएकि जिन प्राइवेट चिकित्सालयों में लाभार्थी को कोविड-19 टीका का प्रथम डोज दिया गया था, उन चिकित्सालय के समस्त लाभार्थियों को द्वितीय डोज सरकारी चिकित्सालय में नि:शुल्क लगाई जाएगी ।

# जल निगम कर्मियों का 15वें दिन भी धरना जारी



**फतेहपुर**। उ0प्र0 जल निगम संघर्ष समिति के जल निगम कर्मियों पेंशनरों को विगत 5 माह से बकाया वेतन पेंशन तथा वर्ष 2016 से बकाया पेंशनरी देय का भुगतान न होने से उत्पन्न भुखमरी की स्थिति एवं मानवीय रूप से अवरुद्ध मृतक आश्रित नियुक्तियों की बहाली की मांगों को लेकर लगातार 15वें दिन भी कार्यालय अधिशासी अभियंता निर्माण खंड उ0प्र0 जल निगम के प्रांगण में उ0प्र0 जल निगम संघर्ष समिति द्वारा धरना एवं प्रदर्शन किया गया। सभा की अध्यक्षता इं0 विनोद कुमार, तारिक जमाल, श्रीमती शशि किरण तिवारी, अनुराग बाजपाई, नीरज कुमार, श्रीमती कमला गौर, जयकरण सिंह, अरुण सिंह, नौशाद आलम, राज कुमार, बटुक नाथ तिवारी, शिव प्रसन्न, राजेंद्र सिंह, निर्मल सिंह, अनूप सिन्हा, राजेंद्र कुमार, राशिद अली, शिवकुमार, गोरेलाल, सीताराम और हरिओम अमृतलाल, विजय शंकर मुरारी, ओम प्रकाश, बाबू लाल, माता बदल, राही मुजमा, अमृतलाल, नवाब, रामप्रताप आदि उपस्थित रहे।

# भाजपा नेता आशीष मिश्रा के आयोजन में उमड़ा जन सैलाब

संवाददाता। निघासन-खीरी




**मंगलवार को** भाजपा पदाधिकारियों द्वारा कस्बे के ढखेरवा रोड स्थित क्रय विक्रय प्रांगण में कृषि कानून व बजट संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन युवा भाजपा नेता आशीष मिश्रा मोनू के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में खीरी सांसद अजय मिश्रा टेनी के साथ-साथ जिले के तमाम भाजपा कार्यकर्ता भी कृषि कानून व विचार गोष्ठी में सरीक हुये विचार गोष्ठी आयोजन में क्षेत्र से हजारों की तदाद मे भाजपा कार्यकर्ता युवा व्यपारी बंधु शमिल रहे। कार्यक्रम का संचालन सांसद प्रतिनिधि अरविंद संजय नें किया। इस दौरान जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष विनीत मनार, मनीष साहनी व अवध क्षेत्र के मीडिया प्रभारी राजेश मिश्रा, आशीष मिश्रा मोनू ने भी विचार विमर्श गोष्ठी को संबोधित किया। बताया कि जिले में पहला आयोजन है कि इतनी भीड़ देख कर आप बधाई के पात्र है। मोनू की प्रशंसा करते हुए कहा कि आपकी लोकप्रियता चरम पर है। जिला उपाध्यक्ष कुलभूषण सिंह ने मोनू की सराहना करते हुए कहा कि भीड़ देखकर पता चलता है कि क्षेत्र में आपकी लोकप्रियता बहुत है। और मोनू समर्पण निधि का विधानसभा की जिम्मेदारी है जो चाहे समर्पण का कूपन ले सकता है।मुख्य अतिथि भाजपा सांसद अजय मिश्र टेनी ने किसान कानून व बजट संगोष्ठी के आयोजन की शुरूवात भारत देश के प्रचीन इतिहास से की। भारत देश ज्ञान शिक्षा संस्कृति की परंपरा से बना है। भारत एक ऐसा देश है जो पिछले 2500 वर्षों के बाद भी एकत्रित है क्योकि देश अध्यात्म पर आधारित सनातन है।हमारे देश के ज्ञान को कोई प्रमाण की आवश्यकता नहीं है।सांसद ने कृषि कानून व बजट पर विचार रखते हुए कहा कि बिचौलिए किसानों का मुखौटा लगाकर किसानों को बरगलाने की कोशिश में है सरकार द्वारा कोई भी ऐसा कदम नहीं उठाया गया है जिससे किसानों की कृषि भूमि को जब्त कर लिया जाएगा। यह बिल किसानों के हक के लिए है। उत्पादक को उसकी फसल का जायज हक मिले जिससे किसानों की परेशानियां दूर हों किसान और मंडी के बीच से बिचौलिये समाप्त हो और किसानों का हक न लूटनें पायें किसान को अपनी फसल बेचने की स्वतंत्रता मिले। सरकार नें कृषि के साथ साथ बुनियादी ढांचा खड़ा करने के लिए बजट में कृषि, रेल, मनरेगा सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को रखा है। भारत देश अनाज के साथ-साथ दूध, सब्जी मात्स पालन में अग्रणी है भारत देश से कोई भी मुकाबला नहीं कर सकता है। पिछली सरकारों में महज 35000 रुपए लाभार्थियों को आवास के लिए दिए जाते थे जो एक हिसाब से बहुत ही कम थे। हमारी सरकार ने इस को बढ़ाकर 150000 का करनें का भी प्रावधान किया।कोविड के दौरान भारत देश विषम परिस्थितियों में खड़ा हुआ प्रधानमंत्री जी का नारा जान है तो जहान है। इसको लेकर सरकार डटी रही। आज संपूर्ण देश में भारत के द्वारा बनायी गयी वैक्सीन लोगो को लग रही। कोरोना को परास्त करनें का काम किया जा रहा है। कार्यक्रम का संबोधन डा. अभिमन्यु मिश्रा ने भी किया। इस दौरान मनीष साहनी, वरूण अग्रवाल, पवन गुप्ता, दरोगा सिंह, सतीश श्रीवास्तव, अनूप मिश्रा, जीतेंद्र त्रिपाठी, अम्बरीष सिंह, संजय मिश्रा, केपी राना, उत्तम मिश्रा, नागेंद्र सिंह सेंगर, प्रदीप गुप्ता, प्रज्ञानन्द श्रीवास्तव, रतीराम लोधी, अनमोल राज व गुड्डू गुप्ता आदि तमाम लोग मौजूद रहे।

# ननिहाल जा रहे युवक की सड़क दुर्घटना में मौत

संवाददाता। बरेली

**मोटरसाइकिल** से ननिहाल जा रहे बाइक सवार युवक तो रास्ते में ही तेजी से आ रही ट्रैक्टर ट्राली ने टक्कर मार दी। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर ट्रैक्टर ट्राली की तलाश शुरू कर दी।फरीदपुर थाना क्षेत्र के गांव परिया खुर्द निवासी कुंदन लाल पुत्र तुलसीराम की कल शाम फरीदपुर के गांव मुरारपुर में हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि कुंदन लाल की ननिहाल फरीदपुर के गांव मुरारपुर में है । वह कल अपने मामा दाताराम के बुलाने पर ननिहाल जाने के लिए मोटरसाइकिल से अपने घर से चला था। लेकिन कुछ दूर चलने के बाद तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्राली में उसकी बाइक को टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया ।दुर्घटना के बाद टक्कर मारने वाली ट्रैक्टर ट्राली फरार हो गई। स्थानीय लोगों ने दुर्घटना की सूचना पुलिस को दी। लेकिन जब तक पुलिस मौके पर पहुंची कुंदन लाल की मौत हो चुकी थी । पुलिस ने मृतक की जेब से मिले मोबाइल फोन से दुर्घटना की सूचना उसके घर वालों को दी। जो मौके पर पहुंचे और लाश की शिनाख्त कर ली। पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतक छह भाइयों में पांचवें नंबर का था और अविवाहित था। उसके माता-पिता की पहले ही मौत हो चुकी है।

## मंदबुद्धि महिला ने फांसी लगाकर जान दी

**बरेली**। भोजीपुरा थाने के पीपलसाना चौधरी स्थित एक फैक्ट्री के परिसर में बने कमरे में रहने वाले वीरेंद्र पाल की 38 वर्षीय पत्नी ज्योति गंगवार ने बीती रात कमरे की छत से लगे कुंडे से दुपट्टा बांध कर फांसी लगा ली। मृतका के घर वालों ने बताया कि ज्योति का विवाह सन 2015 में वीरेंद्र पाल से हुआ था। लेकिन वह कुछ सालों से मानसिक रूप से बीमार चल रही थी। इलाज के बावजूद उसे कोई फायदा नहीं हुआ था। वह दो बच्चों की मां थी। कल शाम को घर वालों की तरह रात में कमरे में हुई थी। लेकिन किसी समय उसने गुंडे से दुपट्टा बांध कर फांसी लगा ली।

## चोरी की मोटरसाइकिल बरामद, दो गिरफ्तार

**बरेली**। चोरी की मोटरसाइकिल को बेचने की कोशिश कर रहे दो चोरों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उनका एक साथी मौके से फरार हो गया। पुलिस ने गिरफ्तार किए गए चोरों को जेल भेजा।कैंट थाना क्षेत्र में स्थित युग्वीना लाइब्रेरी की पार्किंग से 21 फरवरी को चोरी की गई यामाहा कंपनी की मोटरसाइकिल के साथ पुलिस ने कैंट थाने के गांव कमालपुर निवासी गोवर्धन पुत्र ठाकुरदास और यहीं के रहने वाले विकास पुत्र वीरपाल को आज कमालपुर और रहमान पुर के बीच पाकड़ के एक पेड़ के नीचे से उस समय गिरफ्तार कर लिया।

# एक शिकायत का निस्तारण



**मितौली-खीरी**। तहसील मुख्यालय मितौली में संपूर्ण समाधान दिवस उप जिलाधिकारी मितौली दिग्विजय सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 17 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। इनमें राजस्व विभाग से संबंधित 13 प्रार्थना पत्र, पुलिस विभाग से संबंधित एक प्रार्थना पत्र, आपूर्ति विभाग से संबंधित एक प्रार्थना पत्र, बिजली विभाग से संबंधित एक प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ। जिसमें राजस्व विभाग से संबंधित एक प्रार्थना पत्र को मौके पर ही शासन की मंशा के अनुसार आम सहमति के आधार पर निस्तारित की गयी। शेष 16 प्रार्थना पत्र संबंधित विभागीय अधिकारियों को निस्तारण के लिए प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर उपस्थित खंड विकास अधिकारी मितौली चंदन देव पांडेय, खंड विकास अधिकारी बेहजम, थाना अध्यक्ष मितौली अनिल कुमार सैनी, मैगलगंज, नीमगांव, बिजली विभाग, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग से संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# दलित उत्पीड़न मामले में चार पर मुकदमा दर्ज

**● पीडित किशोरी के भाइयों को ही फर्जी मुकदमे में फंसाने की आरोपी रच रहे साजिश**

संवाददाता । मोहम्मदी-खीरी

**थाना अंतर्गत** ग्राम तुरकहटा में दलित किशोरी के घर में घुसकर बुरी नियत से अश्लील हरकतें करने किशोरी द्वारा विरोध करने पर उसके साथ मारपीट करने जानसे मार डालने की धमकी देने के पांच माह पुराने मामले मे कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर विवेचना प्रारम्भ कर दी। वहीं दूसरी तरफ पीडित किशोरी पर मुकदमा मे सुलह का दवाब बनाने के लिए आरोपियों ने पीड़ित किशोरी के चार भाइयो राजकुमार, रामनिवास, रामजीत व सूरज पर गैंगरेप का झूठा आरोप मढ़ कर कोतवाली मे प्रार्थना पत्र दिया है। पुलिसिया जांच जारी है।

जानकारी के अनुसार थाना अंतर्गत ग्राम तुरकहटा का है। पीडित दलित किशोरी ने एडीजे कोर्ट के माध्यम से गांव के ही राहुल सिंह, जितेन्द्र सिंह, सोमेन्द्र सिंह व सत्तू सिंह के खिलाफ अपराध संख्या 89/2021 धारा 452, 354, 323, 504, 506 आईपीसी व दलित उत्पीडन अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कराया आरोप है कि राहुल सिंह।व उसके भाइयो किशोरी के घर में घुसकर। बुरी नियत से अश्लील हरकते की विरोध करने आरोपियो ने मारपीट की जान से मार डालने की धमकी दी। पीड़ित किशोरी ने बताया कि आरोपी मुकदमें सुलह कर लेने के लिए तरह तरह के हथकंडे अंजमा दे रहे हैं। मुकदमा में सुलह नहीं लगाने पर बुरे अंजाम भुगतने के तैयार रहने की धमकियां भी दे रहे हैं। अब राहुल सिंह ने अपनी पत्नी मनोरमा को आगे कर गैंग रेप की फर्जी घटना की साजिश रची है और मेरे सगे भाइयो राजकुमार, रामनिवास, रामजीत व सूरज पर घर की दीवार फांद कर घर में घुस कर रेप करने का आरोप लगाया है जबकि राहुल का घर खुला हुआ है दीवार नहीं है। दलित किशोरी के उत्पीड़न के आरोपी फर्जी गैंग रेप के मामले मे मेरे भाइयो को झूठा फंसाकर मेरे वाले मुकदमे में सुलह लगवाना चाहते हैं। दोनो मामलों की पुलिस जांच कर रही है।

## चार को पुलिस ने पकड़ा

**बेहजम-खीरी**। नीमगांव कोतवाली पुलिस ने पुलिस अधीक्षक खीरी विजय ढुल के दिशा निर्देश में अपराध रोकथाम हेतु अपराधियों के विरुद्ध धर पकड़ अभियान चलाया गया। कोतवाली प्रभारी गजेंद्र सिंह के कुशल नेतृत्व में चौकी प्रभारी अनिल पाण्डेय ने अपने हमराहियों अरूण कुमार, रोहित और सिपाही सुरेंद्र दुबे ब्रजेश तिवारी के साथ एक संयुक्त अभियान चलाया। इसके अन्तर्गत विभिन्न धाराओं व वारंटी के साथ पांच लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। इसमें रारी गांव निवासी जुबेर पुत्र जब्बार खां, फैजुदीन पुत्र फकरुद्दीन, सादाब पुत्र नदीम, जब्बार पुत्र रहूफ को वांछित वारंटी व आर्म्स एक्ट के तहत जगना भूलनपुर निवासी सुफियान को गिरफ्तार कर विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गई।

# डीएम ने सुनी शिकायतें



**लखीमपुर-खीरी**। मार्च के प्रथम मंगलवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस डीएम शैलेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में तहसील पलिया के सभागार में आयोजित हुआ। जिला अधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि जन समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाय। शिकायतों के निस्तारण में किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाय। उन्होनें फरियादियों की फरियाद सुनीं और संबंधित अधिकारियों को निस्तारण हतु निर्देशित किया। उन्होंने लापरवाही बरतने पर कार्रवाई के संकेत दिए। उन्होनें कहा कि शिकायतों के निस्तारण में पारदर्शिताए गुणवत्ता एवं समयबद्धता का विशेष ध्यान रखा जाय। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 105 शिकायती प्रार्थना पत्र पंजीकृत किये गये जिसमें 5 शिकायतों का मौके पर निस्तारण हुआ। सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व 55, पुलिस 21, विकास 08, चकबंदीए नगर पालिका व विद्युत 03-03, आपूर्ति 02 व अन्य के 10 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये।

# ट्रक पलटने से तीन महिलाओं सहित छह की दर्दनाक मौत



संवाददाता। कानपुर देहात

**जनपद** के भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र में मॅगलवार को उस समय हडकम्प मच गया जब एक कोयला लदा एक अनियंत्रित ट्रक मुगल रोड के किनारे पलट गया। ट्रक में सवार 3 महिलाओं सहित 6 लोगों की मौत हो गयी। 13 अन्य लोग घायल हो गये 8 गम्भीर रूप से घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद पुखरॉया सीएचसी से जिला अस्पताल रिफर किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मॅगलवार को भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के मऊखास गॉव के निकट कोयला लदा ट्रक पलट गया। ट्रक में सवार चन्दावती (14) पुत्री राम खिलावन निवासिनी बरनाव कोतवाली घाटमपुर, कानपुर नगर, अरविन्द (25), रमेश (45), नर्वेश (18), रामखिलावन (55), साजन (9), नीलम पुत्री अमर सिंह (17), ध्रुव कुमार (13), सभाजीत (10), सोनी पुत्री जगन्नाथ (15), पिंकी पत्नी मान सिंह (45), पच्चो (18), लालाराम निवासी कलौतीतीपुरहमीरपुर (39),रज्जनदेवी (40),सुमित्रा (60), शिवप्यारी (55),शिवलाल (70), विमला देवी (41), राधा (42), कोमल (9), सूरज (5) भोगनीपुर से ट्रक में सवार होकर आलू बीनने सिरसागॅज जा रहे थे। मऊ खास गॉव के निकट चालक के गाना बजाने के दौरा ट्रक अनियंत्रित हो मुगल रोड के किनारे पलट गया। सूचना पर पहॅुची पुलिस व एसपी केशव कुमार चौधरी के नेतृत्व में रेसक्यू आपरेशन कर घायलों को बाहर निकाला गया। घायलों को तत्काल एसपी ने पुलिस वाहनों व एम्बुलेंस के माध्यम से सीएचसी पुखरॉया भिजवाया। यहॉ पर चिकित्सकों ने बरना गॉवव निवासी मुनिया की पत्नी पिंकी , चन्द्रावती पुत्री रामखिलावन, सूरज पुत्र रमेश निवासी कलौलीतिर कोमल पुत्री सूरज व राधा पत्नी सूरज को मृत घोषित कर दिया। गॅभीर रूप से दुर्घटना में घायल हुये लालाराम, सुमित्रा,रंजन देवी, विमला देवी, शिवलाल, साजन, शिव प्यारी को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। एसपी ने पीडित परिवारीजनों को ढाढस बॅधाया व घायलों को समुचित उपचार के प्रबन्ध किये।

### शव पहुंचे गांव तो मचा कोहराम

**घाटमपुर।** बीती रात कानुपर देहात के गांव माउ कुमखान थाना भोगनीपुर के पास हुई द्रक दुर्घटना में मरे 6 लोगों में तीन कोतवाली की पुलिस चौकी पतारा क्षेत्र के गाव बरनॉव के हैं। देर शांम पोस्ट मार्टम के बाद तीनों के शव गांव पंहुचे तो कोराम मच गया। हादसे में गांव के ही 8 लोग घायल हो गये है। बताया जाता है कि मृतक पिंकी 45 पत्नी मनिया, रमेश 46 पुत्र घनीराम, चंद्रवती 15 पुत्री रामसिंह के अलावा गांव के सुरेंन्द्र 18 पुख् रामजीवन, साजन 18 पुत्र मनियां, सर्वेश 18 पुत्र रमेश, रामखिलावन 55 पुत्र शिव बालक, नीलम 15 पुत्री अमर सिंह, अरबिन्द 26 पुत्र रामबहादुर घायल हुय थे जिनमें 4 लोगो को प्राथमिक उपचार के बाद हैलट कानपुर रिफर किया गया है। उधर हादसे की खबर मिलते ही नायब तहसीलदार अतुल हर्ष व हलके के लेखपाल राजेश सिंह कुशवाहा गांव बरनाव पंहुचे और मृतको के परिवार से मिले। नायब तहसील दार ने बताया कि हादसे में मरे लोग निषाद बिरादरी के हैं तथा भूमि हीन है फिर भी शासन की ओर से मिलने वाली सहायता दिलाये जाने की कार्यवाही की जायेगी।

### तीन हमीरपुर जनपद के भी

**घाटमपुर।** हृदय बिदारक इस घटना में श्रीकांन्त का परिवार ही उड़ गया हैउसकी पुत्री कोमल 8 और सूरज 4 के अलावा पत्नी राघा शामिल है। इसके अलावा गांव का लालाराम पुत्र रामधीन व शिवलाल पुत्र बृन्दा है जबकि हमीरपुर के चंद्रवारी का सुमित्रा पत्नी दीन दयाल है। मालुम हो कि द्रक पलटने से 6 लोगों की मौत तथा डेढ़ दर्जन से अधिक घायल हुए है।

### पीएसी के जवानों ने कार सवारों को पीटा

**घाटमपुर।** कानपुर-कबरई हाइवे पर स्थित अलियापुर टोल प्लाजा में लगे जाम के चलते पीएसी की गाडी फंस गयी निकलने के चक्कर में पीएसी जवानों का हमीरपुर की ओर से आया एक कार सवारों से विवाद हो गया, विवाद के बाद पीएसी के जवानों ने कार सवार लोगों को पकड़ कर बेरहमी से पीट दिया और उल्टे कोतवाली जाकर कार सवारों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करा दी, ये घटना बीती शांम रात्रि 10 बजे के करीब की है। 33 पीएसी वाहिनी झासी के प्लाटून कमांन्डर रिषभ चौरसिया ने कोतवाली में रिपोर्ट लिखाई है कि वो लोग गाड़ी से पावर प्लंट जा रहे थे की अलियापुर टोल प्लाज में जाम लगा होने से उनकी गाड़ी चौघरी ढ़ाबा के पास जाम में फंसी थी कि तभी हमीरपुर की ओर से आयें बोलोरो कार सवार जिनकी संख्या 5 थी उनके साथ मार पीट की घटना की सूचना कोतवाली पुलिस को दी तो पुलिस पंहुची और दो लोगों को पकड़ लिया जबकि तीन भाग निकले।

## पत्रकारों को भी वैक्सीन लगाये जाने की मांग

**कानपुर देहात।** पत्रकार संघर्ष मोर्चा के संस्थापक गीतेश ने पत्रकारों को प्रथम योद्धा मानते हुए उन्हें भी कोरोना वायरस से बचाने के लिए कोविड.19 का वैक्सीन लगाए जाने की पुरजोर मांग की । उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी के खिलाफ लोगो को जागरूक करने के लिए पत्रकारो ने अपनी जान की बाजी लगाकर कार्य किया इस लिए मीडिया जगत से जुड़े लोगों को भी वरीयता के साथ कोरोना वैक्सीन दी जानी चाहिए । जनपद के जिलाधिकारी ने पत्रकार संघर्ष मोर्चा के पदाधिकारियों को आश्वासन देते हुए कहा कि मेरे व पुलिस अधीक्षक केशव कुमार चौधरी के सहयोग से कैम्प लगाकर वैक्सीन लगवाए जाने का प्रयास किया जाएगा । ज्ञापन सौंपने के दौरान पत्रकार संघर्ष मोर्चा के संस्थापक गीतेश अग्निहोत्रीए संरक्षक आलोक चतुर्वेदी रामप्रकाश श्रीवास्तव अनुज पांडेय आदि मौजूद रहे।

## सीडीओ ने सदर तहसील में सुनी समस्याएं

संवाददाता। कानपुर देहात



**मुख्य** विकास अधिकारी सौम्या पांडेय ने संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसील अकबरपुर में जन समस्याएं सुनी गई। जिसमे उनके द्वारा सर्वप्रथम पूर्व में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की जन शिकायतों की समीक्षा की गयी। जिसके पश्चात महोदया द्वारा तहसील अकबरपुर की जन समस्याएं सुनी गयी जिनमें कुल 155 शिकायते प्राप्त हुई जिनमें से राजस्व विभाग से 72 शिकायतें 83 अन्य शिकायतें थी जिनमे से 10 शिकायतों जो कि प्रधानमंत्री आवास एवं मुख्यमंत्री आवास से सम्बंधित थी उनका मौके पर ही निस्तारण कराया गया।इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी ने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि संपूर्ण समाधान दिवस शासन के शीर्ष प्राथमिकता में से एक हैं इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न की जाए तथा जो शिकायतकर्ता द्वारा जो भी शिकायती प्रार्थना पत्र दिया जाता है उसका समय से निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि जो योजनाएं केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही हैं उसका अधिक से अधिक प्रचार प्रसार किया जाए व लोगों को लाभान्वित किया जाए तथा तहसील में जो प्रकरण लंबित है उसका निस्तारण हर हाल में हो तथा महिला सशक्तिकरण अभियान के तहत महिलाओं संबंधित शिकायतों को गंभीरता पूर्वक सुना जाए व समस्याओं का समय से निस्तारण हो। महोदया द्वारा अनुपस्थित अधिकारियो से कारण बताओं नोटिस जारी किये जाने के निर्देश दिए गए। 'जिसके पश्चात महोदया द्वारा महिला हेल्प डेस्क का निरीक्षण किया गया निरीक्षण में महिला हेल्प डेस्क रजिस्टर का अवलोकन किया गया अवलोकन में पाया गया कि महिला हेल्प डेस्क रजिस्टर में शिकायतों का अंकन नहीं किया जा रहा है एवं पूर्व में की गई शिकायतों की आख्या भी अंकित नहीं की जा रही हैं जिसमे महोदया द्वारा सम्बंधित उपजिलाधिकारी एवं तहसीलदार अकबरपुर को निर्देशित किया गया महिला हेल्प डेस्क रजिस्टर का अवलोकन प्रतिदिन करते हुए महिलाओं की समस्याओं एवं शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्वक एवं समयबद्ध तरीके से किया जाये।

## विद्यालय का ताला तोड़कर चोरी

**फर्रुखाबाद।** बीती रात चोरों नें सपा जिला महासचिव के विद्यालय का ताला तोड़कर कम्प्यूटर आदि सामान चोरी चला गया। घटना की सूचना पुलिस को दी गयी। थाना मऊदरवाजा के जसमई दरवाजा निवासी सपा के जिला महासचिव मंदीप यादव का जसमई-पुठरी मार्ग पर ग्राम बाबरपुर (रेहा) में जीडी पब्लिक स्कूल है। बीती रात चोर विद्यालय की बाउंड्रीबाल कूदकर विद्यालय के भीतर दाखिल हुए। उसके बाद उन्होंने वि ालय के कार्यालय का ताला तोड़कर उसमे रखे दो कम्प्यूटर सैट, छत का पंखा, पांच ऑफिस चेयर और पांच प्लास्टिक कुर्सी चोरी कर रफूचक्कर हो गये। सुबह तकरीबन 8 बजे रेहा निवासी देवीश्री सफाई करनें वि ालय पंहुची तो कार्यलय का ताला टूटा देखा भीतर जाकर देखा तो कम्प्यूटर आदि सामान गायब था। देवीश्री नें मंदीप यादव को सूचना दी। जिसके बाद मंदीप यादव मौके पर आ गये और थाना पुलिस को सूचना दी। थानाध्यक्ष जेपी शर्मा नें बताया कि सूचना मिली है। जाँच की जा रही है।

## दहेज के लालच में प्रताड़ित करने का लगाया आरोप

संवाददाता। औरैया

**कोतवाली** क्षेत्र के ग्राम बरमूपुर निवासी कविता उर्फप्रीति पत्नी अवनीश राठौर ने महिलाथाना में तहरीर देते हुए बताया कि उसकी शादी जनपद इटावा थाना ऊसराहार क्षेत्र के ग्राम भरतपुर निवासी अमर सिंह के पुत्र अवनीश के साथ गत 20 अप्रैल 2018 को हुई थी। शादी में उसके मायके वालों ने हैसियत के मुताबिक दान दहेज दिया था। लेकिन इससे उसके ससुरालीजन संतुष्ट नहीं हुए और शादी के बाद से ही अतिरिक्त दहेज में 05 लाख रुपए की मांग करने लगे। मांग की पूर्ति नहीं होने पर वह लोग उसे आए दिन शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित करने लगे। इसी के चलते ससुराली जनों ने उसे गत् 04 नवंबर 2020 को गाली-गलौज व मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। महिला थाना पुलिस ने नामजद पति व ससुर के अलावा सास शिव कुमारी व आनंद उर्फरिंकू पुत्र अमर सिंह, बंदना पत्नी आनंद, फूलसिंह पुत्र रामबाबू, सुनीता पत्नी फूल सिंह, पूनम पुत्री अमर सिंह एवं नंदोई राहुल निवासीगण उपरोक्त के खिलाफ मामले की रिपोर्ट दर्ज की।इसी प्रकार जनपद इटावा थाना भरथना क्षेत्र के ग्राम गजीपुर निवासी वेवी पत्नी हरिओम ने महिला थाना में तहरीर देते हुए बताया कि उसकी शादी गत 06 मार्च 2018 को थाना फफूँद क्षेत्र के ग्राम जुआ मुडैना निवासी स्व0 राम लखन के पुत्र हरिओम के साथ हुई थी। शादी में उसके परिजनों ने हैसियत के मुताविक दान दहेज दिया था। लेकिन इससे उसके ससुराली जन संतुष्ट नहीं हुए और शादी के बाद से ही अतिरिक्त दहेज में एक अपाचे मोटर साइकिल, एक भैंस, एक सोने की जंजीर के अलावा 80 हजार रुपए नकद मांगने लगे। मांग की पूर्ति नहीं होने पर वह लोग उसे आए दिन शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित करने लगे।

## प्रत्यावेदन फार्म जमा न करने पर छात्र-छात्राओं ने दिया ज्ञापन

**औरैया।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के बैनर तले पिछड़ी जाति के छात्र-छात्राओं ने प्रत्यावेदन फार्म जमा न किए जाने पर नाराजगी व्यक्त की। छात्र-छात्राओं ने तहसील सभागार में डीएम को शिकायती पत्र देकर प्रत्यावेदन फार्म जमा कराए जाने की मांग की।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के जिला संयोजक सोमू सविता व जिला संगठन मंत्री कृष्ण मुरारी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल सदर तहसील सभागार में डीएम सुनील कुमार वर्मा को दिए शिकायती पत्र में कहा कि पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक वर्ग के छात्रों के छात्रवृत्ति व शुल्क प्रतिपूर्ति आवेदन पत्रों में सस्पेक्ट छात्रों के प्रत्यावेदन सस्पेक्ट कारण के सापेक्ष उनमें अभिलेख लगाकर पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग में जमा करने के लिए महाविद्यालयों द्वारा पहुंचाए गए थे।

## क्विक न्यूज

### कोर्ट के आदेश पर तीन माह बाद सामूहिक दुष्कर्म की रिपोर्ट

**औरैया।** उन्नाव जनपद के एक गांव निवासी किशोरी ने तीन नामजद आरेपितों के खिलाफउसके साथ अछल्दा थाना क्षेत्र के एक गांव में बंधक बनाकर सामूहिक दुष्कर्म किए जाने का आरोप लगाया है। पीड़िता की थाने में सुनवाई नहीं हुई तो उसने न्यायालय के आदेश पर मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी। न्यायालय के आदेश पर थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में पीड़िता ने बताया कि दो माह पूर्व इटावा जनपद के पक्का बाग बस स्टैंड पर उसकी मुलाकात विकास यादव नाम के एक व्यक्ति से हुई थी। आरोप है कि विकास यादव ने उसके रिश्तेदारों के पुलिस व बैंक में अधिकारी होने का हवाला देते हुए नौकरी लगवाए जाने की बात कह गई थी। पीड़िता ने बताया कि 15-20 दिन से उसकी विकास से बात भी होने लगी थी। तभी आरोपित ने 24 दिसंबर 2020 को उसको औरैया आने के लिए कहा। उसकी बातों में फंसकर वह औरैया पहुंच गई। आरोप है कि विकास ने अपने एक साथी को कार से भेजा और वह उसे लेकर अछल्दा पहुंच गए। वहां पर विकास यादव पुत्र सर्वेश कुमार, गोलू यादव व राहुल यादव ने दो दिन तक उन्होंने उसे बंधक बनाए रखा और उसके साथ बारी-बारी से दुष्कर्म किया। 27 दिसंबर को आरोपित उसे इटैली गांव में छोड़कर भाग गए। आरोप है कि वह थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए पहुंची तो उसकी सुनवाई नहीं हुई। जिस पर उसने न्यायालय की शरण ली। न्यायालय के आदेश पर तीन माह बाद मुकदमा दर्ज कर लिया गया।

### वीडियो कॉल कर युवक ने दिखाया फांसी का फंदा, फिर झूल गया

**फर्रुखाबाद।** युवक नें माँ को पहले वीडियो कॉल कर फांसी का फंद्दा दिखाया उसके बाद मोबाइल बंद कर फांसी लगा दी। जिसके बाद परिजन शव लेकर घर चले गये। पुलिस नें जाँच की। परिजनों नें पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया।कोतवाली मोहम्मदाबाद के ग्राम पिपरगाँव साहिबाबाद निवासी 25 वर्षीय युवक शहर कोतवाली क्षेत्र के रेलवे स्टेशन के निकट अपने मकान में अकेले रहता था। परिजन गाँव में रह रहे थे। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक युवक नें अपनी माँ से किसी काम के लिए 50 हजार रूपये मांगे तो माँ नें असमर्थता जाहिर कर दी। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक युवक नें नाराज होकर अपनी माँ को वीडियो कॉल की। जिसमे उसने फांसी का फंद्दा दिखाकर फांसी लगा लेनें की बात की। उसके बाद फोन बंद कर दिया।युवक की माँ नें पास में ही रह रहे रिश्तेदार को फोन किया। जब तक वह मौके पर आये तो वह फांसी पर झूलता मिला। परिजन उसे लेकर एक शहर के एक निजी अस्पताल ले गये। जहाँ उसे मृत घोषित कर दिया गया। जिसके बाद परिजन शव लेकर चले गये। पुलिस घटना स्थल पर पंहुची लेकिन परिजन नही मिले। जिसके बाद कोतवाली मोहम्मदाबाद पुलिस मृतक के घर गयी। जिस पर परिजनों नें शव का पोस्टमार्टम करानें से इंकार कर दिया।

### धोखाधड़ी कर की लाखों की ठगी

**औरैया।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रौतियापुर निवासी नीरेंद्र कुमार द्विवेदी पुत्र मन्नू लाल द्विवेदी माधव ट्रेडर्स औरैया ने कोतवाली में तहरीर देते हुए बताया कि विगत समय मोहम्मद रफी व मोहम्मद रहीस पुत्रगण दूला निवासी ग्राम गंगापुर कदीम थाना केमरी जिला रामपुर मैसर्स एसपी राइस मिल गंगापुर कदीम जिला रामपुर द्वारा उसके व उसके पिता के धान के एक करोड़ 18 लाख 29 हजार एक रुपए 40 पैसे में 92 लाख 50 हजार रुपए देने व बचे हुए शेष 30 लाख 66 हजार 501 रुपए 40 पैसे बेईमानी व धोखाधड़ी कर नहीं दिए। इसके अलावा दी हुई चेकों का भी भुगतान नहीं हो सका। कोतवाली पुलिस ने नामजद आरोपितों के खिलाफअन्य धारा के अलावा धोखाधड़ी की धारा में मामले की रिपोर्ट दर्ज की।

### गाली-गलौज कर पीटा

**औरैया।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मई भासौन निवासी प्रदीप कुमार पुत्र प्रताप सिंह ने कोतवाली में तहरीर देते हुए बताया कि गत् 01 मार्च की दोपहर करीब 02 बजे वह औरैया के मोहल्ला पढ़ीन दरवाजा में था। उसी समय संजू दोहरे पुत्र रामबाबू दोहरे एवं दो-तीन अज्ञात व्यक्ति आ गये और उसके साथ गाली-गलौज करने लगे। जब उसने गालियां देने का विरोध किया, उसी समय उन लोगों ने उसके साथ मारपीट करते हुए गाड़ी के शीशे तोड़ दिए। कोतवाली पुलिस ने नामजद व अज्ञात आरोपितों के खिलाफ मामले की रिपोर्ट दर्ज की।

### स्वनिधि लोन मेला का आयोजन

**फर्रुखाबाद।** तहसील फर्रूखाबाद सभागार में जिलाधिकारी मानवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में स्वनिधि लॉन मेला का आयोजन किया गया। तहसील फर्रूखाबाद में जिलाधिकारी ने पीएम स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि ;पी0एम0स्वनिधि योजना अन्तर्गत 12 लाभार्थियों को लोन स्वीकृति पत्र वितरित किए।पी0एम0 स्वनिधि मेला में आज जिलाधिकारी द्वारा 12 लाभार्थियों को 01 लाख 20 हजार रू0 का लोन वितरित किया गया। जिलाधिकारी ने लाभार्थियों को जागरूक करते हुए कहा कि जिस कार्य के लिए लॉन लिया गया हैए उसी कार्य के लिए लॉन धनराशि का उपयोग किया जाए। इस अवसर पर जय विजय सिंह परियोजना अधिकारी, डूडा, दूधनाथ पाल अग्रणी जिला प्रबन्धक, जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### जूता मोजा व बैग मिलते ही खुश नजर आए स्कूली बच्चे

**कायमगंज फर्रुखाबाद ।** विकासखंड कायमगंज के प्राथमिक विद्यालय मदारपुर में आज प्रबंध समिति तथा अभिभावकों की उपस्थिति में जूता मोजा बैग का वितरण किया गया। निशुल्क उपलब्ध कराई गई इन उपयोगी चीजों को पाकर स्कूली बच्चे खुश नजर आ रहे थे। इस विद्यालय में 210 छात्र छात्राएं पंजीकृत हैं। आज इनमें से उपस्थित 174 स्कूली बच्चों को यह सामग्री उपलब्ध कराई गई। अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक राज किशोर शुक्ला ने 100 दिवसीय प्रेरणा ज्ञानोत्सव अभियान पर विस्तार से चर्चा करते हुए बच्चों तथा अभिभावकों को जानकारी दी।

## कल से चलेंगी फर्रुखाबाद से कानपुर व कासगंज के मध्य दो जोड़ी पैसेंजर ट्रेनें

**● ट्रेनें होंगी पैसेजंर, किराया लगेगा एक्सप्रेस का, मगर आरक्षण नहीं कराना होगा, आम आदमी की जेब पर बोझ बढ़ेगा**

**फर्रुखाबाद।** कानपुर-कासगंज के बीच फर्रुखाबाद से 4 मार्च से दो जोड़ी ट्रेनें चलेंगी। यह ट्रेनें पैसेजंर होंगी यानी आम आदमी की ट्रेन लेकिन किराया एक्सप्रेस का लगेगा। सहूलियत यह रहेगी कि इनमें आरक्षण नहीं कराना होगा। पैसेजंर ट्रेनों के बढे किराये से आम आदमी की जेब पर बोझ बढेगा पूर्वोत्तर रेलवे इज्जतनगर मंडल ने कानपुर अनवरगंज और कासगंज के बीच चार मार्च से दो जोड़ी ट्रेनें चलाने का फैसला किया है। एक जोड़ी कानपुर अनवरगंज-फर्रुखाबाद और दूसरी कासगंज-फर्रुखाबाद के बीच चलेगी। ये ट्रेनें सभी स्टेशनों पर रुकेंगी।डीआरएम के पीआरओ राजेंद्र सिंह ने बताया कि चार मार्च को कासगंज से शाम 5.35 बजे एक्सप्रेस ट्रेन चलेगी। यह ट्रेन बढारी कला, सहावर, गढ़का, गंजडुंडवारा, पटियाली, नरथर, दरियावगंज, बल्लूपुर, रुदायन, कंपिल रोड, कायमगंज, भटासा, शमसाबाद, शुकरुल्लाहपुर, हरसिंहपुर गोवा स्टेशन पर रुककर रात साढ़े आठ बजे फर्रुखाबाद स्टेशन पर पहुंचेगी।

इधर चार मार्च को ही सुबह 4.50 बजे कासगंज के लिए ट्रेन फर्रुखाबाद स्टेशन से रवाना होगी। यह ट्रेन सभी स्टेशनों पर रुकेगी। इसके अलावा एक एक्सप्रेस ट्रेन चार मार्च को सुबह 5.25 बजे कानपुर के लिए रवाना होगी। यह ट्रेन सभी स्टेशनों पर रुकती हुई कानपुर अनवरगंज तक जाएगी। उसी दिन यह ट्रेन शाम सवा सात बजे कानपुर अनवरगंज से चलकर रात 11.20 बजे फर्रुखाबाद स्टेशन पहुंचेगी।

## वाहन चेकिंग में कटे चालान, उतरवाई काली फिल्म

**औरैया।** मंगलवार को शहर के दिबियापुर तिराहे पर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें यातायात प्रभारी ने अपनी टीम के साथ कागज, हेलमेट, सीटबेल्ट व चार पहिया वाहनों पर लगी काली फिल्म को लेकर चेकिंग की। इस दौरान वाहन चालक चेकिंग से बचने के लिए इधर-उधर से निकलते नजर आए। वहीं यातायाता प्रभारी ने करीब आधा सैकड़ा वाहनों के चालान भी काटे। मंगलवार को पुलिस अधीक्षक अपर्णा गौतम के निर्देशन में यातायात प्रभारी श्रवण कुमार तिवारी ने हमराही टीम के साथ दिबियापुर तिराहे पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया। जिसमें ओवरलोड टेंपो, चार पहिया में सीट बेल्ट व ब्लैक फिल्म तथा दो पहिया में हेलमेट को लेकर चेकिंग की। इस अभियान के अंतर्गत यातायात प्रभारी श्री तिवारी ने करीब 45 वाहनों के चालान किए। चार पहिया वाहनों में लगी ब्लैक फिल्म को उतराया गया।

## आरक्षण ने धुरंधरों का बिगाड़ा गणित

संवाददाता। फर्रुखाबाद

**जिला** पंचायत चुनाव के नए आरक्षण को लेकर कुछ उम्मीदवारों के खेमे में खुशी का माहौल है तो कई दावेदारों के चुनाव लड़ने का सपना ही टूट गया। महीनों से क्षेत्र में सियासी जमीन तैयार करने में जुटे दावेदार एक झटके में ही लड़ाई से बाहर हो गए। सियासी गणित बिगड़ने से हतप्रभ ऐसे कई उम्मीदवार आरक्षण के क्रम पर सवाल खड़ा करने के साथ प्रशासन को भी घेरने की रणनीति बनाने में जुट गए हैं। जिला पंचायत के नए आरक्षण के सियासी दांवपेंच से तमाम उम्मीदवारों के सामने अजीबोगरीब स्थिति पैदा हो गई है। कइयों के सामने अपनी सीट पर चुनाव लड़ने का रास्ता तो बंद हो ही गया, आसपास की भी कोई ऐसी सीट नहीं बची है, जहां से वह अपनी सियासी जमीन तैयार कर सकें। आरक्षण की मार से बेहाल जिला पंचायत चुनाव के कई दावेदार शायद ही इस चुनाव में मजबूती से उभर पाएं। चुनाव की तैयारियों में सबकुछ दांव पर लगाकर सियासी ताल ठोकने उतरे कई उम्मीदवारों की मुश्किल यह है कि दूसरी सीट पर चुनाव लड़ते हैं तो उनकी महीनों की मेहनत बेकार चली जाएगी और यदि मैदान छोड़ते हैं तो उनकी आगे की राजनीति पर सवाल उठने लगेंगे। हालांकि नई सीटों पर चुनाव लड़ने के विकल्प की तलाश भी उम्मीदवारों ने शुरू कर दी है, लेकिन समय बेहद कम होने से इस राह में भी कम मुश्किलें नहीं हैं। इन सब के बीच नवीन आरक्षण को लेकर राजनैतिक बयानबाजियां भी तेज हो गई हैं, कईयों ने जिला निर्वाचन अधिकारी के यहां आपत्ति दर्ज कराने की तैयारी भी कर ली है। आपत्तियों को मजबूती से रखने के लिए जाति, क्षेत्र आदि के आंकड़े भी जुटाए जा रहे हैं।

### दावेदारों के खेल बिगड़े

**फर्रुखाबाद।** काफी लम्बे इंतजार के बाद आखिर जिला पंचायत सदस्यों की आरक्षण सूची जारी कर दी गयी। जिसमे कई दावेदारों का खेल बिगड़ गया तो कई की उड़कर लग गयी है। फर्रुखाबाद में राजेपुर प्रथम अनारक्षित, राजेपुर द्वितीय अन्य पिछड़ा वर्ग महिला, राजेपुर तृतीय अन्य पिछड़ा वर्ग, राजेपुर चतुर्थ अनारक्षित, शमसाबाद प्रथम अनारक्षित, शमसाबाद द्वितीय अनारक्षित, शमसाबाद तृतीय एससी महिला, शमसाबाद चतुर्थ एससी, कायमगंज प्रथम अन्य पिछड़ा वर्ग, कायमगंज द्वितीय महिला, कायमगंज तृतीय अनारक्षित, कायमगंज चतुर्थ एससी, कायमगंज पंचमअनारक्षित, नवाबगंज प्रथम महिला, नवाबगंज द्वितीय अन्य पिछड़ा वर्ग, नवाबगंज तृतीय अनारक्षित, मोहम्मदाबाद प्रथम अन्य पिछड़ा वर्ग, मो0 द्वितीय अनुसूचित जाति महिला, मो0 तृतीय सामान्य, मो0 चतुर्थ अनुसूचित जाति, मो0 पंचम सामान्य, कमालगंज प्रथम सामन्य महिला आरक्षण तय किया गया।

## 61 में से दस मामलों का निस्तारण



संवाददाता। कायमगंज फर्रुखाबाद

**जन** समस्या निस्तारण हेतु आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में आज 61 फरियादियों ने अपनी समस्याओं के निराकरण हेतु प्रार्थना पत्र दिए । इनमें से 10 समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष 51 प्रार्थना पत्र संबंधित विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सौंपकर स्थलीय निरीक्षण उपरांत निष्पादन का निर्देश दिया गया। जिस समय उपजिलाधिकारी नरेंद्र सिंह एवं क्षेत्राधिकारी राजवीर सिंह गौर जन समस्याएं सुन रहे थे। उसी समय कस्बा शमशाबाद की एक महिला अबोध बच्ची को गोद में लिए समाधान दिवस टेबल पर पहुंची। महिला ने गुहार लगाते हुए कहा कि साहब मेरी यह 5 साल की बच्ची घर के बाहर दरवाजे पर खेल रही थी। उसी समय मेरे ही मोहल्ले का मुफीद आया और मेरी इस बच्ची को बहला.फुसलाकर अपने साथ ले गया। उस वहसी दरिंदे ने अबोध बच्ची को निर्वस्त्र कर दुष्कर्म का प्रयास किया। उसकी बेजा हरकतों से परेशान बच्ची चीखने लगी। उसी समय इसी मोहल्ले का एक युवक भागकर वहां पहुंचा। जिसे देखते ही मुफीद मौके से भाग गया। महिला ने यह आरोप लगाते हुए प्रशासनिक अधिकारियों से कार्यवाही करने की गुहार लगाई। इसके अतिरिक्त क्षेत्र के गांव घमइया रसूलपुर निवासी गजराज सिंह तथा मेरापुर थाना क्षेत्र के गांव आरामसिंह व कायमगंज के मोहल्ला मेहंदी बाग निवासी पुष्पा देवी पत्नी कुंवर पाल सहित कुछ लोगों ने अपनी कृषि भूमि या फिर आवासीय भूखंडों एवं चक मार्गो पर दबंगों द्वारा अवैध कब्जा करने की शिकायत की।

जबकि नगला उम्मेद मजरा नरैना मऊ के मेघ सिंह ने प्रार्थना पत्र देकर कहा कि उसके आवास के ऊपरी भाग वाले कमरे में अचानक आग लग जाने से हजारों रुपए का नुकसान हुआ। किंतु लेखपाल ने नुकसान आंकलन की आख्या गलत प्रस्तुत कर दी। जिससे उसे सरकारी सहायता नहीं मिल सकी। समाधान दिवस में पहुंचे गांव मझोला निवासी कृपाल सिंह ने अपनी पीड़ा बताते हुए कहा कि पिछले 1 साल से उसकी स्वीकृत वृद्धावस्था पेंशन प्राप्त नहीं हो रही है। बुढ़ापे में जीवन यापन करना मुश्किल हो रहा है।

## लोक अदालत का आयोजन आज से

**कानपुर देहात** जिला विधिक प्राधिकरण की सचिव साक्षी गर्ग ने अवगत कराया कि उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण से प्राप्त पत्र 01 मार्च 2021 के अनुपालन मे महिला पखवारा के संबंध में लोक अदालत का आयोजन 3 मार्च से 6 मार्च तक समस्त परिवार न्यायालयों द्वारा किया जायेगा। जिसमें पारिवारिक वादों का निस्तारण सुलह समझौते के आधार पर किया जायेगा। सचिवए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने बाताय कि पक्षकारों के मध्य कई बार छोटी छोटी बातों पर मतभेद हो जाता है तथा ये छोटी बातें बढी बन जाती हैं और मामला न्यायालय तक पहुँच जाता है। जिन मामलों में सुलह समझौते के तत्व विद्यमान हों उन मामलों में न्यायलयों के न्यायाधीशगण जिस बिन्दु पर दोनों पक्षकारों में मुख्य रूप से मतभेद हों उस बिन्दु पर दोनों पक्षों की प्राथमिकता को ध्यान में रखते हुए मामले का निपटारा आपसी सहमति के आधार पर कराने के लिये प्रेरित करते हैं।

## थानाध्यक्ष गांव जाकर तैयार करेंगे सुरक्षा की रिपोर्ट

**औरैया।** पंचायत चुनाव को सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस ने कमर कस ली है। अब थानाध्यक्ष और दरोगा गांव में जाकर लोंगो से बात कर सत्यापन करेंगे। गांव की भौगोलिक और सुरक्षा की रिपोर्ट तैयार करेंगे। रिपोर्ट के आधार पर गांव की सुरक्षा व्यवस्था का खाका तैयार होगा, जिससे चुनाव को निष्पक्ष और निर्निवाद संपन्न कराया जा सके। पंचायत चुनाव का बिगुल बज चुका है। चुनाव कब होगा इसको लेकर असमंजस बरकार है। कारण चुनाव की स्थिति अभी तय नहीं हुई है। अधिसूचना जारी होने का लोगों को इंतजार है। लेकिन प्रशासनिक अमला चुनाव मोड़ में आ चुका है। लोकसभा और विधानसभा चुनाव की तुलना करें, तो पंचायत चुनाव काफी संवेदनशील होता है। क्योंकि इसमें विवाद होने की संभावना अधिक होती है। ऐसी स्थिति सामने न आए इसलिए कई प्रयोग किया जा रहा है कि इससे चुनाव विवाद मुक्त कराया जा सके। इसके लिए इस बार बूथ स्तर पर एसओ और दरोगा गांव में जाकर रिपोर्ट तैयार करेंगे। गांव के बारे में जानकारी लेंगे। इसके बाद रिपोर्ट ऊपर भेजेंगे। रिपोर्ट के अनुसार बूथ पर मतदान कराने के लिए उसी हिसाब से सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता इंतजाम किया जाएगा। जिसमें माहौल बिगडने न पाए और अधिक से अधिक लोग मतदान कर सकें। माना जा रहा है कि ऐसा करने से चुनाव सही तरह से संपन्न होगा। एसपी अर्पूणा गौतम ने बताया कि पंचायत चुनाव सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस कार्य कर रही है। चुनाव से जुड़ी तैयारी चल रही है। वहीं एसओ और दरोगा अपने क्षेत्र गांव के बूथों पर जाएंगे। जहां गांव के लोगों के साथ बैठक करेंगे। गांव की भौगोलिक स्थित के बारे में जानकारी लेंगे। बूथ पर मतदान के लिए रास्ता देखेंगे। यदि माहौल बिगड़े तो किसी रास्ते से कितनी जल्दी पहुंच सकें। मतदान के दिन बूथ से कितनी दूर पहले बाहरी लोगों को रोका जा सके। यह सब रिपोर्ट बनाएंगे और फिर भेजेंगे। जिस रिपोर्ट में एसओ और दरोगा गांव के निवर्तमान, पूर्व प्रधान, संभावित दावेदार कौन-कौन हैं, सभी का नाम नोट करेंगे। क्या किसी के खिलाफमुकदमा है यह भी जानेंगे। साथ ही गांव में कौन हिस्ट्रीशीटर है, वह मौजूदा समय में कहां है ? इसके अलावा पूर्व के चुनाव में किसने विवाद किया था। कौन विवाद कर सकता है ? कितने लोग लाइसेंसी असलहा रखे हुए हैं।

पायनियर
लखनऊ, बुधवार, 3 मार्च 2021



# सत्रह शिकायतों का निस्तारण

संवाददाता। हमीरपुर



**आज** जिलाधिकारी डॉ ज्ञानेश्वर त्रिपाठी की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसील सरीला में संपन्न हुआ। 57 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 17 शिकायतों का मौके पर गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण किया गया। जिलाधिकारी डॉ. ज्ञानेश्वर त्रिपाठी ने जन समस्याओं को सुनने के पश्चात उनके निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया तथा कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस कहा कि शिकायतों का निस्तारण 01 सप्ताह में कर दिया जाए यदि किसी कारणवश एक सप्ताह में निस्तारण ना हो पाए तो उसकी अंतरिम आख्या अवश्य प्रस्तुत कर दी जाए। कहा कि शिकायतों का ग्राउंड लेवल पर निस्तारण कर शिकायतकर्ता को संतुष्ट किया जाय । उन्होंने कहा कि जिस स्तर की शिकायत है उसका उसी स्तर पर निस्तारण अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक प्राप्त होने वाली शिकायत पर सभी संबंधित अधिकारियों द्वारा शिकायत की प्रकृति को देखते हुए टिप्पणी व अपना अभिमत अंकित करते हुए शिकायतकर्ता को निस्तारण की समय अवधि सहित अन्य जरूरी बातों के बारे में बताया जाए ताकि शिकायतकर्ता को तत्काल शिकायत के निस्तारण में लगने वाले समय व उसकी समस्या के समाधान संबंधी आवश्यक जानकारी तत्काल मिल सके । उन्होंने कहा कि न्यूनतम 20: शिकायतों के निस्तारण का मौके पर पहुंचकर सत्यापन भी किया जाए। समाधान दिवस के मौके पर दिव्यांग प्रमाणपत्र बनने संबंधी समस्या ध् प्रकरण प्राप्त होने पर जिलाधिकारी ने सीएमओ को निर्देशित किया कि जिला स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस में दिव्यांग प्रमाणपत्र बनाने हेतु वहाँ पर पूरी टीम की मौजूदगी सुनिश्चित करें ताकि दिव्यांगों को प्रमाणपत्र हेतु इधर उधर भटकना न पड़े। जिलाधिकारी ने कहा कि इस सोमवार को जिला अस्पताल में कैम्प लगाकर दिव्यांग प्रमाणपत्र बनाए जाय ताकि दिव्यांगों को सहज ही प्रमाणपत्र उपलब्ध हो सके।

# पत्नी ने प्रेमी संग मिलकर की पति की हत्या

संवाददाता। बिवाँर(हमीरपुर)

**बिवार** क्षेत्र में राजस्व लिपिक की हत्या के मामले में एक नया मोड़ आ गया है। मृतक के चाचा ने मृतक की पत्नी पर हत्या की साजिश रचने का लिखित आरोप लगाया है पुलिस ने पत्नी को अपनी हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। पुलिस ने बताया कि बीते रविवार के दिन निवादा गाँव में राजस्वकर्मी पंकज तिवारी की हत्या पर चाचा ओमप्रकाश तिवारी ने उसकी मौत के बाद आरोपी गांव के ही विनय सिंह के खिलाफ गोली मार कर हत्या कर देने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी मगर आज मृतक के चाचा ने पुलिस के सामने खुलासा कर सभी को चौका दिया है उन्होने पुलिस को बताया कि मृतक पंकज तिवारी की पत्नी व आरोपी विनय सिंह के बीच दो सालों से अवैध सम्बन्ध थे। एक बार पंकज ने उन्हें आपत्तिजनक स्थिति में रंगे हाँथों पकड़ लिया था जिसके बाद से आरोपी खुलकर उसकी पत्नी के साथ मिलकर उसे डराने व धमकाने लगा।यहाँ तक आरोप लगाए कि दोनों ने अपने अवैध संबंधों के अश्लील वीडियो बनाकर पति पंकज व वन्दना के भाई स्वदेश को भी एमएमएस किये। मृतक के चाचा ओमप्रकाश ने बताया कि जब घर के लोगों को सारी बाते मालूम हुई तो उन्होंने वन्दना (मृतक की पत्नी)के माता-पिता को बुलाकर सब कुछ बताया और उसे उनके साथ मायके भेज दिया गया।कुछ दिनों बाद रिश्तेदारों की मध्यस्थता के बाद उसकी पत्नी को सुधरने का एक मौका देते हुए दोनों को मौदहा में रहने भेज दिया गया। लेकिन उसकी पत्नी अपनी आदतों से बाज नहीं आई ,और वह लगातार आरोपी विनय के संपर्क में बनी रही। हत्या की साजिश में भी उसकी पत्नी शामिल थी और उस दिन उसने पति को जबरन खेत देखने निवादा भेजा।

## क्विक न्यूज

### ट्रैक्टर चालक का शव मिला

**हमीरपुर।** कुरारा क्षेत्र में आज दोपहर सड़क के नीचे खड्ड में एक युवक की लाश मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। हत्या की आशंका पर पुलिस ने डॉग स्क्वार्ड बुला कर एक घंटे तक जांच पड़ताल की है।क्षेत्र के रिठारी गांव के समीप डिमुहा गांव निवासी ट्रैक्टर चालक लखनलाल यादव(34) पुत्र पोखर यादव की लाश दोपहर जब ग्रामीणों ने सड़क किनारे खड्ड में पड़ी देखी तो थाना पुलिस को सूचना दी। पुलिस का मानना है कि शरीर मे कुछ रगड़ने के निशान है जिससे ये प्रतीत होता हैं चालक ट्रैक्टर से गिरा है उसके बाद उसकी मौत हुई है वही मृतक के भाई लक्ष्मण यादव ने बताया कि भाई के दोनों जूते व 55 सौ रुपये सड़क किनारे निकले रखे थे जबकि बिना चालाक के ट्रैक्टर खेतो में इतनी दूर कैसे चला गया और भाई का मोबाइल भी मौके से नही मिला है जिससे हत्या की आशंका है जिसपर थाना पुलिस द्वारा डॉग स्क्वार्ड को बुलवाया गया जिसने लगभग एक घंटे तक तफ्तीस कि जिसमे भी फिलहाल कोई पुख्ता सबूत नही मिले है। वही थानाध्यक्ष बांके बिहारी सिंह ने बताया कि पुलिस जांच कर कार्यवाही करेगी।

### भाई के गम में छोटे भाई ने फांसी लगाकर दी जान

**कुरारा।** कुरारा क्षेत्र में आज भाई के गम में छोटे भाई ने भी पंखे के कड़े से फांसी लगा आत्माहत्या कर ली। कस्वा निवासी सोनू सिंह पुत्र प्रताप सिंह(23) ने अपने ही घर के कमरे में शाम कड़े में रस्सी से फंदा डालकर फांसी लगा आत्महत्या करली। पुलिस ने बताया कि सोनू तीन भाई थे जिनमें सबसे बड़ा भाई शत्रुघन कुछ मानसिक रूप से विक्षिप्त है बाकी सोनू व दूसरा भाई संजय गुजरात मे रहते थे बीते जून माह में गुजरात मे संजय ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी जिसके गम में सोनू उदास रहता था उसी के चलते आज सोनू ने कमरे के में पंखे के कड़े में रस्सी से फंदा डाल आत्महत्या कर ली।

### चोरों ने लाखों रुपये किये पार

**राठ( हमीरपुर )** कोतवाली क्षेत्र के धनौरी गांव में अज्ञात चोरों ने घर का ताला तोड़कर हजारों की नकदी और जेवरात पार कर दिये। पीडित ने पुलिस मे लिखित शिकायत की है। धनौरी गांव निवासी अमरचंद्र ने थाने में पुलिस को बताया कि वह ईंट भट्टों में मजदूरी करता है। जिससे उसके परिवार का भरण पोषण होता है। कुछ दिन पहले मजदूरी करने वह परिवार के साथ बाहर गया था। उनके मकान में पड़ोसी बाबादीन का सीमेंट रखा हुआ था। जिस वजह से उन्होंने मकान की चाभी बाबादीन को दे दी थी। रविवार रात अज्ञात चोर मकान का ताला तोड़कर अंदर घुसे आये और बक्से का ताले तोड़ दिए। बक्से में रखे पांच हजार रूपये सहित सोने चांदी के जेवरात चोरी कर ले गये। बताया सोमवार सुबह सीमेंट निकालने पहुंचे बाबादीन को चोरी की जानकारी हुई। काम से लौटने के बाद पीडित ने मंगलवार को कोतवाली में सूचना दी। बताया कि जेवरात की कीमत करीब एक लाख रूपये है।

### मजिस्ट्रेट ने छापा मारकर आरा मशीन सीज किया

**मौदहा ( हमीरपुर )** कोतवाली क्षेत्र के परछछ गांव में बिना किसी वैद्य लाइसेंस के आरा मशीन चलाए जाने की सूचना पर आज मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में वन विभाग व पुलिस के अधिकारियों ने छापा डालकर मशीन के पहिए खोलें और सामान अपने कब्जे में कर लिया है आरा मशीन संचालक मौका पाकर भाग निकला जिस पर विभागीय कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। परछछ गांव में रामबाबू नाम का व्यक्ति कुछ दिनों से अवैध रूप से आरा मशीन चला रहा था जिसकी सूचना विभागीय अधिकारियों के साथ ही उपजिलाधिकारी को दी गई। जिस पर नायाब तहसीलदार दिवाकर मिश्रा व रेंजर इफ्तिखार अहमद, वन दरोगा परमात्मा दीन पुलिस एसआई मधुरेश व अन्य पुलिसकर्मी तथा वन विभाग के माजिद सहित अन्य कर्मी मौजूद रहे। मौके पर कटी हुई लकड़ी व बिना कटी लकड़ी, चलती हुई मशीन को इस टीम ने पकड़ लिया और इसके पुर्जे जैसे पहिया अपने कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### नालबन्द जुए की चल रही फड़

**चित्रकूट।** कोतवाली कर्वी के इटरौल व इटौरा के बीच में स्थित बगीचे में नालबन्द जुआ की फड़ चल रही है। पुलिस को नालबन्द जुआ की जानकारी नहीं है। मंगलवार को ग्रामीणों ने बताया कि इटरौल व इटौरा के बीच नालबन्द जुआ की फड़ पप्पू पाण्डेय व बच्चा चला रहे हैं। प्रतिदिन तीन लाख से ज्यादा का जुआ हो रहा है। इस जुआ के खेल में नाल डालने का काम पप्पू पाण्डेय व बच्चा तथा पिंटू नाई कर रहे हैं। इस नालबन्द जुआ में दूर-दूर के खिलाडी दांव लगाने आते हैं। जुआ में हारने पर घर की महिलाओं के जेवर रेहन रख देते हैं। पुलिस को इस नालबन्द जुआ की जानकारी नहीं है। जुआ की फड़ से प्रतिदिन लाखों रुपये नालबन्द जुआ खिलवाने वाले कमा रहे हैं।

### नहीं रुक रही अवैध शराब की बिक्री

**चित्रकूट।** कोतवाली कर्वी के जल संस्थान के सामने भगत केवट के घर में बिक रही देशी शराब से मोहल्लेवासी खासे परेशान हैं। भगत के घर में दिनभर शराबखोरी होने पर पुलिस ने दो दिन पहले छापेमारी कर घर की महिलाओं समेत पुरुषों को दबोचा था। दबोचने के बाद सभी लोगों को पुलिस ने ले-देकर छोड़ दिया। मोहल्लेवासियों ने बताया कि भगत केवट लम्बे समय से शराब का कारोबार कर रहा है। उसके घर में दिनभर शराबखोरी होती रहती है। इससे मोहल्ले के लोगों को भारी परेशानी हो रही है। शराब पीने वाले शराब पीकर गाली-गलौज कर हल्ला-गुल्ला मचाते हैं। आये दिन मोहल्ले में फसाद होने से मोहल्लेवासी खासे तंग हैं। इसके बाद भी भगत केवट के घर में शराब बिकना बन्द नहीं हो रही है। दो दिन पहले कोतवाली पुलिस ने छापेमारी कर भगत केवट के घर से भारी मात्रा में शराब समेत घर की महिलाओं व पुरुषों को दबोचा था। सभी लोगों को दबोचने के बाद पुलिस ने ले-देकर सभी लोगों को छोड़ दिया। इसके बाद से पुनः भगत केवट के घर में शराबियों का जमावडा लगने लगा। मोहल्लेवासियों ने पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि जल संस्थान के सामने भगत केवट के घर में बिक रही शराब को अविलम्ब बन्द कराया जाये।

### जेएमआर क्रशर कम्पनी ने गांवसभा की भूमि पर किया कब्जा

**चित्रकूट।** जेएमआर क्रशर कम्पनी ने गांवों की जमीन पर पैर पसार लिए हैं। कर्वी तहसील के रौली कल्याणपुर गांव के मजरा वजनीपुरवा में जेएमआर क्रशर कम्पनी वालों ने गांवसभा की कई बीघे जमीन पर अपना कब्जा जमा रखा है। मंगलवार को ग्रामीणों ने बताया कि जेएमआर क्रशर कम्पनी ने गांवसभा की कई बीघे जमीन पर कब्जा कर लिया है। जानकारी होने के बाद भी लेखपाल कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। जेएमआर कम्पनी की लेखपाल से मिलीभगत के चलते अधिकारी भी खामोशी धारण किये हैं। गांवसभा की जमीन पर क्रशर कम्पनी के कब्जा होने से क्रशर से उडने वाली धूल से गांव की पूरी खेती तबाह हो रही है। क्रशर कम्पनी के असरदार होने के चलते जिले के अधिकारी व प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड भी चुप्पी साधे है। सूत्रों ने बताया कि जिम्मेदार अधिकारियों की मिलीभगत से जेएमआर क्रशर वालों ने जहां गांवसभा की जमीन पर कब्जा कर रखा है, वहीं प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड भी उनके खिलाफकोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। गांवसभा की भूमि के बदले क्रशर कम्पनी लेखपाल व अधिकारियों को मोटी रकम दे रही है। रौलीकल्याणपुर के मजरा वजनीपुरवा में क्रशर कम्पनी के कब्जे बढते चले जा रहे हैं।

### जागरूकता कैंप का समापन

**बाँदा** तहसील सदर बाँदा मे महिलापरक योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना विधवा पेंशन बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ 181 महिला हेल्पलाइन मिशन शक्ति अभियान महिला शक्ति केंद्र आदि योजनाओं के प्रचार प्रसार के लिए लगाए गए दो दिवसीय जागरूकता कैम्प का समापन हुआ ! कैम्प मे आज जिलाधिकारी महोदय और श्री सुधीर कुमार उप जिलाधिकारी सदर द्वारा निरीक्छण किया गया ! जिलाधिकारी बाँदा ने अन्य स्थानों पर भी ऐसे जागरूकता कैम्प लगाए जाने के निर्देश दिए !श्री सुधीर कुमार द्वारा जानकारी दी गई।

# बगैर नेटवर्क दम तोड़ रहा प्रधान डाकघर

संवाददाता। बांदा

**उत्तर** प्रदेश के बांदा में प्रधान डाकघर और साथ में 55 ब्रांच है जिनका डिजिटल इंडिया 1 महीने से दम तोड़ दिया है लोग परेशान हैं किसी भी ब्रांच में काम हो ही नहीं रहा जनता जाती है पैसा जमा करने उनका पासबुक में एंट्री नहीं होती अकाउंट में पैसा नहीं जमा होता सिर्फउनका यह कहना है कि साथ जो चेन्नई सें पलि नेटवर्क है वह फेल है यदि लोगों से पूछा जाए आखिर हम शिकायत किसको करें तो भी यह बताने को तैयार नहीं और इनका साथ कहना एग्जाम हम जिम्मेदार हैं डिजिटल इंडिया माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का सपना था जिसको उन्होंने पूरे देश में लागू किया लेकिन बुंदेलखंड के बांदा में डाकघर की वह दुर्दशा है जनता परेशान और बेहाल है लेकिन डाकघर का अर्थात पोस्ट ऑफिस का कोई भी अधिकारी कर्मचारी कुछ भी बताने को तैयार नहीं है और वह कोई भी परेशानी को शेयर नहीं करना चाहता कई लोगों ने जब कई ब्रांच अधिकारियों से बात की तो उनका कहना था हम क्या करें हम तो परेशान हैं हम साथ साथ बजे तक बैठे रहते हैं आप लोगों से पैसा ले लेते हैं उनको ना तो रिसीविंग मैनुअल देते हैं ना उनको पासबुक पर कोई एंट्री करते हैं और सीधा सा एक जवाब है अभी तो नेट नहीं आ रहा नेट काम नहीं कर रहा तो आपकी कॉपी छपे कि नहीं आपका अकाउंट में पैसा जमा नहीं होगा इसी में बड़ा.बड़ा जनता के साथ घोटाला हो रहा है इस घोटाले को कौन देखेगा बड़ा ही विचारणीय प्रश्न है हालांकि इस मुद्दे पर जिलाधिकारी बांदा को कुछ उपभोक्ताओं ने अवगत कराया कि 1 माह से बांदा में प्रधान डाकघर और उसकी 55 प्रांतों में नेट की समस्या से एक माह से कार्य नहीं हो रहा है इस बाबत जिला कलेक्टर ने एक पत्र केंद्रीय संचार मंत्री और प्रदेश संचार मंत्री को लिख का अनुरोध किया है कि आप इसमें हस्तक्षेप करें जिससे बांदा की जनता की समस्या को दूर किया जा सके क्योंकि इन 55 ब्रांचो में लगभग 500000 उपभोक्ता रजिस्टर्ड काबिल की सुनाई होगी क्या होगा यह गर्त में बगैर नेटवर्क के पोस्ट ऑफिसों में जबरजस्त कठिनाई का सामना जनता को करना पड़ रहा है हमने कई उपभोक्ताओं से बात की बहुत सारे उपभोक्ता परेशान घूम रहे थे उनका कहना था कि हम डिजिटल इंडिया का क्या करें जबकि डिजिटल इंडिया नेटवर्क ही नहीं आता हमको पैसा निकालना हम पैसा निकाल नहीं पा रहे हैं हमें पैसा जमा करना हम पैसा जमा नहीं कर पा रहे हैं यदि हम पैसा यहां दे जाते हैं हमें ना रिसिविंग मिलती है ना हमको हमको संतोष होता है कि हमारा पैसा जमा हो गया और हमें जरूरत है हमारा कोई बीमार है तो नेट ही नहीं चलता तो हमारा पैसा भी हमारे अकाउंट में या हमको कैश नहीं मिल पाता। बांदा जनपद के 55 प्रांतों में बहुत सारे संविदा कर्मी जनता के पैसे को उड़ा रहे हैं गमन कर रहे हैं आर डी का पैसा ले जाते हैं उसको अकाउंट में न जमा करके अपने स्वयं के खर्चे में प्रयोग कर रहे हैं जब जनता उपभोक्ता पूछता है तो उसको फर्जी स्टैंप लगाकर दिखा देते हैं।

# पत्रकारों के बढ़ते उत्पीड़न पर अंकुश लगाये प्रेस कांउसिल: अशोक द्विवेदी

- **प्रेस क्लब अध्यक्ष ने कैंसर से मरे पत्रकार नरेंद्र मिश्रा के परिजनों को आर्थिक सहायता दिलाने की मांग की**

संवाददाता। चित्रकूट



**धर्म** नगरी के दौरे पर आये प्रेस कांउसिल आफ इंडिया के सदस्य अशोक कुमार नवरत्न ने मुख्यालय स्थित लोक निर्माण विभाग के डाक बंगले मे मीडिया कर्मियों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी।इस दौरान प्रेस क्लब चित्रकूट के अध्यक्ष अशोक द्विवेदी ने बीमारी के चलते असमय काल के गाल में समा गये पत्रकार नरेंद्र मिश्रा के परिजनों को सरकार से आर्थिक सहायता दिलाये जाने एवं आश्रित को सरकारी नौकरी दिलाये जाने की मांग की। मंगलवार को चित्रकूट के दौरे पर आये प्रेस कांउसिल आफ इंडिया के सदस्य अशोक कुमार नवरत्न ने मीडिया कर्मियों से मुलाकात कर प्रेस काउंसिल के कार्यो की विस्तृत जानकारी दी। उन्होने बताया कि प्रेस कांउसिल मीडिया के अधिकारों की रक्षा के लिए संकल्पित है। इस दौरान प्रेस क्लब के अध्यक्ष अशोक द्विवेदी ने संगठन के महासचिव रतन पटेल,सचिव शाह आलम,प्रवक्ता ओंकार सिंह आदि के साथ कांउसिल के सदस्य से मुलाकात कर पत्रकारों के हो रहे उत्पीडन आदि समस्याओं से अवगत कराया। इसके अलावा प्रेस क्लब के अध्यक्ष अशोक द्विवेदी ने कैंसर की बीमारी से असमय काल के गाल में समा गये वरिष्ठ पत्रकार नरेंद्र मिश्रा के परिजनों को केंद्र और राज्य सरकार से आर्थिक सहायता दिलाने एवं आश्रित पत्नी को सरकारी नौकरी दिलाने की मांग की।

## एक मुश्त समाधान योजना का लाभ उठाएं उपभोक्ताः एसडीओ

**गुरसहायगंज ( कन्नौज )।** स्थानीय विद्युत वितरण उपखंड कार्यालय में उपभोक्ताओं को सही बिलिंग तथा मीटर रीडिंग आधारित बिल समय से उपभोक्ताओं तक पहुंचाने हेतु बैठक की गई तथा मीटर रीडरों को इस संबंध में निर्देशित किया गया। इस दौरान एसडीओ कुलदीप सिंह राजपूत नें विगत माह में उत्कृष्ट उपभोक्ता सेवा देने वाले मीटर रीडरों को प्रतीक चिन्ह भेंटकर उत्साहबर्धन किया। मंगलवार को जीटी रोड स्थित विद्युत वितरण उपखंड कार्यालय में मीटर रीडर अभिनेश तथा शिवम को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित करनें के उपरान्त एसडीओ कुलदीप सिंह राजपूत नें जानकारी देते हुये बताया कि घरेलू व निजी नलकूप श्रेणी के समस्त उपभोक्ताओं को 31 जनवरी तक के विद्युत बिल के सर चार्ज में 100 प्रतिशत की छूट दी जाएगी अत: समस्त उपभोक्ता दिनांक 1 मार्च से 15 मार्च तक अपना पंजीकरण करा कर छूट का लाभ उठाएं।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस में 102 शिकायतें प्राप्त 13 का मौके पर निस्तारण

**बांदा।** सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त जन शिकायत को गम्भीरतापूर्वक समय से एवं गुणवत्ता के साथ निस्तारण करें। उक्त निर्देश आज तहसील सदर सभागार में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के मौके पर जिलाधिकारी श्री आनन्द कुमार सिंह ने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को दिये। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 102 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें मौके पर 13 शिकायतों का निस्तारण किया गया। जिसमें राजस्व विभाग विकास विभाग पुलिस विभाग एवं अन्य विभिन्न विभागो की शिकायतें प्राप्त हुई। जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त जन शिकायतों को ससमय गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के आदेश समस्त उपस्थित अधिकारियों को दिये। उन्होंने कहा कि जन शिकायतों पर उच्चाधिकारियों द्वारा मात्र अग्रसारित किया जाता है जो अस्वीकार्य है। उन्होंने कहा कि तहसील दिवस में आने वाले फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण समय से किया जाए तथा उच्चाधिकारी केवल नीचे से आयी आख्या को अग्रसारित न करें बल्कि स्वयं उस समस्या की निस्तारण की गुणवत्ता को परखे और प्रार्थी से उसके मोबाइल नम्बर पर जानकारी कर लें कि वह निस्तारण से संतुष्ट है कि नही। प्रार्थी के प्रार्थना पत्र में वर्णित समस्या का विधिक समाधान किया गया कि नही यह अवश्य जान लें। जिलाधिकारी ने कहा कि फरियादियों की समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता से करें उसे टालें नहीं। उन्होंने कहा कि आगे से यदि शिकायतो पर उच्च अधिकारियों द्वारा सरसरी तौर पर अग्रसारित किया जाता है तो इसे गम्भीरता से लिया जायेगा तथा सम्बंधित अधिकारी के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी। सम्पूर्ण समाधान दिवस में पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ शंकर मीणा मुख्य विकास अधिकारी हरिश्चन्द्र वर्मा मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 एन0डी0 शर्मा ज्वाइन्ट मजिस्ट्रेट उपजिलाधिकारी सदर सुधीर कुमार सहित समस्त सम्बन्धित जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## बुविवि को अनुदान दिलाने की उठाई मांग

**चित्रकूट।** बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय झांसी को प्रदेश सरकार से अनुदान दिलाने की मांग को लेकर प्रभास महासंघ के जिलाध्यक्ष तीरथ प्रसाद की अगुवाई में छात्रों ने नारेबाजी कर राज्यपाल सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम सदर को सौंपा। मंगलवार को प्रभास महासंघ के जिलाध्यक्ष तीरथ प्रसाद की अगुवाई में छात्रों ने प्रदर्शनकर कहा कि बुन्देलखण्ड के गरीब, किसान, मजदूर के बच्चे शिक्षा हासिल करने को बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय में पढते हैं। सात जिलों के बच्चों को बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय उच्च शिक्षा प्रदान करता है। केन्द्र सरकार की संस्था बैकवर्ड रीजन ग्रांट फंड के तहत झांसी जिले को छोडकर सभी जिले रखे गये हैं। बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय झांसी जीरो ग्रांट विश्वविद्यालय है। यहां के गरीब मजदूर, किसानों के पास इतना धन नहीं है कि वह 40 हजार सालाना शुल्क दे सकें।

# ई-लाटरी के द्वारा किया गया शराब की दुकानों का आवंटन

संवाददाता। (कन्नौज)

**जनपद** में ई लाटरी के माध्यम से 01 देशी एवं 02 विदेशी मदिरा दुकानों का आवंटन किया गया। सोशल डिस्टेन्सिंग का अनुपालन करते हुए दुकानें संचालित की जाएं। नियमों का उलंघन पाए जाने पर कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

उक्त निर्देश मंगलवार को जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में ई-लाटरी के माध्यम से विदेशी मदिरा की 02 एवं देशी मदिरा की 01 दुकान का आवंटन किया गया। ई लाटरी में विदेशी शराब की कुल 02 दुकानों पर प्राप्त 05 आवेदनों में फुटकर दुकान गांधी नगर वार्ड 22 छिबरामऊ हेतु प्राप्त 01 आवेदन के सापेक्ष कौशलेंद्र कुमार चौहान को आवंटित की गई, एवं तालग्राम रोड छिबरामऊ हेतु प्राप्त कुल 04 आवेदनों के सापेक्ष श्रामती साधना को दुकान का आवंटन किया गया। इसी क्रम में उन्होंने देशी मदिरा की 01 दुकान के आवंटन हेतु प्राप्त 01 आवेदन के सापेक्ष अशोक नगर गुरसहायगंज हेतु श्रीमती शालिनी गुप्ता को आवंटित की गयी। जिलाधिकारी ने मौके पर उपस्थित सभी आवेदनकर्ताओं से लिखित रूप में ई लाटरी के कोड लेते हुए सभी के समक्ष ई लाटरी प्रक्रिया का प्रारंभ किया एवं कोड के माध्यम से देशी एवं विदेशी मदिरा दुकान हेतु प्रत्येक बार सिमुलेशन करने के उपरांत रैण्डमाईजेशन करते हुए दुकानों की आवंटन प्रक्रिया पूर्ण की गई। ई लाटरी के दौरान पुलिस अधीक्षक ने भी पूर्ण प्रक्रिया को देख एवं सभी से नियमों का अनुपालन करते हुए दुकानों में सतर्क रहकर सोशल डिस्टेंसिंग का अनुपालन करते हुए व्यापार संचालित करने हेतु आवश्यक निर्देश दिए।

# ग्राम प्रधान पद का परिसीमन घोषित होते ही गांवों में चुनावी सरगर्मियां बढ़ीं

संवाददाता। उरई (जालौन)

**मंगलवार** को जिला पंचायत राज अधिकार कार्यालय द्वारा ग्राम पंचायतों में ग्राम प्रधान पद के लिये घोषित किये गये आरक्षण में जनपद के नौ विकासखंडों में अनुसूचित जाजि महिला के लिये 48, अनुसूचित जाति के लिए 90, पिछड़ा वर्ग महिला के लिये 46, पिछड़ा वर्ग के लिए 98, सामान्य वर्ग महिला के लिए 94 ग्राम पंचायतों के साथ ही अनारक्षित की श्रेणी में 191 ग्राम पंचायत शामिल की गयी है। इसी के साथ ग्राम पंचायतों में प्रधान पद के दावेदार भी चुनावी तैयारियों में जुट गये हैं।

### माधौगढ़ विकास खंड में ग्राम पंचायतों के आरक्षण का विवरण

ग्राम पंचायत सूपा ननुइचा, पुरनपुरा, कैलोर, जैतपुरा, रसूलपुर अनुसूचित जाति महिला, चितौरा, अमखेड़ा, सुरावली माधौगढ़, मिहोनी, राजपु जागीर, कासिमपुर, असहना, महाराजपुरा, गढ़िया अनुसूचित जाति पुरुष, हरौली, सुरपतपुरा, रुद्रपुरा माधौगढ़, सुल्तानपुरा, डिकौली माधौगढ़, पिछड़ी जाति महिला, सिलउवा बुजुर्ग, रामपुरा माधौगढ़, अहेता, बिरिया माधौगढ़, बोहरा, सिरसा दोगढ़ी, सोसा, कुरसेड़ा, अकबरपुरा, रामहेतपुरा पिछड़ा वर्ग के साथ ही ग्राम सरावन, गोहन, कुण्डऊ, धमना, कुटरा, मींगनी, गोहनी, हैदलपुरा, रूपापुर सामान्य वर्ग महिला, गोपालपुरा, मड़ोरी, मिझौना, गोरा भूपका, अटागांव, अतरेहटी, बिजदुवां, चाकी, कुरौंती, पड़कुला, सिहारी माधौगढ़, शहबाजपुर, भगा, मिर्जापुर, अतरौली, महोई, जमरेही अब्बल, ऊंचा, सर्र अनारक्षित श्रेणी में रखी गयी है।

### जालौन विकासखंड में ग्राम पंचायतों के आरक्षण का विवरण

ग्राम पंचायत छानी खास, माड़री, सहाव, गढ़गुवां, औरेखी अनुसूचित जाति महिला, खनुवां, गायर, गिधौसा, लहचूरा, कुंवरपुरा जालौन, वीरपुरा, प्रतापपुरा, कुठौंदा बुजुर्ग, सिकरी राजा, खजुरी अनुसूचित जाति, कैथ, दहगुवां, हथना बुजुर्ग, उदोतपुरा, छिरिया सलेमपुर, लौना पिछड़ा वर्ग महिला, पहाड़पुरा सदूपुरा, गधेला, नैनपुरा, काशीपुरा, ऊंद, अतरछला, शेखपुर बुजुर्ग, मोहनपुरा कुदारी पिछड़ा वर्ग, सारंगपुर, सिहारी दाउदपुर, रिनियां, सुढ़ार, धंतौली, देवरी, भिटारा, नगरी, पर्वतपुर सामान्य वर्ग महिला, ग्राम कुसमरा, सालाबाद, धनौरा कलां, उरगांव, सींगपुरा, इटहइया, हरदोई राजा, हरकौती, जगनेवा, सिहारी पड़ैया, पमा, शहजादपुरा, दमा, हीरापुर, मकरंदपुरा, रूरा मल्लू, मकलपुरा, अकोढ़ी, खर्रा, भदवां, ऐदलपुर, अलाईपुरा अनारक्षित श्रेणी में रखी गयी है।

### विकासखंड महेवा में ग्राम पंचायतों के आरक्षण का विवरण

ग्राम पंचायत सिकरी रहमानपुर, बैरई, शाहजहांपुर, रिनियां बैदेपुर, मड़इया अनुसूचित जाति महिला, नादई, बम्हौरा, दहेलखंड मुस्तकिल, कुकुहनू, सतरहजू, रायपुर, जीतामऊ मुस्तकिल, शेखपुर गुढ़ा, हीरापुर मुस्तकिल अनुसूचित जाति, मुसमरिया, नूरपुर, दमरास, अभेदेपुर, नसीरपुर, पिथऊपुर, सरसई, बीजापुर, हिम्मतपुर, धामनी पिछड़ा वर्ग, ग्राम पंचायत महेबा, चुर्खी, हथनौरा, भिटारी, अटरा खुर्द पिछड़ा वर्ग महिला, ग्राम उरकरा कलां, मैनूपुर दिवारा, बिनौरा वैद्य, सिम्हारा शेखपुर, सधारा, अटरा कलां, सिम्हारा कासिमपुर, न्यामतपुर, पाल, चरसौनी सामान्य वर्ग महिला व ग्राम मगरौल मुस्तकिल, सरसेला, बाबई, मल्थुवा, सरैनी मुस्तकिल, खड़गुई मुस्तकिल, पिपरौंधा, खांकरी, लौना, कोढ़ा किर्राही मु., निबहना, भगौरा, पड़री मुस्तकिल, बम्हौरी खुर्द, कीरतपुर, निपनिया, गुढ़ाखास मुस्तकिल, देवकली मुस्तकिल को अनारक्षित की श्रेणी में रखा गया।

### विकासखंड कुठौंद में ग्राम पंचायतों के आरक्षण का विवरण

ग्राम पंचायत गोरा राठौर, रोमई मुस्तकिल, शेखपुर अहीर, हरशंकरपुर, लहर कनार, अब्दुल्लापुर अनुसूचित जाति महिला, सिहारी चेलापुर, मदारीपुर, रंधीरपुर, लोहई दिवारा, कोटा मुस्तकिल, करहिया, खेड़ा मुस्तकिल, दौनापुर, अजीतापुर, बंधावली मुस्तकिल अनुसूचित जाति, सिलउवा जागीर, कुठौंद, बाबली, तौलकपुर, नीमगांव, दौन पिछड़ा वर्ग महिला, धरमपुरा बरेला, नैनापुर, निजामपुर, हदरुख, नबादा, पंडितपुर, पीपरी अठगइयां, करतलापुर, ऊमरी मुस्तकिल, रामपुरा जालौन, मड़ोरा, चौथ पिछड़ा वर्ग, ऐंकों, टिकरी मुस्तकिल, नाहली, गिगौरा, बिजुवापुर दिवारा, नौरेजपुर, सुरावली जालौन, हाजीपुर, हरसिंगपुर, मिहोना, बस्तेपुर सामान्य वर्ग महिला, सिरसा कलार, भदेख दिवारा, जखा, बिचौली, ईटों, कुरेपुरा कनार, जमलापुर जुन्नार, तरसौर, नकेलपुरा, पीपरी गहरवार, जहटौली, कुरौंती, कुतलूपुर, सिंगटौली, सैदपुर उबारी, आल, छानी अहीर, कैथवा, पारेन मुस्तकिल, सलेमपुर कालपी, दौलतपुर, शहजादेपुर सामान्य वर्ग के लिये आरक्षित की गयी है।

### विकासखंड कदौरा की ग्राम पंचायतों के आरक्षण का विवरण

ग्राम पंचायत दशहरी, इमिलिया बुजुर्ग, मवई अहीर, खुटमिली, रैला, उकुरुवा अनुसूचित जाति महिला, पाली, चतेला, जकसिया, परासन, इटौरा बाबनी, उदनपुर, ताहरपुर, सुरौला, तिरही, इकौना, सुनहटा अनुसूचित जाति, लुहरगांव, संधी, निस्बापुर, बागी, बड़ागांव, उकासा, अकबरपुर पिछड़ा वर्ग महिला, छौंक, इटौरा गुरू, मसगांव, नाका, बबीना, जोल्हूपुर, उसरगांव, कुरहना आलमगीर, मवई ब्राह्मण, भेड़ी खुर्द, कानाखेड़ा, पिपरायां पिछड़ा वर्ग, आटा, धमना, करमचंदपुर, भदरेखी, कुसमरा बाबनी, कठपुरवा, गढ़ा, बरखेरा, मटरा, गर्रेही, परौसा सामान्य वर्ग महिला के साथ ही ग्राम गुलौली मुस्तकिल, मरगायां, मदरा लालपुर, चमारी, सौंधी, हरचंद्रपुर, अकोढ़ी, चंदरसी, कुआखेड़ा, जमरेही, पण्डौरा, बारा, कांशीरामपुर, बसरेही, अमीसा, कहटा हमीरपुर, बरदौली, जोराखेरा, बरही, पथरेहटा, हांसा, सुरहती, रायड़ दिवारा, लमसर अनारक्षित की श्रेणी में रखी गयी है।

# जिलास्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम व एसपी ने सुनीं शिकायतें

## ● सुविधा शुल्क मांगने पर खण्ड शिक्षाधिकारी के विरूद्ध जांच शुरू



**गोंडा।** जिला स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसील सदर में हुआ जहां पर जिलाधिकारी मार्कण्डेय शाही व एसपी शैलेश कुमार पाण्डेय ने जनशिकायतें सुनीं। डीएम ने लेफ्टिनेन्ट के पद चयनित समीर सिंह के प्रार्थना पत्र जिसमें चरित्र प्रमाण पत्र हेतु सुविधाशुल्क मांगने की शिकायत पर खण्ड शिक्षा अधिकारी पण्डरीकृपाल विभा सचान के विरूद्ध जांच हेतु जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार तथा सीओ सिटी लक्ष्मीकान्त गौतम को जांच अधिकारी नामित करते हुए कर एक सप्ताह के अन्दर जांच रिपोर्ट देने के आदेश दिए हैं। पिरवरतारा रूपईडीह निवासी जगदम्बा प्रसाद तिवारी जो कि अपने पिता की मृत्यु के बाद से दिसम्बर 2019 से तहसील के चक्कर लगा रहा था की वरासत दर्ज कराकर आधे घन्टे में खतौनी स्वयं अपने हाथों से दिया।

खरगूपुर निवासी भवानीदीन की भी वरासत दर्ज कराकर डीएम व एसपी ने उसे भी अपने हाथों से खतौनी दी। ग्राम पंचायत डोमाकल्पी परसपुर निवासी अरविन्द पाण्डेय ने डीएम को प्रार्थनापत्र देकर बताया कि उसकी गांव पंचायत में बहराइच जिले के कुछ निवासियों का नाम मतदाता सूची मे जोड़ दिया गया है। डीएम ने एसडीएम करनैलगंज को जांच कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि लेवल प्रथम स्तर पर आईजीआरएस, आनलाइन व हेल्पलाइन के माध्यम से प्राप्त लम्बित शिकायतों को जिम्मेदार अधिकारी चौबीस घन्टे के अन्दर निस्तारित कर दें।

## सभासद ने लगाया अभद्रता करने का आरोप

**करनैलगंज ( गोंडा )।** नगर पालिका परिषद के एक सभासद ने नपा कर्मी पर उसे ईओ कार्यालय में बन्द करने व अभद्रता करने का आरोप लगाया है। शिकायत सभासद द्वारा एसडीएम से की गयी है। नपाप करनैलगंज के मोहल्ला बालूगंज के सभासद शिव शंकर भट्ट उर्फ शिवा द्वारा एसडीएम शत्रुघ्न पाठक को दिये गये शिकायती पत्र में कहा गया है कि वह अपने साथी सभासद के साथ ईओ से मिलने गये थे। नपाप में तैनात एक कर्मचारी ने अनुशासनहीनता और अभद्रता की सीमा पार करते हुए दोनों सभासदों को कमरे में बंद कर बाहर से दरवाजा बंद कर लिया। आवाज देने पर भी कर्मचारी ने दरवाजा नहीं खोला। शिवा भट्ट द्वारा दूरसंचार के माध्यम से अन्य कर्मचारी को सूचना दी गयी। ईओ के कार्यालय का दरवाजा खुला। सभासद ने नपाप करनैलगंज के जिम्मेदारों पर निर्वाचित सभासद तथा मनोनीत सभासदों के साथ अनदेखी का आरोप लगाते हुए पूरे मामले की शिकायत एसडीएम से की है।

## परिवार समेत जान से मारने की धमकी

**रायबरेली।** कर्मचारी शिक्षक संयुक्त मोर्चा के जिला अध्यक्ष एवं विश्व मानव अधिकार परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष राम अकबाल सिंह को शिक्षकों की फर्जी नियुक्ति और सरकारी धन के गबन के मामले की शिकायत करना भारी पड़ गया है मामले की जांच चल रही है अभी तक कोई कार्यवाही तो हुई नहीं है लेकिन शिकायत वापस न लेने पर कर्मचारी नेता को परिवार समेत जान से मारने की धमकी मिल रही है कर्मचारी नेता ने दोषियों पर कार्रवाई ना होने पर अनशन पर बैठने की चेतावनी दी है उधर एसपी श्लोक कुमार का कहना है कि अभी शिकायत नहीं मिला है पत्र मिलने पर जांच करा कर कार्यवाही कराई जाएगी। कर्मचारी नेता राम इकबाल सिंह ने राष्ट्रपति मुख्य न्यायाधीश प्रधानमंत्री राज्यपाल मुख्यमंत्री प्रमुख सचिव पुलिस महानिदेशक डीएम और एसपी को गत दिवस भेजी चिट्ठी में बताया कि पिछले 3 साल में लखनऊ मंडल के शिक्षा विभाग के एक जेडी उत्तर प्रदेश शासन के एक संयुक्त सचिव डीआईओएस समेत कई अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ शिक्षकों की फर्जी नियुक्ति और सरकारी धन का बंदरबांट को लेकर शिकायतें की जिसकी जांच मुख्यमंत्री कार्यालय समेत अन्य विभागीय अधिकारियों के स्तर पर चल रही हैं इन शिकायतों को वापस लेने के लिए आरोपी लगातार दबाव बना रहे हैं उन्होंने बताया है कि शिकायतें वापस न लेने पर परिवार समेत इनकी हत्या कर दिए जाने की धमकी दी जा रही है या धमकी कई बार मिल चुकी है लेकिन अभी तक आरोपियों के खिलाफ कोई कार्यवाही ना होने से उनके हौसले बुलंद हैं मामले में उच्च अधिकारी स्तर पर शिकायत के बाद जिले के दो तत्कालीन सीईओ शेषमणि उपाध्याय गोपीनाथ सोनी ने बिना जांच किए मामले की सूची आख्या शासन को भेज दी कर्मचारी नेता ने राष्ट्रपति समेत अन्य लोगों से परिवार की सुरक्षा के साथ आरोपियों और साजिश करने वालों के खिलाफ एफ आई आर दर्ज कर प्रभावी कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

## क्विक न्यूज

### अज्ञात वाहन की चपेट में आकर युवक की मौत

**बछरावां रायबरेली।** बीती रात स्थानीय थाना अंतर्गत बछरावां हैदरगढ़ मार्ग पर अज्ञात वाहन की चपेट में आकर एक युवक की मौत हो गई घटनाक्रम के अनुसार असहन जगतपुर निवासी प्रशांत अवस्थी पुत्र उदित अवस्थी उम्र 28 बछरावां से अपना कार्य समाप्त कर घर की ओर जा रहा था जैसे ही वह बड़ी नहर के पास पहुंचा कि अचानक किसी अज्ञात वाहन द्वारा टक्कर मार दी गई जिसके चलते घटनास्थल पर ही मौत हो गई, स्थानीय पुलिस द्वारा उसे स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां पर डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। थाना अध्यक्ष राकेश सिंह ने बताया की तहरीर प्राप्त हुई है फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### अज्ञात वाहन की चपेट में आकर युवक की मौत

**बछरावां रायबरेली।** बीती रात स्थानीय थाना अंतर्गत बछरावां हैदरगढ़ मार्ग पर अज्ञात वाहन की चपेट में आकर एक युवक की मौत हो गई घटनाक्रम के अनुसार असहन जगतपुर निवासी प्रशांत अवस्थी पुत्र उदित अवस्थी उम्र 28 बछरावां से अपना कार्य समाप्त कर घर की ओर जा रहा था जैसे ही वह बड़ी नहर के पास पहुंचा कि अचानक किसी अज्ञात वाहन द्वारा टक्कर मार दी गई जिसके चलते घटनास्थल पर ही मौत हो गई, ग्रामीणों द्वारा प्राप्त सूचना के आधार पर स्थानीय पुलिस द्वारा उसे स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां पर डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। थाना अध्यक्ष ने बताया की तहरीर प्राप्त हुई है फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और दुर्घटना करने वाले वाहन की खोज की जा रही है, प्रशांत की मौत से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो रहा है।

### अवैध रूप से खनन कर रही जेसीबी सीज

**ऊँचाहार,रायबरेली।** क्षेत्र के अरखा स्थित गैर आबादी क्षेत्र में बालू का अवैध रूप से खनन कर रही जेसीबी को पुलिस ने सीज कर दिया है। दरअसल अरखा गांव के निकट गैर आबादी क्षेत्र में मंगलवार को जेसीबी से बालू का खनन करके उसे भट्टे में बेचने का कार्य किया जा रहा था। राजस्व विभाग की टीम व पुलिस को देखकर बालू लादकर जा रहे ट्रैक्टर ट्राली मौके से फरार हो गए अवैध खनन में लिप्त जेसीबी को पुलिस ने बरामद किया है। बरामद पीले जेसीबी को लेखपाल की आख्या के अनुसार सीज भी कर दिया गया है। कोतवाल विनोद सिंह ने बताया कि अवैध खनन में लिप्त जेसीबी को सीज करके विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### डीएम व एसपी ने जिला जेल का किया निरीक्षण

**गोंडा।** मंगलवार को डीएम मार्कंडेय शाही व पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडे ने जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया। डीएम ने प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी बैरकों में सघन तलाशी अभियान चलाएं और एक-एक बैरक की तलाशी लें। डीएम ने कैदियों से बात भी की तथा उन्हें जेल में दी जा रही सुविधाओं एवं उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी ली। डीएम ने स्वयं विभिन्न बैरकों, अस्पताल, भोजनालय, भंडार कक्ष, पुस्तकालय आदि का निरीक्षण किया। औचक निरीक्षण में जेल अधीक्षक शशिकांत सिंह, सीओ सिटी लक्ष्मीकांत गौतम, ओएसडी शिवराज शुक्ल, पीआरओ रमाकांत सिंह सहित अन्य अधिकारी शामिल रहे।

### संचारी रोग नियंत्रण की निकाली जागरूकता रैली

**करनैलगंज (गोंडा)।** नगर के कन्हैया लाल इंटर कालेज के छात्र-छात्राओं ने संचारी रोग नियंत्रण जागरूकता रैली निकाली। जिसे बाजार के मुख्य मार्गों से होते हुए घुमाया गया। विकास खंड करनैलगंज के लगभग सभी परिषदीय स्कूलों में संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत जनजागरूकता रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। नगर के कन्हैया लाल इंटर कालेज में मंगलवार को प्रधानाचार्य डीपी मौर्य व मेजर राजाराम के नेतृत्व में कालेज के छात्र-छात्राओं व अध्यापकों ने रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया। रैली स्टेशन रोड होते हुए कालेज पहुँची। रैली में एनसीसी के कैडेट हाथ मे तख्ती लिए हुए बिभिन्न स्लोगन के साथ नारे लगा रहे थे। कोई बुखार, सरकारी अस्पताल में कराओ उपचार, स्वच्छता अपनाओ बीमारी दूर भगाओ। कालेज के प्रधानाचार्य दुर्गा प्रसाद मौर्य ने बताया कि लोगों को जागरूक करने के लिए यह रैली निकाली गई है। बच्चों के पढ़ाई के साथ समय-समय पर ऐसे कार्यक्रम आयोजित करते रहते हैं।

### सड़क दुर्घटना में बाइक सवार 2 लोग घायल

**श्रावस्ती।** इकौना बाईपास स्थित पेट्रोल पंप चौराहे पर बोलेरो वाहन की ठोकर से बाइक सवार दो लोग घायल हो गये। सीएचसी पहुंचाया जहां चिकित्सक ने दोनो घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद बहराइच रेफर कर दिया। बहराइच थाना विशेश्वरगंज ग्राम मझवा बनकट निवासी 70 वर्सिये नईमउल्ला पुत्र एनिउल्ला व थाना इकौना ग्राम बिशुनापुर निवासी बुद्धू खान पुत्र छोटकऊ के साथ बाइक से पेट्रोल पम्प चौराहे पर पहुंचे ही थे तभी बहराइच की ओर से आ रही एक बोलोरो वाहन ने बाइक में ठोकर मार दिया दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए आसपास के लोगों ने घायलों को सीएचसी इकौना पहुंचाया। चिकित्सक ने दोनों घायलों को बहराइच रेफर कर दिया।

### महिला ने लगाया दुष्कर्म का आरोप

**श्रावस्ती।** सिरसिया थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बेलास निवासी एक महिला के साथ मंगलवार को उसके जेठ ने दुष्कर्म का प्रयास किया।महिला के शोर मचाने पर महिला के पति व अन्य लोगो के आ जाने से आरोपी मौके से भाग खड़ा हुआ। महिला ने सिरसिया थाने व महिला थाने में आरोपी जेठ के विरुद्ध नामजद तहरीर दी है। मामले की जांच पड़ताल कर रही है थाना क्षेत्र के बेलास गाँव निवासी महिला का आरोप है कि मंगलवार की सुबह लगभग 10 बजे वह अपने घर मे अकेली मौजूद थी।उनके पति घर के बाहर गए हुए थे। उनके जेठ उनके कमरे में घुस आए और मुझे कमरे में पटककर मेरे साथ दुष्कर्म का प्रयास करने लगे। इस पर महिला ने शोर मचाया तो आरोपी धमकी देते हुए मौके से भाग खड़ा हुआ। आरोपी जेठ जिले के वन विभाग में वन दारोगा के पद पर तैनात हैं। महिला ने नामजद तहरीर देकर आरोपी के विरुद्ध कार्यवाई की मांग की है।

### जनपद में धारा 144 निषेधाज्ञा लागू

**रायबरेली।** 3 मार्च तक होने वाली एनसीवीटी प्राविधिक कला एवं प्रयोगात्मक परीक्षा, महा शिवरात्रि, 11 मार्च को, होलिका दहन 28 व 29 मार्च, वार्षिक लेखाबन्दी 1 अप्रैल, गुड फ्राइडे 2 अप्रैल, इस्टर सेटरडे 3 अप्रैल, महर्षि कश्यप एवं महराजा निषाद राज गुह्य जयन्ती 05 अप्रैल, चेटी चन्द्र 13 अप्रैल, डा. भीमराव अम्बेडकर का जन्म दिवस 14 अप्रैल, लोक नायक महाराणा प्रताप जयन्ती 17 अप्रैल, राम नवमी 21 अप्रैल, महाबीर जयन्ती 25 अप्रैल एवं जनपद में आयोजित होने वाली विभिन्न प्रकार की होने वाली अन्य परीक्षाओं को देखने के साथ-साथ कोविड-19 कोरोना वायरस के रोकथाम हेतु ऐसी दशा में उक्त आशंकाओं के निवारण के लिए जनपद में शान्ति व्यवस्था बनाये रखने हेतु दप्रसं की धारा-144 के अन्तर्गत निषेधाज्ञा लागू कर दिया गया है।

### तीन दिवसीय शिविर का आयोजन

**बछरावां रायबरेली।** स्थानीय विकास खंड परिसर स्थित कृषि बीज भंडार इकाई द्वारा किसान सम्मान निधि में छूटे हुए पात्र व्यक्तियों को लाभ दिलाने के उद्देश्य से तीन दिवसीय शिविर आयोजन किया गया केंद्र प्रभारी वीरेंद्र सिंह ने बताया कि मौजूदा समय में काफी पात्र व्यक्ति सरकार की किसान सम्मान निधि का लाभ नहीं पा रहे, और वह आए दिन विकासखंड से लेकर लेखपाल तक दौड़ रहे हैं कुछ अपात्र भी इसका लाभ पा रहे हैं इस कैंप के माध्यम से जिन पात्र किसानों को लाभ नहीं मिल रहा है उनके अभिलेख पूरे कर लाभ दिलाने का प्रयास किया जा रहा है।

## गोशाला आश्रय स्थल बौढ़िया बालमऊ का सम्पर्क मार्ग सही करायें बीडीओः डीएम

**सुलतानपुर।** डीएम रवीश गुप्ता द्वारा अस्थायी गोवंश आश्रय स्थल बौढ़िया बालमऊ, विकास खण्ड करौंदीकला, सुलतानपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय मुख्य विकास अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी, पशुधन प्रसार अधिकारी व संचालक सचिव उपस्थित रहे। निरीक्षण के समय कुल 188 गोवंश सरंक्षित पाये गये, जिसमें 115 नर एवं 73 मादा है। पशुधन प्रसार अधिकारी द्वारा बताया गया कि सरंक्षित समस्त गोवंश का टीकाकरण, टैगिंग कर दिया गया है। सभी गोवंश स्वस्थ्य पाये गये। साफ-सफाई एवं खान-पान की व्यवस्था संतोषजनक पायी गयी। डीएम ने निर्देशित किया कि सरंक्षित गोवंश के गोबर को वर्मी कम्पोस्ट बनाकर जैविक खाद तैयार कराकर गोशाला को स्वावलम्बी बनाया जाय। पशुचिकित्सा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि दैनिक सत्यापनध् निरीक्षण कर आवश्यक सुविधा उपलब्ध जाय।

## गाली गलौज करते हुए दरोगा का ऑडियो वायरल

**संवाददाता।** महराजगंज, रायबरेली

**महराजगंज कोतवाली** में तैनात हमेशा विवादों में घिरे रहने वाले दरोगा विकाश चौधरी का एक और कारनामा सामने आया है, अपने रिश्तेदार के साथ कोतवाली महराजगंज आए एक युवक को उसकी मुंडी काटकर थाने में नचाने जैसी धमकी लगभग 1 महीने पहले दी गई थी और गाली गलौज करते हुए सोशल मीडिया पर अब ऑडियो वायरल हो रहा है ऑडियो लगभग 1 महीने पुराना बताया जा रहा है।

आपको बता दें कि अमेठी जिले के मोहनगंज थाना क्षेत्र के भदसाना गांव निवासी राजेश कुमार ने बताया की वो एक हिंदी दैनिक समाचार पत्र में कार्यरत है लगभग 1 महीने पहले उनके एक रिश्तेदार का मामला था जिस के संबंध में कोतवाली महराजगंज गया हुआ था वहां तैनात दरोगा विकास चौधरी द्वारा उनके साथ जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली गलौज की गई और मुंडी काटकर थाने में नचाने की धमकी भी दी गई है, जिसके संबंध में उन्होंने पुलिस अधीक्षक व अन्य उच्च अधिकारियों को शिकायती पत्र देकर अवगत करा दिया है।

वहीं संबंधित मामले का ऑडियो क्लिप अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, विदित हो कि महराजगंज कोतवाली में तैनात दरोगा विकास चौधरी अपनी विवादित कार्यशैली से हमेशा विवादों में घिरे रहते हैं अवैध शराब अवैध खनन प्रतिबंधित लकड़ी कटान जैसे मामले संबंधित दरोगा के संरक्षण में होने के गंभीर आरोप आए दिन लगते रहते हैं, मामले में क्षेत्राधिकारी महराजगंज ने बताया कि संबंधित वायरल ऑडियो क्लिप की जानकारी अभी उनके संज्ञान में नहीं है यदि ऐसा है तो जांच कराई जाएगी।

## सेवा प्रदाताओं के माध्यम से होने वाली भर्ती प्रक्रिया पर उठने लगे सवाल

**संवाददाता।** रायबरेली

**ऑनलाइन** का नाम सुनते ही पारदर्शिता की भावना जागृत हो जाती है। लेकिन यह अधूरा सच है भले ही आज मैनुअल कार्यप्रणाली इंटरनेट के जरिए होने लगी है लेकिन सेंध इसमें भी लगना शुरू हो गई है। रायबरेली में बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग में जनपद ब्लॉक हेल्प डेस्क के 40 पदों पर भर्ती सेवाप्रदाता के जरिए होनी है। सेवा प्रदाता की सांठगांठ युवाओं पर भारी पड़ रही है आवेदन करने से बेरोजगार वंचित हो रहे हैं। इन पदों के लिए 4 से 5 दिन का समय निर्धारित किया गया है वहीं विभाग का संबंधित पोर्टल मुश्किल से 20 मिनट में ही लॉक हो जाता है इसके कारण कई बेरोजगार आवेदन करने से वंचित हो जा रहे हैं। और रजिस्ट्रेशन के बाद खुला खेल फर्रुखाबादी ना हो उस पर कुछ कहा नहीं जा सकता!क्योंकि मीडिया




रिपोर्ट तो यह भी कहती हैं सेवा प्रदाताओं के द्वारा जो खेल खेला जाता है वह समय-समय पर मीडिया रिपोर्ट में देखा गया है। रायबरेली में शासन के निर्देश पर जनपद स्तर पर डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर, डिस्टिक प्रोजेक्ट एसोसिएट, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर और ब्लॉक प्रोजेक्ट एसोसिएट का चयन होना है। जेम पोर्टल के माध्यम से प्रशासन ने सेवा प्रदाता का चयन भी कर लिया है। इसमें जिले स्तर पर दो, जबकि ब्लॉक स्तर पर 38 हैं। इसमें उन्हीं को आवेदन करने का मौका मिलेगा जिनका पंजीकरण सेवायोजन कार्यालय में है। इसका मतलब यह है कि सेवायोजन पोर्टल पर ही ऑनलाइन आवेदन मांगा जा रहा है विभाग की ओर से प्रत्येक पद के लिए 3 से 4 दिन का समय दिया जा रहा है वही पोर्टल मुश्किल से 20 मिनट ही चल पा रहा है ऐसे में काफी संख्या में बेरोजगार वंचित हो रहे हैं एक पद पर महज तीन आवेदन ही स्वीकार हो रहे हैं। विभागीय कर्मियों की माने तो या शासन स्तर से ही है यहां पर पंजीकरण कराने वाले युवाओं को मैसेज के माध्यम से सूचना दी जा रही है। शरद कुमार त्रिपाठी जिला कार्यक्रम अधिकारी रायबरेली ने दिए बयान में बताया निर्धारित आवेदन आने के बाद पोर्टल ऑटोमेटिक बंद हो जाता है पूरी प्रक्रिया पारदर्शी है इसके तहत एक पद के लिए अधिकतम 5 आवेदन जबकि 2 से अधिक पद के लिए 3 गुना आवेदन ही स्वीकार किया जा रहा है।

## अराजकतत्वों के विरुद्ध होगी गुंडा एक्ट की कार्यवाहीः आयुक्त

### ● आयुक्त, आईजी ने लिया समाधान दिवस का जायजा




**गोंडा।** देवीपाटन मंडल के आयुक्त एसवीएस रंगाराव व पुलिस महानिरीक्षक डॉ. राकेश सिंह ने जनपद बलरामपुर के तहसील सदर में आकस्मिक पहुंचकर समाधान दिवस का जायजा लेते हुए उपस्थित लोगों की जन समस्याएं सुनकर उसको त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। जनसमस्याएं सुनने के पश्चात दोनों अधिकारियों ने उपस्थित सभी थानाध्यक्षों एवं खंड विकास अधिकारियों से उनके क्षेत्र की शांति व्यवस्था व विकास कार्यों की प्रगति की जानकारी भी ली। उन्होंने काउंटर पर प्राप्त हो रही शिकायतों से संबंधित अंकन रजिस्टर का विवरण भी चेक किया। तहसील समाधान दिवस में आबादी कब्जा, भूमि पर जबरन कब्जा तथा वरासत आदि से संबंधित अधिकतर मामले सामने आए, जिस पर आयुक्त ने संबंधित तहसीलदार व थानाध्यक्षों को निर्देशित किया कि वे स्वयं नियमानुसार कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। ऐसे लोग जिनके द्वारा आमजन को किसी न किसी प्रकार से परेशान किया जा रहा है तथा उनके जमीन पर जबरन कब्जा की कार्रवाई की जा रही है और थाना व तहसील समाधान दिवसों में शिकायतों के बावजूद भी वे अपने आदत से बाज नहीं आ रहे, उनके विरुद्ध गुंडा एक्ट के अंतर्गत कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। आयुक्त एवं पुलिस महानिरीक्षक ने तहसील के थानाध्यक्षों व खंड विकास अधिकारियों के साथ त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के दृष्टिगत शांति व्यवस्था की जानकारी प्राप्त की तथा संवेदनशील तथा अतिसंवेदनशील मतदान केंद्रों के चयन, 107/116 के अंतर्गत पाबंद की कार्रवाई, शस्त्र जमा कराए जाने तथा अन्य निरोधात्मक कार्रवाई के संबंध में गहनता से पूछताछ की तथा निर्देशित किया कि गुंडों के विरुद्ध जिला बदर की कार्रवाई शत-प्रतिशत सुनिश्चित की जाए। आयुक्त ने खंड विकास अधिकारियों से प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत स्वीकृत आवेदन पत्रों के सापेक्ष शत-प्रतिशत वितरण की कार्यवाही एक सप्ताह के भीतर पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी दशा में किसी भी सामुदायिक शौचालय व पंचायत भवन का कार्य अनारंभ न रहे। उन्होंने पाइपलाइन से जलापूर्ति होने में जिन स्थानों पर ऊर्जीकरण में व्यवधान है उसका निराकरण कराने हेतु उप जिला अधिकारी व तहसीलदार को निर्देशित किया।

## फीस एवं सीट लाक हेतु खोला जायेगा पोर्टलः आरबी सिंह

**सुलतानपुर।** जिलाधिकारी रवीश गुप्ता द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में जिला समाज कल्याण अधिकारी आर0बी0 सिंह ने दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजनान्तर्गत सम्बन्धित शिक्षण संस्थाओं को प्रधानाध्याकों/प्रधानाचार्यों/प्राचार्यों/छात्र कल्याण अधिष्ठाताओं को सूचित किया है कि 05 मार्च से 10 मार्च, 2021 तक सम्बन्धित विश्वविद्यालय द्वारा शिक्षण संस्था के पाठ्यक्रम, पाठ्यक्रम का प्रकार, फीस एवं सीट लाक किये जाने हेतु पोर्टल खोला जायेगा। जिन शिक्षण संस्थाओं की पाठ्यक्रम, पाठ्यक्रम का प्रकार, फीस एवं सीट अफिलिएटिंग एजेन्सी द्वारा लाक नही है, वह संबंधित विश्वविद्याल अफिलिएटिंग एजेन्सी से सम्पर्क कर लाक करायें, अन्यथा उन संस्थाओं के छात्र/छात्राओं को छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति देय नहीं होगी। जिन छात्रध्छात्राओं द्वारा अपना छात्रवृत्ति आवेदन आनलाइन पूर्ण किया गया है।

## 11 महीने बाद स्कूलों में दिखाई पड़ी रौनक

**बछरावां रायबरेली।** कोरोना महामारी के चलते लॉकडाउन तथा कोविड-19 से बच्चों को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से सरकार द्वारा बंद किए गए प्राइमरी व जूनियर स्कूलों में फिर से रौनक दिखाई पड़ने लगी सरकार द्वारा 1 मार्च से कुछ नियम व शर्तों का पालन करते हुए स्कूलों को खोलने के निर्देश दिए गए थे उसी क्रम में शिक्षकों द्वारा छात्रों को बुलाया गया स्कूल पहुंचने वाले छात्रों को मास्क वितरित किए गए तथा उनके हाथों को सैनिटाइज कराया गया इतना ही नहीं विद्यालय आने वाले छात्रों को अध्यापकों के द्वारा रोली व चंदन लगाया गया एवं मिठाई खिलाई गई, गोझवा मना खेड़ा के प्रधानाध्यापक लोकप्रिय आशुतोष शुक्ला ने बताया कि कोविड-19 के नियमों का पालन करते हुए शिक्षण कार्य प्रारंभ किया गया है वही शेखपुर समोधा विद्यालय में अध्यापकों द्वारा बच्चों को एक निश्चित दूरी के अनुसार बिठाया गया, तथा विद्यालय के प्रधानाध्यापक लोकतंत्र शुक्ला ने बताया कि विगत कि 11 महीनों के बाद बुलाए गए छात्रों को सर्वप्रथम कोविड-19 के नियमों की जानकारी दी गई और उन्हें 2 गज दूरी का अनुपालन करने के लिए प्रेरित किया गया उन्होंने बताया कि फिलहाल अभी छात्रों की संख्या कब आ रही है धीरे धीरे अभिभावकों से मिलकर छात्रों को विद्यालय लाने का प्रयास किया जाएगा। ज्ञात हो कि इस बार पूरा सत्र इस महामारी की चपेट में आ गया था नया सत्र शुरू होने में मात्र चंद दिन बाकी रहे ऐसे में अध्यापक छात्रों से किस प्रकार इम्तिहान लेंगे और अगली कक्षा में जाने का उन्हें अवसर मिल पाएगा ,प्राइवेट विद्यालयों में अभिभावकों द्वारा बच्चों को भेजने से किनारा किया जा रहा है उनका कहना है अगर वह अपने बच्चों को इन प्राइवेट विद्यालयों में भेज भी दे तो प्रबंधन द्वारा पूरे वर्ष की फीस ली जाएगी जो इस बढ़ती हुई महंगाई में बर्दाश्त कर पाना उनके लिए संभव नहीं है अभिभावकों का यह भी कहना है कि सरकार द्वारा प्राइवेट विद्यालयों को निर्देशित किया जाए कि वह बंद अवधि का पैसा न लेकर 1 मार्च से शिक्षण कार्य आरंभ कर रहे हैं इसी अवधि का शुल्क वसूल करें ,इसके विपरीत प्राइवेट विद्यालय के द्वारा दलील दी जा रही है कि अगर वह पूरी फीस नहीं लेंगे तो उनका विद्यालय कैसे चलेगा ,वैसे कुछ विद्यालय प्रबंधकों द्वारा फीस माफी का ऐलान भी किया जा रहा है।

## आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने सौंपा ज्ञापन

**करनैलगंज ( गोंडा )।** स्कीम वर्कर समन्वय समिति देवीपाटन मंडल की अगुवाई में आंगनबाड़ी कार्यकत्री व आशा, संगिनी महिलाओं ने डीएम को संबोधित एक सात सूत्री ज्ञापन खंड विकास अधिकारी को सौंपा। जिसमें प्रदेशभर की महिला कर्मियों की अलग-अलग मांगों के आधार एवं उनकी समस्याओं को लेकर यह ज्ञापन सौंपा गया। प्रदेश के सभी जिलों में कार्यरत आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, सहायिका, आशा, संगिनी, रसोईया आदि को राज्य कर्मचारी का दर्जा दिए जाने, प्रदेश सरकार द्वारा आईसीडीएस राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एवं प्री प्राइमरी को प्रोत्साहन करने के लिए कोई बजट नहीं दिया गया और बजट बढ़ाने की मांग, बाल विकास परियोजना द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों पर आर्थिक एवं सामाजिक स्थिति से कमजोर कार्यकर्ताओं के केंद्र पर बच्चों लाभार्थियों के बैठने के लिए कुर्सी, मेज नहीं दिया गया। सभी केंद्रों पर इसकी आपूर्ति कराई जाए। आंगनबाड़ी केंद्रों पर बिजली एवं शौचालय की स्थिति बेहद दयनीय है तथा पेयजल के लिए हैंडपंप खराब चल रहे हैं उन्हें सही कराया जाए। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में कार्यरत आशा, आशा संगिनी की स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए विभागीय कर्मचारियों की मिलीभगत से मनचाहा कार्य प्रपत्र भरकर धन लेकर भुगतान में अनियमितता बरती जा रही है। अस्पताल में डिलीवरी कराने के समय चाय, नाश्ता, दूध, अंडा आदि दिए जाने का प्रावधान है परंतु ऐसा नहीं हो रहा है। जिसकी जांच कराई जाए। गोंडा जिले में कार्यरत मिड डे मील कर्मचारी रसोईया कोरोना काल में भी प्रवासी मजदूरों की सेवा में लगी थी। बच्चों के स्कूल बंद होने से इनका कार्य प्रभावित हुआ। उनके भरण-पोषण के लिए बाधित मानदेय न्यूनतम वेतनमान के रूप में जारी किया जाए। राष्ट्रीय आजीविका मिशन से स्वयं सहायता समूह से जुड़ कर हजारों महिलाओं को रोजगार देने का दावा किया जा रहा है जो पूरी तरह गलत है। महिला स्वयं सहायता समूह से दाल वितरण लिया और दाल समूह की महिलाओं को दिया गया जो गुणवत्ता विहीन थी।

## कृषि उद्यमिता से आत्म निर्भर भारत की संकल्पना संभव

**सुलतानपुर।** के. एन. आई. पी. एस. एस. के कृषि संकाय में''आत्मनिर्भर भारत में कृषि क्षेत्र की भूमिका ''विषय पर शैक्षणिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संकाय से स्नातक उपहार कुमार, आनंद कुमार वर्मा, अंशुमान सिंह व उद्यान विभाग परास्नातक के छात्र चक्रपाणि पाण्डेय ने प्रतिभाग किया। संचालन कर रहे शस्य विज्ञान विभाग के डॉ. अभिनव कुमार सिंह ने कहा कि आपदा को अवसर में बदलने के लिए माननीय प्रधानमंत्री द्वारा आत्मनिर्भर भारत अभियान की संकल्पना नि:संदेह बहुत ही महत्वाकांक्षी है। यह अभियान महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा और आधुनिक भारत की पहचान बनेगा। हमारी निर्भरता जब दूसरों पर कम होगी तो स्वदेशी उत्पादों को स्वाभाविक ही बढ़ावा मिलेगा और जब देश का पैसा देश मे ही रहेगा तो आर्थिक उन्नति भी होगी। सभी क्षेत्रों में विकास और आत्मनिर्भरता आवश्यक है।

## जन शिकायतों का निस्तारण समय से करें संबंधित अधिकारी

**सुलतानपुर।** जिलाधिकारी रवीश गुप्ता की अध्यक्षता में मार्च माह के प्रथम मंगलवार को तहसील कादीपुर में आयोजित जिला स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस पर कोविड-19 के प्रोटोकाल के अनुरूप टोकेन सिस्टम का प्रयोग कर एक-एक फरियादियों की समस्याओं/शिकायतों को गम्भीरता पूर्वक सुनकर उसका निस्तारण मौके पर उपस्थित सम्बन्धित अधिकारियों से किये जाने का निर्देश दिया गया। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में आने वाली जन शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के साथ समयबद्ध ढंग व गुणवत्तापूर्ण करते हुए तत्सम्बन्धी रिपोर्ट एसडीएम को भिजवाना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी द्वारा भूमि विवाद, चकबन्दी, पुलिस आदि के प्रकरण पर सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि मौके पर निरीक्षण कर विवाद का निपटारा कराना सुनिश्चित करें। अन्य सम्बन्धित विभागों के अधिकारी अपने-अपने विभाग के प्रार्थना पत्र का निस्तारण समयबद्ध ढंग से करना सुनिश्चत करें। जिला स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस कादीपुर में डीएम के समक्ष कुल 290 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें सर्वाधिक राजस्व 135, पुलिस 33, विकास 29, चकबन्दी 05, पूर्ति 05, विद्युत 09 तथा अन्य विभागों के 74 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें डीएम द्वारा मौके पर 07 प्रार्थना पत्रों का संबंधित अधिकारियों से निस्तारण कराया गया। शेष प्रार्थना पत्रों/शिकायतों को निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को प्रेषण करने का निर्देश डीएम द्वारा एसडीएम कादीपुर को दिया गया। इसी प्रकार अन्य चारों तहसीलों में भी सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जन शिकायतों/समस्याओं को उपस्थित सम्बन्धित उप जिलाधिकारी द्वारा सुनकर उसका निस्तारण किये जाने का निर्देश सम्बन्धित तहसील स्तरीय अधिकारियों को दिये गये।

## शिकायतों के फर्जी निस्तारण पर संबंधित अधिकारी पर होगी कार्यवाहीः डीएम

**श्रावस्ती।** तहसील दिवस में आये हर फरियादियों की समस्याओं को गम्भीरता से सुना जाये और समय सीमा के अन्तर्गत उनका निराकरण भी सुनिश्चित किया जाए। शिकायतों के निस्तारण के गुणवत्ता की जॉच की जायेगी। यदि निस्तारण में फर्जी बाड़ा मिला तो निश्चित ही निस्तारण करने वाले अधिकारी/कर्मचारियों के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी। उक्त विचार तहसील जमुनहा में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस/तहसील दिवस में फरियादियों की समस्याओं को सुनकर उनका निस्तारण करने के दौरान जिलाधिकारी टीके शिबु ने कही। समाधान दिवस/तहसील दिवस में एवं जनता दर्शन में आयी आईजीआरएस शिकायतों को गम्भीरता से संबंधित विभागीय अधिकारी समय सीमा के अर्न्तगत उनका निस्तारण गुणवत्ता पूर्ण ढंग से किया जाय। सम्पूर्ण समाधान दिवस/तहसील दिवस जमुनहा में चल रहे सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान विकास खण्ड जमुनहा के अंतर्गत ग्राम नानकार निवासी बराती खां पुत्र चुन्नु खां ने प्रार्थना पत्र देकर डीएम महोदय को अवगत कराया कि उनके घर के पास लगा इण्डिया मार्का हैंडपंप बालू दे रहा हैएपेयजल की बहुत दिक्कत है, वही नसीर पुरवा निवासी रामराज पुत्र भरोसे ने प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया कि हमारे खेत मे नि:शुल्क बोरिंग लघु सिंचाई विभाग से हुई हैएट्रायल के दौरान ही उसका पाइप फट गया हैएइन दोनों प्रकरणों में डीएम ने खण्ड विकास अधिकारी को कार्यवायी का निर्देश दिया है।वही अपने कार्यो के प्रति उदासीनता/लापरवाही बरतने पर राजस्व निरीक्षक हरदत्त नगर गिरन्ट राम किशुन को विशेष प्रतिकूल प्रविष्ट दी गयी हैए सम्बन्धित प्रकरण में ज्ञातव्य हो कि भवनिया पुर निवासी त्रिलोकी पुत्र रामजस का उपजिलाधिकारी न्यायालय पर धारा.38 के अंतर्गत वाद योजित है, जिसकी रिपोर्ट राजस्व निरीक्षक को लगाना थाएराजस्व निरीक्षक ने रिपोर्ट लगाकर मूल पत्रावली वादी को ही दे दी जब कि राजस्व निरीक्षक को उपजिलाधिकारी न्यायालय पर पत्रावली देनी चाहिए थी। इस प्रकार इनके द्वारा लापरवाही बरतने पर कार्यवायी की गई है। सम्पूर्ण समाधान दिवस/तहसील दिवस में पुलिस अधीक्षक अरविन्द कुमार मौर्य ने अपने विभाग से सम्बन्धित फरियादियों की समस्याओं गम्भीरता से सुनकर उनके निराकरण हेतु थानाध्यक्षों को निर्देश दिया। जनशिकायतों को गम्भीरता से सुने तथा उनका गुणवत्ता पूर्ण ढंग से निस्तारण भी सुनिश्चित करें। संपूर्ण समाधान दिवस/तहसील दिवस जमुनहा में कुल 67 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये जिसमें से मौके पर ही 05 शिकायतों का निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों के समय सीमा के अन्तर्गत निस्तारण हेतु सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को उपलब्ध कराया गया। इकौना में 19 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से मौके पर ही 02 शिकायतों का निस्तारण किया गया।

# पंचायत चुनाव को लेकर सभी एकजुट हों: चौबे

## भाजपा जिला कार्यसमिति की बैठक सम्पन्न

**संवाददाता।** सोनभद्र



**भारतीय** जनता पार्टी सोनभद्र के जिला कार्यसमिति की बैठक चोपन मण्डल के ग्रामवासी सेवा आश्रम चोपन मे सम्पन्न हुई। बैठक को संम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष अजीत चौबे ने कहा कि पहली जिला कार्यसमिति की बैठक में जो राजनीतिक प्रस्ताव पास हुआ था उसके अनुरूप हम सभी कार्यकर्ताओं ने कार्य किया।

कोरोना काल में सभी मण्डल में कार्यकर्ताओं ने मिलकर राशन मास्क सेनेटाइजर और भोजन पैकेट बांटने का वृहद कार्यक्रम किया गया। जनपद में सभी जनसंघ काल के कार्यकर्ताओं की स्मृति में बेहद वृक्षारोपण का कार्यक्रम भी हम सभी कार्यकर्ताओं द्वारा कराया गया। आने वाले पंचायत चुनाव में सभी कार्यकर्ता तन- मन -धन से इस चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराएंगें। बैठक को संबोधित करते हुए जिला प्रभारी केके सिंह ने सोनभद्र जिला कार्यसमिति में कहा कि आने वाले पंचायत चुनाव को आप सभी कार्यकर्ताओं के बल पर हर सीट हर हाल में जिताना है और विकास की धारा को निचले स्तर तक तीव्रगति से बढ़ाना है। बैठक में मुख्य अतिथि काशी क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष महेश चन्द्र श्रीवास्तव ने कहा कि भाजपा विचारों वाली पार्टी है जो पं. दीनदयाल उपाध्याय जैसे महान विचारकों की विचारधारा को लेकर आगे बढ़ रही है भाजपा कार्यकर्ता आधारित पार्टी है आज के कार्यकर्ता ही कल के नेता है किन्तु दूसरों दलो में कार्यकर्ताओं के लिए नहीं परिवार के लिए जगह होती है हम भाजपा के कार्यकर्ता सौभाग्यशाली है कि विश्व के सबसे बड़ी पार्टी में काम करने का अवसर मिला।

पूर्ण तैयारी भाजपा कि नीति है मण्डल प्रभारी व मण्डल अध्यक्ष जहां भी बैठक कर वहां का एजेण्डा पहले से तय होना चाहिए कार्यकर्ताओं के साथ बैठक पूरी तैयारी के साथ होनी चाहिए जिम्मेदारी के साथ मुददों को बैठक में रखे। पं. दीनदयाल ने समाज के अन्तिम व्यक्ति तक विकास को पहुंचाने के लिए अन्त्योदय का नारा दिया था। ऐसे में कार्यकर्ता पार्टी की रीतियों नीतियों को अवगत कराते हुए पार्टी में अधिक से अधिक की वोटरो को जोड़ने का प्रयास करें पार्टी के कार्यकर्ता पूरे मनोयोग से जुड़े मण्डल अध्यक्ष 15 दिन में बूथों की बैठक अवश्य करें और अब मण्डल के सभी सेक्टर शक्ति केन्द्र के रुप में जाने जायेगें मण्डल स्तर के पदाधिकारी जनता के बीच जाये और 2021 तक सशक्त मण्डल बनाये ताकि 2022 में पुन: भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बने। बैठक में मुख्यरुप से क्षेत्रीय मंत्री सुदामा पटेल मण्डल प्रभारी तीरथराज, गोविन्द यादव, अशोक मिश्रा, धर्मवीर तिवारी, ओंकार केशरी, जिला उपाध्यक्ष उदयनाथ मौर्या, अभिषेक सिंह चन्देल, रमेश पटेल, कुसुम शर्मा ,ओमप्रकाश दूबे, महामंत्री रामसुन्दर निषाद, जीत सिंह खरवार, कृष्णमुरारी गुप्ता, जिला मंत्री संतोश शुक्ला, कन्हैया जायसवाल, विनोद पटेल, शंम्भूनारायण सिंह, अजीत रावत, राकेश मेहता, विशाल गुप्ता, अनूप तिवारी सहित सभी मोर्चो के जिलाध्यक्ष मण्डल अध्यक्ष जिला कार्यसमिति के सदस्य मौजूद रहे।

# महंगाई व बेरोजगारी के विरोध में सपाइयों ने पैदल मार्च निकाला

## एसडीएम को दिया ज्ञापन

**संवाददाता।** लालगंज (**प्रतापगढ़**)



**नगर** में सपा कार्यकर्ताओं ने पैदल मार्च निकाल कर प्रदेश मे बढ़ती मंहगाई व बेरोजगारी को लेकर विरोध जताया। सपा नेता प्रकाशचंद्र उपाध्याय की अगुवाई मे सोमवार को कार्यकर्ताओं का जमघट लालगंज के संगम चौराहे पर जुट गया। यहां जुटे सपा कार्यकर्ता प्रदेश मे बढ़ती मंहगाई, बेरोजगारी व पेट्रोलियम पदार्थो मे भारी बढ़ोत्तरी के खिलाफ नारेबारी शुरू कर दी। सपाइयों ने मंहगाई व बेरोजगारी के लिए भाजपा सरकार की नीतियों को जिम्मेदार ठहराते हुए पैदल मार्च शुरू कर दिया। पैदल मार्च करते हुए सपाई प्रदेश सरकारी की नीतियों के विरोध मे नारेबाजी करते हुए इन्दिरा चौक होते हुए तहसील जा पहुंचे। सपाईयों ने तहसील मे जमकर नारेबाजी की और इसके पश्चात् एसडीएम राम नारायण को ज्ञापन सौंपा। एसडीएम को दिये गये ज्ञापन मे सपाईयों ने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार की नाकामी से मंहगाई व बेरोजगारी मे बढ़ोत्तरी हुई। सपा नेताओं ने दो टूक कहा कि मंहगाई व बेरोजगारी पर सरकार ने ठोस कदम नहीं उठाया तो सड़क से लेकर सदन तक आंदोलन किया जाएगा। कार्यक्रम का संयोजन रामपुरखास के समाजवादी पार्टी के विधानसभा अध्यक्ष नूर इकबाल रब्बानी ने किया। इस मौके पर उपाध्यक्ष राजेश यादव, महासचिव रामधन यादव, पूर्व अध्यक्ष टीपी यादव, सुनील कुमार सिंह, कामता पटेल, लाल बहादुर यादव, श्रीनाथ पटेल, मोतीलाल यादव, राजू यादव, रामदेव, रामशरण वर्मा, राजेन्द्र विश्वकर्मा, शिव बहादुर विश्वकर्मा, रामलगन यादव, हरकेश सरोज, बृजराज यादव आदि मौजूद रहे।

# हर्रैया में 100 बेड के महिला अस्पताल को पूरा करने के निर्देश

**संवाददाता।** बस्ती



**हर्रैया** में निर्माणाधीन 100 बेड के महिला अस्पताल को पूरा करने का डीएम आशुतोष निरंजन ने कार्यदायी संस्था को निर्देश दिया है ताकि अप्रैल माह में इसमें ओपीडी शुरू कराई जा सके। निरीक्षण में पाया कि कुल लागत रुपया 30 करोड़ में से 24 करोड़ कार्यदायी संस्था को प्राप्त हो चुका है। कार्यदायी संस्था द्वारा 24 करोड़ का कार्य कराया जा चुका है। इस अस्पताल को पूरा करने के लिए रिवाइज्ड इस्टीमेट शासन को भेजा गया है। इसमें अब जलापूर्ति के लिए ओवरहेड टैंक का निर्माण कराया जाएगा।

उन्होने बताया कि इस अस्पताल की महत्ता को रेखांकित करते हुए शासन को उन्होंने स्वयं और मण्डलायुक्त ने धन आवंटन के लिए पत्राचार किया है। कार्यदायी संस्था कंस्ट्रक्शन एंड डिजाइन सर्विसेज, उत्तर प्रदेश जल निगम के परियोजना प्रबंधक ने बताया कि पूरे भवन में दरवाजे आदि लग गए हैं। जलापूर्ति भी चालू की जा सकती है। ओवरहेड टैंक का निर्माण शीघ्र शुरू कराया जाएगा। निरीक्षण के दौरान एसपी हेमराज मीणा, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट नंदकिशोर कलाल, तहसीलदार चंद्रभूषण प्रताप, अधिशासी अधिकारी अनुपम मिश्रा, प्रोजेक्ट मैनेजर डीपी शुक्ला, इंजीनियर जेपी यादव मौजूद रहे।

## खेल में हार जीत का नहीं खेल भावना का होता है महत्व: आयंगर

बीजपुर (**सोनभद्र**)। एनटीपीसी के रिहंद स्टेशन के आवासीय परिसर स्थित त्रिवेणी क्लब में आयोजित पंद्रह दिवसीय बैडमिंटन खेल प्रतियोगिता का समापन पुरस्कार वितरण के साथ सम्पन्न हो गया मुख्य अतिथि कार्यकारी निदेशक रिहंद बालाजी आयंगर नें विजेता पुरुष एवं महिलाओं को पुरस्कार प्रदान किया। श्री आयंगर ने कहा कि खेल से सर्वांगीण विकास होता है खेल में हार जीत का नहीं बल्कि खेल भावना का महत्व होता है कार्यक्रम के शुरुआती दौर में मुख्य अतिथि को गुलदस्ता प्रदान कर उनका स्वागत किया गया 15 दिन तक चले यह प्रतियोगिता महिलाओं एवं पुरुषों हेतु अलग-अलग समूहों में आयोजित किया गया था। प्रतियोगिता सिंगल एवं डबल दोनों प्रकार से खेला गया था। जिसमें कॉलोनी परिसर की महिलाओं एवं पुरुषों ने बढ़ -चढ़कर भाग लेकर अपने खेल कौशल का प्रदर्शन किया।

# जनपद की तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन

**संवाददाता।** ललितपुर

**जनमानस** की समस्याओं के एक ही स्थान पर त्वरित निस्तारण हेतु आज माह के प्रथम मंगलवार को जनपद की समस्त तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसके क्रम में तहसील ललितपुर में जिलाधिकारी अन्नावि दिनेशकुमार की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने तहसील में आए फरियादियों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना साथ ही उनकी शिकायतों का निस्तारण भी कराया।

तहसील ललितपुर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल साठ प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिनमें राजस्व विभाग के 19 पुलिस विभाग के 18 विद्युत विभाग के चार विद्युत विभाग के आठ तथा अन्य विभागों के 11 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। तहसील महरौनी में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 35 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें राजस्व विभाग के नौ, पुलिस विभाग के सात विकास विभाग के चार समाज कल्याण का एक, शिक्षा विभाग का एक तथा अन्य विभागों के 13 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। तहसील मावरा में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 22 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए।

जिसमें राजस्व विभाग के सात, पुलिस के चार, विकास विभाग के तीन, चकबंदी विभाग के चार, सिंचाई विभाग के तीन तथा विद्युत विभाग क एक शिकायती पत्र प्राप्त हुआ। तहसील तालबेहट में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 71 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें राजस्व विभाग के 13 पुलिस विभाग के 22 विकास विभाग के 10 पूर्ति विभाग के सात विद्युत विभाग के छह तथा अन्य विभागों के 13 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। तहसील पाली में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 10 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए।

# सेक्रेटरी को महंगी पड़ी दबंगई, मुकदमा दर्ज करने का आदेश

## विकास खंड रुधौली से बहादुरपुर का मामला

## तबादला होने के बाद भी चार्ज नहीं देने पर हुई कार्रवाई

**संवाददाता।** बस्ती

**विकास** खंड रुधौली के सेक्रेटरी ग्राम पंचायत अधिकारी राजीव कुमार श्रीवास्तव को दंबगई दिखा महंगा पड़ा। सीडीओ सरनीत कौर ब्रोका ने इस सेक्रेटरी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने का आदेश डीपीआरओ को दिया है। मामला तबादला होने के बाद सेक्रटरी द्वारा चार्ज नहीं देना रहा। विकास कार्यक्रमों की समीक्षा के दौरान यह मामला सामने आया, जिसमें रुधौली में कार्यरत ग्राम पंचायत अधिकारी राजीव कुमार श्रीवास्तव का तबादला बहादुरपुर ब्लॉक हो गया। रुधौली से कार्यमुक्त हुए एक सप्ताह बीत गया, मगर ना तो बहादुरपुर में योगदान दिया और न रुधौली का चार्ज ही दिया। इससे दोनों ब्लॉकों का कार्य प्रभावित हो रहा है। इसे सेक्रेटरी की मनमानी और अनुशासनहीनता मानते हुए सीडीओ ने डीपीआरओ को सेक्रेटरी के विरुद्व एफआईआर दर्जकराते हुए वैधानिक कार्रवाई करने का निर्देष दिया। हालांकि इसी तरह के कई और मामले सामने आ चुके हैं, जहां पर सेक्रेटरियों ने पूरी तरह अपने आकाओं के भरोसे दबंगई दिखाते हुए तबादले को रोकवाने में सफल रहे। चार्ज ना देने के पीछे भारी धनराशि के गोलमाल के उजागर होने का डर रहना माना जा रहा है।

# डीएम ने फरियादियों की समस्याओं को सुना



**संवाददाता।** संतकबीरनगर

**जिलाधिकारी** दिव्या मित्तल व पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ द्वारा जनपद के धनघटा तहसील पर उपजिलाधिकारी एवं अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जहां पर फरियादियों से उनकी समस्याओं को मौके पर सुना गया तथा वहां मौजूद संबंधित राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों को मौके पर जाकर शिकायतों का शत प्रतिशत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए कि राजस्व और पुलिस विभाग से सम्बन्धित शिकायतों का निस्तारण आपसी सामंजस्य से सुनिश्चित किया जाए, इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। इसके बाद शिकायत पंजिका का निरीक्षण करते हुए निस्तारित हो चुकी शिकायतों के संबंध मे फीडबैक भी लिया गया।

# संचारी रोग नियंत्रण माह को सफल बनाने के लिए स्वास्थ्यकर्मियों को दिलाई शपथ

**संवाददाता।** सेमरियावा



**मंगलवार** को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सेमरियावां के स्वास्थ्य कर्मियों ने संचारी रोग नियंत्रण माह को सफल बनाने के लिए अधीक्षक डा.जगदीश पटेल ने सभी स्वास्थ्य कर्मियों को अपने गांव, ब्लाक को रोग मुक्त कराने के लिए प्रतिबद्ध होने की शपथ दिलाई। उन्होंने कि सभी को व्यक्तिगत साफ-सफाई रखने के साथ गांव और मोहल्ले के वातावरण को स्वच्छ बनाने एवं समुदायों को स्वच्छता अपनाने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि दिमागी बुखार और कोविड-19 को रोकने के लिए हम हर संभव प्रयास करेंगे।

घर के बाहर हमेशा मुंह और नाक को मास्क से ढकेंगे और दूसरों से दो गज की दूरी बनाए रखेगे। उन्होंने कहा कि कोरोना संक्रमण को लेकर बचाव के उपायों को पालन करते हुए आसपास सफाई रखें। जलभराव न होने दें। मच्छरदानी का प्रयोग करने हेतु सभी को प्रेरित करेंगे। अधीक्षक डा.जगदीश पटेल ने बताया कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान एक से 30 मार्च और दस्तक अभियान दस से 25 मार्च तक चलेगा। इस मौके पर डा.इश्तियाक, डा.हिमांशु, डा. जावेद अख्तर अंसारी, बीपीएम राजेश पाण्डेय, बीसीपीएम रंजना कुमारी, आईओ कौसर खान, एल ए सुरेन्द्र कुमार,एल ए अश्वनी कुमार, एल ए अभिनंदन मणि, डॉ इस्तियाक अहमद, फार्मासिस्ट राम सजीवन, दांत स्वास्थ्य वैज्ञनिक अवधेश कुमार मिश्रा, वार्ड बॉय अब्दुल गनी, वार्ड बॉय प्रमोद कुमार, वार्ड बाय राजेश कुमार गुप्ता, सी एच वो अनामिका चौधरी, टिंकल यादव, सुषमा चौधरी, एमसीटीएस आपरेटर अबुल कलाम, सीएचओ चंद्र रेखा सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहे।

# विद्यार्थियों को अपनी ज्ञान की क्षमता बढ़ाने की जरूरत: डा. उदय प्रताप

## विद्यार्थियो को मिला निशुल्क टैब

**संवाददाता।** संतकबीरनगर



**सूर्या** अकादमी के प्रांगण में टैब वितरण समारोह व आगामी बोर्ड परीक्षा के लिए कक्षा 10वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों को शुभकामनां के लिए कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दिग्विजय नारायण चतुर्वेदी ने कहा कि विज्ञान और प्रौघोगिकी आधुनिक जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और इसने मानव सभ्यता को गहराई मे जाकर प्रभावित किया है। आधुनिक जीवन में तकनीकी शिक्षा ने उन्नति के नये द्वारा खोले है यह तकनीकी ज्ञान का ही प्रभाव है कि आज पूरे संसार में युवाओं के लिए अवसरों की कोई कमी नही है।

इस सांस्कृतिक मंच पर प्रबन्ध निदेशक डा. उदय प्रताप चतुर्वेदी ने कहा कि किसी भी कार्य की सफलता के लिए प्रयास और समर्पण अतिआवश्यक है और सही दिशा में प्रयत्न करने से सफलता अवश्य मिलती है। इस कोविड-19 जैसी महामारी के समय जब समस्त भारत लाकडाउन से जूझ रहा था तो संचार क्रान्ति क्रमश: मोबाइल, टैब एवं लैपटॉप के माध्यम से ही सूर्या इण्टरनेशनल एकेडमी ने अपने पठन-पाठन को न केवल पूर्ण कराया बल्कि परीक्षाएं भी करवाई। विद्यालय परिवार ने स्थापना से ही बच्चों को नयी तकनीकी से जोड़ने का प्रयास करते हुए विगत सात वर्षो से अनवरत टैब वितरण करते चले आ रहे है और यह क्रम आगे भी अबाधगति से गतिशील रहेगा। कार्यक्रम में अतिथि अभयनन्द सिंह, अवधेश सिंह, व्यापारी नेता पुष्कर चौधरी, मायाराम पाठक, अवधेश सिंह, राघवेन्द्र तिवारी, दयाराम कन्नौजिया, गामा प्रसाद, झाले यादव, विष्णु उपाध्याय, महेन्द्र पासवान की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# विशेष वीएचएनडी का आयोजन आज

## आयरन की गोली का होगा वितरण

**संवाददाता।** मीरजापुर

**स्वास्थ्य** विभाग जिले के नौ सामुदायिक स्वास्थय केन्द्र 44 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों समेत 216 उप स्वास्थ्य केन्द्रों पर प्रत्येक सप्ताह बुधवार व शनिवार को वीएचएनडी का आयोजन करता है जहां बच्चों का टीकाकरण और पोषण सम्बंधी गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है।

मुख्य चिकित्साधिकारी डाक्टर पीडी गुप्ता ने बताया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत अब प्रत्येक माह के पहले बुधवार को विशेष वीएचएनडी का आयोजन किया जायेगा। इस सम्बन्ध में जनपद के सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियो व अपर मुख्य चिकित्साधिकारियों को अवगत कराया जा चुका है। शासन स्तर से मिले पत्र में कहा गया है कि विशेष वीएचएनडी के लिए समस्त स्वास्थ्य केन्द्रों व उपस्वास्थ्य केन्द्रों पर मातृ शिशु सुरक्षा कार्डए सैम मैम मैनजमेंट प्रोटोकाल तथा सैम-मैम चार्ट, रिपोटिंग प्रपत्र तापमान नापने के लिए थर्मामीटर आदि उपलब्ध कराया जा चुका है।

अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डाक्टर नीलेश श्रीवास्तव का कहना है कि सैम मैम बच्चों के बेहतर पोषण के लिए अमोक्सीलिन टेबलेट अथवा सिरपए आयरन फोलिक एसिड सिरपए फोलिक ऐसिड टेबलेट का सभी स्वास्थ्य केन्द्रों व आंगनबाड़ी केन्द्रों पर उपलब्ध कराया गया है। इसके साथ ही वीएचएनडी के दौरान बच्चों की जांच के बाद गंभीर कुपोषित बच्चों को मण्डलीय चिकित्सालय स्थित एनआरसी सेन्टर पर भेजने का कार्य किया जायेगा। बाकी बच्चों के बेहतर चिकित्सकीय व्यवस्था के लिए केन्द्रों पर उपस्थित डाक्टर व तैनात एएनएम दवाओं को उपलब्ध करायेगी और उनके परिवार वालों को इस बात की विस्तारपर्वूक जानकारी देगी कि कौन-कौन सी गोली या पीने वाला दवा बच्चे को दिन में कितनी बार और कितने दिनों तक देना होगा। इसके साथ ही बिना चिकित्सक के सलाह के कोई भी गोली या सिरप देना खतरनाक हो सकता है।

बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी प्रमोद कुमार ने बताया कि इस वीएचएनडी के अवसर पर विभाग ने सभी 2268 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को यह निर्देशित किया गया है कि केन्द्रों पर कोरोना के नियमों का कठोरता से पालन किया जाये इसके अलावा आने वाले बच्चों को चिकित्सकीय परीक्षण के बाद प्रत्येक को उचित मात्रा में पोषक आहार को उपलब्ध कराया जाय। विभाग ने कुपोषित बच्चों का चयन कर स्वास्थ्य विभाग को सूची सौंप दी है। जिले में तैनात 2043 आशा व 2668 आंगनबाड़ी को कुपोषित बच्चों को केन्द्र पर लाने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी को दिया है।

## वृहद लोक अदालत का आयोजन सात को

**सोनभद्र।** जिला विधिक सेवा प्रधिकरण सचिव पूर्णकालिक सोनभद्र देवेन्द्र कुमार द्वितीय ने जानकारी देते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य सेवा प्राधिकरण के निर्देशों के अनुपालन एवं रजत सिहं जैन अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जनपद न्यायाधीश सोनभद्र के आदेशानुसार महिला दिवस आठ मार्च को महिला पखवारा दिवस के अन्तर्गत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सोनभद्र द्वारा दीवानी न्यायालय परिसर सोनभद्र में सात मार्च को परिवारिक न्यायालयों के मामलों में परामर्श एवं सुलह समझौता हेतु वृहद लोक अदालत का आयोजन किया जाना है तथा इससे पूर्व छह मार्च को परामर्श व सुलह समझौता हेतु एक अन्य लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। महिलाओं हेतु विशेष लोक अदालत में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर ऐसे समस्त वाद जिनका निस्तारण सुलह समझौता के आधार पर किया जा सकता है।

# सेल्फी प्वांइट से लोगों को जागरुक करेगी रोटरी क्लब मिड टाउन




**संवाददाता।** बस्ती

**डीएम** आशुतोष निरंजन ने जिला अस्पताल के आपरेशन थियेटर परिसर में रोटरी क्लब बस्ती मिड टाउन की ओर से लगाए गए कोविड वैक्सीन के प्रति जन जागरूकता अभियान के सेल्फी प्वांइट का उद्घाटन किया। उन्होने कहा कि कोरोना से बचाव के लिए मार्च से जन सामान्य को वैक्सीन लगाने का सिलसिला शुरू हुआ है। इसकें लिए जो मानक और नियम बनाए गए हैं उसके अनुसार लोग वैक्सीन अवश्य लगवा लें, जिससे वे और उनका परिवार कोरोना के खतरों से सुरक्षित रह सकें। रोटरी क्लब मिट टाउन अध्यक्ष डा. डीके गुप्ता ने कहा कि जिस प्रकार से रोटरी परिवार ने पोलियो मुक्ति में योगदान दिया उससे अधिक उत्साह से कोरोना मुक्ति के लिए वैक्सीन लगवाने में लोगों को प्रेरित किया जाएगा।कार्यक्रम संयोजक एवं रोटरी क्लब के रेव्न्यू डिस्ट्रिक कोआर्डिनेटर मयंक श्रीवास्तव ने कहा कि कोरोना संकट काल में भी रोटरी परिवार ने लोगों की हर संभव मदद किया। इसी तरह से टीकाकरण अभियान में भी रोटरी अपना योगदान करेगी। इस अवसर पर प्रमुख अधीक्षक डा. रोचस्पति पाण्डेय, डा. फक्ररेआलम, रोटेरियन देवेन्द्र श्रीवास्तव, संजू श्रीवास्तव, राना दिनेश प्रताप सिंह, डा. एसके त्रिपाठी, अभितेष श्रीवास्तव, राजन गुप्ता, अरूण कुमार, संध्या दीक्षित, मनमोहन श्रीवास्तव, कुलवेन्द्र सिंह 'मजहबी' व अन्य मौजूद रहे।

# संचारी रोग दस्तक अभियान से संक्रामक रोगों में आई कमी

**संवाददाता।** बस्ती

**मण्डल** में गैस्ट्रो, डायरिया, खसरा, पीलिया, चिकेन पाक्स, स्वाइनफ्लू, चिकनगुनिया जैसे संक्रामक रोगों में कमी आई है, दस्तक अभियान से बुखार जनित जेई-एईएस रोगों एवं मृत्यु पर प्रभावी नियंत्रण हुआ है। डेंगू के केसेज भी नियंत्रित हुए है। वर्ष 2020 में इन बिमारियों से एक भी रोगी की मृत्यु नहीं हुई, जबकि खसरा के पांच, चिकेन पाक्स के 30 रोगी मिले। समय-समय पर संचालित संचारी रोग नियंत्रण, दस्तक अभियान के आशातीत परिणाम आए है। मार्च 2020 में 2915 के सापेक्ष 2859 सेशन आयोजित किए गए।15 वर्ष आयु वर्ग के 61393 के सापेक्ष 60889 को जेई का टीका लगाया गया, जो 99.18 प्रतिशत है। बस्ती में 25699, संत कबीर नगर में 14897, सिद्धार्थनगर में 20293 को टीका लगा। जेई के वर्ष 2015 में 46 रोगी में से 11 की मृत्यू हुई थी। 2016 में 47 में 12 मृत्यु, 2017 में 103 में 23 मृत्यु, 2018 में 51 में 5 मृत्यु, 2019 में 23 में एक मृत्यु, 2020 में 22 में दो की मृत्यु हुई थी। 2021 में जेई का एक भी रोगी मण्डल में नहीं मिला है। एईएस के 2018 में 365 केस में 41 की मृत्यु हुई, 2019 में 255 केस आए और 12 की मृत्यु हुई। 2020 में 250 रोगी एईएस के मिले और आठ की मृत्यु हुई। वर्ष 2021 में अभी तक मण्डल में 13 केस आए है और सभी स्वस्थ हो गए है। मण्डलायुक्त अनिल कुमार सागर ने स्वास्थ्य एवं चिकित्सा, पंचायती राज एवं ग्राम्य विकास, आईसीडीएस, पशुपालन, कृषि, सिचाई, सूचना एवं अन्य विभागों को बेहतर समन्वय से कार्य करने के लिए निर्देशित किया है। लोगो से अपील की है कि व्यक्तिगत स्वच्छता के साथ सार्वजनिक स्वच्छता भी अपनाएं।

# गुजरात में पंचायत चुनाव में भाजपा की जीत पर मना जश्न

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने बांटी मिठाई

संवाददाता। देवरिया

**गुजरात** के पंचायत चुनाव में जिलापंचायत, ग्राम प्रधान और बीडीसी चुनाव में भारी संख्या में भाजपा के कार्यकर्ताओ के जितने की खुशी में आज भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने औरा चौरी स्थित पार्टी कार्यालय पर मिठाई बांट जश्न मनाया।



इसके बाद उपस्थित कार्यकर्ताओ से जिलाध्यक्ष भाजयुमो विन्देश पाण्डेय ने कहा कि गुजरात के पंचायत चुनावों में आज लगभग 80 प्रतिशत से अधिक सीटो पर भाजपा के कार्यकर्ताओं को गुजरात की जनता ने जिलापंचायत सदस्य,ग्राम प्रधान तथा बीडीसी के रूप में चुन कर प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा सरकार के विकास को अपना समर्थन दिया।

विपक्ष के लाख गुमराह करने के प्रयास को पंचायत चुनाव में भाजपा की जीत जनता की तरफ से विपक्ष को करारा तमाचा है। जैसे आज गुजरात की जनता ने भाजपा को पंचायत चुनाव में जीत दिलाया है वैसे ही यूपी की जनता भी आगे होने वाले पंचायत चुनाव में भाजपा को जीता कर विपक्ष को उसके अनर्गल कार्यो का जबाब जरूर देगी। नगर अध्यक्ष भाजपा संजय पाण्डेय ने कहा कि गुजरात में आज आये पंचायत चुनाव के परिणाम ने कांग्रेस की हालत और पतली कर दी। कांग्रेस अब गांव,गरीब,किसानएमजदूर सबका विश्वास खो चुकी है। अब देश का सभी वर्ग भाजपा सरकार के विकासपरक नीतियों के साथ हो चला है। गुजरात की जनता ने पंचायत चुनाव में भाजपा को जीता कर विपक्ष के देश विरोधी साजिशों को जबाब दिया है। वही पूर्व प्रदेश अध्यक्ष,सांसद देवरिया सदर डा रमापतिराम त्रिपाठी, पूर्व प्रदेश अध्यक्षएकृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही,राज्य मंत्री जयप्रकाश निषाद,मुख्यमंत्री के सूचना सलाहकार शलभ मणि त्रिपाठी, भाजपा जिलाध्यक्ष अंतर्यामी सिंह,पंचायत चुनाव संयोजक कृष्णानाथ राय,पूर्वजिलाध्यक्ष महेन्द्र यादव,पूर्व विधायक प्रमोद सिंह ने भी फ़ोन पर गुजरात पंचायत चुनावों में भारतीय जनता पार्टी को भारी समर्थन देने के लिए देवतुल्य जनता का हार्दिक आभार व्यक्त किया एवं सभी भाजपा कार्यकर्ताओं को इस जीत पर बधाई दिया।

## युवती की हत्या के मामले में आईजी ने किया घटनास्थल का निरीक्षण

**देवरिया** । मदनपुर थाने में एक गांव में 23 फरवरी को एक युक्ति का शव खेत में पड़ा मिला था जिस मामले में पुलिस अभी तक हत्यारों तक नहीं पहुंच पाई है वही मंगलवार को पुलिस महानिरीक्षक ने घटनास्थल का निरीक्षण किया । थाना मदनपुर क्षेत्रातंर्गत ग्राम भिटहां के सिवान में युवती का शव बरामद हुआ थाए जिसके घटनास्थल का निरीक्षण को पुलिस महानिरीक्षक,पुलिस उपमहानिरीक्षक गोरखपुर परिक्षेत्र गोरखपुर द्वारा किया गया एवं घटना के अनावरण एवं अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु संबंधित को उचित दिशा निर्देश दिए गए।



## अगरबत्ती की चिंगारी से नगदी सहित दो लाख के आभूषण खाक

**सकलडीहा,चन्दौली।** ईटवा गांव में अगरबत्ती के चिंगारी से सोमवार की दोपहर में एक कमरे में आग लग गयी। जिससे पच्चास हजार नगदी सहित दो लाख से अधिक के आभूषण सहित कीमती कपड़ा व अन्य सामान जलकर खाक होगया। सूचना पर पहुंचे तहसील प्रशासन ने घटना की रिपोर्ट विभाग को दिया। बेटी की शादी के लिये किसान पैसा और आभूषण व साड़ी खरीद कर रखा हुआ था। ईटवा गांव के रामबली राजभर दूध बेचकर परिवार की जिविका चलाते है। सुबह घर की महिलाओं ने पूजा पाठ करने के बाद खेत में काम करने चली गयी। वही बच्चे स्कूल पढ़ने के लिये चले गये थे। घर से अचाकन धूंआ निकलने पर ग्रामीणों ने शोरगुल मचाया। शोरगुल सुनकर परिजन खेत से दौड़ते हुए घर पहुंचे। कुछ समझ पाते तबतक अटैची और बख्सा में रखा सोने चांदी के दो लाख से अधिक के आभूषण और पच्चास हजार नगदी सहित कीमती कपड़ा व अन्य सामान जलकर खाक होगया। ग्रामीणों के सहयोग से किसी तरह पर आग पर काबू पाया गया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे क्षेत्रीय लेखपाल ने घटना की रिपोर्ट तहसील प्रशासन को सौपा। वही ग्राम प्रधान मुसाफिर यादवए बृजेश यादवए आतिशए विकास यादवए कन्हैया यादवए मंटू पांडेय ने तहसील प्रशासन से सहयोग दिलाने की मांग किया।

## मरीजों के अधिकारों का हो रहा उल्लंघन

**चकिया शहाबगंज, चन्दौली** । ग्राम्या संस्थान एवं ऑक्सफैम के संयुक्त तत्वावधान में मरीजों के अधिकार को लेकर आज पीएचसी शहाबगंज में आशा, आशा संगिनी,एएनएम, एच इ ओए स्टाफ़र्स के साथ संयुक्त बैठक की गई। जिसमें संस्थान की कोऑर्डिनेटर नीतू सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने मरीजों का अधिकार कानून बनाया गया है परन्तु सरकारी और गैर सरकारी अस्पतालों में उसका पालन नही हो रहा है। प्राइवेट अस्पतालों में डॉक्टरों द्वारा मनमाने तरीके से धन उगाही की जा रही है एवं मरीजों को उचित सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। मरीजों के कुछ अधिकार दिए गए हैं जिसका पालन नहीं हो रहा है जो मरीजों के अधिकार का खुला उल्लंघन है। आगे ग्राम्या संस्थान के प्रोजेक्ट मैनेजर सुरेन्द्र ने बताया कि इस विषय पर गांव में भी लोगों को जागरूक किया जा रहा है एवं स्टाफ के साथ भी बैठकें की जा रही हैं ताकि मरीजों के अधिकार सुनिश्चित हो सके एवं उनको बेहतर सुविधाएं प्राप्त हो सके।

### सत्संग समागम व रक्तदान शिविर आयोजित

जौनपुर। प्रदेशस्तरीय आह्वान पर जिलास्तरीय सत्संग समागम एवं रक्तदान शिविर की कड़ी में मड़ियाहूं में शिविर लगा जहां लगभग 3 सौ लोगों ने सत्संग सुना। साथ ही 29 भक्तों ने रक्तदान किया। इस दौरान सद्गुरू संत रामपाल जी महाराज की अमृतवाणी सुनकर 14 नये पुण्य आत्माओं ने नाम दीक्षा लेकर आत्म कल्याण के मार्ग पर लग गये।

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**मुंगराबादशाहपुर, जौनपुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के प्रतापगढ़ जनपद की सीमा पर स्थित इटहरा गांव के पास वाराणसी.लखनऊ रेलखण्ड पर स्थित बादशाहपुर रेलवे स्टेशन के पश्चिम तरफ मंगलवार की सुबह एक अज्ञात 25 वर्षीय युवक की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। घटना की जानकारी लोगों को उस समय हुई जब कुछ लड़के अपने जानवरों को चराने रेलवे ट्रैक की तरफ गये और देखा कि एक व्यक्ति ट्रेन से कटा पड़ा है। ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दिया। सूचना मिलते ही थाने के वरिष्ठ उपनिरीक्षक मनोज पाण्डेय घटनास्थल पर पहुंचे और मृतक के शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई करने के पश्चात पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया।

### व्यापार मण्डल तीन को निकालेगा विरोध मार्च

**जौनपुर।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल के जिलाध्यक्ष श्रवण जायसवाल ने बताया कि व्यापार मण्डल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल के आह्वान पर तीन मार्च बुधवार को सुबह 10 बजे लगातार बढ़ते हुए पेट्रोलियम पदार्थों के मूल्य वृद्धि के विरोध व पेट्रोलियम पदार्थों को जीएसटी की सूची में लाने हेतु नगर स्थित सद्भावना पुल से व्यापार मण्डल के पदाधिकारी विरोध मार्च निकालेंगे तथा कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपेंगे।

### आन्दोलन को लेकर विद्युत मजूदर संगठन लामबंद

**सकलडीहा,चन्दौली।** विद्युत मजदूर संगठन अपनी विभिन्न मांगों को लेकर एक बार फिर से लामबंद है। सोमवार को विद्युत उपकेन्द्र स्थित हनुमान मंदिर पर पूर्वांचल अध्यक्ष इन्द्रेश राय के नेतृत्व में विद्युत मजदूर संगठन ने नारेबाजी किया। इस दौरान आगामी 4 मार्च और 9 मार्च के प्रस्तावित सत्याग्रह कार्यक्रम को लेकर चर्चा किया। पूर्वांचल विद्युत मजदूर संगठन अध्यक्ष इन्द्रेश राय ने कहा कि नियमित कर्मचारियों को टीजीए कार्यकारी सहायकों को ग्रेड वेतन 4200 तृतीय टाइम स्केल 6600 व टीजी पदोन्नति अवर अभियंता पर एवं संविदा कर्मियों के परिवार को अनुग्रह धनराशी पांच लाख से बढ़ाकर बीस लाख और कुशल श्रमिकों का वेतन 25 हजार और श्रमिकों को 22 हजार व कम्प्यूटर आपरेटरों को 25 हजार दिलाने की मांग रखा।

### श्री लक्ष्मी पूजा महासमिति की चयन प्रक्रिया सम्पन्न

**जौनपुर।** जनपद की समस्त मां लक्ष्मी पूजन समितियों की एकीकृत महासंस्था श्री लक्ष्मी पूजा महासमिति की चयन प्रक्रिया संस्थापक सुशील वर्मा एडवोकेट को श्रद्धांजलि के साथ शुरू हुई। संरक्षक मण्डल के सदस्य डा राम नारायण सिंह की अध्यक्षता में हुई चयन प्रक्रिया में सर्वसम्मत से महासचिव रहे लाल बहादुर यादव नेपाली को अध्यक्ष चुना गया।

### जरूरतमन्दों की सेवा के साथ मनी कलावती देवी की 8वीं पुण्यतिथि

**जौनपुर।** समाजसेविका कलावती देवी की 8वीं पुण्यतिथि तमाम जरूरतमन्दों की सेवा के साथ मनायी गयी। इस दौरान परिजनों ने सैकड़ों लोगों को साड़ीए शालए कम्बल आदि दिया। खुटहन क्षेत्र के ईश्वरपुर.सलहदीपुर गांव में आयोजित पुण्यतिथि का शुभारम्भ कलावती देवी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से हुआ। तत्पश्चात् उपस्थित लोगों ने उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला।

## बोलेरो की चपेट में आने से कोचिंग जा रहे साइकिल सवार छात्र की मौत

संवाददाता। बदलापुर, जौनपुर

स्थानीय थाना क्षेत्र के घनश्यामपुर रोड स्थित गढ़वा घाट आश्रम गेट के सामने मंगलवार की सुबह कोचिंग जा रहे साइकिल सवार एक छात्र अज्ञात बोलेरो की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया। घायलावस्था में क्षेत्रीय लोगों ने उसे सीएचसी में भर्ती कराया। जहाँ इलाज के दौरान डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। घटना को लेकर परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार उक्त क्षेत्र के ग्राम जीरकपुर निवासी प्रदीप दुबे का एकलौता पुत्र अविनाश 17 वर्ष साइकिल से अपने सहपाठियों के साथ बदलापुर कस्बे में कोचिंग पढ़ने आ रहा था। जैसे ही वह गढ़वा घाट आश्रम गेट के पास पहुंचा। बदलापुर की तरफ से घनश्यामपुर की ओर जा रही तेज गति बोलेरो की चपेट में आ गया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायलावस्था में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां डाक्टरों ने अविनाश को मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही अस्पताल में परिजन सहित गांव के अन्य लोग भी जमा हो गये। घटना को अंजाम देने के बाद बोलेरो चालक बोलेरो लेकर भागने में सफल रहा। बता दें कि माँ बाप का इकलौता लाडला अविनाश सल्तनत बहादुर इंटर कालेज में कक्षा 11 का छात्र था। दुर्घटना में छात्र की मौत की खबर मिलते ही शोक में सल्तनत बहादुर इंटर कालेज में अवकाश कर दिया गया।

# डीएम देवरिया ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में सुनी जन समस्यायें



संवाददाता। देवरिया

जिलाधिकारी अमित किशोर ने रुद्रपुर तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व, विकास एवं पुलिस विभाग से जुड़े सभी अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा है कि जिन प्रकरणों में संयुक्त रुप से निराकरण की आवश्यकता हो, उसमें आपसी समन्वय रखते हुए उन मामलो का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करायें। उन्होने यह भी कहा है कि प्राप्त हर शिकायतों का समयबद्ध व गुणवत्ता के साथ निस्तारण होना चाहिये। इसमें किसी प्रकार की शिथिलताध्अनियमितता बर्दाश्त नही की जायेगी और ऐसे शिथिल अधिकारियों के विरुद्ध कार्यवाही की जायेगी। जिलाधिकारी श्री किशोर ने खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिया कि विकास से जुडै प्रकरणों में उप जिलाधिकारियों से समन्वय रखते हुए उसका समाधान करें। जहां पुलिस की आवश्यकता हो, उसे भी अपने साथ ले जायें। उन्होंने प्राप्त प्रार्थना पत्रों की प्राप्ति के साथ-साथ उसे पंजिका में अवश्य ही दर्ज किए जाने को कहा। उन्होने निर्देश के दौरान यह भी कहा कि अधिकारी जन समस्याओं के निस्तारण के प्रति पूरी संवेदनशीलता दिखाएं। उन्होंने कहा कि शासन आईजीआरएस, आयुक्त, मुख्यमंत्री हेल्पलाईन तथा अन्य स्तर से भी प्राप्त शिकायतों का निस्तारण गुणवत्ता के साथ त्वरित व वास्तविक रुप में होना चाहिए।

## भरत एक ऐसे भाई थे जो अपने भ्राता प्रभु श्रीराम को मानते थे अपना स्वामी व स्वयं को उनका सेवक : राजन जी



**गाजीपुर।** जो अपने श्रेष्ठ की अनुपस्थिति को भी मानसिक रूप से उपस्थिति मानकर संस्कारवान बना रहता है वहीं सही मायने में सच्चा संस्कारी होता है। उक्त बातें स्थानीय नगर के लंका मैदान में चल रहे नौ दिवसीय श्रीराम कथा के आठवें दिन श्रीरामचरितमानस के आदर्श पात्र भईया भरत जी के चरित्र प्रसंग पर कथा करते हुए कथा सम्राट मानस मर्मज्ञ पूज्य श्री राजन जी महाराज ने कही। कथा को आगे बढ़ाते हुए पूज्य महाराज ने कहा कि भरत एक ऐसे भाई थे जो अपने ज्येष्ठ भ्राता प्रभु श्रीराम को भाई के स्थान पर उन्हें अपना स्वामी मानते थे और स्वयं को उनका सेवक, उनका मानना था कि जीवन में सेवक को कभी भी अपने स्वामी की बराबरी नहीं करनी चाहिए। यही कारण था कि प्रभु राम के वनगमन उपरांत तमाम प्रयासों के बावजूद भी उन्होंने अयोध्या की राज सत्ता को कदापि स्वीकार नहीं किया क्योंकि उनका यह मानना था कि जीवन में जब भी कोई पद मिलें चाहे वह राजपद ही क्यों न हो पद प्राप्त करने से पहले व्यक्ति को यह विचार करना चाहिए कि क्या मुझमें इस पद को प्राप्त करने की पात्रता है अथवा नहीं यदि पात्रता नहीं है ।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस में 547 आवेदन प्राप्त हुए, मौके पर हुआ 29 का निस्तारण



**गाजीपुर।** जन समस्याओ के त्वरित निस्तारण हेतु सम्पूर्ण समाधान दिवस तहसील जखनियॉ में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह एवं पुलिस अधीक्षक डा ओमप्रकाश सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। जिसमे 104 आवेदन प्राप्त हुए और मौके पर 4 का निस्तारण किया गया। जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु सातो तहसीलो की सूचना के अनुसार समाधान दिवस में कुल 547 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें मौके पर 29 आवेदन पत्रो का निस्तारण किया गया। तहसील कासिमाबाद में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 4 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें 6 का मौके पर निस्तरण किया। सैदपुर तहसील में उपजिलाधिकारी अध्यक्षता में 131 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें से 04 का मौके पर निस्तारण किया गया।

# होनहार युवाओं को प्रमाण पत्र प्रदान करके किया गया सम्मानित



## शैक्षणिक संस्था द्वारा प्रमाण पत्र वितरण का किया गया आयोजन

संवाददाता। मऊ

शैक्षणिक संस्था आरएफदावा सेंटर के तत्वावधान में नगर क्षेत्र के बाज की मस्जिद स्थित केन्द्र पर होनहार युवाओं को प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान अतिथियों द्वारा होनहारों को प्रमाण पत्र के साथ प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष तैय्यब पालकी ने कहा कि आज के दौर में तालिम सभी के लिए अनिवार्य है। बिना तालिम के इंसान समाज व देश के लिए कुछ भी नहीं कर सकता है। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अरशद जमाल ने कहा कि तालिम ही एक ऐसी ताकत जिसके बल पर इंसान अपने जीवन के किसी भी मंजिल को हासिल कर सकता है। उन्होंने युवाओं को अधिक से अधिक तालिम हासिल करने के लिए प्रोत्साहित किया। वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता जमाल अख्तर अर्पण ने कहा कि वे हमेशा से ही युवाओं को इस बात के लिए प्रेरित करते रहे हैं धार्मिक तालिम के साथ ही साथ आज के दौर के अनुसार उच्च गुणवत्तापूर्ण एवं तकनीकी ज्ञान हासिल करें। तभी वे समाज व देश के विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन कर सकते हैं। निदेशक डॉ नुरुल हसन ने भी युवाओं को अधिक से अधिक तालिम हासिल करने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अरशद जमाल ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हेड आफऊर्दू डिपार्टमेंट डॉ. शबाबुद्दीन रहे। जबकि विशिष्ट अतिथि के रुप में शिब्ली नेशनल कालेज आजमगढ़ के इकोनॉमिक विषय के एसोसिएट प्रोफेसर डॉण् मोहम्मद खालिद रहे। कार्यक्रम का संचालन मास्टर फैज अहमद ने किया। इस अवसर पर मुख्य रुप से शबाबुद्दीन,खालिद, निदेशक डॉण् नुरुल हसन, मास्टर फैज अहमद समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## विद्यार्थी तनाव में न रहें, योजनाबद्ध तरीके से तैयारी करें: डा . हरिनाथ यादव

**जौनपुर।** श्री कृष्णा न्यूरो एवं मानसिक रोग चिकित्सालय में आयोजित संगोष्ठी में डाण् हरिनाथ यादव ;न्यूरो साइकियाट्रिस्टद्ध ने संबोधित करते हुए बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित होने वाले बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि पूरे वर्ष पढ़ाई न होने के कारण परीक्षा को लेकर बच्चों में सिर दर्दए याददाश्त की कमीए पढ़ाई में मन न लगना, परीक्षा में फेल होने का डर इत्यादि समस्याओं के साथ तनाव है। साथ ही साथ हर अभिभावक की इच्छा है कि उनके बच्चे बोर्ड परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन करेंए प्रदर्शन का यह मानक प्राप्तांक से जोड़कर देखने का चलन बन गया है। इसे पूरा करने की कोशिश में बच्चे तनाव में जा रहे हैं। समान्य समय की अपेक्षा इस समय बच्चों के मानसिक तनाव के मामले में इजाफा हुआ है। डा हरिनाथ यादव ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए तनाव से बचने के लिये कुछ सुझाव दिये कि नियमित दिनचर्या के हिसाब से अपने आप को ढालें। योजनाबद्ध तरीके से परीक्षा की तैयारी करें। संतुलित आहार लें एवं व्यायाम करें। स्वयं का मूल्यांकन एवं स्वयं को प्रोत्साहित करते रहें। 7 से 8 घंटे की पर्याप्त नीद लें। एक घंटे पढ़ाई करने के बाद 10 मिनट का विश्राम लें। दिनचर्या में मनोरंजन एवं व्यायाम के लिये भी समय निकालें।

### विशेष नारायण मिश्र डाक्टरेट उपाधि से विभूषित

**जफराबाद, जौनपुर।** स्थानीय क्षेत्र के इमलो पांडे पट्टी गांव निवासी जगदगुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग विश्वविद्यालय के संगीत विभाग के गायनाचार्य पंडित विशेष नारायण मिश्र को बहुप्रतीक्षित शोध उपाधि बीते 1 मार्च को भातखण्डे संगीत संस्थान अभिमत विश्वविद्यालय लखनऊ के दशम दीक्षान्त समारोह में राज्यपाल आनंदीबेन जी द्वारा प्रदान की गई। पंडित विशेष नारायण मिश्र राज्य संगीतज्ञ की उपाधि प्राप्त कर चुके हैं। श्री मिश्र ने बताया कि संगीत विषय में शोध करना मेरे लिये अत्यंत ही सौभाग्य का विषय है। यह एक आध्यात्मिक विद्या है जो ईश्वर के चरणों से सीधे जुड़ी हुई है। मैं अत्यंत ही सुख की अनुभूति कर रहा हूँ। यद्यपि इसे प्राप्त करने में मुझे चौदह वर्ष लग गये पर अब बनवास काल समाप्त हो गया है। उन्होंने कहा कि आगे शोध करने वाले मित्रों को मेरा यही संदेश है कि शोध विषय एक महायज्ञ हैए जिसमें स्वयं को कर्मों के द्वारा स्वाहा करेंए कर्मनिष्ठ बनें। अपने कार्य को माताए पिताए गुरु एवं राष्ट्र को देवता मानकर उन्हीं को समर्पित करें जो दीक्षांत का संदेश भी है।

## जिला अधिकारी की उपस्थिति में संपन्न हुआ तहसील दिवस

**डुमरियागंज,सिद्धार्थनगर।** डुमरियागंज बीणआरण्सी प्रांगण में आज जिला अधिकारी दीपक मीणा की अध्यक्षता में तहसील दिवस का आयोजन किया गया। तहसील दिवस में प्रतिभाग करने के उपरांत जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बीआरसी पर चलने वाले शिक्षक प्रशिक्षण तथा आंगनवाड़ी प्रशिक्षण का निरीक्षण किया। वर्तमान समय में बीणआरण्सी डुमरियागंज में मिशन प्रेरणा के तहत आधारशिला क्रियान्वयन संदर्शिकाए समृद्ध हस्त पुस्तिका तथा रिमेडियल टीचिंग के ऊपर प्रशिक्षण चल रहा है। साथ.साथ आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का ईसीसीई मे क्षमता संवर्धन का भी प्रशिक्षण भी संचालित हो रहा है। इस प्रशिक्षण के माध्यम से शिक्षकों को प्रिंट रिच वातावरण बनाकर कक्षा शिक्षण की जानकारी दी जा रही है ।विद्यालय की दीवारों को कैसे लर्निंग केंद्र विकसित किया जाए इसकी जानकारी प्रशिक्षक रामकुमार वर्मा ने दी। शिक्षकों के इस प्रशिक्षण में मुस्ताक अहमदए ऐश्वर्या लता तथा तिलकराम प्रशिक्षक के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं ।

# व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने पीसीएस उत्तीर्ण विशाल को किया सम्मानित



## भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल का सम्मान समारोह

संवाददाता। मऊ

अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल के तत्वावधान में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान पीसीएस उत्तीर्ण करके डिप्टी जेलर बने विशाल मद्धेशिया को नगर पालिका अध्यक्ष समेत व्यापारियों ने फूल माला व बुके प्रदान करके सम्मानित किया।

सम्मान समारोह को सम्बोधित करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष मुण् तैय्यब पालकी ने कहा कि विशाल मद्धेशिया ने डिप्टी जेलर का पद प्राप्त करके मऊ जनपद का नाम रोशन किया है। उनके इस सफलता से युवाओं में नई ऊर्जा व नए जोश का संचार हुआ है। कथा वाचक कमलेश महाराज ने कहा कि बच्चों की सफलता में उनके माता.पिता के त्याग का सबसे अधिक योगदान रहता है। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री कन्हैया जायसवाल ने करते हुए सभी का अभिनंदन किया। संगठन के जिला मंत्री रामअवध सिंह ने मातृ शक्ति मंजू गुप्ता को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। संगठन के महातम यादवए आनंद गुप्ताए अज़हर कमाल फैजीए सुभाष कनौजियाए हबीबुल्लाह टांडवी आदि ने फूल माला पहनाकर विशाल मद्धेशिया व उनके बड़े भाई अमित मद्धेशिया का स्वागत किया। विशाल मद्धेशिया व अमित मद्धेशिया ने अपने इस उपलब्धियो का सारा श्रेय माता पिता को देते हुए सफलता का मूल मंत्र बताया। इस अवसर पर मुख्य रुप से विनय कुमार श्रीवास्तव, अबू अंसारी, सालिम अंसारी, हाजी अनवर अली, श्याम मद्धेशिया, दिलीप कुमार, हेमराज, गामा यादव, अशोक सिंह, फैयाज अहमद, जावेद तरफ्दार, इकबाल अहमद अंसारी, सुरेंद्र गुप्ता, विजय कुमार सिंह, हरिश्चंद्र गुप्ता, अभिषेक मद्धेशिया, राकेश गुप्ता, पारसनाथ मौर्यए अनिल कुमार शर्मा, अभिषेक शर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

## महाशिवरात्रि को लेकर बोल बम कांवरिया संघ ने की बैठक

संवाददाता। जौनपुर

बोल बंम कांवरिया संघ की बैठक हनुमान घाट पर स्थित हनुमान मन्दिर पर सुभाष चन्द्र गुप्ता की अध्यक्षता में हुई। इस मौके पर आगामी महाशिवरात्रि के रूप.रेखा पर विचार.विमर्श हुआ। साथ ही संरक्षक अशोक सेठए श्रवण चौरसियाए सुभाष गर्गए संतोष सेठ की उपस्थिति में सर्वसम्मत से निर्णय लिया गया कि इस वर्ष भी भगवान शिव की बारात एवं शिवभक्तों को प्रसाद वितरण भव्य रूप से किया जायेगा। इसके मद्देनजर बाबा की भव्य दरबार चहारसू चौराहे पर सजाया जायेगा। वहीं कोरोना संक्रमण को देखते हुये मास्क व सेनिटाइजर के प्रयोग तथा लोगों को जागृत करने का भी प्रस्ताव पारित हुआ। इस दौरान सह कोषाध्यक्ष राजन अग्रहरि को उपाध्यक्ष एवं रंजीत अग्रहरि को मंत्री बनाया गया। साथ ही सम्मानित सदस्य के रूप में विक्रांत सिंह, सौरभ सोनी व आशीष बोस को शामिल किया गया।

## स्वास्थ्य सखी का लिखित व मौखिक परीक्षा सकुशल संपन्न

**डुमरियागंज,सिद्धार्थनगर।** डुमरियागंज ब्लॉक परिसर में आज दिनांक 2 मार्च 2021 को राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत स्वास्थ्य सखी की चयन हेतु परीक्षा कराया गया जिसमें 101 महिला ने परीक्षा दिया। खाद्य पोषण स्वास्थ्य एवं स्वच्छता स्तर को बढ़ाने हेतु आंतरिक समुदाय संदर्भ ई सीआरपी चयन हेतु लिखित एवं मौखिक परीक्षा का आयोजन धारा संकुल स्तरीय किया गया जिसमें 101 महिलाएं प्रतिभाग किया इस अवसर पर जिले के जिला मिशन प्रबंधक विमलेशए डुमरियागंज विकास खंड के सहायक विकास अधिकारी शिव बहादुर ब्लॉक मिशन प्रबंधक प्रमोद मिश्रा, बी एम एम मनीष पांडे, महिला ऑडियो मानसी पटेल ,ऑपरेटर विशाल मोदनवाल, अमित पांडे उपस्थित रहे।

### सगुण ब्रह्म स्वरूप सद्गुरु महाराज की सेवा से ही शिष्य का कल्याण होता है

**मुग़लसराय,चन्दौली।** मानव उत्थान सेवा समिति श्री हंस सत्संग मंदिर के तत्वाधान में मुगलसराय जीटी रोड स्थित शुभम लाना में सद्भावना संत सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें दूरदराज से पधारे मानव धर्म के प्रणेता सदगुरुदेव श्री सतपालजी महाराज के शिष्य महात्मा बाईगण ने रामायणए गीताए बाइबिलए गुरु ग्रंथ साहिबए कुरान आदि धर्म ग्रंथों पर आधारित आत्मकल्याणकारी सत्संग विचार व भजन रखा। इस मौके पर श्रद्धालुओं को सम्बोधित करते हुए महात्मा रामअलबेला नंद ने कहा कि निर्गुण ब्रह्म के ध्यान के साथ.साथ सगुण ब्रह्म स्वरूप सद्गुरु महाराज की सेवा से ही शिष्य का कल्याण होता है। उन्होंने कहा कि ट्रेन की जो बोगी इंजन से लगी रहती हैए वही गन्तव्य स्थान पर पहुंचती है। जो बोगी इंजन से अलग हो जाती हैए वह रास्ते में ही रह जाती है। उसी प्रकार जो शिष्य गुरू.दरबार से अपने सद्गुरु के जरिए जुड़ा रहता हैए वही परमधाम को जाता है। महात्मा सारथानंद एवं महात्मा रंजना आनंद ने कहा कि महापुरुष जन्म से ही दिव्य होते हैं।

पायनियर
लखनऊ, बुधवार, 3 मार्च 2021



# पंचायत चुनाव को लेकर आरक्षण सूची जारी

## जिला पंचायत अध्यक्ष ब्लाक प्रमुख, जिला पंचायत सदस्य, ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य व ग्राम पंचायत सदस्य के होंगे चुनाव

संवाददाता। अमेठी

**जिला** निर्वाचन अधिकारी अरूण कुमार ने मंगलवार को जिले में आगामी त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन-2021 को लेकर आरक्षण सूची का अनन्तिम प्रकाशन किया है। उन्होंने बताया कि आज जिला पंचायत अध्यक्ष, ब्लाक प्रमुख, जिला पंचायत सदस्य, ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य तथा ग्राम पंचायत सदस्य की आरक्षण सूची का प्रकाशन किया गया है। उन्होने बताया कि जिला पंचायत अध्यक्ष पद हेतु सामान्य महिला सीट आरक्षित की गई हैए ब्लाक प्रमुख के 13 पदों हेतु सामान्य वर्ग के पांच, अन्य पिछड़ा वर्ग महिला के एक, अन्य पिछड़ा वर्ग के दो, अनुसूचित जाति महिला के एक, अनुसूचित जाति के दो तथा महिला के तीन पद आरक्षित किए गए। जिला पंचायत सदस्य (डीडीसी) के 36 पदों हेतु सामान्य वर्ग के 12, अन्य पिछड़ा वर्ग महिला के तीन अन्य पिछड़ा वर्ग के छह, अनुसूचित जाति महिला के तीन अनुसूचित जाति के छह तथा महिला के छह पद आरक्षित किए गए हैं। ग्राम प्रधान के 682 पदों हेतु सामान्य वर्ग के 233, अन्य पिछड़ा वर्ग महिला के 64, अन्य पिछड़ा वर्ग के 117, अनुसूचित जाति महिला के 56, अनुसूचित जाति के 100 तथा महिला के 112 पद आरक्षित किए गए हैं। क्षेत्र पंचायत सदस्य (बीडीसी) के 877 पदों हेतु सामान्य वर्ग के 288, अन्य पिछड़ा वर्ग महिला के 83, अन्य पिछड़ा वर्ग के 147, अनुसूचित जाति महिला के 78, अनुसूचित जाति के 144 तथा महिला के 137 पद आरक्षित किए गए हैं। ग्राम पंचायत सदस्य के 8620 पदों हेतु सामान्य वर्ग के 3235, अन्य पिछड़ा वर्ग महिला के 854, अन्य पिछड़ा वर्ग के 1051, अनुसूचित जाति महिला के 961, अनुसूचित जाति के 1245 तथा महिला के 1274 पद आरक्षित किए गए हैं। जिनका आज अनन्तिम प्रकाशन जारी किया गया है। उन्होंने बताया कि अनन्तिम प्रकाशन के उपरांत चार से आठ मार्च तक ब्लॉक मुख्यालयए, जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालयए अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत कार्यालय में दावें व आपत्तियां प्राप्त की जाएगी। नौ मार्च को आपत्तियों का कलेक्शन किया जाएगा। 10, 11 व 12 मार्च को प्राप्त आपत्तियों का निस्तारण तथा 13 व 14 मार्च को आरक्षण सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा।

### पंचायत चुनाव से पूर्व बसपा को झटका, पूर्व मंडल कोऑर्डिनेटर कृष्णदेव सपा में शामिल

गौरीगंज (**अमेठी**)। जिले में पंचायत चुनाव से पूर्व ही बसपा को बड़ा झटका सपा ने दिया है। जिले की बहुजन समाज पार्टी के पूर्व मंडल कोऑर्डिनेटर बसपा के जिला महासचिव कृष्ण देव पासी केडी ने आज समाजवादी पार्टी के प्रदेश कार्यालय में शामिल हो गए। कृष्ण देव की पत्नी नगर पालिका गौरीगंज की अध्यक्ष पद के लिए बसपा प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ चुकी हैं। जानकारी के अनुसार डा. कृष्ण देव इस बार भी चुनाव की तैयारी कर सकते हैं। सपा में शामिल होने के बाद गौरीगंज पहुंचने पर पत्रकारों से वार्ता करते हुए कृष्ण देव ने कहा कि जनता मौजूदा सरकार से टूट चुकी है, जो भी वादा कर रहे हैं उसे पूरा नहीं कर रहे हैं। प्रदेश में अगली सरकार हमारे पार्टी मुखिया अखिलेश यादव के नेतृत्व में सपा की सरकार बनेगी। प्रदेश कार्यालय में डॉ कृष्ण देव सरोज को सपा के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम ने पार्टी सदस्यता दिलाई।

# प्रधानों, बीडीसी व डीडीसी पदों के लिए आरक्षण सूची जारी

**बाराबंकी**। जिले के 15 ब्लॉकों में होने वाले त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर मंगलवार की देर शाम गहमागहमी के बीच प्रधानों, बीडीसी एंव डीडीसी पदों के लिए आरक्षण सूची जारी कर दी गई। आरक्षण सूची जारी होने से जहां कइयों के चेहरे पर हवाइयां उड़ने लगी तो वही तमाम लोगों ने राहत की सांस ली विदित हो कि जिले में 1169 ग्राम पंचायतें हैं जिनमें आगामी माह अप्रैल में पंचायत चुनाव होना है मंगलवार को ग्राम पंचायत क्षेत्र पंचायत एवं ग्राम पंचायत सदस्यों की आरक्षण सूची जारी की गई तब उसे देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी और जैसे ही देर शाम सूची चस्पा की गई तो लोग धक्का-मुक्की करने लगे। सूची देखने के बाद जहां तमाम संभावित प्रत्याशी उदास हो गए वहीं कइयों के चेहरे भी खिल उठे। हालांकि इस बीच जिलाधिकारी डॉ आदर्श सिंह ने बताया कि आठ मार्च तक आपत्तियां ली जाएगी तथा 12 मार्च को आपत्तियों का निस्तारण कर 14 मार्च को आरक्षण सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा।

### सूची को लेकर दिनभर रही गहमा-गहमी

मसौली (**बाराबंकी**)। लंबे इंतजार के बाद मंगलवार को विकास खण्ड मसौली की 56 ग्राम पंचायतों, 93 क्षेत्र पंचायत सदस्यों एव 722 ग्राम पंचायत सदस्यों के आरक्षण की अनंतिम सूची जारी कर ब्लाक मुख्यालय पर चस्पा की गयी। आरक्षण सूची को लेकर पूरे दिन ब्लाक मुख्यालय पर गहमा-गहमी बनी रही। मंगलवार को त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के चार पदों के लिए जारी आरक्षण सूची में जिला पंचायत सदस्य के चार सदस्य पद के लिए मसौली प्रथम एव तृतीय को अनारक्षित, मसौली द्वितीय को पिछड़ी जाति महिला एव चतुर्थ अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित की गयीं है। वहीं क्षेत्र पंचायत सदस्य के लिए जारी आरक्षण सूची में 93 सदस्यों में से आठ पद अनुसूचित जाति महिलाए 16 अनुसूचित जाति, नौ पिछड़ी जाति, महिलाएं 16 पिछड़ी जाति,15 महिलाओ के लिए आरक्षित की गयी हैं।

वहीं 29 क्षेत्र पंचायत सदस्य पद अनारक्षित है। वार्ड मेम्बरों के कुल 722 पदों के लिए जारी आरक्षण सूची में 87 अनुसूचित जाति महिलाए 121 अनुसूचित जातिए 76 पिछड़ी जाति महिलाए 89 पिछड़ी जाति एव 94 महिलाओ के आरक्षित की गयीं है तथा 255 पद अनारक्षित है।आरक्षण सूची देखने के लिए सबसे गहमागहमी ग्राम प्रधान पद की सूची को देखने को लेकर रही।

### 56 ग्राम पंचायतों की आरक्षण सूची

विकास खण्ड मसौली में ग्राम प्रधान पद के लिए जारी आरक्षण सूची में ग्राम पंचायत गोडारी, गदाईपुर, दादरा, हेतमपुर सतबिसावा अनुसूचित जाति महिला, ग्राम पंचायत रसौली, चंदवारा, नैनामऊ, नसीरनगर, प्रतापगंज, ईचौलिया, चिलौकी, छुलहाबन्नी, सैदाबाद को अनुसूचित जाति के लिएए ग्राम पंचायत भयाराए अकबरपुर धनेठी, करपिया, रायपुर, जलालपुर, बेरी पिछड़ी जाति महिलाएं ग्राम पंचायत उधौली, बांसा, अम्बौरए लक्षबर बजहाए पल्हरीए बघौरा, करन्द, धरौली, टेरा दौलतपुर, वाजिदपुर पिछड़ी जाति के लिए तथा ग्राम पंचायत मुबारकपुर, शाहपुर, याकूतगंज, डमौरा, रजाईपुर, नियामतपुर, मुश्कीनगर, बेहटा महिलाओं के लिए आरक्षित है। ग्राम पंचायत मसौली, बड़ागांव, सफदरगंज, रहरामऊ, देवकलिया, अनखा, ज्योरी, सूर्यपुर खपरैला, सेमरी, सादामऊ, गुरेला, नेवला करसंडा, सराय का स्थान, मॅढिया, अमदहा, प्यारेपुर सरैया, बुधवारा, सदरुद्दीनपुर अनारक्षित पद है।

### 50 ग्राम स्मैक के साथ एक गिरफ्तार

संवाददाता। बाराबंकी

**थाना** हैदरगढ़ पुलिस ने एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 50 ग्राम अवैध स्मैक बरामद किया है । पुलिस अधीक्षक यमुना प्रसाद द्वारा अपराध एवं अपराधियों पर नियन्त्रण रखने के लिए सक्रिय अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु समस्त थाना प्रभारियों को अभियान चलाकर कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया गया है, जिसके क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी मनोज कुमार पाण्डेय के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी हैदरगढ़ नवीन कुमार सिंह के पर्यवेक्षण व प्रभारी निरीक्षक हैदरगढ़ ओमवीर सिंह चौहान के नेतृत्व में आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। थाना हैदरगढ़ पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त निसार मोहम्मद पुत्र लाल मोहम्मद निवासी लोहिया वार्ड कस्बा व थाना हैदरगढ़ को बछरावा रोड नहर पुलिया थाना हैदरगढ़ से गिरफ्तार किया गया। तलाशी में अभियुक्त के पास से 50 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई ।

# मांगों को लेकर राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ने की गेट मीटिंग

संवाददाता। बाराबंकी



**राज्य** कर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तर प्रदेश के प्रांतीय नेतृत्व के आहवान पर मंगलवार को जनपद के कर्मचारियों द्वारा चलाये जा रहे आंदोलन के दूसरे चरण में कई विभागों की गेट मीटिंग करते हुए जबरदस्त नारेबाजी की।

परिषद के पदाधिकारियों ने वन विभाग मुख्यालय पर आयोजित गेट मीटिंग को सम्बोधित किया। एकत्रित कर्मचारियों को सम्बोधित करते हुए परिषद के जिला मंत्री डॉ आरपी सिंह बिसेन ने कहा कि कर्मचारियों की समस्याओं पर कई बार शासन स्तर पर वार्ता होने एवं सहमति बनने के बावजूद अभी तक आदेश जारी नही हुआ है। इसलिए कर्मचारी समाज आंदोलित है। परिवहन विभाग मुख्यालय पर आयोजित गेट मीटिंग को सम्बोधित करते हुए अध्यक्ष आरपी सिंह ने कहा कि यदि सरकार ने हमारी मांगों को पूरा नही किया तो परिषद के आहवान पर जनपद के कर्मचारी कड़े आंदोलन के लिये बाध्य हो जायंगे। इससे पूर्व कर्मचारियों ने काला फीता बांधकर सरकार का ध्यान आकृष्ट किया था। कर्मचारी पुरानी पेंशन बहाली, संविदा कर्मियों को नियमित करने, आउट सोर्सिंग प्रथा समाप्त करने, कैशलेस इलाज की व्यवस्था करने,उपार्जित अवकाश की सीमा 300 दिन से बढ़ाकर 600 दिन करने केंद्र के सामान वेतन भत्ते दिए जाने 50 वर्ष पर जबरन सेवानिवृत्त बन्द करने परिवहन निगम के कर्मचारियों की लंबित समस्याओं का समाधान करने सहित 18 सूत्रीय मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। मंगलवार के कार्यक्रम में धर्मेंद्र सिंह, मनोज दूबे, राजकुमार सिंह, मोहित श्रीवास्तव आशीष यादव, महेंद्र कुमार सहित विभिन्न विभागों के कई कर्मचारी उपस्थित रहे।

# अनुपस्थित अधिशासी अभियन्ता विद्युत को कारण बताओ नोटिस

## सम्पूर्ण समाधान दिवस

### भूमि की पैमाइश सम्बन्धी शिकायतें अधिक मिलने पर नायब तहसीलदार को कड़ी फटकार

संवाददाता। प्रतापगढ़



**जिलाधिकारी** डा. नितिन बंसल की अध्यक्षता में तहसील पट्टी में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें जिलाधिकारी ने दूर-दराज से आए फरियादियों की शिकायतों को क्रमबद्ध तरीके से सुना। पुलिस विभाग से सम्बंधित शिकायतों को प्रभारी पुलिस अधीक्षक सुरेन्द्र प्रसाद द्विवेदी ने सुना। पट्टी सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 166 फरियादी अपनी समस्याओं के निस्तारण हेतु उपस्थित हुये जिनमें से 09 शिकायतें इस प्रकृति की पायी गयी जिनका मौके पर निस्तारण कर दिया गया। आज कुल प्राप्त 166 शिकायतों में से 72 शिकायतें राजस्व विभाग से, पुलिस विभाग से 43, विकास विभाग से 23, समाज कल्याण से 08, शिक्षा से 02 एवं 18 अन्य विभागों से सम्बन्धित शिकायते सम्पूर्ण समाधान दिवस में आयी। सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर अधिशासी अभियन्ता विद्युत चन्द्रमा प्रसाद अनुपस्थित पाये गये, जिस पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियन्ता विद्युत को कारण बताओ नोटिस जारी करने का निर्देश दिया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में भूमि की पैमाइश सम्बन्धी शिकायत अधिक पाये जाने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त की और नायब तहसीलदार राजकपूर को कड़ी फटकार लगाते हुये निर्देशित किया कि भूमि पैमाइश सम्बन्धी शिकायतों का निस्तारण यथाशीघ्र करायें अन्यथा की स्थिति आपके विरूद्ध विभागीय कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिला स्तरीय अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुये कहा कि जन सामान्य की समस्याओं एवं शिकायतों को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार एवं शासन बहुत ही गम्भीर है, अतः समस्त जिला स्तरीय अधिकारी शासन एवं सरकार की मंशा को स्पष्ट रूप से समझें और उसी के अनुरूप सम्पूर्ण समाधान दिवस में जो शिकायतें प्राप्त हुई है, सभी सम्बन्धित शिकायतों का निराकरण पूर्ण गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय की अवधि के भीतर करें, इस कार्य में किसी भी स्तर पर शिथिलता क्षम्य नही होगी। उन्होने कहा कि जनता की शिकायतों को लेकर सभी अधिकारीगण गम्भीरता के साथ कार्यवाही सुनिश्चित करें और समस्त विभागीय अधिकारियों को जिस माध्यम से भी जनता की शिकायतें प्राप्त हो रही है उनका निराकरण तत्परता के साथ किया जाये ताकि सरकार की मंशा का लाभ आमजन को प्राप्त हो सके। सम्पूर्ण समाधान दिवस के उपरान्त जिलाधिकारी ने तहसील परिसर में निर्माणाधीन ग्राम न्यायालय का निरीक्षण किया और अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग को निर्देशित किया कि ग्राम न्यायालय के निर्माण का कार्य शीघ्र पूर्ण करायें। उपजिलाधिकारी पट्टी को निर्देशित किया गया कि तहसील परिसर की साफ-सफाई की व्यवस्था बेहतर ढंग से की जाए।

**कुण्डा में मण्डलायुक्त प्रयागराज ने सुनी फरियादियों की शिकायतें**

**प्रतापगढ़**। मण्डलायुक्त प्रयागराज आर रमेश कुमार ने आज कुण्डा में आयोजित हो रहे सम्पूर्ण समाधान दिवस में अचानक पहुॅचकर फरियादियों की शिकायतों को सुना एवं सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित कर कहा कि शिकायतकर्ताओं द्वारा की जा रही शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्धता के सुनिश्चित किया जाए।

अनावश्यक किसी भी शिकायतकर्ता को परेशान नहीं किया जाए, उनकी शिकायतों को गम्भीरता पूर्वक लिया जाये। सम्पूर्ण समाधान दिवस में मण्डलायुक्त के समक्ष शिकायतकर्ता द्वारा यह भी शिकायत की गयी कि अधिकारी व कर्मचारी द्वारा बिना स्थल पर गये ही शिकायत का निस्तारण कर दिया जाता है जिससे शिकायत का निस्तारण ठीक ढंग से नही हो पाता, इस प्रकरण में मण्डलायुक्त ने नाराजगी व्यक्त की और अधिकारियों एवं कर्मचारियो को निर्देशित करते हुए कहा कि शिकायतकर्ता द्वारा की गयी शिकायत का निस्तारण स्थल पर जाकर दोनो पक्षों की उपस्थिति में निस्तारण किया जाए। कुण्डा सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 151 फरियादी अपनी समस्याओं के निस्तारण हेतु उपस्थित हुये जिनमें से चार शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया।

### पीड़ितों की समस्याओं को गंभीरता से सुनें: जिलाधिकारी

**अमेठी**। जनपद की चारों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी अरुण कुमार ने फरियादियों की जन समस्या सुनकर मौके पर अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतें लंबित न रखी जाए और शिकायतों को गम्भीरता से लिया जाए। उन्होंने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस में राजस्व विभाग की सबसे ज्यादा शिकायतें आई हैं जिसमें अवैध कब्जा से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुई हैं। उन्होंने लेखपालों को निर्देश दिए कि गांव में जाकर निरंतर भ्रमण कर अवैध कब्जा सहित छोट-मोटे विवाद निपटाएं। डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि ग्रामीणों के शिकायती पत्र प्राप्त होते ही तुरन्त कार्रवाई अमल में लाई जायें। ताकि तत्समय मौके पर ही निस्तारण किया जा सके। डीएम ने निर्देश दिये कि जन सामान्य के कल्याणार्थ संचालित विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगो को दिया जाना सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने कहा शासन द्वारा संचालित योजनाएं पात्र व्यक्ति तक अवश्य पहुंचनी चाहिए। आज संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान ग्राम ओदारी के लेखपाल सुरेंद्र कुमार पाल बिना मास्क लगाए पाए जाने पर जिलाधिकारी ने उनको प्रतिकूल प्रविष्टि देने के साथ ही 500 रुपये का जुर्माना लगाया। आज तहसील तिलोई में कुल 106 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें तीन शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया, शेष शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु दो टीमें भेजी गई।

# गरीब किसानों की सुनवाई नहीं हो रही है: विश्वास

## भारतीय किसान यूनियन अवध की महापंचायत सपन्न

संवाददाता। बाराबंकी



भारतीय किसान यूनियन अवध की एक महापंचायत थाना जहांगीराबाद क्षेत्र के ग्राम नया पुरवा में आयोजित की गई कार्यक्रम का आयोजन संगठन के जिला उपाध्यक्ष कन्हैया लाल यादव के नेतृत्व में आयोजन किया गया। नया पुरवा स्थित जिला कैंप कार्यालय में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष अशोक कुमार विश्वास ने कहा है गरीब किसानों की कहीं सुनवाई नहीं हो रही है। किसानों की फसल का ठीक से मुआवजा नहीं मिल रहा है इसलिए किसान अपनी लड़ाई लड़ने के लिए खुद संगठन के माध्यम से अपनी आवाज उठाएगा। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश कुमार वर्मा ने कहा है कि किसान विधेयक किसानों के हित में नहीं है, सरकार को अपना विधेयक वापस लेकर के किसान हितों की बारे में उचित विधेयक लाएं। जिससे किसानों का हित हो सके उत्थान हो सके। इस अवसर पर बृजेश यादव, सहज राम यादव, कन्हैया लाल यादव, संगठन कार्यकर्ता जिला अध्यक्ष अशोक कुमार विश्वास, प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश कुमार वर्मा, श्री नारायण घर शुक्ला ,कन्हैया लाल यादव, बृजेश यादव, सर्वजीत वर्मा, सहज राम, यादव तमाम कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### अनुकूल परिस्थिति आने पर मनुष्य ईश्वर को भूल जाता है: विमर्श सागर

फतेहपुर (**बाराबंकी**)। मंगलवार को पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में श्री जी का अभिषेक,शांतिधारा, पूजन एवं आरती के कार्यक्रम हुए। इसके बाद भावलिंगी सन्त श्रमणाचार्य विमर्श सागर जी गुरुदेव का मंगल प्रवचन हुआ।

प्रवचन में आचार्य जी ने कहा कि जब मनुष्य के जीवन मे अनुकूल परिस्थिति आती है तो वह ईश्वर को भूल जाता। धर्म ध्यान से भटक जाता है।जबकि प्रतिकूल परिस्थितियों में वह विचलित हो जाता हैए और प्रभु को याद करने लगता है। जिस प्रकार हम भूख लगने पर भूख शांत करने का प्रयत्न करते हैए किंतु भूख समाप्त होते ही आराम करने की इच्छा होती है। जबकि भूख शांत होने के बाद भी मनुष्य को पुरुषार्थ करते रहना चाहिए। इससे मनुष्य के जीवन मे कभी भी दुख नही आएंगे। सूर्य के प्रकट होने से अंधेरा मिट जाता है।वैसे ही ह्र्दय में ईश्वर के प्रकट होने से हमे ज्ञान रूपी नेत्रों से संसार की समस्त वस्तुए नजर आने लगती है।

# डीएम की अध्यक्षता में आयोजित हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस



संवाददाता। बाराबंकी

**जिलाधिकारी** डॉ. आदर्श सिंह की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसील नवाबगंज में किया गया। समाधान दिवस में राजस्वए विकास एवं पुलिस विभाग से जुड़े सभी अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा है कि जिन प्रकरणों में संयुक्त रूप से निराकरण की आवश्यकता हो।

उसमें आपसी समन्वय रखते हुए उन मामलों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित कराये। उन्होंने यह भी कहा है कि प्राप्त हर शिकायतों का समयबद्ध व गुणवत्ता के साथ निस्तारण होना चाहिए। इसमें किसी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान कुल 148 प्रकरण प्राप्त हुएए जिसमें से मौके पर आठ प्रकरण का निस्तारण किया गया। शेष अन्य प्रकरणों को सम्बन्धित अधिकारियों को समयबद्ध ढंग से से निस्तारित करने के आदेश दिये गये। राजस्व विभाग से सम्बन्धित 82 प्रार्थना पत्र, पुलिस विभाग से सम्बन्धित 32 प्रार्थना पत्र, विकास विभाग से सम्बन्धित 11 प्रार्थना पत्र, खाद्य एवं रसद विभाग से तीन प्रार्थना पत्र, चकबन्दी विभाग से सम्बन्धित चार प्रार्थना पत्र, विद्युत विभाग से सम्बन्धित दो प्रार्थनापत्र, नगर पालिका से सम्बन्धित आठ प्रार्थना पत्र, अन्य विभागों से सम्बन्धित छह प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। इस दौरान पुलिस अधीक्षक यमुना प्रसाद, मुख्य विकास अधिकारी एकता सिंह, उपजिलाधिकारी अभय पाण्डेय, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, तहसीलदार नवाबगंज, उपकृषि निदेशक, अपर जिला सूचना अधिकारी सहित सभी जनपद स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

### अलग-अलग थाना क्षेत्रों में दो लोगों ने लगाई फांसी

**बाराबंकी**। अलग-अलग थाना क्षेत्रों में दो लोगों ने फांसी का फंदा लगाकर अपनी जान दे दी। 38 वर्षीय मृतक रियाज के परिजनों ने बताया कि शाम घर अंदर जब गए तो नजारा देखकर स्तब्ध हो गए। परिजनों ने ग्रामीणों को इसकी सूचना दी उसके बाद ये खबर जंगल मे आग की तरह फैल गई।

वहीं दूसरा मामला है रामसनेहीघाट थानाक्षेत्र भवनियापुर खेवली गांव में रहने वाले पेशे से 55 वर्षीय किसान रामकुमार जुराखन गांव के घर मे ही जीवन यापन के किराना की दुकान चला रहे थे और अपने परिवार का जीवन यापन करते थे कोरोना काल मे हुए लाकडाउन में दुकानदारी में उधार हो जाने कारण परेशान थे और पिछले एक वर्ष इनकी पत्नी गम्भीर बीमारी से पीड़ित थी जिसके चलते उन्होंने कुछ बैंकों से केसीसी व अन्य माध्यम से कर्ज ले रखा था।

# सई घाट की बैरीकेटिंग व श्रद्धालुओं की सुरक्षा को जरूरी इंतजाम करने के निर्देश

## बाबा घुइसरनाथ धाम में तीन दिवसीय राष्ट्रीय एकता महोत्सव की तैयारी बैठक सम्पन्न

संवाददाता। लालगंज (**प्रतापगढ़**)



**क्षेत्र** के बाबा घुइसरनाथ धाम मे आगामी महाशिवरात्रि पर तीन दिवसीय एकता महोत्सव को लेकर तैयारी बैठक की गई। 10 से 12 मार्च तक चलने वाले राष्ट्रीय एकता महोत्सव की तैयारी बैठक सोमवार की शाम एसडीएम राम नारायण की अध्यक्षता मे हुई। बैठक में एसडीएम ने तैयारियों की समीक्षा की। एसडीएम ने सई घाट की बैरीकेटिंग के साथ ही परिसर मे श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए जरूरी इंतजाम करने के निर्देश दिये। उन्होने महोत्सव व महाशिवरात्रि के दौरान शुद्ध पेयजल की व्यवस्था के लिए भी जलनिगम को सभी तैयारी पूरी करने के निर्देश दिये। बैठक मे स्वास्थ्य शिविर लगाये जाने बाबा धाम परिसर मे प्रकाश की व्यवस्था करने के लिए विद्युत विभाग को स्थल चिन्हित कर समय से कार्य पूरा करने के लिए कहा गया। बाबा धाम परिसर मे मिठाई की दुकानों पर बिकने वाली सामग्रियों की शुद्ध व्यवस्था सुनिश्चित कराये जाने के लिए भी एसडीएम ने जरूरी कदम उठाने के निर्देश दिये। बैठक की अध्यक्षता करते हुए एसडीएम राम नारायण ने कहा कि राष्ट्रीय एकता महोत्सव मे कोरोना की गाइड लाइन का पूरा पालन किया जाएगा। महोत्सव मे आने वाले कलाकारों के ठहरने की व्यवस्था को लेकर स्थल निर्धारित किया गया। एसडीएम ने कहा कि महोत्सव को धूमधाम से सम्पन्न कराने के लिए अलग अलग विभागों को जिम्मेदारी दे दी गई है, इसमे जिसकी तरफ से लापरवाही होगी उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।